

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 | वर्ष – 67 | अंक –179 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



राजनीतिक विरोधियों को जांच एजेंसियों के जरिए भाजपा बनाती है निशाना : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ भारत के डिजिटल अतिक्रमण पर नीति आयोग की चेतावनी को गंभीरता से लेने की ज़रूरत पृष्ठ 6
■ अमेरिका में गोलीबारी में चार लोगों की मौत, 20 घायल
■ सूडानी सेना ने 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा पृष्ठ 7
रणजी ट्राफी : 14 साल की उम्र में बनें उपकप्तान पृष्ठ 8

# अपराधियों में हो कानून का भय और जनता में हो सुरक्षा का अहसास : साय

## कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने दिए कानून-व्यवस्था, मादक पदार्थ नियंत्रण और सड़क सुरक्षा पर सख्त निर्देश

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पुलिस की छवि ऐसी होनी चाहिए, जिससे अपराधियों में कानून का भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का अहसास उत्पन्न हो। मुख्यमंत्री साय आज मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति, मादक पदार्थ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। जिन जिलों में दोनों के बीच समन्वय मजबूत है, वहां बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई को प्रशासनिक उदासीनता माना जाएगा और ऐसे मामलों में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों पर अव्यवस्था फैलाने, चाकूबाजी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। गौ-तस्करी और धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मामलों पर सघन निगरानी रखी जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों ने अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार किया है, उनके अनुभवों को अन्य जिलों में मॉडल के रूप में लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री साय ने नशाखोरी और मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा अपराधों की जड़ है, और इसे समाप्त करना ही कानून-व्यवस्था सुधार की पहली शर्त है। मुख्यमंत्री साय ने एनकॉर्ड (ह्ष्टह्रक्रष्ठ) के तहत राज्यव्यापी अभियान चलाने, सीमावर्ती जिलों में तस्करी पर रोक लगाने और एनडीपीएस एक्ट के तहत समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में घुसपैठियों की पहचान और नियंत्रण के लिए विशेष टास्क फोर्स (स्ञ्जस्न) गठित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमावर्ती जिलों में सघन जांच की जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि अपराधों की अनदेखी अक्सर गंभीर अपराधों को जन्म देती है, इसलिए प्रत्येक मामले में समयबद्ध कार्रवाई आवश्यक है।

बैठक में आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास और आजीविका सशक्तिकरण पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति में माओवादियों का विश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर स्थानीय रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेंस में सड़क सुरक्षा को लेकर भी गहन मंथन हुआ। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था सुधार हेतु कठोर कदम उठाने पर जोर दिया गया। हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही, ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधारात्मक कार्य किए जाने, रात 10 बजे के बाद डीजे या लाउडस्पीकर के उपयोग पर रोक लगाने और नशे में वाहन चलाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने को कहा गया।

कॉन्फ्रेंस में साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि साइबर अपराध आधुनिक युग का सबसे जटिल खतरा बन चुका है। इसे रोकने के लिए पुलिस बल को निरंतर तकनीकी प्रशिक्षण दिए जाने पर बल दिया गया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर का प्रचार-प्रसार जनसंपर्क विभाग के सहयोग से व्यापक स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों को देखते हुए प्रत्येक जिले में जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि आम नागरिक ठगी, फिशिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराधों से सुरक्षित रह सकें।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन, टीम भावना और साझा उत्तरदायित्व ही विकसित छत्तीसगढ़ की वास्तविक नींव है। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन तभी सशक्त बन सकते हैं, जब प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्व को ईमानदारी से निभाए और टीम के रूप में मिलकर परिणाम दे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि योजनाओं की सफलता केवल नीतियों पर नहीं, बल्कि उन्हें लागू करने वाली टीम की पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर निर्भर करती है। यही भावनात्मक और प्रशासनिक समन्वय विकसित छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

### इजरायल में बंधकों के परिवारों का लंबा इंतजार खत्म

# हमास ने सभी जिंदा 20 बंधकों को छोड़ा

■ ट्रम्प द्वारा कराए गए युद्धविराम समझौते का हिस्सा थी रिहाई
■ समझौते में 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल



यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह एक खूबसूरत दिन है, बेहद सम्मान के साथ एक नई शुरुआत है : डोनाल्ड ट्रम्प

**यरूशलेम**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलीस्तीन समर्थक संगठन हमास ने सोमवार को इजरायल के सभी 20 जीवित नागरिकों को रिहा कर दिया जिन्हें सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमले के दौरान बंधक बना लिया गया था।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बंधकों के दूसरे और अंतिम समूह को 738 दिनों बाद इजरायल को सौंप दिया गया। इससे बंधकों और उनके परिवारों का लंबा इंतजार खत्म हुआ। यह रिहाई अमेरिका द्वारा मध्यस्थता कराये गये युद्धविराम समझौते का हिस्सा थी, जिसमें इजराइल के जेलों में बंद लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल है।

इधर नेसेट में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सभी जीवित लौटे बंधकों की सराहना की। उन्होंने नेसेट की अतिथि पुस्तिका में लिखा कि यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है- यह एक खूबसूरत दिन है, बेहद सम्मान के साथ एक नयी शुरुआत। युद्ध खत्म होने की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि यह नयी शुरुआत है और मुझे लगता हैं इस तरह का कोई समारोह पहले नहीं हुआ। श्री ट्रम्प के साथ नेसेट में कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए, जिनमें संयुक्त सेना प्रमुख जनरल डैन केन भी शामिल थे। श्री ट्रम्प के भाषण से पहले श्री केन ने हॉल में आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल ज़मीर से मुलाकात की। श्री ट्रम्प नेसेट के पूर्ण अधिवेशन में भाषण देने वाले चौथे अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। जब श्री ट्रम्प से पूछा गया कि अगर हमास युद्धविराम की मांगें नहीं मानता है तो उसका क्या होगा, तो उन्होंने कहा, 'वे मानेंगे।'

**इजरायल के राष्ट्रपति ने ट्रम्प को सराहा-** उन्होंने जीवित लौटे बंधकों को संबोधित करते हुए कहा, 'हम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### बंधकों की रिहाई का मोदी ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा शांति समझौते के अंतर्गत इजरायल के सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईमानदार शांति प्रयासों का समर्थन किया है। श्री मोदी ने गाजा शांति योजना के तहत बंधकों की रिहाई के बाद कहा, हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखे जाने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आज़ादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हम क्षेत्र में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करते हैं।

## सार संक्षेप

### राहुल दिवंगत आईपीएस के घर जाकर देंगे श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ में पूर्व आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी मंगलवार शाम सवा पांच बजे वाई पूरन कुमार के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

### 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच वाली याचिका सुनने से इंकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को चुनाव आयोग जाने की सलाह दी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तरफ से बेंगलुरु में वोट चोरी जैसे आरोप लगाए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाने के साथ मतदाता सूची में कथित हेरफेर के आरोपों की जांच कराने की मांग की।

### रिलायंस पावर के अधिकारी तीन दिन और हिरासत में

**नई दिल्ली।** राजधानी की एक अदालत ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल की तीन दिन की अतिरिक्त हिरासत सौंप दी। यह मामला 68 करोड़ से अधिक की फर्जी ऋण गारंटी से जुड़े धन शोधन का है।

### दिल्ली में 'लिफाफा गिरोह' का खुलासा, 3 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के हरी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने 'लिफाफा गिरोह' का भंडाफोड़ करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाकर उनसे सोने के गहनों की लूट की वारदात को अंजाम देते थे। गिरोह के सदस्य रास्ते में खड़ी अकेली बुजुर्ग महिलाओं को उनके गंतव्य स्थान तक बहुत कम किराए में पहुंचाने का लालच देकर अपनी गाड़ी में बिठा लेते थे।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस में मिला 3.37 करोड़ का सोना

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे सुरक्षा बल मंडल टास्क टीम, नागपुर ने एक बड़ी कार्रवाई में गाड़ी संख्या 12855 बिलासपुर-ईतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस में 3.37 करोड़ रुपये मूल्य की सोने और चांदी की ज्वेलरी बरामद की यह कार्रवाई आमगांव से गोंदिया के बीच स्लीपर कोच एस-06 में की गई मुखबिर की सूचना के आधार पर आर पीएफ टीम ने गोंदिया स्टेशन पर गाड़ी के आगमन के दौरान एक संदिग्ध यात्री की तलाशी ली। संदिग्ध ने अपनी पहचान नरेश पंजवानी (55 वर्ष), निवासी श्रीनगर, बम्बा भवन के पास, गोंदिया के रूप में बताई।



उसके थैले की जांच में 2 किलो 683 ग्राम सोने की ज्वेलरी (कीमत लगभग 3.27 करोड़ रुपये) और 7 किलो 440 ग्राम चांदी की ज्वेलरी (कीमत लगभग 10.44 लाख रुपये) बरामद हुई। कुल बरामद ज्वेलरी की अनुमानित कीमत 3.37 करोड़ रुपये आंकी गई है। पूछताछ के दौरान नरेश पंजवानी बरामद सोने और चांदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आर पी एफ पोस्ट, गोंदिया ने मामले को राजस्व खुफिया निदेशालय नागपुर की टीम को सौंप दिया। सोने और चांदी की छड़ों व आभूषणों को जब्त कर लिया और कस्टम एक्ट के तहत आगे की कार्रवाई शुरू की।

## भारत-कनाडा साझेदारी पर मुहर

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने सोमवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक की। भारत-कनाडा की साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए दोनों नेताओं ने आवश्यक तंत्रों को 'पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित' करने पर चर्चा की। इसके साथ ही एक महत्वाकांक्षी सहयोग रोडमैप पर सहमति जताई। भारत-कनाडा की ओर से जारी किए गए संयुक्त बयान में, विदेश मंत्री एस जयशंकर और अनीता आनंद ने सहयोग करने, सूचना और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी-अपनी जलवायु महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने पर सहमति जताई। इसके तहत नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, भारी उद्योगों का कार्बन-मुक्तिकरण, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, रसायनों के सुदृढ़ प्रबंधन का समर्थन और सतत उपभोग सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा, दोनों देशों ने एआई और डिजिटल अवसंरचना सहित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नए आयाम खोलने के लिए सहयोग बढ़ाने पर हामी भरी है।

■ कनाडा की विदेश मंत्री की जयशंकर के साथ बैठक

### आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़ा है मामला

# लालू, राबड़ी व तेजस्वी पर आरोप तय



■ कोर्ट ने माना परिवार को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुंचाया गया

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईआरसीटीसी स्कैम से जुड़े मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सोमवार को बड़ी कार्यवाही हुई। इस दौरान कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय कर दिए। यह सुनवाई स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने की अदालत में हुई, जिसमें लालू परिवार सहित सभी आरोपी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे। कोर्ट ने कहा कि मामले में करप्शन की साजिश रची गई थी और आरोपियों को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिला। कोर्ट ने माना कि लालू यादव की जानकारी में ही यह साजिश रची गई और उनके परिवार को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। अदालत ने कहा कि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को बेहद कम कीमत पर जमीन दी गई, जो कि आईआरसीटीसी के ठेके देने के बदले में दी गई रिश्वत के रूप में देखा जा सकता है। जज ने कहा कि सीबीआई ने सबूतों की पूरी चेन पेश की है और अदालत को यह स्पष्ट रूप से दिखता है कि सभी आरोपी एक व्यापक साजिश का हिस्सा थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलें कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाईं। आरोप तय होने के बाद लालू प्रसाद यादव ने अदालत में कहा, हम आरोपों को स्वीकार नहीं करते, मुकदमे का सामना करेंगे।

### भ्रष्टाचार में फंसा परिवार कैसे न्याय दिलाएगा : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि भ्रष्टाचार में फंसा यह परिवार बिहार को न्याय कैसे दिलाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में मीडिया से कहा कि आईआरसीटीसी मामले में अदालत ने लालू राबड़ी और तेजस्वी पर आरोप तय कर दिए हैं। उन्होंने कहा, तेजस्वी चले है बिहार बदलने धोखाधड़ी के आरोप के साथ।

### बिहार विधानसभा चुनाव

# जन सुराज ने की दूसरी सूची जारी

**पटना**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जन सुराज पार्टी ने सोमवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इस सूची में 65 उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले जन सुराज द्वारा जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में 51 नाम थे। विधानसभा चुनाव-2025 के लिए जन सुराज ने आज 65 विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों की दूसरी सूची घोषित की। दूसरी सूची में 46 सामान्य सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की गई। उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि आबादी के हिसाब से सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के वादे के अनुसार प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी अति पिछड़ा वर्ग के 14 (10 हिंदू, 4 मुस्लिम) उम्मीदवार घोषित किए जा रहे हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग से 10, सामान्य वर्ग के 11 और अल्पसंख्यक वर्ग के 14 उम्मीदवार घोषित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग की सीटों पर योग्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को भागीदारी देने के वादे के तहत हरनौत विधानसभा सीट से एक अनुसूचित जाति के उम्मीदवार की घोषणा की जा रही है। जन सुराज द्वारा घोषित उम्मीदवारों में नौतन से संतोष चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि रक्सौल से कपिल देव प्रसाद, शिवहर से नीरज सिंह, रीगा से कृष्ण मोहन और बाजपट्टी से आजम हुसैन अनवर को प्रत्याशी बनाया गया है।



**दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी** – चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी।

# सोने और चांदी में तूफानी उछाल

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोने और चांदी में सोमवार को तूफानी तेजी देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुओं के दाम नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। आखिरी कारोबारी सत्र के मुकाबले सोने की कीमत में 2,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी के दाम में 10,000 रुपए प्रति किलो से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,24,155 रुपए पर पहुंच गई है, जो कि इससे पहले शुक्रवार को 1,21,525 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 24 कैरेट के सोने में 24 घंटों में 2,630 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,13,726 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,11,317 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 93,116 रुपए हो गया है, जो कि पहले 91,144 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



सोने की कीमतों में 2,600 रुपए की वृद्धि चांदी में भी 10,000 से ज्यादा का उछाल

सोने के साथ चांदी में भी बड़ी तेजी देखी गई। चांदी का दाम 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,64,500 रुपए प्रति किलो था। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी कीमतों में तेजी देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 2.21 प्रतिशत बढ़कर 1,24,043 रुपए हो गई है। वहीं, चांदी के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 4.39 प्रतिशत बढ़कर 1,52,900 रुपए हो गई है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी उछाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में बड़ा उछाल देखा गया है। कॉमैक्स पर सोने की कीमत 2.50 प्रतिशत बढ़कर 4,100 डॉलर प्रति औंस और चांदी की कीमत 5.88 प्रतिशत बढ़कर 50.02 डॉलर प्रति औंस हो गई है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोना आज 2,000 रुपए के गैप-अप के साथ 1,23,200 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऊपर खुला था। इसकी वजह अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण निवेशकों की ओर से सुरक्षित संपत्ति माने जाने वाले सोने में निवेश बढ़ाना था। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा चुनिंदा चीनी उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि की घोषणा की है।

### सम्मान | अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार का ऐलान, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के तरीकों को समझाया

# जोएल मोकिर, फिलिप अघियन व पीटर हॉविट को सम्मान

**स्टॉकहोम, 13 अक्टूबर (एजेंसियां) रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को साल 2025 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल सम्मान जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को देने की घोषणा की।**





*अकादमी ने इन अर्थशास्त्रियों के नामों की घोषणा करते हुए कहा श्री मोकिर ने हमें यह बताया कि कैसे नवाचार प्रगति के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ती है और हम सभी को प्रभावित करती है। नए उत्पाद और उत्पादन विधियां पुराने उत्पादों और उत्पादन विधियों का स्थान ले लेती हैं। इस प्रकार निरंतर आर्थिक विकास चलता रहता है। अकादमी ने श्री अघियन और श्री होविट के कार्यों के विषय में कहा कि दोनों अर्थशास्त्रियों ने यह व्याख्या की है कि 'रचनात्मक विनाश' कैसे निरंतर आर्थिक विकास को प्रेरित करता रहता है। उन्होंने बताया कि जब कोई नया और बेहतर उत्पाद बाजार में आता है तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियाँ पिछड़ जाती हैं। यह नवाचार रचनात्मकता का प्रतीक होता है, हालांकि यह विनाशकारी भी है, क्योंकि जिस कंपनी की तकनीक पुरानी हो जाती है, वह प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाती है। इस प्रकार यह रचनात्मक विनाश संघर्ष पैदा करता है, जो लाभदायक होता है, अन्यथा पुरानी और स्थापित कंपनियां नवाचार को अवरुद्ध कर देंगी और विकास अवरुद्ध हो जाएगा।*

*जोएल मोकिर एक डच मूल के अमेरिकी-इज़रायली आर्थिक इतिहासकार हैं, जिनका जन्म नीदरलैंड के लीडेन में एक यहूदी परिवार में हुआ था। यह परिवार बहुत मुश्किलों से नाजी नरसंहार में बच गया था। 1974 में येल विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद से वह विभिन्न* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच**

"सदन में भाजपा के नेता अफगानिस्तान को तालिबानी-तालिबानी कह रहे थे। अब अगर उन्हें सुबुद्धि आई है तो यह अच्छी बात है। विदेश नीति और रक्षा नीति को घरेलू राजनीति से प्रभावित नहीं होना चाहिए।"

-इमरान मसूद, कांग्रेस सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 18.0 |
| मुंबई | 31.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# राजनीतिक विरोधियों को जांच एजेंसियों के जरिए भाजपा बनाती है निशाना : कांग्रेस

- लालू यादव से जुड़े आईआरसीटीसी घोटाला मामले की सुनवाई पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से जुड़े आईआरसीटीसी घोटाला मामले की सुनवाई को लेकर बिहार की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस मामले पर विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस और महागठबंधन के नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बिहार में हम सभी जानते थे कि आज क्या होने वाला है।

चुनाव के समय ही इस तरह की कार्रवाई का समय चुना गया। भाजपा हमेशा अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाती है, चाहे वह ईडी, सीबीआई या अदालतों के जरिए हो। लेकिन इसका बिहार चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि उल्टा प्रभाव होगा। उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता इस तरह की कार्रवाइयों को समझती है और इसका विधानसभा चुनाव में वोट के जरिए जवाब देगी। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान ने भी इस मुद्दे पर



**बिहार में चुनाव के समय ही इस तरह की कार्रवाई का समय चुना गया : अखिलेश प्रसाद सिंह**

अपनी बात रखी। इस तरह की कार्रवाइयों से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम दलितों और वंचितों की आवाज उठाने वाले लोग हैं। हम इंडी गठबंधन के साथ हैं और कोई भी हमें दबा नहीं सकता। हम तेजस्वी यादव के साथ मजबूती से खड़े हैं। शकील अहमद खान ने महागठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा भ्रष्ट सरकार का जाना तय है और सीट बंटवारे को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। हम अपने सभी नेताओं के साथ दिल्ली में हैं और अपने वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन ले रहे हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। सीट बंटवारे पर जल्द ही फैसला हो जाएगा। महागठबंधन एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगा और बड़ी जीत दर्ज करेगा। वहीं, भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा ने एनडीए की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए में सीट बंटवारा और उम्मीदवारों का चयन सकारात्मक तरीके से हुआ है। जल्द ही पूरी सूची जारी हो जाएगी। जीतन राम मांझी ने स्पष्ट कहा है कि वह मरते दम तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रहेंगे, जो काबिले तारीफ है। बिहार की जनता डबल इंजन सरकार के विकास के कामों को देख रही है और हमें उम्मीद है कि हम बड़ी जीत हासिल करेंगे।

### लालू यादव को जानबूझकर फंसाया जा रहा : मृत्युंजय तिवारी



**पटना।** आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने लैंड फॉर जॉब मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की सुनवाई पर भी बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि लालू यादव को जानबूझकर फंसाया जा रहा है। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि चुनाव में तेजस्वी यादव की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है। इसलिए हमारे नेता को निशाना बनाया जा रहा है। तेजस्वी यादव की लोकप्रियता को बिहार की जनता में देखने को मिल रही है और हम विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेंगे। आरजेडी ने एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर तीखा हमला बोला। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को उनकी हैसियत दिखाकर घुटनों पर लाने का काम किया है। भाजपा ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को भी बराबर का भाई बनाकर उसके बड़े भाई की भूमिका को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि सबने देखा है कि कैसे भाजपा ने अपने सहयोगियों को कमजोर किया। जदयू, जो पहले बड़े भाई की भूमिका में थी, अब बराबरी की स्थिति में ला दी गई है। चुनाव के बाद भाजपा, जदयू को पूरी तरह खत्म करके बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल कर लेगी। इस बार चुनाव में एक बात साफ है कि एनडीए की नैया डूबने वाली है। उन्होंने जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों नेता अपने स्वाभिमान की रक्षा करने में नाकाम रहे हैं। भाजपा ने अपने सहयोगियों को दबाव में रखकर गठबंधन की सियासत को अपने पक्ष में मोड़ लिया है।

## कॉनकास्ट स्टील मामले में 133 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कोलकाता,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने मेसर्स कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और इसके प्रमोटर संजय सुरेका के खिलाफ धन शोधन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 10 अक्टूबर को ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 133.09 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई सीबीआई और बीएसएफबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच का हिस्सा है, जिसमें कंपनी और इसके निदेशकों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ 6,210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। जांच में पता चला कि संजय सुरेका ने बैंकों से लिए गए कर्ज को गलत तरीके से अपनी समूह कंपनियों में डायवर्ट किया। इसके अलावा, फर्जी स्टॉक स्टेटमेंट और बैलेंस शीट में हेरफेर कर धोखाधड़ी की गई। सुरेका ने अपने रिश्तेदारों, कर्मचारियों और शेल कंपनियों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं। कर्ज की राशि को बीडीजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के डिबेंचर में निवेश किया गया, जिसे बाद में इक्विटी शेयरों में बदल दिया गया। इससे पहले, ईडी ने इस मामले में 612.71 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी, जिसमें कॉनकास्ट स्टील, संजय सुरेका और यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध गोयल से जुड़ी संपत्तियां शामिल थीं। ईडी ने 15 फरवरी 2025 को पहली अभियोजन शिकायत और 11 जुलाई 2025 को पूरक शिकायत दर्ज की।

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा उम्मीदवारों ने भरा नामांकन



- सतपाल शर्मा, राकेश महाजन व अली मोहम्मद मीर को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार
- रास की चार सीटों पर 24 अक्टूबर को होना है चुनाव

**जम्मू,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को 24 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए आधिकारिक रूप से नामांकन दाखिल कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल शर्मा, डा. अली मुहम्मद मीर और राकेश महाजन ने श्रीनगर स्थित विधानसभा सचिवालय परिसर में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना, विपक्ष के नेता सुनील शर्मा और पार्टी के कई विधायक उम्मीदवारों के साथ मौजूद थे, जिससे चुनावों में पार्टी को मिल रहे मजबूत संगठनात्मक समर्थन का पता चलता है।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह सोमवार सुबह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के साथ श्रीनगर पहुंचे, जो जम्मू-कश्मीर की तीन राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। जानकारी के लिए भाजपा ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सतपाल शर्मा , राकेश महाजन और डा. अली मोहम्मद मीर को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, डा. जितेंद्र सिंह ने इस मौके पर कहा की यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पार्टी अपने प्रतिनिधित्व को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि केंद्र शासित प्रदेश के हर वर्ग की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर सुनी जाए। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह की प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी की कड़ी मेहनत और एकता सकारात्मक परिणाम देगी। उन्होंने आगे कहा की मैं अपने कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्पण देखकर बहुत उत्साहित हूं। यह भाजपा के दृष्टिकोण और नेतृत्व में लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

## सार संक्षेप

### मोदी से मिली कनाड़ा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

**नई दिल्ली।** पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से चुनौतियों का सामना कर रहे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने विदेश मंत्री जयशंकर के साथ वार्ता से पहले सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने संबंधों को मजबूत बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की नई प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक का आयोजन आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की होने वाली बैठक की तारीख में बदलाव किया गया। अब कैबिनेट की बैठक 16 अक्टूबर के बदले 14 अक्टूबर को ही होगा। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक कैबिनेट की बैठक अब कल यानी 14 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### आंध्र प्रदेश में परिवार के तीन लोगों ने की आत्महत्या

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश में सोमवार तड़के कृष्णापुरम गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तीनों लोग रेलवे पटरियों की तरफ गए थे और कुछ देर बाद वे रेलवे ट्रैक नंबर तीन पर चलती मालगाड़ी के आगे कूद गए और उनकी तुरंत मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान श्रीरामुलु उनकी पत्नी शिरीषा और उनके बेटे ऋत्विक के रूप में की है। श्रीरामुलु ने बिजनेस के लिए महाजन से पैसे उधार लिए थे लेकिन उन्हें घाटा हो गया। पुलिस ने बताया कि महाजन के दबाव को सहन न कर पाने के कारण परिवार के तीनों सदस्यों ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

### मोहन यादव ने गायक स्व. किशोर कुमार को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के गौरव, प्रख्यात गायक एवं अभिनेता किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हिंदी फिल्म जगत की अमिट पहचान रहे गायक स्व. किशोर कुमार की मन को आनंदित और हृदय को स्पंदित करती आवाज ने अनगिनत गीतों को अमर बना दिया।

## केरल के कोल्लम में बचाव अभियान के दौरान हादसा

**कोल्लम,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के कोल्लम जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें बचाव अभियान में जुटे एक दमकलकर्मी समेत 3 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक महिला को कुएं से रेस्क्यू करने के दौरान हुआ। जानकारी के अनुसार, कोल्लम के नेदुवथूर में सोमवार रात करीब 12.15 बजे तीन बच्चों की मां अर्चना ने कथित तौर पर दोस्त शिवकृष्णन से हुई तीखी बहस के बाद कुएं में छलांग लगा दी थी। बाद में शिवकृष्णन ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। जब टीम पहुंची, तब अर्चना जीवित थी।



- दमकलकर्मी समेत तीन की मौत

# 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सरकार को नोटिस

- जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने पुस्तकों की जब्ती पर अंतरित राहत देने से किया इनकार

**श्रीनगर,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उच्च न्यायालय ने पुस्तक प्रतिबंध को चुनौती देने वाली चार याचिकाओं पर सोमवार को राज्य के गृह विभाग को नोटिस जारी किया, लेकिन इस मामले में जनहित याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया। यह जनहित याचिका माकपा नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि यह कदम जनहित में नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली, न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल और न्यायमूर्ति शहजाद अजीम की तीन-न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने पांच अगस्त को राज्य सरकार द्वारा जारी उस अधिसूचना को चुनौती देने वाली चार याचिकाओं पर नोटिस जारी किए जिसके तहत 25 पुस्तकों पर झूठी विचारधारा और अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उन्हें जब्त कर लिया गया था। पत्रकार डेविड देवदास, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक और अन्य, अधिवक्ता शाकिर शब्बीर और स्वास्तिक सिंह द्वारा अलग-अलग दायर इन याचिकाओं में गृह विभाग की उस अधिसूचना को चुनौती दी गयी थी जिसमें अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 95 के तहत पुस्तकों को जब्त करने का आदेश जारी किया गया था काक की याचिका में गृह विभाग की अधिसूचना को एक मनमाना और यांत्रिक कवायद बताया गया है जिसने अकादमकि जांच का अपराधीकरण कर दिया है।





### अंतिम सुनवाई व बहस को चार दिसंबर की तारीख तय

जम्मू-कश्मीर गृह विभाग ने पांच अगस्त को कश्मीर पर 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया था जिनमें अरुंधति रॉय और ए.जी नूरानी जैसे लेखकों की पुस्तकें भी शामिल थीं। गृह विभाग का कहना था कि ये पुस्तकें अलगाववाद का प्रचार करती हैं। अन्य पुस्तकों में प्रसिद्ध संवैधानिक विशेषज्ञ नूरानी द्वारा लिखित द कश्मीर डिस्प्यूट 1947-2012, सुमंत्र बोस द्वारा लिखित कश्मीर एट द क्रॉसरोड्स एंड कॉन्टेस्टेड लैंड्स, डेविड देवदास द्वारा लिखित इन सर्च ऑफ ए फ्यूचर द कश्मीर स्टोरी, पत्रकार अनुराधा भसीन द्वारा लिखित द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ कश्मीर आफ्टर आर्टिकल 370 और अरूंधति रॉय की आजादी और ए डिसमैंटल्ड स्टेट शामिल हैं। अगस्त में, 25 किताबों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी।

## महाराष्ट्र परिवहन कर्मी हड़ताल पर

**मुंबई,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र राज्य परिवहन के कर्मचारी 4,000 करोड़ रुपए से अधिक के बकाया भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को हड़ताल पर चले गए। इस आंदोलन में 18 विभिन्न यूनियनें शामिल हैं और इन्होंने हड़ताल के संचालन के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया है। हड़ताल में शामिल यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी वित्तीय मांगों का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तब आंदोलन जारी रहेगा। सभी श्रमिक संघों की कल शाम मुंबई में एक बैठक हुई, जिसमें आंदोलन को आगे बढ़ाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इन 16 यूनियनों ने महाराष्ट्र एसटी कर्मचारी कांग्रेस के साथ मिलकर 13 अक्टूबर से हड़ताल का आधिकारिक नोटिस जारी किया।

**बकाया भुगतान की कर रहे मांग**


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**1st call**

NIT NO:23/PWD/Zone-2/2025 RAIPUR DATED: 13/10/2025

Online bids are invited for the following of works up to Date 03/11/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate (Rupees in Lakh) | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177569 | दानवीर भामाशाह वार्ड क्रं. 26 अंतर्गत शशीबाला हायर सेकेण्डरी स्कूल (नवीन भवन) गुढ़ियारी में शेड निर्माण कार्य। | 29.07 | 30000.00 & above | Class D | 04 Months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 14/10/2025 10.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

ZONE COMMISSIONER
ZONE-2 MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

घरों से निकलने वाले गीले और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।



**रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड**
RELIGARE Values that bind
CIN:U74999DL1995PLC064132
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम मंजिल, ऑफिस नं. 101, 2E/23, झंडेवालन एक्स, नई दिल्ली-110055
कॉर्पोरेट कार्यालय : मेक्स हाउस, 7वीं मंजिल, ब्लॉक ए, डॉ. झा मार्ग, ओखला फेस-III, ओखला इंडस्ट्रीयल ईस्टेट, नई दिल्ली - 110020
शाखा कार्यालय : 406-407, चौथी मंजिल, सो लकी कार्नर चाकला अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400099

परिशिष्ट-IV-ए
**नीलामी-सह-विक्रय सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम), 2002 के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नीलामी-सह-बिक्री सूचना**

एतदद्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार(रों)/बंधककर्ता(ओं) को नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संक्षेप में 'संपत्ति') सुरक्षित लेनदार (अर्थात मेसर्स रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड, संक्षेप में 'RFL') के पास गिरवी/प्रभारित की नीलामी-सह-बिक्री आयोजित करने के लिए नोटिस दिया जाता है। RFL के ऋणी/ जमानतदार(रों)/ बंधककर्ता(ओं) अर्थात **मेसर्स पारस पापड़, मधु लुनिया, राजेश कुमार लुनिया, सुरेश चन्द लुनिया एवं पदमा बाई लुनिया** से **02 सितंबर 2025** की स्थिति के अनुसार अद्यतन, ब्याज, लागत और प्रभार के साथ **रू.2,45,67,910.98/- (रूपये दो करोड़ पैतालीस लाख सडसठ हजार नौ सौ दस एवं अट्ठानवे पैसे मात्र)** की वसूली हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा **31/10/2025** को दोपहर **12.30** बजे तक **(निर्धारित नीलामी/बिक्री तिथि) "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं"** आधार पर नीचे वर्णित "आरक्षित मूल्य" पर संपत्ति की ब्रिक्री के लिए प्रस्ताव है, जैसा कि उक्त उल्लिखित ऋणी/ जमानतदार(रों)/ बंधककर्ता(ओं) ने प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी सूचना दिनांक **25 अक्टूबर, 2019** से 60 दिनों के भीतर सुरक्षित लेनदार की ऋण राशि को चुकाने में विफल रहे हैं।

**जबकि** सुरक्षित लेनदार ने सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से इसमें निहित शक्तियों के अनुसार नीचे उल्लिखित गिरवी रखी गई संपत्ति का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' के नियम 8 के तहत आवेदन पर **R. Case No. 2022090100012/B-121 of 2021-2022 के अंतर्गत डी.एम. राजनन्दगांव** द्वारा पारित आदेश दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 के अनुपालन में तहसीलदार की मदद से दिनांक **06/03/2024** को भौतिक कब्जा ले लिया है।

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत इस तरह का कब्जा लेने के संबंध में सूचना "दी पायोनियर" (अंग्रेजी एवं हिंदी) संस्करण समाचार पत्रों में **10/03/2024** को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(2) के तहत प्रकाशित किया गया था।

**और उसके बाद** भी ऋणी/ जमानतदार(रों)/ बंधककर्ता(ओं) RFL को उक्त ऋण चुकाने में विफल रहे, तदनुसार, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी ने उक्त निर्धारित संपत्ति को बेचने का निर्णय लिया है।

नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 54,24,966.90/- (रूपये चौवन लाख चौबीस हजार नौ सौ छियासठ एवं नब्बे पैसे मात्र)** एवं बयाना राशि **रू. 5,42,496.69/- (रूपये पॉच लाख बयालीस हजार चार सौ छियानवे एवं उनसत्तर पैसे मात्र)** होगी अर्थात आरक्षित मूल्य का **10%** जो डीडी/पीओ के माध्यम से **"रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड"** के पक्ष में बोली के साथ-साथ इच्छुक बोलीदाता/क्रेता(ओं) द्वारा RFL के शाखा कार्यालय **"406-407, चौथी मंजिल, सो लकी कार्नर चाकला अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400099"** पर **30/10/2025** के शाम 5:00 बजे या उससे पहले (बोली जमा करने की अंतिम तिथि) तक प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। सफल बोलीदाता/क्रेता को बिक्री प्रतिफल का कम से कम 25% [बोली के साथ भुगतान की गई ईएमडी राशि सहित] जमा करना होगा या तो बिक्री की पुष्टि के उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष बिक्री प्रतिफल जमा करना आवश्यक होगा।

**अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण**

**प्लाट नं. 38/2 के समस्त भाग एवं अंश, वार्ड नं.31, क्षेत्रफल 114 वर्गमीटर, नजूल शीट नं. 49डी, जो ग्राम नन्दाई (दरोगाचाल), महावीर चौक, तहसील एवं जिला राजनन्दगांव छत्तीसगढ़ 491441 एवं चर्तुसीमा इस प्रकार है पश्चिम : गली, दक्षिण : कासम खान, बेगम बाई एवं हमिदा रफीक का मकान, पूर्व : कृष्णा कुमार का मकान, उत्तर : सईदा बेगम का मकान**

**सुरक्षित संपत्ति की प्रकृति** - फ्रीहोल्ड

**ज्ञात भार**

RFL को बेची जाने वाली सुरक्षित संपत्ति पर किसी भी तरह के भार के बारे में पता नहीं है। इच्छुक पार्टियों को अपनी संतुष्टि के लिए सुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन स्वयं कर सकते है। सुरक्षित लेनदार (RFL) किसी भी तरह से उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति की फिटनेस/शीर्षक के संबंध में कोई गारंटी नहीं देता है या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया RFL (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट यानी **https://www.religarefinvest.com/auction-notices** में दिए गए लिंक/यूआरएल को देखें।

किसी भी अन्य जानकारी के लिए कृपया **श्री रमेश सिंह** से उनके मोबाइल नंबर **9981508001** या उनकी ई-मेल आईडी: **ramesh.singh@religare.com** एवं **श्री अभिषेक कुमार शुक्ला** से उनके मोबाइल नंबर **7303741199** या उनकी ई-मेल आईडी: **abhishek.shukla1@religare.com** पर संपर्क करें।

दिनांक : 06.10.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी./14/25/44, तिथिः 07.10.2025

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02251755B | 3-फेज लोकोमोटिव ट्रैक्शन मोटर बेयरिंग फॉर टी.एम. टाईप 6 एफआरए 6068 फॉर डब्ल्यूएजी 9 एण्ड डब्ल्यूएपी 7 लोकोमोटिव. | 27.10.2025 At 10:30 hrs | 400 सेट |
| 2 | 03251476 | एक्सल इंड स्टील हाई टेन्साईल कैप स्क्रूव [1 इंच डाया 8 यूएनसी-2ए, 2.25 ईंच थ्रेड लेंथ. | 31.10.2025 At 10:30 hrs | 151435 नग |
| 3 | 06255074A | सप्लाए, डिजाईन, मेनुफेक्चरिंग, इरेक्शन, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, कमिसनिंग एण्ड प्रूव आउट टेस्ट ऑफ ईओटी क्रेन 15/5टी. | 10.11.2025 At 10:30 hrs | 5 नग 480 मीटर |
| 4 | 04252525 | बैटरी बॉक्स फॉर नॉन एसी कोचेस विथआउट. | 04.11.2025 At 10:30 hrs | 378 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सीपीआर/10/370 — सहायक सामग्री प्रबंधक-II, द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED.**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)**

No.02-16/SE-I-(S&P)/TR-25/S&P/31/30/918 Raipur, Dtd.13.10.2025

**E-BIDDING TENDER NOTICE**

Online bids are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for Supply of following material-

| S.N. | Tender no. /RFx No. | Description | Due Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | TR- 25/S&P/31 RFx No-8100046719 | 132 KV Coupling Capacitor | 07.11.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 2. | TR- 25/S&P/30 RFx No-8100046712 | Armoured copper control cable | 11.11.2025 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

sd/-
Chief Engineer (S&P)
CSPTCL: Raipur

SAVE ELECTRICITY



**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
Aadhar Housing Finance Ltd
**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**रायपुर - सुंदर नगर शाखा:** 1ए एवं 1बी, दूसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, पंडरी, रायपुर - 492004 (छत्तीसगढ़)
**राजनांदगांव शाखा:** प्लॉट नंबर 25/151, प्रथम मंजिल, सोनी कॉम्प्लेक्स, कमल ताकीज़ के सामने, महाराष्ट्र बैंक के सामने, भरकापारा, राजनांदगांव, छत्तीसगढ. - 491441

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 36410000254 / रायपुर सुन्दर नगर शाखा) जावेद अली(ऋणी), तरबेज अली (सह-ऋणी) | 09-10-2024 एवं ₹ 11,24,985/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा चंदखुरी केएच नंबर 168 2 पटवारी हल्का नंबर 04 का भाग, चंदखुरी तहसील मंदिर हसुआद जिला रायपुर छत्तीसगढ़ - 493445 **चर्तुसीमाएं:** पूर्व- अब्दुल रफीक की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - सड़क | ₹ 19,20,000/- | ₹ 1,92,000/- | भौतिक |
| 2 | (लोन कोड नं. 11210000131 / राजनंदगांव शाखा) देव आनंद अम्बाडे (ऋणी), लक्ष्मी अम्बाडे (सह-ऋणी) | 12-04-2025 एवं ₹ 10,13,115/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम बड़े कुशमी खसरा नंबर 330/1, पटवारी हल्का नं. 13 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनंदगांव छत्तीसगढ. - 491445 **चर्तुसीमाएं:** पूर्व- खेमचंद पटेल की भूमि, पश्चिम - दाता की भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - दाता की भूमि | ₹ 8,84,200/- | ₹ 88,420/- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **17-11-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **18-11-2025 दोपहर 03:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **अश्विन शर्मा संपर्क नंबर 7697112220** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रू. 10,000/-** है।
10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : छत्तीसगढ़, दिनांक : 14-10-2025 — सही/- प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## बॉबी देओल बनेंगे 'प्रोफेसर व्हाइट नॉइज'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल दीपावली से पहले बॉक्स ऑफिस पर अपनी नई फिल्म रिलीज करने जा रहे हैं। इस फिल्म में वह 'प्रोफेसर व्हाइट नॉइज' का रोल प्ले करते दिखाई देंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आ गया है। आर्यन खान के निर्देशन में बनी सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा बटोरने के बाद वह अब एक नए किरदार में दिखाई देंगे। इस फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है, लेकिन उनके किरदार और रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। अपनी आगामी फिल्म में बॉबी देओल एक प्रोफेसर की भूमिका में दिखाई देंगे। यह 19 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसका पोस्टर शेयर करते हुए बॉबी देओल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पॉपकॉर्न ले आओ, शो शुरू होने वाला है, 19 अक्टूबर।

# 'आकर्षण के नियम' की वजह से मिली थी 'परिणीता' : विद्या बालन



**मुंबई,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने सोमवार को बताया कि उन्हें अपनी पहली फिल्म 'परिणीता' कैसे मिली थी। उन्होंने साथ में यह भी बताया कि फिल्म के निर्देशक प्रदीप सरकार के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा। विद्या ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह 'सीखो ना नैनो की भाषा पिया' गाने पर एक्टिंग करती दिखाई दे रही हैं।

इस गाने के बारे में बात करते हुए विद्या ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार यह गाना सुना, तो उन्हें तुरंत यह पसंद आ गया और वह प्रदीप सरकार जैसे निर्देशक के साथ काम करने के सपने देखने लगी थीं।

विद्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा कि मुझे गानों पर लिप सिंक करना बहुत पसंद है और यह गाना मुझे बहुत पसंद है। जब मैंने इसे पहली बार देखा, तो मैं प्रसून जोशी के गीत से उतनी ही प्रभावित हुई जितनी कि इसके फिल्मांकन से। इसी दौरान मेरे मन में इस कुशल कहानीकार प्रदीप सरकार के साथ काम करने की इच्छा भी जागी।

इसमें उन्होंने आगे बताया कि कैसे उन्हें अपनी पहली फिल्म 'परिणीता' मिली। उन्होंने आगे लिखा कि मुझे पता भी नहीं था कि ब्रह्मांड ने अपना जादू चलाना शुरू कर दिया है। कुछ साल बाद मुझे दादा के साथ एक विज्ञापन फिल्म मिली और फिर किस्मत से मुझे उनके तीन म्यूजिक वीडियो में भी काम करने का मौका मिला। सबसे खास बात यह थी कि 'किस्सों की चादर' एल्बम में काम करने का मौका मिला।

# दिमाग और सेहत का नक्शा बदल रहे 'माइक्रोप्लास्टिक'

- शरीर की सबसे संवेदनशील झिल्लियों जैसे प्लेसेंटा और ब्रेन बैरियर को भी कर जाते है पार
- पर्सनल केयर उत्पादों और सौंदर्य प्रसाधनों के लेबल पर भी गौर करें

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है और इसका जितना कम उपयोग किया जाए उतना अच्छा है। ऐसा हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि आज की तारीख में ये प्लास्टिक अलग-अलग माध्यमों से हमारे शरीर के विभिन्न अंगों में पैठ बना चुका है। अब इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो प्रकृति पर इतना विपरीत असर डालता है वो हमारी सेहत का क्या हश्र करता होगा। एकबारगी यकीन करना मुश्किल है लेकिन है सौ फीसदी सच। प्लास्टिक जो हम पैकेट्स में देखते हैं, बोतलों में पकड़ते हैं, वही अब हमारे खून, फेफड़ों, यहां तक कि हमारे दिमाग तक पहुंच चुका है। वैज्ञानिक बताते हैं कि हमारे मस्तिष्क में करीब 5 ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक जमा हो सकता है, जो प्लास्टिक की एक छोटी चम्मच के बराबर हो सकती है। तो कह सकते हैं कि यह सिर्फ हमारे चारों ओर नहीं, हमारे भीतर भी है।

ऑस्ट्रिया की 'यूनिवर्सिटी ऑफ ग्राज' के वैज्ञानिक डॉ. क्रिश्चियन पैचर-डॉयचे ने पांच स्वस्थ लोगों की आंतों (गट माइक्रोबायोम) से लिए गए बैक्टीरिया को पांच अलग-अलग माइक्रोप्लास्टिक्स के संपर्क में रखा। नतीजा चौंकाने वाला था।

जिन बैक्टीरिया की संख्या और संतुलन हमारी पाचन शक्ति और मानसिक सेहत को नियंत्रित करते हैं, वही तेजी से बदलने लगे।

कुछ बदलाव वैसे ही दिखते हैं जैसे डिप्रेशन और कोलन कैंसर से जुड़े पैटर्न में देखे जाते हैं। सवाल यही है कि आखिर ये कण करते क्या हैं? माइक्रोप्लास्टिक्स इतने सूक्ष्म होते हैं कि न केवल खून में घुल जाते हैं, बल्कि शरीर की सबसे संवेदनशील झिल्लियों जैसे प्लेसेंटा और ब्रेन बैरियर को भी पार कर जाते हैं। अब सवाल उठता है अगर वे अंदर पहुंच चुके हैं, तो क्या वे हमारे विचारों, भावनाओं, यहां तक कि हमारे मूड को भी प्रभावित कर रहे हैं?

प्लास्टिक सिर्फ एक ठोस पदार्थ नहीं है, वह जहरीले रसायनों का 'कॉकटेल' है। ये कण हमारे 'अच्छे' रसायन जैसे सेरोटोनिन के उत्पादन में कमी ला सकते हैं और ज्यादा 'खतरनाक' या सूजन बढ़ाने वाले रसायन ज्यादा बना सकते हैं।

वैज्ञानिकों का इशारा साफ है कि माइक्रोप्लास्टिक हमारी प्रतिरोधक क्षमता, आंतों और मानसिक स्वास्थ्य तीनों को प्रभावित कर सकता है।



जब चौतरफा प्लास्टिक से हम घिरे हैं तो आखिर इससे पार कैसे पाएं? इसके लिए जीवन में बस छोटे-छोटे बदलाव करने हैं। जैसे प्लास्टिक के बर्तन में खाना गर्म करने से बचें, अगर सब्जी काट रहे हैं तो लकड़ी का चॉपिंग बोर्ड लें प्लास्टिक से बना नहीं, चाय पी रहे हैं तो कप या मग स्टेनलेस स्टील या सेरामिक का लें और हां, चाय भी टी बैग्स वाली न पीएं। पारंपरिक अंदाज में पानी उबालकर और ऊपर से चायपत्ती डालें। रसोईघर से जब शयनकक्ष में पहुंचें तब भी आदत में कुछ बदलाव कर लें। जैसे तकिया, मैट्रस और बेडशीट प्लास्टिक के कण से बने न हों, नेचुरल फैब्रिक का इस्तेमाल किया गया हो।

पर्सनल केयर उत्पादों और सौंदर्य प्रसाधनों के लेबल पर भी गौर करें। कुछ सौंदर्य प्रसाधनों जैसे फेस वॉश, लोशन, लिपस्टिक और आईशैडो जैसी वस्तुओं में पॉलीइथाइलीन, पॉलीप्रोपाइलीन, पॉलीयूरेथेन या एक्रिलेट्स नाम से नैनो या माइक्रोप्लास्टिक हो सकते हैं, हो सके तो इनसे बचें। मासिक धर्म संबंधी उत्पादों में छिपे प्लास्टिक पर भी ध्यान दें, जो 100 प्रतिशत कॉटन से बने हों या सिलिकॉन कप चुनें।

### एनआईएन के अध्ययन में हुआ खुलासा

# नेचुरोपैथी की जड़ें भारतीय चिकित्सा पद्धति से जुड़ी

**पुणे,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी ने एक अहम रिसर्च में ये साबित किया है कि हाइड्रोथेरेपी (जल चिकित्सा) और स्टीम बाथ (वाष्प स्नान) जैसी तकनीकों की जड़ें भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़ी हुई हैं। ये वही तरीके हैं जिन्हें आज दुनिया भर में नेचुरोपैथी (प्राकृतिक चिकित्सा) के नाम से अपनाया जा रहा है।



इस रिसर्च में बताया गया है कि भारत में सदियों पहले आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में पानी और भाप का इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज में किया जाता था। चाहे वो गर्म पानी से नहाना हो, ठंडी पट्टियां रखना, या फिर भाप देना, ये सब भारत की पारंपरिक चिकित्सा का हिस्सा रहे हैं। हमारे यहां इसे सिर्फ शरीर की सफाई नहीं, बल्कि एक गहरी चिकित्सा प्रक्रिया माना जाता था।

आज जो यूरोप और अमेरिका में हाइड्रोथेरेपी को एक आधुनिक इलाज की तरह देखा जा रहा है, उसकी नींव दरअसल भारत में बहुत पहले ही रखी जा चुकी थी। जैसे कि स्वेदन (भाप स्नान), आयुर्वेद का एक प्राचीन हिस्सा है, जिसका मकसद शरीर के टॉक्सिन्स को पसीने के जरिए बाहर निकालना होता है। इसी तरह यूनानी पद्धति में भी गरम पानी और भाप से इलाज करने के तरीके विस्तार से बताए गए हैं।

अध्ययन में ये भी बताया गया है कि आज जो यूरोप और अमेरिका में नेचुरोपैथी को आधुनिक विज्ञान मानते हैं, उसकी असली प्रेरणा भारतीय परंपराओं से ही मिली है। हालांकि नेचुरोपैथी को एक अलग चिकित्सा प्रणाली के रूप में जर्मनी से शुरू माना जाता है, जो 19वीं सदी में अमेरिका के जरिए भारत पहुंची, लेकिन भारत में इसे कभी विदेशी नहीं समझा गया। वजह ये है कि इसके मूल सिद्धांत जैसे पंचमहाभूत, उपवास, शाकाहार, ताजी हवा और व्यायाम ये सब पहले से भारतीय जीवनशैली में शामिल थे।

आज भी हम देखते हैं कि हर्बल स्टीम, ऑयल मसाज, उपवास, योग और प्राकृतिक इलाज जैसे तरीके भारत में आम हैं और इन्हें अब दुनिया भर में वेलनेस थेरेपी के नाम से अपनाया जा रहा है। यह रिसर्च हमें याद दिलाता है कि नेचुरोपैथी की ग्लोबल यात्रा भारत की परंपराओं से ही शुरू हुई थी और आज भी भारत का योगदान इस दिशा में बेहद खास है।

# आने वाले बच्चे की विकास की नींव बनता है गर्भवती का खाना

- चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक पीने से बचना चाहिए
- मौसमी फल और हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ से होगी खून की कमी दूर

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। गर्भावस्था एक खूबसूरत सफर है। इस दौरान हर एक निवाला मायने रखता है। इस समय जो भी मां खाती है, वही आने वाले बच्चे की सेहत और विकास की नींव बनता है। इसलिए इस समय खाने-पीने की आदतों पर थोड़ा ज्यादा ध्यान देना जरूरी होता है।



सबसे पहले बात करें पौष्टिक आहार की, तो गर्भवती महिला को रोजाना दूध या दही जैसे डेयरी प्रोडक्ट जरूर लेने चाहिए, क्योंकि इनमें कैल्शियम और प्रोटीन होता है, जो बच्चे की हड्डियों और दांतों के विकास के लिए बहुत जरूरी है।

साथ ही, मौसमी फल और हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ आदि खाने से शरीर को आयरन और फोलिक एसिड मिलता है, जो खून की कमी को दूर रखता है और बच्चे के ब्रेन डेवेलपमेंट में मदद करता है इसके अलावा, साबुत अनाज जैसे गेहूं, दालें, और चावल शरीर को एनर्जी देते हैं। गुड़ भी बहुत अच्छा होता है क्योंकि ये नेचुरल स्वीटनर है और शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाता है। सूखे मेवे जैसे बादाम, अखरोट, और खजूर भी ताकत देते हैं और मां-बच्चे दोनों की इम्युनिटी को मजबूत बनाते हैं।अगर बात करें क्या नहीं खाना चाहिए, तो गर्भावस्था में बासी खाना और बहुत ज्यादा मसालेदार या तला-भुना खाना पाचन में दिक्कत कर सकता है। ज्यादा खट्टा, नमकीन या भारी खाना भी शरीर पर बोझ डालता है। साथ ही, जरूरत से ज्यादा चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक पीने से बचना चाहिए, क्योंकि ये बच्चे की सेहत पर असर डाल सकता है।

थोड़ा-थोड़ा, बार-बार और सादा खाना सबसे अच्छा माना जाता है। खाना धीरे-धीरे, ध्यान से और आराम से खाना चाहिए ताकि पाचन भी अच्छा हो और शरीर को पूरा पोषण मिले। पानी खूब पीना चाहिए ताकि शरीर में डिहाइड्रेशन न हो।

एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म देती है। इसलिए गर्भावस्था के इन नौ महीनों में संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसके अलावा, अपनी दिनचर्या में भी थोड़ा बदलाव लाना जरूरी है। सुबह समय से उठें, वॉक पर जाएं, समय से खाना खाएं और रात को टाइम से सो जाएं।

# चुनौतीपूर्ण सीन करते समय पिता चियान विक्रम से लेता हूं प्रेरणा : ध्रुव विक्रम

**चेन्नई,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ इंडियन फिल्मों के सुपरस्टार चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम बहुत जल्द फिल्म 'बाइसन कालामादान' में लीड रोल प्ले करते दिखाई देंगे। इसमें वह एक कबड्डी खिलाड़ी का रोल प्ले करते दिखाई देंगे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि इस फिल्म में जब भी कोई चुनौतीपूर्ण सीन करना होता था तो वह अपने पिता से प्रेरणा लेते थे।



फिल्म के प्री-रिलीज कार्यक्रम में बोलते हुए अभिनेता ध्रुव ने कहा कि जब भी मैं कोई चुनौतीपूर्ण या मुश्किल दृश्य करता हूं या कोई गंभीर दृश्य होता है, तो चियान (विक्रम) मेरे दिलो-दिमाग में होते हैं। मैं खुद से कहता हूं कि 'जब वह इतना कुछ करते हैं, तो क्या हम थोड़ा और जोर नहीं लगा सकते? मेरे दिमाग में बार-बार यही चलता है। मुझे नहीं पता कि मैं उनके जैसा बन पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैं इस सम्मान का हकदार बनने के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार हूं। चियान, हर चीज के लिए शुक्रिया। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक मारी सेल्वराज डायरेक्ट कर रहे हैं। उन्होंने इस फिल्म में खुद को कास्ट करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी निर्देशक मारी सेल्वराज का कितना भी शुक्रिया अदा करूं कम है। उन्होंने मुझे ऐसा मंच और इतने बेहतरीन कलाकारों के साथ अभिनय करने का मौका दिया, इसके लिए मैं सदा उनका आभारी रहूंगा। कुछ लोग कहते हैं कि मैंने सर के लिए दो-तीन साल इंतजार किया। मैं तो उनके लिए 20-30 साल भी इंतजार कर सकता था। लोग कहते हैं कि मैंने इस फिल्म के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन मेरा मानना है कि अगर मारी सर ने इस फिल्म में अभिनय किया होता, तो यह और भी बेहतर होती। अभिनेता होने के नाते, अगर हम उनकी कही हुई बातों का 10 प्रतिशत भी कर पाते हैं, तो सीन अच्छा बन जाता है।

# केला बेस्ट प्री और पोस्ट वर्कआउट स्नैक

- प्राकृतिक और सुरक्षित एनर्जी फ्यूल
- केला खाली पेट नहीं खाना चाहिए

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। केला न केवल सबसे सस्ता और आसानी से मिलने वाला फल है, बल्कि इसे पावरहाउस ऑफ एनर्जी भी कहा जाता है। आयुर्वेद और आधुनिक पोषण विज्ञान दोनों में ही केला एक श्रेष्ठ ऊर्जा स्रोत और शरीर को बल देने वाला फल माना गया है। जिम जाने से पहले या एक्सरसाइज के बाद यदि एक केला खा लिया जाए, तो यह शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है और थकान से राहत देता है। केले में मौजूद प्राकृतिक कार्बोहाइड्रेट्स ग्लूकोज, फ्रुक्टोज और सुक्रोज शरीर में तुरंत ऊर्जा भरते हैं और मसल्स को ग्लाइकोजन की आपूर्ति करते हैं। यही कारण है कि केला किसी भी रासायनिक एनर्जी ड्रिंक की तुलना में एक प्राकृतिक और सुरक्षित एनर्जी फ्यूल है।




वर्कआउट के दौरान शरीर से पसीने के साथ पोटैशियम और सोडियम जैसे खनिज बाहर निकल जाते हैं, जिससे मांसपेशियों में खिंचाव या क्रैम्प की समस्या हो सकती है। केला पोटैशियम का एक उत्कृष्ट स्रोत है। एक केले में लगभग 450 मिलीग्राम पोटैशियम होता है, जो इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने और मसल क्रैम्प से बचाने में मदद करता है। इसके अलावा, केला ब्लड शुगर लेवल को स्थिर रखता है क्योंकि इसमें मौजूद शुगर धीरे-धीरे रिलीज होती है। इससे अचानक ऊर्जा का उतार-चढ़ाव नहीं होता और शरीर पूरे वर्कआउट सत्र के दौरान स्थिर रहता है।

केले में पाया जाने वाला ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड दिमाग में सेरोटोनिन का निर्माण करता है, जो मूड को बेहतर बनाता है और स्ट्रेस कम करता है। यही कारण है कि केला खाने के बाद व्यक्ति मानसिक रूप से हल्का और ऊर्जावान महसूस करता है। आयुर्वेद में भी केला बल्य फल यानी बलवर्धक और स्थायित्व देने वाला फल बताया गया है। इसमें मधुर रस, शीतवीर्य और गुरु गुण पाए जाते हैं, जो वात और पित्त दोष को शांत करते हैं।

वर्कआउट से पहले 1 केला और 4-5 बादाम या 1 चम्मच पीनट बटर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। वहीं, वर्कआउट के बाद केले का दूध या दही के साथ स्मूदी पीना फायदेमंद होता है। हालांकि, केला खाली पेट नहीं खाना चाहिए। इसे हल्के भोजन या दूध, ओट्स या शेक के साथ लेना बेहतर होता है।

# रोजर मूर दर्जी के बेटे जो बने जेम्स बॉन्ड

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। रोजर मूर, जो दुनिया को वे जेम्स बॉन्ड के सूट में नजर आए, लेकिन असलियत में वे अब भी दर्जी के बेटे थे, जो तकदीर से टक्सीडो (सूट) पहन बैठे। 14 अक्टूबर 1927 को लंदन में जॉर्ज अल्फ्रेड मूर और कलकत्ता में जन्मीं लिलियन के घर हुआ। पिता टेलर और फिर पुलिसकर्मी बने। घर में अनुशासन था, तो संघर्ष भी कम नहीं। मां-पिता की इस इकलौती संतान ने बाद में आर्ट स्कूल में दाखिला लेकर चित्रकारी शुरू की, पर एक दिन प्रोफेसर ने कहा कि तुम्हें पेंट नहीं, कैमरा संभालना चाहिए। यही संवाद उनकी जिंदगी में नया मोड़ ले आया। घर में अनुशासन था, लेकिन सपनों के लिए जगह नहीं।

फिल्मों में शुरुआत आसान नहीं थी। कभी टूथपेस्ट मॉडल, कभी टीवी में बैकग्राउंड चेहरे, कभी विज्ञापनों में मुस्कुराता शख्स-रोजर मूर को कोई गंभीरता से नहीं लेता था। लोग कहते थे, चेहरे पर मत चलो, करियर दिमाग से बनता है। मगर वे शांत थे। इंतजार करते रहे।

आखिरकार 1973 में 'लिव एंड लेट डाई' ने किस्मत के दरवाजे पर दस्तक दी। इस नए जेम्स बॉन्ड के लिए सब कुछ आसान नहीं था। वे सीन कॉनरी के बाद आए थे, और तुलना कोई रोक नहीं सकता था।

वहीं रोजर मूर ने जेम्स बॉन्ड को नया रूप दिया-गुस्से की जगह व्यंग्य, क्रोध की जगह आंखों की धूर्त मुस्कान। उनकी 'माइ नेम इज बॉन्ड जेम्स बॉन्ड' लाइन तलवार की तरह नहीं, रेशमी रूमाल की तरह लहराती थी। वे सिर्फ बॉन्ड नहीं बने-वे सबसे उम्रदराज बॉन्ड भी बने। आशंकाओं और संभावनाओं के बीच सवाल भी पूछे गए। किसी ने पूछा 45 की उम्र में पहली बार बॉन्ड और 58 की उम्र में आखिरी बार? जब इस उम्र पर सवाल हुआ, तो हंसकर बोले - अगर बॉन्ड बुलेट्स (गोलियों) से बच सकता है तो उम्र क्या चीज है।

मूर का भारत से भी खास संबंध रहा। एक तो मां वाला और दूसरा फिल्मों वाला! 1983 में ऑक्टोपसी की शूटिंग के लिए वो भारत आए थे।



इस पूरे किस्से का जिक्र उन्होंने अपनी जीवनी माई वर्ड इज माई बॉन्ड में किया है। ये अंश बताते हैं कि उनके लिए भारत क्या अहमियत रखता था।

किस्सा कुछ यूं है कि शूटिंग के दौरान वो भारत आए-उदयपुर, झीलें, महल, भीड़ और गर्मीज सबको पूरे दिल से अपनाया। एक शूट के दौरान एक भारतीय स्टंट कलाकार नाव से गिरते-गिरते बची। जानते हैं क्यों, क्योंकि मूर ने अपनी परवाह किए बिना उसे ऊपर खींच लिया।

उदयपुर की गलियों में वे बिना किसी सुरक्षा घेरे के घूमे, बच्चों के साथ फोटो ली, चाय पी, और हर जगह यही कहा कि यू डोंट विजिट इंडिया...इंडिया विजिट्स यू फॉरएवर। अपनी आत्मकथा माई वर्ड इज माई बॉन्ड में लिखते हैं-मैं हीरो नहीं था, बस एक सज्जन आदमी था जिसे कभी-कभी बंदूक थमाई जाती थी।

23 मई 2017 को मूर का निधन हो गया। उन्होंने गोलियां नहीं चलाईं, बस मुस्कान से जीतते रहे। वे सिर्फ 007 नहीं थे; वे वो बॉन्ड थे जो उम्रदराज होकर भी दिलों में जवान रहे और आज भी हैं।

# शारीरिक व मानसिक रूप से संतुलित रख सकता है आसन

- 'भारद्वाजासन' को लोग जानते हैं कम
- वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित करता है आसन

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ और फिट रहना बेहद जरूरी है। तनाव, अनियमित दिनचर्या और अस्वास्थ्यकर खानपान के कारण हमारा शरीर और मन दोनों प्रभावित होते हैं। ऐसे में योग एक ऐसा उपाय है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से संतुलित रख सकता है। आज हम बात करेंगे 'भारद्वाजासन', एक प्राचीन योगासन, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। यह आसन न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है।

भारद्वाजासन पूरे शरीर को सक्रिय रखता है। आयुर्वेद के अनुसार, यह आसन वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित करता है, खासकर यह पाचन तंत्र और तनाव से संबंधित समस्याओं में ज्यादा कारगर रहता है। यह योगासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार करता है।



इस आसन में तकरीबन 30 से 40 सेकंड तक रहने के साथ शुरुआत की जा सकती है। आप अपनी क्षमता के अनुसार भी अपना समय निर्धारित कर सकते हैं। आसन के दौरान गहरी सांस लेते रहें। इसे सुबह या शाम खाली पेट करना सबसे अच्छा होता है। इस योगासन को किसी ट्रेनर की देखरेख में करना चाहिए।

नियमित तौर पर भारद्वाजासन योगासन करने से रीढ़ और कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह पेट की गैस, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत देता है। साथ ही, तनाव और चिंता को भी कम करने में भी यह कारगर है।

यह मन को शांत करता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है। ऋषियों का मानना था कि यह आसन प्राण, वायु और मन को संतुलित करता है, जिससे जीवन में सकारात्मकता आती है।

भारद्वाजासन एक शक्तिशाली योगासन है, जो शरीर और मन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर आप न केवल शारीरिक रूप से फिट रह सकते हैं, बल्कि मानसिक शांति और स्थिरता भी प्राप्त कर सकते हैं। गर्भवती महिलाओं, रीढ़ की गंभीर समस्या वाले लोगों या हाल ही में सर्जरी करवाने वालों को इसे करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। इसे जल्दबाजी में न करें, बल्कि धीरे-धीरे और सावधानी से अभ्यास करें।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# युद्ध और शांति के खेल में नोबेल

वैश्विक राजनीति में किस तरह नोबेल पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित सम्मान की आड़ में नए खेल रचे जा रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण 2025 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए घोषित नाम पर सामने आया। वेनेजुएला की राजनेता मारिया कोरिना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। समिति ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार शांति के एक साहसी और ऐसी चैंपियन को दिया जाता है, जो बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ को जलाए रखती है।

बता दें कि मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला की 'आयरन लेडी' भी कहा जाता है, उन्होंने स्वतंत्र चुनावों को बढ़ावा देने वाले नागरिक समाज समूह सुमाते और लोकतांत्रिक परिवर्तन की वकालत करने वाले गठबंधन सोयवेनेजुएला की स्थापना में सहायता की। वे 2010-2015 से नेशनल असेंबली की सदस्य रही हैं। बताया जाता है कि पिछले कुछ सालों में मारिया को छिपकर रहना पड़ा था, क्योंकि उनकी जान को खतरा था, लेकिन वो देश छोड़कर नहीं गईं। नोबेल समिति का कहना है कि वेनेजुएला में रहना उनका फैसला था, जिससे कई लोगों को प्रेरणा मिली। जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा कर लेते हैं, तो स्वतंत्रता के लिए लड़ने और सत्ता का विरोध करने वाले लोगों को पहचानना जरूरी होता है।

लेकिन यही पूरा सच नहीं है। न ही मचाडो दुनिया में अकेली ऐसी नेता हैं। दुनिया के कई देशों में सत्ता की मनमानी और लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति के खिलाफ आवाज़ें उठाई जा रही हैं, सत्ता के दमन और अत्याचारों का सामना किया जा रहा है।

मचाडो अगर लोकतंत्र के लिए संघर्ष करती रही हैं, तो दूसरी तरफ वे युद्ध के तरीकों की हिमायत भी करती रही हैं। खासकर इजरायल की वे समर्थक रही हैं। गज़ा पर बमबारी को वो इजरायल का सही फैसला मानती हैं। साथ ही मारिया अपने खुद के देश में सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए विदेशी ताकतों की मदद लेने से भी नहीं कतराती हैं।2018 में उन्होंने इजरायल और अर्जेंटीना को खत लिखकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटाने की अपील की थी। 2 साल पहले अपनी एक पोस्ट में मारिया ने लिखा था कि 'वेनेजुएला का संघर्ष भी इजरायल की तरह है।' मारिया ने यहां तक कहा था कि अगर वो सत्ता में आईं तो इजरायल की आजादी में पूरी मदद करेंगी।

ऐसे में सहज ही सवाल उठता है कि जिस इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्ध के आरोप हों, जिनकी बर्बरता पिछले दो सालों में दुनिया ने देखी है, उसका समर्थन करने वाला कोई भी शख्स आखिर किस तरह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार हो सकता है।

लोकतंत्र की बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी करते हैं, बल्कि वे तो दुनिया में सात ऐसे युद्धों को बंद करवाने का दावा करते हैं, जिनके खत्म होने की संभावनाएं नहीं थीं और वे जारी रहते तो भीषण तबाही होती। भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रोकने का दावा भी कम से कम 40 बार ट्रंप कर चुके हैं, जिसे पाकिस्तान ने तो माना है, भारत ने इससे इंकार किया है। हालांकि फिर भी ट्रंप को झूठा कहने की हिम्मत नरेन्द्र मोदी ने अब नहीं दिखाई है। बहरहाल, इन युद्धों को रुकवाने की वजह से ट्रंप खुद को शांति पुरस्कार का सबसे बड़ा दावेदार मान चुके थे। कई बार इसका सार्वजनिक इजहार उन्होंने किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बाकायदा कहा कि वे ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश करते हैं। फिर गज़ा शांति समझौते के बाद जिस तरह अमेरिका समर्थक तमाम देशों ने ट्रंप की वाहवाही के ट्वीट किए, उससे जाहिर हुआ कि नोबेल शांति पुरस्कार के लिए जमकर गुटबंदी हो रही है। हालांकि मचाडो को पुरस्कार मिलने की घोषणा के बाद ट्रंप की सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। लेकिन मचाडो ने इस पुरस्कार को ट्रंप को समर्पित करने के साथ ही संकेत दे दिए कि अभी वैश्विक राजनीति में युद्ध और शांति के खेल की लंबी पारी उन्हें खेलनी है।

इस बीच गज़ा शांति समझौते के बाद सोमवार को जब इजरायल और हमास के बीच कैदियों का आदान-प्रदान होना था, तब डोनाल्ड ट्रंप इजरायल पहुंच चुके थे। यहां उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। इस दौरान ट्रंप ने इजरायल और हमास के समझौते को अपनी 'आठवीं हल की गई संघर्ष' उपलब्धि बताया और यह भी कहा कि मैंने ये सब नोबेल के लिए नहीं किया। यहां ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान का जिक्र भी किया कि अगर ये दोनों देश फिर युद्ध की ओर बढ़े, तो मैं टैरिफ लगाऊंगा। यह वही पुरानी धमकी है, जो मई में भी ट्रंप ने दी थी।

तो मचाडो हों या ट्रंप, इनका इतिहास और वर्तमान यही सुझा रहा है कि दोनों ही शांति पुरस्कार के सही हकदार नहीं थे। ट्रंप को तो खैर नोबेल पुरस्कार मिला ही नहीं, लेकिम मचाडो को देने से क्या पुरस्कार की गरिमा कम हुई है, यह सवाल वैश्विक पटल पर उभरा है। अमेरिका स्थित मुस्लिम अधिकारों के लिए बने संगठन काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशन ने नोबल समिति को अपने फैसले पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया है। संगठन का कहना है, 'नोबल समिति को एक बार फिर से सोचना चाहिए। मारिया को यह पुरस्कार देने से नोबल की छवि को गहरा झटका लग सकता है।'

वैसे मारिया कोरिनो मचाडो को पुरस्कार मिलने के साथ ही अमेरिका और रूस फिर आमने-सामने दिख रहे हैं। दरअसल मारिया को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन है, वहीं, वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पुतिन का साथ मिला हुआ है। रूस और वेनेजुएला ने 10 साल के एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। अमेरिका के साथ राजनयिक संबंध टूटने के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने रूस से हाथ मिलाया है।

इधर अगस्त में ट्रंप ने मादुरो की गिरफ्तारी में सहायता करने वाले को 5 करोड़ डॉलर के ईनाम की घोषणा भी की थी, जो ओसामा बिन लादेन पर रखे ईनाम से भी ज्यादा है।

अमेरिका अगर वेनेजुएला में अपनी पसंद की सरकार बनवाता है, तो उसमें सबसे ऊपर नाम मारिया का ही आएगा। वहीं मादुरो को रूस और ईरान का साथ मिल सकता है। जिसके बाद एक नयी जंग छिड़ने की आशंका गहराएगी।

# भारत के डिजिटल अतिक्रमण पर नीति आयोग की चेतावनी को गंभीरता से लेने की ज़रूरत

■ आर. सूर्यमूर्ति

जब इस साल की शुरुआत में भारत के नए आयकर अधिनियम, 2025 का अनावरण किया गया था, तो इसे आधुनिकीकरण के एक मॉडल के रूप में प्रचारित किया गया था इस दावे के साथ कि यह एक ऐसा कानून है जो 1961 के औपनिवेशिक प्रभाव को 'विश्वास-आधारित, पारदर्शी और तकनीक-संचालित' कर व्यवस्था से बदल देगा। लेकिन नीति आयोग ने अपने नवीनतम कर नीति कार्य पत्र 'भारत के कर परिवर्तन की ओर गैर-अपराधीकरण और विश्वास-आधारित शासन', में चेतावनी दी है कि नया कानून कर अधिकारियों को व्यापक और दखलअंदाज़ी वाले अधिकार प्रदान करता है - ऐसे अधिकार जो निजता के मौलिक अधिकारों और आत्म-दोषसिद्धि से सुरक्षा का उल्लंघन कर सकते हैं।

नौकरशाही की इस शैली के पीछे एक भयावह संदेश छिपा है- अनुपालन के नाम पर, राज्य चुपचाप निगरानी का ढांचा तैयार कर रहा है। नीति आयोग की चेतावनी के मूल में दो प्रावधान हैं - नए अधिनियम की धाराएं 247(1)(ii) और474, जो कर अधिकारियों को किसी भी करदाता से उनके पासवर्ड, डिक्रिप्शन कुंजियां, और व्यक्तिगत उपकरणों या क्लाउड में संग्रहीत डेटा तक पहुंचने के लिए 'उचित तकनीकी सहायता' मांगने का अधिकार देते हैं। अनुपालन न करने पर दो साल तक की कठोर कैद और जुर्माना हो सकता है।

यह केवल वित्तीय ऑडिट के बारे में नहीं है। जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है, ये धाराएं 'भौतिक खोज शक्तियों को आभासी डोमेन तक विस्तारित करती हैं', जिससे अधिकारियों को 'न केवल वित्तीय प्रणालियों में, बल्कि व्यक्तिगत डिजिटल स्थानों - ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, यहां तक कि क्लाउड अभिलेखागार में भी' प्रवेश करने की अनुमति मिलती है।

नीति आयोग इसे 'बाध्य डिजिटल पारदर्शिता' कहता है। इसका वास्तविक अर्थ है, पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपायों के बिना, निजी जानकारी का जबरन प्रकटीकरण। फिर, थिंक टैंक का यह भी सुझाव है कि यह संवैधानिक सीमा रेखा को पार कर सकता है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20(3) गारंटी देता है कि किसी भी व्यक्ति को 'अपने विरुद्ध गवाह बनने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।' व्यक्तियों को पासवर्ड याद करने और प्रकट करने के लिए बाध्य करना, जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले माना है, एक मानसिक कृत्य है - और इस प्रकार इस प्रावधान के तहत संरक्षित है। किसी की डिजिटल कुंजियों का खुलासा करने से इनकार करने को आपराधिक बनाकर, नया कर कानून प्रभावी रूप से चुप्पी को अपराध में बदल देता है।

नीति आयोग के दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि ऐसी शक्तियां 'असंवैधानिक क्षेत्र में सीमा पार करने का जोखिम उठाती हैं।' इसमें सीबीआई बनाम महेश कुमार (2022) का हवाला दिया गया है, जहां एक भारतीय अदालत ने कहा था कि पासवर्ड याद करने से संज्ञानात्मक प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं और उसे मजबूर नहीं किया जा सकता।

यह चिंता काल्पनिक नहीं है- ऐसे युग में जहां किसी के फ़ोन में न केवल बैंक स्टेटमेंट बल्कि निजी संदेश, स्वास्थ्य रिकॉर्ड और पेशेवर पत्राचार भी होते हैं, 'डिजिटल उपकरणों' तक पहुंच उसके पूरे जीवन तक पहुंच है। यह विशेष रूप से चिंताजनक है कि ये बाध्यकारी डिजिटल प्रावधान एक ऐसी व्यवस्था के तहत पेश किए जा रहे हैं जो सार्वजनिक रूप से 'विश्वास-आधारित शासन' का समर्थन करती है।

'दोषपूर्ण मानसिक स्थिति' खंड (धारा 490) इस समस्या को और बढ़ा देता है क्योंकि इसमें व्यक्ति को तब तक दोषी मान लिया जाता है जब तक कि अभियुक्त अपनी बेगुनाही साबित न कर दे।

कर अधिकारी, निश्चित रूप से, तर्क देते हैं कि डिजिटल कर चोरी को रोकने के लिए ऐसे प्रावधान आवश्यक हैं, खासकर क्रिप्टोकरेंसी, ऑफशोर खातों और एन्क्रिप्टेड संचार के युग में। लेकिन न्यायिक निगरानी का अभाव ही प्रवर्तन को संभावित दुरुपयोग में बदल देता है। यूनाइटेड किंगडम या ऑस्ट्रेलिया के विपरीत, जहां समान शक्तियों का उपयोग केवल राष्ट्रीय सुरक्षा या गंभीर संगठित अपराध के लिए किया जाता है, भारत का नया अधिनियम उन्हें नियमित कर निर्धारण में अनुमति देता है। यह अंतर मायने रखता है। नीति आयोग ने चेतावनी दी है कि भारत अब 'उन कुछ न्यायिक क्षेत्र में से एक है जहां राजस्व प्राधिकरण कारावास की धमकी देकर निजी डिजिटल पहुंच की मांग कर सकता है।'

अधिकांश परिपक्व कर प्रणालियों में, डिजिटल ऑडिट में सहयोग न करने पर प्रशासनिक जुर्माना लगता है, जेल नहीं। फिर एन्क्रिप्टेड या निजी डेटा में किसी भी घुसपैठ के लिए अदालती वारंट की आवश्यकता होती है - केवल किसी अधिकारी के विवेकाधिकार की नहीं। इस प्रक्रियात्मक फ़ायरवॉल को हटाकर, भारत निगरानी को एक अनुपालन उपकरण के रूप में सामान्य बनाने का जोखिम उठा रहा है।

> **अधिकांश परिपक्व कर प्रणालियों में, डिजिटल ऑडिट में सहयोग न करने पर प्रशासनिक जुर्माना लगता है, जेल नहीं। फिर एन्क्रिप्टेड या निजी डेटा में किसी भी घुसपैठ के लिए अदालती वारंट की आवश्यकता होती है- केवल किसी अधिकारी के विवेकाधिकार की नहीं। इस प्रक्रियात्मक फ़ायरवॉल को हटाकर, भारत निगरानी को एक अनुपालन उपकरण के रूप में सामान्य बनाने का जोखिम उठा रहा है।**

जब वही राज्य जो नागरिकों के लिए डेटा गोपनीयता का उपदेश देता है, अपनी प्रवर्तन एजेंसियों को डिजिटल कुंजियों की मांग करने का अनियंत्रित अधिकार भी देता है, तो यह एक दोहरी नैतिक व्यवस्था बनाता है- एक शासितों के लिए, दूसरा शासकों के लिए। नीति आयोग की बेचैनी इस संस्थागत जागरूकता को दर्शाती है कि एक निगरानी राज्य आसानी से सुधार का मुखौटा पहन सकता है।

विरोधाभास स्पष्ट है-भारत एक 'पूर्वानुमानित और नियम-आधारित कर वातावरण' के साथ वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करना चाहता है, फिर भी इसके नए डिजिटल प्रावधान नागरिकों और कंपनियों, दोनों को रक्षात्मक गोपनीयता की ओर धकेल सकते हैं। विश्वास बनाने के लिए बनाया गया एक कानून अंततः अविश्वास को जन्म देता है- करदाता और राज्य के बीच नहीं, बल्कि नागरिक और संविधान के बीच।

नीति आयोग की यह बात सराहनीय है कि वह केवल आलोचना ही नहीं करता; बल्कि सुझाव भी देता है। रिपोर्ट सरकार से आग्रह करती है कि वह डिजिटल ऑडिट में सहायता न करने पर आपराधिक दंड की जगह नागरिक जुर्माने लगाए, 'वर्चुअल डिजिटल स्पेस' की स्पष्ट सीमाएं निर्धारित करे, और सभी डिजिटल जांच के लिए न्यायिक निगरानी अनिवार्य करे। यह अभियोजन पक्ष पर सबूत पेश करने का भार बहाल करने की भी सिफ़ारिश करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को डिजिटल गोपनीयता के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए दोषी न माना जाए।

ये कोई क्रांतिकारी मांगें नहीं हैं। ये वैश्विक उचित प्रक्रिया मानकों को प्रतिबिंबित करती हैं। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में लिखा है, 'विश्वास-आधारित शासन उदारता नहीं, बल्कि बुद्धिमानी से लागू किया जाने वाला शासन है।' इसका अर्थ है ऐसे कानून बनाना जो जानबूझकर की गई धोखाधड़ी को दंडित करें, न कि ईमानदार गलतियों को; जो निजता की रक्षा करे, न कि उसे हथियार बनाए।

इस शोधपत्र का निष्कर्ष है कि भारत के कर परिवर्तन का आंकलन इस बात से नहीं होगा कि राज्य कितना डेटा ज़बरदस्ती लागू कर सकता है, बल्कि इस बात से होगा कि वह अपने पास पहले से मौजूद डेटा को कितनी ज़िम्मेदारी से संभालता है। अगर डिजिटल शासन डिजिटल ज़बरदस्ती का पर्याय बन जाता है, तो सुधार और दमन के बीच की रेखा इतनी धुंधली हो जाएगी कि उसे सुधारा नहीं जा सकेगा।

नीति आयोग की चेतावनी केवल इसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने की ही नहीं बल्कि विधायी आत्मनिरीक्षण की मांग करती है। सवाल यह नहीं है कि क्या राज्य के पास अनुपालन लागू करने के साधन होने चाहिए, बल्कि यह है कि क्या वह अपने नागरिकों के निजी जीवन में दखल दिए बिना उन साधनों का इस्तेमाल कर सकता है?

एक ऐसे राष्ट्र के लिए जो 2047 तक विकसित भारत - एक विकसित लोकतंत्र - बनने की आकांक्षा रखता है, प्रगति का सच्चा मापदंड उसकी कर संहिता की दक्षता नहीं, बल्कि उसकी डिजिटल अंतरात्मा की अखंडता होगी।

# ट्रैक्टर मालिकों के सामने नई चुनौतियां

■ राजन क्षीरसागर

हरित क्रांति की पृष्ठभूमि में ट्रैक्टर का उपयोग पूरे देश में बढ़ता रहा है। दरवाजे पर खूबसूरत बैल जोड़ी की जगह ट्रैक्टर ने ले ली है। बढ़ते चारे के खर्च, देखभाल के लिए आवश्यक शारीरिक श्रम, नकदी फसलों की मांग के कारण कई छोटे किसानों के लिए अब बैल रखना संभव नहीं रहा। इसके बजाय, किराये के ट्रैक्टर से बुवाई और अन्य कार्य कराना धीरे-धीरे आदत बन गई है। इससे गांवों में ट्रैक्टर-धारकों की संख्या बढ़ रही है। महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक में चीनी उद्योग ने ट्रैक्टरों को गन्ना पिराई और परिवहन के चलते और मजबूती दी।

आज की खेती में महत्वपूर्ण ट्रैक्टरों पर अब वाहन संबंधी नए नियम लागू किए जाने वाले हैं। ट्रैक्टरों को वाहन के रूप में दर्ज किया गया है और इस कारण 'परिवहन मंत्रालय' के नए निर्देशों के अनुसार हर ट्रैक्टर को निश्चित कालावधि के बाद फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना उपयोग नहीं किया जा सकता। इन मानकों का पालन करके यदि ट्रैक्टर ने फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं लिया तो उसे पेट्रोल और डीजल देने पर पेट्रोल पंप के संचालक प्रतिबंधित होंगे।

> **भारत में ट्रैक्टर की वास्तविक उत्पादन लागत उसकी बिक्री कीमत के 40-70प्रतिशत के बीच होती है। बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारतीय किसानों से अधिक मूल्य वसूलती हैं। भारत से अन्य विकासशील देशों को भी ट्रैक्टर और कृषि उपकरण बड़े पैमाने पर निर्यात किए जाते हैं। निर्यात पर कर छूट और अनुदान के माध्यम से बड़ी रकम कॉर्पोरेट क्षेत्र को उपलब्ध होती है।**

इसके लिए 10 साल की कालावधि निश्चित की जानी थी, लेकिन इस निर्णय पर किसानों की तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। नतीजे में सरकार को घोषित करना पड़ा कि 15 साल की कालावधि में कोई बदलाव नहीं होगा। खेती में ट्रैक्टरों के उपयोग को बढ़ावा देने और यांत्रिकीकरण को गति देने के लिए कुछ समय तक सब्सिडी भी दी गई थी। अब आर्थिक उदारीकरण की नीति के कारण इस सब्सिडी को समाप्त या सीमित कर दिया गया है।

भारत में वाहनों के बीमा में कंपनियां सालाना लगभग 85,000 करोड़ रुपये प्रीमियम वसूलती हैं। ट्रैक्टर के लिए 'थर्ड पार्टी बीमा' राशि ट्रैक्टर मूल्य के 5 से 7 प्रतिशत तक होती है, जो लगभग 50,000 से 70,000 रुपये के बीच है। अन्य देशों की तुलना में यह राशि काफी अधिक है। कई देशों में इसे सब्सिडी देकर कम रखा जाता है। ब्राजील में यह राशि केवल 0.3प्रतिशत (लगभग 3000 रुपये) और चीन में 0.5प्रतिशत (लगभग 5000 रुपये) है।

ट्रैक्टर कंपनियों का वितरण एवं सेवा नेटवर्क व्यापक है जिसने ट्रैक्टर की देखभाल एवं मरम्मत में एकाधिकार स्थापित कर रखा है। ट्रैक्टर में खराबी होने पर मरम्मत और स्पेयर-पार्ट्स अत्यधिक महंगे हैं। स्थानीय और अन्य तकनीशियनों को मरम्मत नहीं करने दी जाती। यदि कोई स्थानीय तकनीशियन कंप्यूटर आधारित सिस्टम में हस्तक्षेप करता है तो कंपनी वारंटी से इनकार कर देती है। वारंटी अवधि भी सीमित है। इस प्रकार की व्यवस्थाओं से ट्रैक्टर मालिकों को काफी शोषण झेलना पड़ता है। किसानों की शिकायतों और सामाजिक आंदोलन के कारण कई देशों ने 'मरम्मत का अधिकार' के कानून बनाए हैं।

भारत में जागरूकता की कमी का फायदा बड़ी ट्रैक्टर कंपनियां उठा रही हैं। कृषि उपकरण और उपकरण बाजार में सालाना 12-15प्रतिशत की वृद्धि होती है और सालाना लगभग 10 लाख ट्रैक्टर बेचे जाते हैं। तीव्र यांत्रिकीकरण को देखते हुए मरम्मत का अधिकार देना आवश्यक हो गया है। जब वैश्विक कृषि उपकरण बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए बाजार खोला जा रहा है, तब इसके लिए कानून बनाना आवश्यक है। इसमें वारंटी की कालावधि को ट्रैक्टर की आयु तक यानी लगभग 35 वर्ष तक बढ़ाना, तकनीक और कौशल अधिकार का विस्तार, निर्गमन क्षेत्रों पर नियंत्रण और मरम्मत और रखरखाव लागत को कम करना शामिल होना चाहिए।

भारत में ट्रैक्टर की वास्तविक उत्पादन लागत उसकी बिक्री कीमत के 40-70प्रतिशत के बीच होती है। बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारतीय किसानों से अधिक मूल्य वसूलती हैं। भारत से अन्य विकासशील देशों को भी ट्रैक्टर और कृषि उपकरण बड़े पैमाने पर निर्यात किए जाते हैं। निर्यात पर कर छूट और अनुदान के माध्यम से बड़ी रकम कॉर्पोरेट क्षेत्र को उपलब्ध होती है। अप्रैल 2025 तक भारत सरकार ने निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए 57,976.78 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कीमतों में कम-से-कम 25प्रतिशत कटौती की मांग कृषि प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ करते हैं, लेकिन इसे अनदेखा किया जाता है। असामान्य कीमतों के कारण ट्रैक्टर उपयोगकर्ताओं के ऊपर ऋण का बोझ बढ़ रहा है। कृषि उत्पादों की न्यूनतम आश्वस्त कीमत का अभाव और प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहे किसानों पर ऋण का भार है।

ट्रैक्टर के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा दिया जाने वाला ब्याज दर अत्यधिक है। छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद), महाराष्ट्र में कॉर्पोरेट क्षेत्र के निदेशक-प्रबंधकों को 100 मर्सिडीज गाड़ियों की खरीद के लिए राष्ट्रीयकृत बैंक से मात्र 6प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिला, जबकि ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों के लिए ब्याज दर 14 से 28 प्रतिशत तक है। इससे किसानों की वास्तविक समस्या स्पष्ट होती है। ट्रैक्टर और खेती के औजारों के खर्च को किसानों के कर्ज से जोड़ें तो तस्वीर और भी भयावह हो जाती है। किसानों की आत्महत्याएं न केवल देश के लिए, बल्कि मानवता के लिए भी एक काला धब्बा बन गई हैं, लेकिन सरकार इस बारे में अधिक संवेदनशील दिखाई नहीं देती।

सन् 2030 में भारत में ट्रैक्टर का बाजार लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का होने का अनुमान है। कई बड़ी अमेरिकी ट्रैक्टर कंपनियां इसकी ओर आकर्षित हैं। इसके लिए भारत-अमेरिका व्यापार शर्तों में भी कुछ छुपे हुए प्रावधान आगे बढ़ाए जा रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में भारतीय किसानों के हितों और देश के औद्योगिक विकास की नीतिगत चुनौतियां सामने आ रही हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अलावा 'नीति आयोग' ने अमेरिकी कृषि आयात में आयात शुल्क कम करने की भी सिफारिश की है साथ ही, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को बढ़ावा देने का इरादा भी बताया गया है।

आज भारत में लगभग 75प्रतिशत ट्रैक्टर 10 वर्ष से अधिक पुराने हैं। ऐसे में इन सभी बदलावों के कारण गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। भारतीय ट्रैक्टर धारक किसानों के हितों को पुष्ट करने वाला कोई भी निर्णय कृषि व्यवसाय में अराजकता पैदा कर सकता है। इस बारे में निश्चित ही भारतीय किसान जागरूकता के साथ प्रतिरोध करने की समझ रखते हैं, जो समय-समय पर किसान आंदोलनों द्वारा भी प्रदर्शित हो चुकी है।

**(लेखक 'अखिल भारतीय किसान सभा' के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।)**

## आपके पत्र

### गुरुहीन स्कूल, अधूरा भविष्य शिक्षा व्यवस्था पर संकट की दस्तक

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि एक शिक्षक पर अधिकतम 30-35 विद्यार्थियों से अधिक का बोझ नहीं होना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि शिक्षक व्यक्तिगत ध्यान दे सकें और सीखने की प्रक्रिया को सार्थक बनाया जा सके। मगर नूंह, पलवल, महेंद्रगढ़ जैसे जिलों में यह अनुपात 1:100 तक पहुंच गया है। यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि सामाजिक असमानता की कहानी भी कहता है। क्योंकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे वही हैं जिनके माता-पिता निजी शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते। इस वर्ग के लिए सरकारी स्कूल ही एकमात्र आशा है, और जब इन स्कूलों की दशा ऐसी हो जाए, तो समाज का भविष्य ही संकट में पड़ जाता है।

सरकार ने वर्ष 2024 में 14,295 नए पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। लेकिन जिस गति से प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसे देखकर लगता है कि यह लक्ष्य 2025 के अंत तक भी पूरा नहीं हो पाएगा। शिक्षकों की भर्ती के लिए लंबी प्रक्रिया, कोर्ट के केस, दस्तावेज़ी जांच, रिजर्वेशन विवाद, और विभागीय सुस्ती— सब मिलकर स्थिति को और जटिल बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, जो शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनकी जगह तुरंत नई नियुक्ति नहीं की जा रही। इसका अर्थ यह हुआ कि रिक्तियों की संख्या समय के साथ बढ़ती ही जा रही है।

हरियाणा के कुछ जिलों में हालात इतने खराब हैं कि स्कूलों में एक ही शिक्षक हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन सब कुछ पढ़ा रहा है। नतीजतन, बच्चों की समझ कमजोर होती जा रही है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में पास करवाना नहीं बल्कि सोचने, समझने और समाज में योगदान देने की क्षमता विकसित करना होता है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में बच्चों को केवल औपचारिक शिक्षा मिल रही है, वास्तविक ज्ञान नहीं। शिक्षक केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के विकास की रीढ़ हैं। उनके बिना कोई भी नीति, कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। शिक्षक का होना ही विद्यालय की आत्मा का होना है। जब शिक्षकों की कमी होती है, तो स्कूल भवन तो रह जाते हैं, लेकिन शिक्षा का सार कहीं खो जाता है।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार घट रही है क्योंकि अभिभावक अब निजी स्कूलों की ओर झुक रहे हैं। लेकिन निजी स्कूल हर वर्ग के लिए सुलभ नहीं। ग्रामीण इलाकों में तो कई बार सरकारी स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम हैं। जब यहां संसाधन नहीं, शिक्षक नहीं और सुविधाएं नहीं, तो शिक्षा केवल एक दिखावा बनकर रह जाती है। राज्य सरकार ने कई बार दावा किया है कि शिक्षकों की भर्ती जल्द पूरी की जाएगी, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव न के बराबर है। शिक्षा विभाग की फाइलें कार्यालयों में घूमती रहती हैं जबकि स्कूलों में बच्चे बिना पढ़ाई के दिन बिताते हैं। शिक्षा के इस संकट को दूर करने के लिए केवल घोषणाएं काफी नहीं होंगी, बल्कि ठोस कार्ययोजना बनानी होगी।

सबसे पहले तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर विद्यालय में विषयवार पर्याप्त संख्या में शिक्षक हों। साथ ही, जो पद लंबे समय से रिक्त हैं, उन्हें अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी भर्ती के माध्यम से भरा जाए। गेस्ट टीचर व्यवस्था एक अस्थायी उपाय थी, लेकिन अब यह स्थायी समाधान बन गई है, जो कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए नुकसानदायक है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### केन्द्र-राज्य संबंध और क्षेत्रीय दल

*'भारत में केन्द्र-राज्य संबंधों को लेकर एक लंबे समय से बहस चलते आई है। केन्द्र-राज्य संबंधों में तनाव भी कोई नई बात नहीं है। इसे हमने सबसे पहले 1957 में देखा, जब केरल में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी और दो साल बीतते न बीतते 1959 में उस सरकार को अपदस्थ कर दिया गया। यह अगर एक अपवादस्वरूप प्रसंग ही था तो एक बड़ी लहर 1967 में उठी जब गैर-कांग्रेसवाद के नाम पर बहुत से प्रदेशों में संविद सरकारों का गठन हुआ। इस प्रयोग से तत्कालीन जनसंघ को ही सबसे ज्यादा फायदा हुआ और कितने ही धुरंधर कांग्रेसियों की सत्ता लोलुपता का परिचय भी इसमें मिला। खैर! इसके बाद इंदिरा गांधी के लगभग एकछत्र शासनकाल में अनेक प्रदेशों में एक ओर यदि विपक्षी सरकारों के बर्खास्त करने के प्रकरण घटित हुए तो दूसरी ओर तमिलनाडु में एक या दूसरी क्षेत्रीय पार्टी के सामने कांग्रेस के झुक जाने के उदाहरण भी सामने आए। विपक्षी सरकारों को बर्खास्त करने का मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय तक गया और बहुचर्चित बोम्मई फैसला आया जिसमें बिना पर्याप्त कारण के राष्ट्रपति शासन लागू करना अवैधानिक करार दिया गया। इस बीच में न्यायमूर्ति आर.एस. सरकारिया की अध्यक्षता में केन्द्र राज्य संबंधों की समीक्षा करने के लिए सरकारिया आयोग बना जिसकी सिफारिशों को कोई तवज्जो नहीं दी गई।'*

**(देशबन्धु में 21 मार्च 2013 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/03/blog-post_26.html**

## पावन प्रसंग

### नारी सशक्तिकरण की दिशा

पुरुष वर्ग प्रधानतः हर दृष्टि से स्त्री वर्ग से आगे रहता है तो क्यों न उसे ही इस समाज का संरक्षक और पालनकर्ता मान लिया जाए, परंतु ऐसा नहीं है। जिस समाज में पुरुषों को स्त्रियों से अधिक योग्य एवं सामर्थ्यशाली माना जाता है वह कभी विकास नहीं कर सकता है, क्योंकि इस समाज के संचालन हेतु पुरुष एक पक्ष है एवं आधे पक्ष के महत्व एवं गरिमा को नकारा नहीं जा सकता है। हम मनुष्य कैसे बने ? यदि किसी मां का सहारा हमें बचपन में न मिला होता, हम अपनी आधारभूत संरचना में स्त्री वर्ग पर निर्भर हैं। दूसरा कि हमको जन्म मिला है वह अपने श्रेष्ठ सुयोग को तभी प्राप्त करता है, जब जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हम स्त्रियों का सम्मान करते हैं और उनकी उन्नति की दिशा में कार्य करने की सोच पाते हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि यदि स्त्रियां आगे आएंगी तो भविष्य की उज्जवल संभावना के द्वार खुलेंगे। उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए-यह समय उनके समूचे उत्थान का है, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक रूप से उन्हें स्वतंत्र होना चाहिए। हम यह तभी कर पाएंगे, जब एक पुरुषप्रधान समाज में नारियों का सच्चा गौरव प्रकट होकर आए तथा उन्हें मानव जाति की उन्नति में महत्वपूर्ण योग देने का अवसर मिल सके। मात्र नारी सशक्तिकरण की बात कहकर कोई समाधान नहीं होने वाला है। आज का दौर जनसंख्या बढ़ोतरी और समाज में अनाचार और क्लेश के बढ़ने के रूप में भी देखा जा रहा है। यहां पर नारियों को आगे आना चाहिए, ताकि वो समाज की मूलभूत समस्या को उजागर कर सकें- वह है मनुष्य की वृत्ति। जब स्वार्थ हावी हो जाता है,मानवीय गरिमा का दोहन और चाल-चलन की दिशा में लोग बढ़ चलते हैं। तब किसी राष्ट्र का प्राचीन गौरव धुंधली मान्यताओं और असंगत नीति-व्यवहार में जा जकड़ता है। तब पुरुष को स्त्री से और स्त्री को पुरुष से पूर्ण सामंजस्य की स्थिति में नहीं देखा जाता है। तब मनुष्य अपने अंतस्थ दृष्टिकोण से परे अज्ञान से चलता दिखाई देता है, तब विद्वेष बढ़ता है और उसके भी मूल में स्त्री वर्ग के साथ कई प्रकार की विसंगतियां खड़ी होती हैं। मानवता आज जिस मोड़ पर खड़ी है वहां से उसे एक ही चीज बचा सकती है वह है नारियों का आगे आना एवं बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का परिचय देना। स्त्रियों को दूसरों को एकजुट रखना तथा उनमें बल अभिवृद्धि प्रदान करने का विशेष गुण प्राप्त है। वे प्राकृतिक रूप से मनुष्य शरीर का निर्माण करने वाली तो है ही, साथ ही वे मानव समाज की सच्ची सहयोगी और मार्गदर्शक भी है। जिस प्रतिभा कौशल से वे परिवार का संचालन करती हैं तथा जैसे गुण विशेष उन्हें प्राप्त हुए हैं, उसे देखते हुए यही लगता है कि समाज को उनकी अत्यधिक आवश्यकता है। उन्हें शिक्षित करिए, विचार रूप में अपने को प्रस्तुत करने का अवसर दीजिए, ऐसी व्यवस्था बनाएं कि समाज में स्त्रियां कहीं दमित न रह जाएं।

**-अखंड ज्योति**

## जेलेंस्की ने ट्रंप से यूक्रेन में युद्ध खत्म कराने की लगाई गुहार

**कीव,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल-हमास सीजफायर के क्रियान्वयन को देखते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को यूक्रेन के लिए एक उम्मीद नजर आ रही है। तभी तो उन्होंने दो दिनों के अंदर दो बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ट्रंप के साथ अपनी बातचीत को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि इसमें यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें लंबी दूरी की हथियार क्षमताएं भी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा संबंधी कई मुद्दों पर भी चर्चा की।

# देश विदेश

# अमेरिका में गोलीबारी में चार लोगों की मौत, 20 घायल

**न्यूयॉर्क,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में

- **गोलीबारी के समय घटनास्थल पर मौजूद थे सैकड़ों लोग**
- **कार्यालय ने जनता से घटना के बारे में जानकारी देने का किया अनुरोध**

रविवार तड़के हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे। कई लोगों को गोलबारी से बचने के लिए आस-पास के दुकानों और घरों की ओर भागते हुए देखा गया। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी के दौरान चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और लगभग 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि उसने सेंट हेलेना में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तैनाती बढ़ा दी है। कार्यालय ने घटना के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया है।




## दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुयी एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गई। बस हादसे में हताहत लोग ज़िम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार के प्रमुख फोफी रामाथुबा ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर त्रासदी है। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार की ओर से, हम ज़िम्बाब्वे और मलावी के प्रभावित परिवारों सहित सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उन्हें उचित उपचार एवं मनोवैज्ञानिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।




## सूडानी सेना ने 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने कहा कि पश्चिमी सूडान के एल फशर में हुई लड़ाई में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 100 से ज़्यादा लड़ाके मारे गए हैं। एसएएफ के छठी इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार तड़के एल फशर शहर पर मिलिशिया द्वारा किए गए भीषण हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इसमें आगे कहा गया कि हमारे बलों ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया, जिससे कर्मियों और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ, 100 से ज़्यादा मिलिशिया लड़ाके मारे गए और अन्य घायल हुए।

सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि आरएसएफ के ड्रोन हमलों में एल फशर स्थित एक अस्थायी आश्रय स्थल पर 57 नागरिक मारे गए, हालांकि आरएसएफ ने रविवार को इस बमबारी की ज़िम्मेदारी से इनकार किया। आरएसएफ के प्रवक्ता अल-फ़तेह कुरैशी ने एक बयान में कहा कि हम एल फशर शहर में एक विस्थापन आश्रय स्थल को निशाना बनाकर किए गए हवाई या तोपखाने के हमले में नागरिकों की मौत के बारे में फैलाए जा रहे झूठे दावों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं।

सूडान में संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर डेनिस ब्राउन ने रविवार को उत्तरी डारफुर में नागरिकों को बार-बार और जानबूझकर निशाना बनाए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की। संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने एक बयान में कहा कि अस्पतालों, आश्रय स्थलों और शरणस्थलों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। मैं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमलों को तत्काल रोकने की अपनी पिछली अपील दोहराता हूं।

गौरतलब है कि एल फशर में मई 2024 से हिंसक झड़पें जारी हैं, एक तरफ एसएएफ और सहयोगी सेनाओं और दूसरी तरफ आरएसएफ, और हाल के दिनों में लड़ाई और तेज़ हो गई है। एसएएफ और आरएसएफ के बीच अप्रैल 2023 में शुरू हुए संघर्ष में हज़ारों लोग मारे गए हैं और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं, जिससे देश का मानवीय संकट और गहरा गया है।

## सुडोकू 7063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 6 | | 4 | | | 5 |
| 8 | | | | 5 | | | 6 | 3 |
| | | 5 | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | | 1 |
| 7 | | | 9 | | 6 | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 14 अक्टूबर, 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

वृषभ - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा। आप आज के दिन का अधिकांश भाग निवेश की योजना बनाने में लगे रहेंगे।

मिथुन - आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आप को मिलेगी।

कर्क - आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कन्फ्यूजन ना हो, इसका ध्यान रखें।

सिंह - आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

कन्या - आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा।

तुला - आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक - आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

धनु - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा।

मकर - बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ - कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। परंतु दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। अपूर्ण काम पूरे होंगे।

मीन - आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है। पेट के रोग दूर हो सकते हैं। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फ्रांस के पीएम की वापसी के बाद नई कैबिनेट के गठन का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद फिर से वापसी कर ली। वापसी के साथ ही पीएम लेकोर्नु ने अपनी कैबिनेट के गठन का ऐलान भी किया। बता दें, फ्रांस में दिसंबर तक बजट पेश किया जाना है। उससे पहले मैक्रों की पार्टी में चल रही उथल-पुथल को शांत किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने अपनी नई सरकार की घोषणा की है, जिसमें राष्ट्रपति भवन के अनुसार कुल 34 मंत्री शामिल हैं।



लेकोर्नु की कैबिनेट में लॉरेंट नुनेज को गृह मंत्री, जीन-पियरे फरांडौ को श्रम मंत्री, मोनिक बारबुट को पारिस्थितिक परिवर्तन मंत्री, एडौर्ड गेफ्रे को राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री और कैथरीन वौट्रिन को रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जीन-नोएल बैरोट विदेश मंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे, और गेराल्ड दारमानिन ने न्याय मंत्रालय में अपना पद बरकरार रखा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लेकोर्नु ने एलिसी पैलेस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान लेकोर्नु ने अपनी सरकार में अनुभवी और युवा सांसदों के साथ नागरिक समाज के लोगों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा। बता दें, पीएम लेकोर्नु ने अपनी प्रारंभिक नियुक्ति के एक महीने से भी कम समय बाद और अपने पहले मंत्रिमंडल के एक हिस्से की घोषणा के ठीक एक दिन बाद, सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

# गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने का काम जारी : संरा

**संयुक्त राष्ट्र,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता व्यवस्था गाजा पट्टी में तेजी से बढ़ाई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि मार्च के बाद पहली बार रसोई गैस गाजा में पहुंची है।

ओसीएचए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिन भर विस्थापित परिवारों के लिए और अधिक टेंट, जमे हुए मांस, ताज़ा फल, आटा और दवाइयां गाजा पहुंचीं। संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगी संगठनों ने उत्तर और दक्षिण दोनों इलाकों में लाखों लोगों को गर्म भोजन और ब्रेड के पैकेट बांटे।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, ओसीएचए ने कहा कि उसने आगे और सहायता के लिए इजरायल की मंजूरी हासिल कर ली है। अब तक 1,90,000 मीट्रिक टन राहत सामग्री जैसे भोजन, दवाइयां, तंबू और जरूरी सामान भेजने की तैयारी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव और आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने कहा कि युद्धविराम के पहले 60 दिनों में, लक्ष्य प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकों तक आपूर्ति बढ़ाना है, जिसमें 170,000 मीट्रिक टन खाद्य, दवाइयां और अन्य सामग्री शामिल है।



उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र गाजा में खाद्य सहायता की ज़रूरत वाले 21 लाख लोगों और पोषण की ज़रूरत वाले लगभग 5 लाख लोगों तक भोजन की आपूर्ति बढ़ाएगा; स्वास्थ्य सेवाओं को फिर से मजबूत किया जाएगा और बीमारियों पर निगरानी की व्यवस्था दोबारा शुरू की जाएगी। साथ ही, 14 लाख लोगों के लिए पानी और सफाई की सुविधा, बेघर लोगों के लिए अस्थायी आश्रय, और सात लाख बच्चों के लिए अस्थायी शिक्षण केंद्र खोले जाएंगे ताकि वे फिर से शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ सकें।

## वर्ग पहेली 7063



**बायें से दायें:-**

१. जीवन का अवलंब, सहारा, प्रियतम, पति
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९. माथा, ललाट
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक दिशा
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप से होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा.या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

## वर्ग पहेली-7062

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
| णि | ■ | ब | ■ | ५ मो | ह | क | ■ | र्जी | ■ |
| ६ बं | द | र | गा | ह | ■ | ७ ल | ब्ध | व | ८ र |
| ध | ■ | दा | ■ | ९ पा | त्र | ता | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ अ | त्यं | त |
| ■ | ह | ■ | र्ण | ■ | १३ प्र | ति | भा | ■ | न |
| १४ मू | ल | १५ ध | न | ■ | वा | ■ | १६ व | १७ ल | य |
| ल्यां | ■ | न्य | ■ | १८ ब | ह | १९ रा | ■ | ल | ■ |
| २० क | ले | वा | ■ | ढ़ि | ■ | २१ क्ष | यं | क | २२ र |
| न | ■ | २३ द | कि | या | नू | स | ■ | ■ | द्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## युगांडा पहुंचेंगे विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की है कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह युगांडा पहुंचेंगे। इससे पहले वह मिस्र में आयोजित हो रहे गाजा शांति शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। गाजा पीस समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वह मिस्र पहुंचे हैं। युगांडा में वह कंपाला में 15-16 अक्टूबर को होने वाले गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के 19वें मध्यावधि मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह भागीदारी आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। बता दें, एनएएम के 19वें सम्मेलन में मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले 13-14 अक्टूबर को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक (एसओएम) होगी, जिसमें सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। युगांडा 2024-26 की अवधि के लिए गुटनिरपेक्ष आंदोलन का अध्यक्ष है। इस साल, मध्यावधि मंत्रिस्तरीय बैठक 'साझा वैश्विक समृद्धि के लिए सहयोग को गहरा करना' विषय पर आधारित है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भारत इस आंदोलन का संस्थापक सदस्य है, जो 121 विकासशील देशों को ऐतिहासिक महत्व के एक मंच पर एक साथ लाता है।



**गुटनिरपेक्ष आंदोलन के 19वें सत्र में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व**

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**हमास ने सभी जिंदा...**

उनके लिये बहुत खुश हैं, ये सभी अब प्रसन्न होने जा रहे हैं और अच्छी जिंदगी जिएंगे।' उन्होंने कहा कि ये बहुत बहादुर रहे हैं। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने इससे पहले श्री ट्रम्प से कहा, 'शांति स्थापित करने वाले धन्य हैं।'

इजरायल की संसद में ट्रम्प के खिलाफ नारेबाजी-हालांकि ट्रंप की नीतियों से इजरायल में हर कोई खुश हो, ऐसा नहीं है। इजरायल की संसद में ही जब ट्रंप ने अपना भाषण शुरू किया, तो नेसेट के दो सदस्यों ने ट्रंप का विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने ट्रंप के विरोध में एक तख्ती भी दिखाई। इस व्यवधान के कारण ट्रंप को अपना संबोधन थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। नेसेट में ट्रंप का विरोध करने वाले दोनों सदस्यों आयमन ओदेह और ओफर कैसिफ को सुरक्षाकर्मियों ने संसद परिसर से बाहर निकाल दिया और उनसे तख्ती भी छीन ली।

**जोएल मोकिर, फिलिप अघियन ...**

विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र का अध्यापन करते रहे हैं। फिलिप अघियन एक फ्रांसीसी अर्थशास्त्री हैं जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अध्यापन करते रहे हैं। उन्होंने 1987 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में अपनी पीएचडी प्राप्त की थी। पीटर हॉविट कनाडाई अर्थशास्त्री हैं। जो नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएचडी प्राप्त करने के बाद विभिन्न विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे हैं।

## आज का इतिहास

1882 - शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। यह ब्रिटिश उपनिवेशवादी सरकार द्वारा कलकत्ता, मुंबई और मद्रास- के बाद स्थापित किया गया भारत का चौथा विश्वविद्यालय था।
1933 - जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की।
1943 - जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946 - हालैंड और इंडोनेशिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
1948 - इजरायल और मिस्र के बीच जबरदस्त लड़ाई शुरु।
1953 - भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।
1956 - डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी।
1981 - होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
1979 - जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।
1997 - ब्रिटेन की महारानी ऐलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फ़िलिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग़ में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
1999 - परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर।
2000 - संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद।
2002 - कतर में मिलने के वायदे के साथ 14वें एशियाई खेलों का बुसान में रंगारंग समापन।
2004 - पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाये रखने वाला विधेयक पारित किया।

**मामला** *शेख हसीना समेत 11 लोगों की मुश्किलें बढ़ी*

# एसीसी ने 300 करोड़ के पुल घोटाला मामले में दर्ज की शिकायत

**ढाका,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 11 लोगों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। दरअसल, एंटी करप्शन कमीशन (एसीसी) ने हसीना समेत 17 लोगों के खिलाफ 300 करोड़ के मंघना-गोमती पुल घोटाला मामले में शिकायत दर्ज की है। एसीसी के जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक मोहम्मद अख्तरुल इस्लाम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शेख हसीना समेत 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एसीसी ने पुल के हसीना की सरकार पर टोल संग्रह के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करने में अनियमितताओं और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। एसीसी के अनुसार इससे सरकार को 300 करोड़ टका से अधिक का नुकसान हुआ।

बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार इस मामले में एसीसी ने पूर्व मंत्री अमीर हुसैन अमू, तोफैल अहमद, खांडकर मुशर्रफ हुसैन, ओबैदुल कादर, अनीसुल हक और एम ए मन्नान, पूर्व सचिव एमएएन सिद्दीक, पूर्व अतिरिक्त सचिव मोहम्मद फारुक जलील, पूर्व उप सचिव मोहम्मद शफीकुल करीम, सड़क एवं राजमार्ग प्रभाग और पुल प्रभाग के पूर्व इंजीनियर मोहम्मद फिरोज इकबाल, इब्न आलम हसन, मोहम्मद आफताब हुसैन खान, मोहम्मद अब्दुस सलाम और सीएनएस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुनीर उज्जमान चौधरी, इसकी निदेशक सेलिना चौधरी और इकराम इकबाल को आरोपी बनाया है।

एसीसी की तरफ से इस मामले में की गई जांच के अनुसार, पुल के टोल वसूलने की जिम्मेदारी 2016 में एकल कोटेशन के माध्यम से कंप्यूटर नेटवर्क सिस्टम्स (सीएनएस) लिमिटेड को दी गई थी। उस समय कंपनी की वैध निविदा रद्द कर दी और अन्य फर्मों से परामर्श किए बिना ही एक नई डील कर ली।



- **भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शेख हसीना समेत 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी**

बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, नए समझौते के तहत शेख हसीना की सरकार में संबंधित मंत्रालय ने सीएनएस लिमिटेड को कुल एकत्रित टोल से वैट और आयकर को छोड़कर 17.75 प्रतिशत सेवा शुल्क प्राप्त करने की अनुमति दी। इसकी वजह से सीएनएस लिमिटेड को पुल से 489 करोड़ टका के बिल प्राप्त हुए, जबकि 2010 से 2015 के बीच टोल संग्रह के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी को 15 करोड़ टका का भुगतान किया गया। एसीसी ने यह भी खुलासा किया कि सीएनएस लिमिटेड के साथ निविदा के एकल स्रोत समझौते के कारण सरकार को 2016 से 2022 की अवधि के दौरान 309 करोड़ टका का नुकसान हुआ।

## दुनिया को जानें

### मालदीव 'ट्रिपल उन्मूलन' को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश

नई दिल्ली 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमवार को कहा कि मालदीव एक ऐतिहासिक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धि हासिल करते हुए हेपेटाइटिस बी, एचआईवी और सिफलिस के मां से बच्चे में ट्रांसमिशन (ईएमटीसीटी) के 'ट्रिपल उन्मूलन' को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। मालदीव को वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा बच्चों में हेपेटाइटिस बी के ट्रांसमिशन को समाप्त करने के लिए मान्यता प्राप्त है। देश ने 2019 में एचआईवी और सिफलिस के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से मान्यता या ईएमटीसीटी प्राप्त की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने कहा कि मालदीव ने दिखाया है कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के साथ, इन घातक बीमारियों के मां से बच्चे में संचरण और उनसे होने वाली पीड़ा को समाप्त करना संभव है। उन्होंने आगे कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि इसी लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे सभी देशों के लिए आशा और प्रेरणा प्रदान करती है।

# खेल जगत

## शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब

**गुरुग्राम।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी। उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। रविवार को आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी।



# चौथे दिन का खेल खत्म : भारत को जीत के लिए 58 रन की जरूरत

■ यशस्वी जायसवाल 7 गेंदों पर 8 रन बनाकर आउट हुए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शे होप के जीवटपूर्ण शतकों और जस्टिन ग्रीव्ज के अविजित अर्द्धशतक की बदौलत फॉलोऑन पर मजबूर हो 270 रन से पिछड़ने के बाद वेस्ट इंडीज ने दूसरे व आखिरी क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को चायकाल के बाद अपनी दूसरी पारी में 118.5 ओवर में 390 रन बना भारत के सामने जीत के लिए दूसरी पारी में 121 रन का लक्ष्य रख कर दूसरे व आखिरी क्रिकेट टेस्ट मैच को पांचवें दिन तक खींच दिया। भारत को 18 ओवर मिले और उसने चौथे दिन का खेल बंद होने तक अपनी दूसरी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का विकेट खोकर 63 रन बनाए। तब केएल राहुल 54 गेंद खेल कर दो चौकों की मदद से 25 और साई सुदर्शन 47 गेंद खेल कर पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाकर क्रीज पर थे और ये दोनों अब तक दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़ चुके हैं। भारत दूसरा व आखिरी टेस्ट भी जीत वेस्ट इंडीज से सीरीज 2-0 से जीतने से मात्र 58 रन दूर है और दूसरी पारी में उसके नौ विकेट हैं।यशस्वी जायसवाल (8 रन, 7 गेंद, 2 चौके) ने पारी के दूसरे और वेस्ट इंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वरीकेन की तीसरी फ्लाइटेड गेंद को उसकी पिच पर पहुंचे बिना उड़ाने गए और लॉन्ग ऑन पर एंडरसन फिलिप्स को कैच थमा दिया। भारत जायसवाल के रूप में पहला विकेट 9 रन पर खो दिया। जायसवाल ने आउट होने से पहले वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स की गेंदों पर दो चौके जड़े। शे होप ( 103 रन, 214 गेंद, दो छक्के, 12 चौके) की सलामी बल्लेबाज कैंपबेल (115 रन, 199 गेंद, तीन छक्के,12 चौके) के साथ तीसरे विकेट की 177 रन तथा कप्तान रॉस्टन चेज (40 रन,72 गेंद, एक छक्का, चार चौके) के साथ चौथे विकेट की 59 और जस्टिन ग्रीव्ज और जेडन सील्स के साथ दसवें और आखिरी विकेट की 79 रन की भागीदारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाए। बेशक वेस्ट इंडीज मेजबान टीम से यह टेस्ट और सीरीज हारने के कगार पर है लेकिन दूसरे टेस्ट को पांचवें दिन खींच देना उसके लिए मनोवैज्ञानिक जीत जरूर है।



## 59 पारियों के इंतजार के बाद शाई होप ने लगाया शतक

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप ने भारत के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक जमाया। शाई होप ने 58 पारियों के बाद शतक लगाया, जिसके साथ वह पारियों के आधार पर शतक के लिए सबसे लंबा इंतजार करने वाले कैरेबियन बल्लेबाज बन गए। शाई होप ने अगस्त 2017 में इंग्लैंड के विरुद्ध दोनों पारियों में शतक जमाया था। इसके बाद तीसरी पारी में ही होप 90 के स्कोर पर नाबाद रहे, लेकिन अगला शतक नहीं जमा सके। उन्हें इसके लिए 59 पारियों का इंतजार करना पड़ा। इस लिस्ट में जरमाइन ब्लैकवुड चौथे स्थान पर मौजूद हैं। साल 2015 में शतक जमाने वाले ब्लैकवुड को 47 पारियों के बाद तीनों अंकों का निजी स्कोर नसीब हुआ था। तीसरे पायदान पर मौजूद क्रिस गेल ने 2005 से 2008 के बीच कुल 46 पारियां खेलने के बाद अपना अगला टेस्ट शतक जमाया। वहीं, ड्वेन ब्रावो साल 2005 से 2009 के बीच 44 पारियों के बाद यह कारनामा कर सके। वह लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। शिवनारायण चन्द्रपॉल ने साल 1998 से 2002 के बीच 41 पारियों के बाद शतक जमाया था। यह खिलाड़ी फेहरिस्त में पांचवें पायदान पर है। मैच की बात करें तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान गिल ने नाबाद 129 रन बनाए। जोमेल वारिकन ने 3 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज अपनी पहली पारी में महज 248 रन पर सिमट गई।

# ऑस्ट्रेलिया में जमकर रन बनाएंगे रोहित-कोहली : हरभजन सिंह

■ मार्च में चैंपियस ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित-विराट का 'ब्लू जर्सी' में पहला मैच होगा



कृपया विराट की फिटनेस के बारे में कोई सवाल न करें। फिटनेस के मामले में वह एक 'गुरु' हैं : हरभजन सिंह

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में जमकर रन बनाएगी। ये सीरीज 19-25 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। 'रो-को' को इस वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से यह उनका 'ब्लू जर्सी' में पहला मैच होगा। टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। हरभजन ने कहा कि कृपया विराट की फिटनेस के बारे में कोई सवाल न करें। फिटनेस के मामले में वह एक 'गुरु' हैं। हर कोई उन्हें फॉलो करता है। विराट कोहली की फिटनेस को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। वह फिट हैं, शायद अपने साथ खेलने वाले कई खिलाड़ियों से भी ज्यादा फिट हैं। आज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह यकीनन सबसे फिट खिलाड़ी हैं। अब मैं बस विराट को फिर से मैदान पर देखने के लिए उत्सुक हूं। भज्जी ने कहा कि फैंस ने उन्हें क्रिकेट मैदान पर मिस किया है। व्यक्तिगत रूप से मैं उन्हें कुछ और समय तक वनडे फॉर्मेट में खेलते देखना पसंद करूंगा, क्योंकि उनमें अभी भी बहुत क्रिकेट बाकी है। जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, मुझे सचमुच लगा कि उनमें अभी चार-पांच साल बाकी हैं, न सिर्फ खेलने के लिए, बल्कि दबदबा बनाने के लिए भी, क्योंकि वह इसी तरह के बल्लेबाज हैं। वह अब ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं, जो बल्लेबाजी के लिए उनका पसंदीदा स्थान है। मुझे यकीन है कि वह वहां एक बार फिर अपना दमखम दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें पहले भी इन परिस्थितियों में ढेरों रन बनाते देखा है। मुझे विश्वास है कि वह फिर से ऐसा करेंगे। रोहित के लिए भी यही बात लागू होती है। मैं इन दोनों दिग्गजों को भारत के लिए जमकर रन बनाते और टीम को मैच जिताते देखने के लिए उत्सुक हूं। हरभजन सिंह को उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध वनडे सीरीज में दो शतक लगाएंगे, क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाजी करना पसंद है। उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी मुश्किल समय में ही बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विराट कोहली ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं।

### रणजी ट्रॉफी में छाए सूर्यवंशी

# 14 साल की उम्र में बनें उपकप्तान

■ रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत की सीनियर टीम के शामिल हो सकते है

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैभव सूर्यवंशी को महज 14 साल की उम्र में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया है। बिहार टीम की कमान सकीबुल गनी के हाथों में है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेज दूसरा शतक जड़कर अपनी छाप छोड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। अब वह रणजी ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे। इसी के साथ वैभव ने सीनियर टीम की तरफ



एक और कदम बढ़ा दिया है। अगर वैभव रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हैं, तो यहां से उनके लिए भारत की सीनियर टीम के दरवाजे खुल सकते हैं।

वैभव आईपीएल इतिहास के युवा शतकवीर और सबसे तेज आईपीएल शतक (35 बॉल) लगाने वाले भारतीय भी हैं। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव से आगे सिर्फ क्रिस गेल (30 बॉल) हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अपना पहला आईपीएल सीजन राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला, जिसके 7 मुकाबलों में 36 की औसत के साथ 252 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और एक अर्द्धशतक निकला। जब वैभव सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपना पहला आईपीएल मैच खेला, उस समय उनकी उम्र महज 14 साल और 23 दिन थी।

वैभव सूर्यवंशी ने यूथ वनडे सीरीज में 143 रन की पारी खेली थी। हाल ही में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध यूथ टेस्ट में 113 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में कुल 5 मैच खेले, जिसमें 100 रन जुटाए। वहीं, 6 लिस्ट-ए मुकाबले में इस खिलाड़ी ने 132 रन हासिल कर लिए हैं। वैभव अपने करियर में कुल 8 टी20 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 265 रन जुटाए हैं।

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर दर्ज की दूसरी जीत

### भारत की जू. टीम की जीत में अर्शदीप, सुनील, हुंडल व रोमन का एक-एक गोल

**जू. सुलतान ऑफ जोहोर कप**

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। चीफ कोच पूर्व ओलंपियन पीआर श्रीजेश और फुलबैक रोहित की कप्तानी में भारत की जूनियर टीम ने न्यूजीलैंड को जूनियर सुलतान ऑफ जोहोर कप 2025 आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट मे रविवार को 4-2 से हरा कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपना अभियान ब्रिटेन को शनिवार को 3-2 से हरा कर शुरू किया था। विजेता भारत की जूनियर हॉकी के लिए स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15 वे मिनट), अरिजित सिंह हुंडल (26 वें मिनट) और रोमन कुमार (47 वें मिनट) ने एक एक गोल किया। पराजित न्यूजीलैंड की जूनियर टीम के लिए गस नेलसन (41 वें मिनट) और एडन मैक्स (52 वें मिनट) ने एक एक गोल किया। भारत अब मंगलवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भारतीय समयानुसार शाम को छह बज कर पांच मिनट में शुरू होने वाले मैच में भिड़ेगा। भारत की जूनियर हॉकी टीम के चीफ कोच पी आर श्रीजेश ने कहा कि 'हमारी टीम उम्मीदों के मुताबिक खेली । हमारी रक्षापंक्ति को अब अगले मैचों में मुस्तैद खेल दिखाने की जरूरत है। स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह ने न्यूजीलैंड के गोल के बाहर मिली गेंद को संभाल दाएं से डी में घुस कर तेज शॉट जमाया इसे न्यूजीलैंड के गोलरक्षक ने रोकने की कोशिश की लेकिन लौटती गेंद को मैच के दूसरे मिनट में संभाल उन्होंने बढ़िया मैदानी गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला। पीबी सुनील ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान ड्रैग फ्लिकर के पास पर गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। अरिजित सिंह हुंडल ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले डी में घुसकर अचूक शॉट जमा गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वॉर्टर में कोई गोल नहीं हुआ। न्यूजीलैंड के गस नेलसन ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर स्कार 1-3 कर दिया। रोमन कुमार ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत की बढ़त 4-1 कर दी। न्यूजीलैंड के बिडेन मैक्स ने खेल खत्म होने से आठ मिनट पहले गोल कर स्कोर 2-4 कर दिया।

■ भारत आज चिर प्रतिद्वंद्वी पाक से भिड़ेगा



## सार संक्षेप

### भारत ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में शानदार शुरुआत की

**गुवाहाटी।** भारतीय शटलरों ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत अभियान की शुरुआत जीत के साथ की, क्योंकि किसी भी भारतीय खिलाड़ी पर अपने-अपने मैचों में दबाव नहीं था। टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद, वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में बाई मिली थी, जबकि अन्य खिलाड़ियों को बड़ी चुनौतियों से पहले अपना अभियान जारी रखना था। लालथाजुआला हमार पहले भारतीय खिलाड़ी थे और मिजोरम के इस शटलर ने युगांडा के डेनिस मुकासा को केवल 14 मिनट में 15-4, 15-4 से हरा दिया। बाद में, ज्ञान दत्तू टीटी ने लड़कों के एकल वर्ग में हंगरी के मिलन मेस्टरहाज़ी को 5-15, 15-7, 15-7 से हराने से पहले अपनी घबराहट पर काबू पाया, जबकि एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के ने लड़कियों के एकल वर्ग के पहले दौर में आयरलैंड की सिओफ्रा फ्लिन को 15-1, 15-6 से हराया।

### दिल्ली गोल्फ क्लब करेगा डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप का आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित दिल्ली गोल्फ क्लब, डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सितारों और भारतीय गोल्फ के शीर्ष खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह भारत में अब तक का सबसे समृद्ध पेशेवर गोल्फ आयोजन होगा। राइडर कप के सर्वश्रेष्ठ सितारों सहित विश्व गोल्फ के शीर्ष खिलाड़ी ऐतिहासिक डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। भारतीय धरती पर पेशेवर गोल्फ के लिए अब तक की सबसे अधिक पुरस्कार राशि का दावा करने वाले, 16-19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होने वाले डीपीडब्ल्यूआईसी में पांच बार के मेजर विजेता और मौजूदा मास्टर्स चैंपियन रोरी मैक्लरॉय, जिन्होंने इसी साल करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया, और टॉमी फ्लीटवुड, जिन्होंने बेथपेज में राइडर कप में संयुक्त राज्य अमेरिका को हराने में यूरोप में शानदार भूमिका निभाई, मुख्य आकर्षण होंगे।

### भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को हांगकांग ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 3-0 से हार के साथ खत्म हो गईं।

## राजपूताना रॉयल्स ने जीता पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग का खिताब

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पहली तीरंदाज़ी प्रीमियर लीग (एपीएल) ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा था क्योंकि राजपूताना रॉयल्स और पृथ्वीराज योद्धाओं के बीच फ़ाइनल एक रोमांचक रोमांचक मुक़ाबला था। अंत में रॉयल्स ने न सिर्फ़ खिताबी मुकाबले में वापसी की, बल्कि शूटऑफ में जीत हासिल करके एपीएल चैंपियन का खिताब भी अपने नाम किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में हुए टाईब्रेकर शूटऑफ में मुकाबला बराबरी पर छूटा, जहाँ रॉयल्स के दो सबसे बेहतरीन कंपाउंड तीरंदाज़ों – ओजस देवताले और एला गिब्सन – ने निशाना साधा, जबकि योद्धाओं के चारों खिलाड़ियों में से कोई भी पीला बिंदु नहीं छू पाया। लेकिन योद्धाओं का सिर ऊंचा हो सकता है, न सिर्फ़ रॉयल्स को कड़ी टक्कर देने के लिए, बल्कि एक सेट में आठ तीरों का परफेक्ट रोटेशन दर्ज करने वाली पहली एपीएल टीम बनने के लिए भी, जिसमें उन्होंने सभी 10 तीरों पर परफेक्ट 80 का स्कोर बनाया। लेकिन फिर भी, 4-2 की बढ़त लेने के बावजूद, उनके फॉर्म में चल रहे सीनियर कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा, जिन्होंने मटियास ग्रांडे, गाथा खडके और एंड्रिया बेसेरा के साथ मिलकर टीम बनाई, यह उपलब्धि उनके लिए पर्याप्त नहीं रही।



## टेस्ट सीरीज : साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान ने बनाई मैच में पकड़

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को लाहौर में जारी पहले टेस्ट में 378 रन पर समेटने के बाद अपनी पहली पारी में महज 216 रन जुटाकर 6 विकेट गंवा दिए हैं। दिन की समाप्ति तक मेजबान टीम के पास 162 रन की लीड शेष थी। गद्दाफी स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम अपनी पहली पारी में 378 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने महज 2 रन पर अब्दुल्ला शफीक (2) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। यहां से कप्तान शान मसूद ने इमाम उल हक के साथ दूसरे विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। मसूद 76 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 199 के स्कोर तक अपने पांच विकेट खो दिए। मोहम्मद रिजवान ने सलमान आगा के साथ मिलकर टीम को 350 के पार पहुंचाया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी हुई। रिजवान ने 140 गेंदों में 75 रन बनाए, जबकि सलमान आगा ने 145 गेंदों में 93 रन टीम के खाते में जोड़े। पाकिस्तान को इस स्कोर पर रोकने में सेनुरन मुथुसामी का अहम योगदान रहा, जिन्होंने 117 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, प्रेनेलन सुब्रायेन को 2 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका को कप्तान एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी हुई। मार्करम 20 रन बनाकर आउट हुए। टीम 80 के स्कोर तक अपने 2 बल्लेबाजों के विकेट गंवा चुकी थी। यहां से रिकेल्टन ने टोनी डी जॉर्जी के साथ तीसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़ते हुए साउथ अफ्रीका को संभालने की कोशिश की।



■ मोहम्मद रिजवान ने आगा के साथ मिलकर टीम को 350 के पार पहुंचाया

## डेनमार्क ओपन में लक्ष्य सेन, चिराग-सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेट्टी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था। पुरुष युगल ड्रॉ में, छठी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार उपविजेता रहने के बाद अपने हालिया प्रदर्शन को और बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय ड्रॉ में शामिल अन्य भारतीय पुरुष युगल जोड़ी हैं।

# पोलो की दिल्ली में वापसी, पांच साल बाद भारत का सामना विश्व की नंबर 1 टीम अर्जेंटीना से

■ टीम इंडिया के लिए, यह मुकाबला एक कठिन चुनौती और एक सुनहरा अवसर दोनों

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पांच साल के अंतराल के बाद, अंतर्राष्ट्रीय पोलो राजधानी में शानदार वापसी करने के लिए तैयार है। कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस, भारतीय पोलो संघ और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से, प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड में भारत और अर्जेंटीना के बीच एक प्रतिष्ठित मुकाबले की मेजबानी करेगा।

वैश्विक पोलो की अग्रणी टीम अर्जेंटीना, अपने बेजोड़ घुड़सवारी और खेल में महारत के लिए प्रसिद्ध विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ आ रही है। टीम इंडिया के लिए, यह मुकाबला एक कठिन चुनौती और एक सुनहरा अवसर दोनों है, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने और अंतर्राष्ट्रीय पोलो मंच पर भारत की स्थिति को फिर से मजबूत करने का एक मौका। इस मैच का गहरा ऐतिहासिक महत्व है। यह मैच इतिहास में डूबा हुआ है। पोलो, जिसका जन्म 2,000 साल पहले भारत के मणिपुर में हुआ था, पश्चिम की ओर बढ़ा और अर्जेंटीना में विकसित हुआ।इस अक्टूबर में, यह अपने जन्मस्थान पर लौटकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करेगा। भारत-अर्जेंटीना का यह मुकाबला एक खेल तमाशे से कहीं बढ़कर है, यह पोलो की विरासत, उत्कृष्टता और चिरस्थायी भावना का उत्सव होगा। कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस के एमडी और सीईओ कमलेश शर्मा ने इस आयोजन के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए कहा कि कोग्निवेरा में, हम हमेशा से तकनीक, नवाचार और अब खेल के माध्यम से सेतु बनाने में विश्वास करते रहे हैं। पोलो विरासत से कहीं बढ़कर है; यह दूरदर्शिता, सटीकता और टीम वर्क का प्रतीक है, ये वे मूल्य हैं जो हमारे संगठन को आगे बढ़ाते हैं। यह मैच वैश्विक पोलो जगत में भारत के स्थान को पुनर्जीवित करने, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और इस खेल को नए दर्शकों तक पहुंचाने के बारे में है। पोलो की शुरुआत भारत में हुई थी; अब समय आ गया है कि दुनिया इस पर फिर से ध्यान दे। यह आयोजन भारत और अर्जेंटीना के बीच संस्कृति, सौहार्द और साझा जुनून का मिश्रण करते हुए एक जीवंत सामाजिक उत्सव होने का भी वादा करता है।



## जयपुर पोलो टीम ने जीता बिड़ला कप

**जयपुर,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर पोलो टीम ने रविवार को राजस्थान पोलो क्लब में डायनामिक्स अचीवर्स को 6-5 से हराकर बीएम बिड़ला कप जीतकर इस सीज़न की अपनी दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और लांस वॉटसन की जोड़ी ने दो-दो गोल दागकर जयपुर को एक ऐसी जीत दिलाई जो आने वाले दिनों में प्रशंसकों के जेहन में हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगी। पहले चक्कर से ही मुकाबला कांटे का रहा और दोनों टीमें पहले पीरियड में 1-1 से बराबरी पर रहीं। जयपुर के लिए वंदित गोलेचा और डायनामिक्स के लिए शिवांगी जय सिंह ने गोल किए। दूसरे चक्कर में डायनामिक्स ने बढ़त बना ली और जबरदस्त आक्रामक रुख दिखाते हुए डैनियल ओटामेंडी के जरिए दो गोल दागे। तीसरा चक्कर भी डायनामिक्स के नाम रहा, जहां ओटामेंडी ने अपना तीसरा गोल किया और शिवांगी सिंह ने भी दो गोल दागे, जिससे तीसरे चक्कर के अंत में डायनामिक्स 5-2 से आगे हो गया।

### सुडोकू 7063 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 |

देशबन्धु

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 2.04 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.32 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.79 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.68 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 2.67 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलिवर | 1.46 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.40 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 0.95 प्रतिशत |
| बीईएल | 0.94 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,24,155 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,75,325 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

# [ अर्थ जगत ]

## अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



# भारत की फाइनेंशियल सर्विसेज डील वैल्यू में उछाल



■ 2025 की तीसरी तिमाही में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

■ फिनटेक सेक्टर डील एक्टिविटी के मामले में सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में 2025 की तीसरी तिमाही में कुल 7.8 अरब डॉलर के 61 सौदे हुए। तीन अरब डॉलर के लेनदेन के कारण तिमाही आधार पर मूल्य में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो निरंतर संस्थागत विश्वास और मजबूत पब्लिक मार्केट एक्टिविटी का संकेत है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट में कहा गया है कि फिनटेक सेक्टर डील एक्टिविटी के मामले में सबसे आगे रहा, जिसने एआई, डिजिटल पेमेंट्स और ऑटोमेशन में प्राइवेट इक्विटी की रुचि को आकर्षित किया, जो वैश्विक अनिश्चितता के बीच इस क्षेत्र की मजबूती को दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की तीसरी तिमाही में सौदों का कुल मूल्य 2024 की पहली तिमाही के बाद से उच्चतम तिमाही मूल्य भी रहा।

ग्रांट थॉर्नटन भारत के प्राइवेट इक्विटी ग्रुप के पार्टनर और डील्स टैक्स एडवाइजरी लीडर, विशाल अग्रवाल ने कहा कि तीसरी तिमाही भारत और वैश्विक बाजारों में मौजूदा विपरीत स्थिति को दर्शाती है। हालांकि कुल सौदों की संख्या में कमी आई है, लेकिन दीर्घकालिक रणनीतिक निवेश, क्यूआईपी और आईपीओ एक्टिविटी में तेजी और फिनटेक इनोवेशन निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी को रेशनलाइज बनाने जैसे घरेलू सुधार खपत को बढ़ावा दे सकते हैं और बैंकों द्वारा अधिग्रहण वित्तपोषण पर पुनर्विचार और फिनटेक के लिए सहायक उपाय इस क्षेत्र के विकास पथ को गति देने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की तीसरी तिमाही में 1.5 अरब डॉलर मूल्य के 17 विलय और अधिग्रहण सौदे दर्ज किए गए, जो सौदों की संख्या में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

हालांकि, विलय और अधिग्रहण सौदों के मूल्य ने एक अधिक संतुलित माहौल को दर्शाया। घरेलू लेनदेन ने सौदों के 76 प्रतिशत का योगदान देते हुए मात्रा में बढ़त हासिल की, जबकि इनबाउंड इन्वेस्टमेंट ने समग्र मूल्य को बढ़ाया। प्रारंभिक चरण, सीरीज ए और बी निवेशों ने निजी इक्विटी वित्तपोषण परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए रखा, जिसका मुख्य उद्देश्य भौगोलिक विस्तार को बढ़ावा देना था। कुल मूल्य का 77 प्रतिशत 16 एमएंडए और पीई सौदों के माध्यम से 2 बिलियन डॉलर के साथ सेक्टर सौदों का मूल्य सबसे अधिक रहा।

## चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में डिजिटल ट्रांजैक्शन का योगदान 99.8 प्रतिशत : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारत के रिटेल पेमेंट में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में डिजिटल ट्रांजैक्शन का योगदान 99.8 प्रतिशत रहा, जबकि नीतिगत प्रोत्साहन, इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट और फिनटेक पेनिट्रेशन कारण पेपर-बेस्ड इंस्ट्रूमेंट (चेक) प्रचलन से बाहर गए हैं। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई), आधार-इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (एईपीएस), तत्काल पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) और अन्य डिजिटल पेमेंट के नेतृत्व में रिटेल ट्रांजैक्शन में डिजिटल पेमेंट का दबदबा रहा है, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक पेमेंट वैल्यू का 92.6 प्रतिशत और ट्रांजैक्शन की मात्रा का 99.8 प्रतिशत रहा। केयरएज एनालिटिक्स एंड एडवाइजरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह दर्शाता है कि बढ़ती इंटरनेट पहुंच और स्मार्टफोन के इस्तेमाल ने इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बदलाव के साथ बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को फॉर्मल डिजिटल इकोनॉमी में लाकर फाइनेंशियल इंक्लूजन को सक्षम बनाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते डिजिटल लेनदेन के व्यवहारिक बदलाव के पीछे यूपीआई की मुख्य भूमिका है, जिसमें वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 54.9 बिलियन ट्रांजैक्शन और वित्त वर्ष 2025 में 185.9 बिलियन ट्रांजैक्शन दर्ज किए गए। वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2025 के बीच यूपीआई ट्रांजैक्शन 49 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े, जो टियर 2 और टियर 3 शहरों में तेजी से बढ़ते अडॉप्शन और गहरी पहुंच को दर्शाता है।

## वित्त मंत्रालय पीएसबी के साथ करेगा रिव्यू मीटिंग



**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वित्त मंत्रालय सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के साथ एक रिव्यू मीटिंग करने जा रहा है, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि के प्रतिकूल प्रभाव का आकलन किया जाएगा। साथ ही, उनकी क्रेडिट से जुड़ी जरूरतों को जानने की कोशिश की जाएगी। वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम नागराजू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का उद्देश्य यह समझना ह।

## स्पाइसजेट को मिली क्रिसिल ए4 प्लस रेटिंग

**नई दिल्ली।** बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट को क्रिसिल ए4 प्लस रेटिंग दी है। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक नोट में एयरलाइंस के चल रहे पुनर्गठन प्रयासों, पूंजी जुटाने की क्षमता और पर्याप्त तरलता स्थिति को इसकी प्रमुख ताकत बताया है। उसने कहा कि इस रेटिंग में एयरलाइंस के अपनी लीज देनदारियों के एक बड़े हिस्से के लिए चल रहे पुनर्गठन प्रयासों का बड़ा योगदान है। नोट में कहा गया है कि इसके अलावा कंपनी ने क्यूआईपी के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाकर पूंजी जुटाने की क्षमता भी दिखाई है। क्रिसिल ने स्पाइसजेट की पुनरुद्धार योजना पर भी प्रकाश डाला, जिसमें 2026 की शुरुआत तक 10 विमानों को परिचालन से हटाना और 18 विमानों के लिए डैम्प लीज


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रतिमा चौबे पिता-चेतन चौबे पति शेख रिजवानी निवासी नयापारा गौसिया चौक रायपुर (छ.ग.) मैं अपना यह पुराना नाम प्रतिमा चौबे को त्याग कर नया नाम निशा शेख रखना चाहती हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम निशा शेख से ही जाना पहचाना जावे।

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, AMAN VAISHNAV S/O BHARAT DAS VAISHNAV resident of MD 311,VEER SAWRKAR NAGAR HIRAPUR TATIBAND, RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name AMAN VAISHNAV S/O BHARAT DAS VAISHNAV so in future I should be recognized by my new name that is AMAN KUMAR VAISHNAV S/O BHARAT DAS VAISHNAV in all Government and other documents.

**AMAN KUMAR VAISHNAV**
MD 311,VEER SAWRKAR NAGAR HIRAPUR TATIBAND, RAIPUR (C.G.) 492099

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANDHYA DAWANI W/O SHAM KUMAR DAWANI resident of C - 87 SECTOR 05 TAGORE NAGAR RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name SANDHYA DAWANI W/O SHAM KUMAR DAWANI so in future I should be recognized by my new name that is SARLA DAWANI W/O SHAM KUMAR DAWANI in all Government and other documents.

**SARLA DAWANI**
C - 87 SECTOR 05 TAGORE NAGAR RAIPUR, (C.G.) 492001

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 01.10.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कृष्णा आयरन एण्ड मेटल एल.एल.पी. द्वारा पार्टनर श्री सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल निवासी कृष्णा कुंज समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 95/2, 95/11, 95/12, 101/1, 101/2, 98/1, 98/2, 100, 96/6, 99, 97/1, 97/2, 96/8 रकबा क्रमशः 0.363 हे., 0.248 हे., 0.267 हे., 0.322 हे., 0.368 हे., 0.351 हे., 0.203 हे., 0.250 हे., 0.065 हे., 0.108 हे., 0.203 हे., 0.040 हे., 0.050 हे., भूमि आवेदक के एकल नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज होकर आवेदक आधिपत्य एवं स्वामित्व में दाखिल व काबिज है। आवेदक के भूमि स्वामी हक कि भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कहीं गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.10.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम बोरझरा प.ह.नं. 89
रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 01.10.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कृष्णा फिल्ड एण्ड इन्वेस्टेड प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल निवासी कृष्णा कुंज समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बोरझरा प.ह.नं. 87 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 248/2 रकबा 0.3890 हे., ख.नं. 255/2 रकबा 0.0620 हे. ख.नं. 255/3 रकबा 0.4290 हे., ख.नं. 261/2 रकबा 0.1860 हे., ख.नं. 329, 331. 332, 341 रकबा 0.1210 हे., ख.नं. 342 रकबा 0.2020 हे., ख.नं. 343/3 रकबा 0.4360 हे. ख.नं. 253/1 रकबा 0.0890 हे. ख.नं. 264/1 रकबा 0.0150 हे., ख.नं. 265/1 रकबा 0.1280 हे., ख.नं. 266/1 रकबा 0.0300 हे., ख.नं. 267/1 रकबा 0.0490 हे. ख.नं. 293/1 रकबा 0.1100 हे., ख.नं. 324/19 रकबा 2040, ख.नं. 325/1 रकबा 0.0080 हे., ख.नं. 327 रकबा 0.4450 हे., ख.नं. 330/1 रकबा 0.1700 हे. भूमि आवेदक के एकल नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज होकर आवेदक आधिपत्य एवं स्वामित्व में दाखिल व काबिज है। आवेदक के भूमि स्वामी हक कि भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कहीं गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.10.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 01.10.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कृष्णा आयरन एण्ड प्रोफाईल एल.एल.पी द्वारा पार्टनर श्री सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल निवासी कृष्णा कुंज समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बेन्दरी प.ह.न. 30 रा.नि.म. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 95/1, 95/2, 95/5, 95/6, 95/7, 95/11, 95/12, 101/1, 101/2, 102/1, 102/2, 103/2, 103/3, 103/4, 103/5, 109/2 रकबा क्रमशः 0.038 हे., 0.143 हे., 0.181 हे., 0.025 हे., 0.506 हे., 0.105 हे., 0.095 हे., 0.188 हे., 0.138 हे., 0.494 हे., 0.498 हे., 0.048 हे., 0.088 हे., 0.080 हे., 0.031 हे., 0.180 हे. भूमि आवेदक के एकल नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज होकर आवेदक आधिपत्य एवं स्वामित्व में दाखिल व काबिज है। आवेदक के भूमि स्वामीहक कि भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कहीं गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.10.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./अ-6/2024-2025
ग्राम-तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 09.10.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका 01. श्रीमती अंजना दुबे पति स्व. अजय दुबे, 02. शिखर दुबे, 03. आरीन दुबे दोनों पिता स्व. अजय दुबे, तीनों निवासी म.नं. 18 हमिंग कोट्री कचना रायपुर, 04. विजय दुबे पिता श्याम मनोहर दुबे निवासी म.नं. 27, हमिंग कोट्री, कचना रायपुर, तहसील व जिला रायपुर द्वारा धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदक क्र. 04. विजय दुबे पिता श्याम मनोहर दुबे एवं आवेदक क्रमांक 01 से 03 के पति/पिता स्व. अजय दुबे पिता स्व. श्याम मनोहर दुबे के संयुक्त नाम पर ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 340/6 का भाग, नामांतरण पश्चात् नया खसरा नंबर 340/34 रकबा 1577 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के सहखातेदार स्व. अजय दुबे पिता स्व. श्याम मनोहर दुबे की मृत्यु दिनांक 20.07.2024 को हो गयी है। मृतक सहखातेदार स्व. अजय दुबे पिता स्व. श्याम मनोहर दुबे के विधिक वारिसानों में 01. श्रीमती अंजना दुबे पति स्व. अजय दुबे, 02. शिखर दुबे, 03. आरीन दुबे दोनों पिता स्व. अजय दुबे है, अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक सहखातेदार स्व. अजय दुबे पिता स्व. श्याम मनोहर दुबे का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने तथा सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने निवेदन किये है।

अतः आवेदिकागण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 28.10.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### शपथ पत्र

मैं प्रकाश महतो, उम्र 48 वर्ष, पिता स्व. श्री रामवृक्ष महतो, निवासी रामकृष्ण निवास, शिवाजी नगर, दलदल सिवनी, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही हैं।
2. यह कि, मेरे पुत्र शिवम महतो का जन्म दिनांक 18.07.2011, जन्म स्थान-सर्वोदय हॉस्पिटल, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर छ.ग. में हुआ है।
3. यह कि, मेरे पुत्र शिवम महतो के नाम से जारी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी रायपुर नगर निगम जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश रनवीर महतो (RANVEER MAHATO) का नाम दर्ज हो गया है।
4. यह कि, मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में ही रनवीर महतो (RANVEER MAHATO) नाम दर्ज है परन्तु सभी अंकसूची (मार्कशीट) अन्य दस्तावेज तथा आधार कार्ड में शिवम महतो (SHIVAM MAHATO) दर्ज है।
5. यह कि, मेरे पुत्र का वास्तविक नाम शिवम महतो है जो कि त्रुटिवश रनवीर महतो दर्ज हो गया है दोनों नाम मेरे पुत्र के ही है।
6. यह कि, मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में रनवीर महतो (RANVEER MAHATO) के स्थान पर शिवम महतो (SHIVAM MAHATO) का नाम सुधार किये जाने बाबत् उक्त शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### शपथ पत्र

मैं अतीक अहमद सिद्दिकी उम्र 38 वर्ष आत्मज अनीस अहमद सिद्दिकी निवासी म नं. 4/30, इस्पात नगर, रिसाली, भिलाई, सिविक सेंटर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो निम्नलिखित शपथ युक्त कथन करता हूं कि:-

1. यह कि, शपथकर्ता उपर वर्णित नाम, पता व सुकुनत का है।
2. यह कि, शपथकर्ता द्वारा परिवहन विभाग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.) से ड्राईविंग लायसेंस क्रमांक सीजी07 20050025361 दिनांक 01.10.2005 को बनवाया था जिसके नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने पर शपथकर्ता के आधार कार्ड में स्थित वास्तविक नाम व पूर्ववर्ती लायसेंस में वर्णित नाम में टंकण त्रुटीवश सुधार करना आवश्यक होने से दैनिक समाचार पत्र में उक्त त्रुटी सुधार की घोषणा के साथ यह शपथ पत्र प्रेषित हैं।
3. यह कि, शपथकर्ता के ड्राईविंग लायसेंस में शपथकर्ता का नाम अंग्रेजी में त्रुटीवश ATIQUE AHAMED SIDDIQUI दर्ज हैं जबकि वास्तविक सही नाम ATIQUE AHMAD SIDDIQUI हैं जो कि आधार कार्ड एवं अन्य उपयोगी दस्तावेजों में दर्ज हैं।
4. यह कि, वर्तमान में लायसेंस क्रमांक सीजी 07 20050025361 दिनांक 01.10.2005 के नवीनीकरण में त्रुटी सुधार किया जाकर सही नाम ATIQUE AHMAD SIDDIQUI दर्ज किये जाने हेतु घोषणा स्वरूप यह शपथ पत्र कृपया प्रस्तुत हैं।
5. यह कि शपथकर्ता द्वारा यह शपथ पत्र उपरोक्त त्रुटी सुधार करने के संदर्भ में सक्षम अधिकरी के प्रस्तुत किये जाने हेतु कृपया प्रेषित है।

शपथकर्ता

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RADHESHYAM SHAH S/O AMAR CHAND KULHADE resident of HOUSE NO. D/150, DEVENDRA NAGAR, SECTOR-4, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name RADHESHYAM SHAH S/O AMAR CHAND KULHADE so in future I should be recognized by my new name that is RADHEY SHYAM KULHADE S/O AMAR CHAND KULHADE in all Government and other documents.

**RADHEY SHYAM KULHADE**
HOUSE NO. D/150, DEVENDRA NAGAR, SECTOR-4, RAIPUR (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, FARZANA ZABEEN D/O ZAHOOR MUHAMMAD KHAN resident of RPR650C00065 PACHPEDI NAKA CHHATTISGARH NAGAR NEAR THE PRAJAPATI SALES RAIPUR DIST RAIPUR (C.G.) PIN 492001 have changed my old name FARZANA ZABEEN D/O ZAHOOR MUHAMMAD KHAN so in future I should be recognized by my new name that is FARZANA JABEEN W/O MOHAMMAD AKEEL in all Government and other documents.

**FARZANA JABEEN**
RPR650C00065 PACHPEDI NAKA CHHATTISGARH NAGAR NEAR THE PRAJAPATI SALES RAIPUR DIST RAIPUR (C.G.) PIN 492001

### NAME CHANGE

It is to inform to the general public that I Radhika Agrawal W/O Abhishek Agrawal resident of 336, Govind Sadan, Samta Colony, Raipur C.G. 492001. Have changed my old name Annie Kedia W/O Abhishek Agrawal , so in future I should be recognised by my new name Radhika Agrawal W/O Abhishek Agrawal in all goverment and other documents.

**RADHIKA AGRAWAL**
336, Govind Sadan,Samta Colony, Raipur C.G. 492001

### न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ), रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

प्रकरण क्रमांक 202510111000015 /ब-113(1) वर्ष 2025-26
रायपुर दिनांक 10.10.2025
क्रमांक/1039 /अ.वि.अ./पं. सा. न्या./2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुनील कुमार अग्रवाल पिता श्री राम दास अग्रवाल, अध्यक्ष, समर्पण फाउण्डेशन, निवासी म.नं. 08. फ्रेन्ड्स कालोनी, रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा "समर्पण फाउण्डेशन" पता श्रीराम न्यास समिति, वी.आई.पी. रोड, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 (2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास/पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है:-

-:अनुसूची :-
(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)
(1) पब्लिक ट्रस्ट का नाम एवं पता- 'समर्पण फाउंडेशन' पता-श्रीराम ट्रस्ट समिति, वी.आई.पी. रोड, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.), (2) चल सम्पत्तिः-निरंक (3) अचल सम्पत्तिः- निरंक

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियों प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या अपने अधिवक्ता अथया प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर (नंदकुमार चौबे) पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ), रायपुर ( छ.ग. )

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री ओमप्रकाश सिंघानिया पिता स्व. श्री जयदयाल सिंघानिया, श्रीमती आशा सिंघानिया पति श्री ओमप्रकाश सिंघानिया दोनों निवासी 6 सेंट्रल एवेन्यू वेस्ट चौबे कॉलोनी रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति मौजा चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. कोटा-3 रायपुर परिवर्तित खसरा नंबर 385/3 रकबा 0.0540 हे./5850 वर्गफुट जो स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 15 में रायपुर को आपरेटिव्ह हा. सोसायटी चौबे कॉलोनी रायपुर में 6 सेंट्रल एवेन्यु वेस्ट पर स्थित है। जिसमें एक मकान भी निर्मित है। जिसे क्रय करने की बात बात भी है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था,निकाय एवं अन्य को यदि आपत्ति है तो मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में 5 दिनों के अंदर मय दस्तावेज उपस्थित होवे। म्याद उपरांत की गई आपत्ति अन्य व झूठी मानी जावेगी।

उक्त म्याद पश्चात् मेरा पक्षकार विक्रेता द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर उक्त विक्रेता भी आयकर संपत्ति को अपने पक्ष में पंजीयन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

स्थान-रायपुर
दिनांक 12.01.2025

भवदीय
आशुतोष मिश्रा
रायपुर

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 10473/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 13/10/25

रायपुर विकास प्राधिकरण की टाटीबंध ट्रासंपोर्ट नगर योजनान्तर्गत श्री चरणजीत सिंह पनेसर पिता स्व. सुखदेव सिंह पनेसर को भूखंड क्रमांक 35 क्षेत्रफल 187.50 वर्गफुट को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भूखंड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु दिनांक 08.10.2025 को कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखंड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 13.10.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 10504/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 13/10/25

3) स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।
4) विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है।

**(बी. दीवान)**
**कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग**
**छ.स्टे. पॉ.डि.क. लिमि., पिथौरा**

# भूपेश बघेल ने बताया- कब होगा बिहार चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा

## ■ भाजपा विधायक पुरंदर ने किया पलटवार





**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दिल्ली दौरे पर रहेंगे. रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने बिहार चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हमारे यहां भी सीटों के बंटवारे पर चर्चा अंतिम चरण में है. एक-दो दिन में सीटों का बंटवारा हो जाएगा. कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में धान खरीदी की चर्चा पर भूपेश बघेल ने तंज कसा है. पूर्व सीएम ने कहा कि पिछले साल का धान आज तक उठ नहीं पाया है. सरकार को बताना चाहिए कि कितना धान बिका है और कितना डीओ काटा गया है. कलेक्टर को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जबकि नियमों में बदलाव सरकार ने किया है. पहले जहां धान 72 घंटे में उठ जाना चाहिए था, अब उसको 3 महीने तक कर दिया गया है. ऐसे में कलेक्टर क्या कर सकता हैञ्च क्या वह अपने सर पर धान को लाध कर ले जाएगा?

उन्होंने कहा कि सरकार में किसी कलेक्टर का ट्रांसफर करने की भी हिम्मत नहीं है. वहीं कॉन्फ्रेंस में डीएफओ को शामिल करने पर कहा कि रेत से इनका पेट नहीं भरा, इसलिए जंगल की ओर जा रहे हैं. इधर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार किया है.

भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने पूर्व सीएम के कलेक्टर कॉन्फ्रेंस और धान खरीदी को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया है. विधायक मिश्रा ने कहा कि क्या भूपेश सरकार में कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस नहीं हुई. कांग्रेस को अपना कार्यकाल याद करना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में अधिकारी बड़बोले और भ्रष्ट हो गए थे. अब कई अधिकारी जेल में है. हमें कांग्रेस की नसीहत नहीं चाहिए. वहीं धान खरीदी वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस किसान हितैषी नहीं व्यापारी है. इसलिए आबकारी विभाग में बड़ा घोटाला कर दिया। दिल्ली दौरे के दौरान भूपेश बघेल कांग्रेस हाईकमान से मुलाकात करेंगे. उन्होंने कहा कि कोल घोटाले के मामले में धारा 164 के उल्लंघन पर वे वरिष्ठ नेताओं को जानकारी देंगे और यह बताएंगे कि अधिकारियों और न्यायालय के बीच साठगांठ से यह सब हुआ है।

# सीएएफ जवान को रेप केस में मिली हाईकोर्ट से राहत

**बिलासपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में दुष्कर्म के आरोप में 10 साल की सजा पाए आरोपी सीएएफ के जवान को बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की एकलपीठ ने कहा कि यह मामला प्रेम संबंध का था, न कि झूठे विवाह वादे पर आधारित दुष्कर्म का। अदालत ने माना कि पीड़िता बालिग थी और लंबे समय तक अपनी मर्जी से आरोपी के साथ रही थी व और शारीरिक संबंध आपसी सहमति से बने थे, तो ऐसे में इसे दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। हाई कोर्ट ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) बस्तर, जगदलपुर द्वारा 21 फरवरी 2022 को दिए गए फैसले को रद कर दिया है।



बस्तर जिले के निवासी रुपेश कुमार पुरी (25) के खिलाफ पीड़िता ने वर्ष 2020 में थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उसकी शादी 28 जून 2020 को किसी अन्य युवक से तय हुई थी, लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 27 जून 2020 को रुपेश उसे अपने घर ले गया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने दो महीने तक उसे अपने घर में रखा और बाद में धमकाकर निकाल दिया तथा शादी से इनकार कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(एन) के तहत मामला दर्ज किया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट, जगदलपुर ने वर्ष 2022 में युवक को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

हाई कोर्ट ने माना यह जबरन यौन शोषण का मामला नहीं सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि, यह मामला जबरन यौन शोषण का नहीं है, बल्कि आपसी प्रेम और सहमति का है। पीड़िता स्वयं आरोपी के घर गई, उसके साथ रही और बार-बार संबंध बनाए। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आरोपी ने झूठे वादे से उसे धोखा दिया। न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, केवल शादी के वादे पर बने संबंध को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता, जब तक यह साबित न हो कि आरोपी ने शुरू से ही शादी करने का इरादा नहीं रखा था। इस आधार पर हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला रद्द करते हुए आरोपी रुपेश कुमार पुरी को सभी आरोपों से बरी कर दिया है।

### कोरबा में सपना चौधरी के कार्यक्रम के बाद बवाल

# देर रात रिसोर्ट में तोड़फोड़, मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज

**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा में हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के कार्यक्रम में विवाद हो गया. आरोप है कि कुछ लोगों ने जश्न रिसॉर्ट में तोड़फोड़ की और सपना चौधरी की टीम के साथ मारपीट भी की. इस मामले में सपना चौधरी की टीम और रिसॉर्ट के मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बाद जब रात में सपना चौधरी अपने कमरे में सो रही थी तब बाहर कुछ लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। गाली गलौज करने के साथ गोली मारने की धमकी दी। सपना चौधरी के मुताबिक उनकी टीम के साथ झगड़ा और मारपीट भी की गई और लोगों को उकसाया भी गया. इस मामले में जश्न रिसोर्ट के मालिक करणदीप ने अमित,अनिल,युगल और सुजल के विरुद्ध कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोप है इन चार लोगों ने सपना चौधरी के लोगों से कार्यक्रम के लिए ज्यादा पैसा लेने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज कर मारपीट की और जब इन्हें मना किया गया तो जश्न रिसोर्ट में तोड़फोड़ और मारपीट की. साथ ही सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर अपने साथ ले गए और 10000 रुपए भी लूट लिए। रिसोर्ट मालिक ने सात लाख रुपए का नुकसान होने की बात कही है. इस मामले में कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. मामले की जांच की जा रही है.



# जिला पंचायत सदस्य की कार से बाइक की भिड़ंत, युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

## कार सवार फरार

**तखतपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर-मुंगेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर खम्हरिया गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया. जिला पंचायत सदस्य की कार से एक मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई. इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत सिम्स बिलासपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.



जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान तखतपुर निवासी अश्वनी गंधर्व के रूप में हुई है. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए. घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए. थाना प्रभारी तखतपुर ने बताया कि दुर्घटना में शामिल कार को थाने लाया गया है और उसके मालिक की पहचान की जा रही है. उन्होंने कहा कि घटना रात की होने के कारण प्राथमिकता घायल को उपचार दिलाने की थी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और कार सवार आरोपियों की तलाश जारी है. घटना के समय कार में कोई जनप्रतिनिधि तो सवार नहीं था, या किसी को चोट तो नहीं आई है, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# भाजपा सहयोग केंद्र में दोनों डिप्टी सीएम सुनेंगे कार्यकर्ताओं की समस्याएं

## आज उप मुख्यमंत्री अरूण साव रहेंगे उपस्थित

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। लगभग सालभर बाद फिर से कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनने और निराकरण को लेकर भाजपा कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में 'सहयोग केंद्र' के संचालन किया जा रहा है. पहले चरण के बाद अब इस सप्ताह दोनों डिप्टी सीएम की ड्यूटी लगेगी. आज मंत्री ओपी चौधरी कार्यकर्ताओं से संवाद करने के लिए उपस्थित रहेंगे।




उपमुख्यमंत्री अरूण साव 14 अक्टूबर, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल 15 अक्टूबर को उपस्थित रहेंगे. इसी तरह से महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े 16 अक्टूबर और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 17 अक्टूबर को शामिल होंगे. बता दें कि सहयोग केंद्र के पहले दिन मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी थीं. वहीं मंत्री गजेंद्र यादव, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और मंत्री दयालदास बघेल भी अलग-अलग दिन मौजूद रहे। उल्लेखनीय हैं कि वर्ष 2023 में राज्य की सत्ता में चौथी बार भाजपा काबिज हुई. तब प्रदेश भाजपा ने कार्यकर्ताओं की समस्या सुनने और निराकरण करने के लिए मंत्रियों की सहयोग केंद्र में ड्यूटी लगाई. यह सहयोग केंद्र पहले लोकसभा और फिर नगरीय चुनाव की आचार संहिता के चलते प्रभावित हुआ, अतत: अक्टूबर 2024 में इसे बंद कर दिया गया था।

# जिले में एक दिन में सर्वाधिक 306 पीएम आवास पूर्ण कर बनाया कीर्तिमान

**धमतरी,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे छत्तीसगढ़ में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव की सतत् निगरानी और टीम भावना के चलते जिले ने आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।



वित्तीय वर्ष 2024-25 में धमतरी जिले को कुल 21875 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें से 93.04 प्रतिशत आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है। 85.46 प्रतिशत हितग्राहियों को द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है, वहीं 69.5 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत 90 दिनों का रोजगार हितग्राहियों को प्रदान किया गया है, जो जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव की कार्ययोजना, फील्ड विजिट और तकनीकी निगरानी की अहम भूमिका रही। प्रशासन ने मिशन मोड में काम करते हुए सभी जनपद और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। इन निरीक्षणों की रोजाना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। लक्ष्य की पूर्ति हेतु ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही 'आवास मित्रों' की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे लाभार्थियों को आवास निर्माण के हर चरण में मदद मिल सके। राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया गया ताकि निर्माण कार्य में कोई विलंब न हो। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को समन्वयक बनाकर निर्माण कार्य में सहभागी बनाया गया। निर्माण सामग्री जैसे लेबर, सेंटरिंग प्लेट, जल आपूर्ति आदि की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया गया। बड़े निर्माण कार्य वाले गांवों में सामग्री का केंद्रीकृत भंडारण कर लाभार्थियों को आसानी से उपलब्ध कराया गया।

धमतरी जिले की यह कार्यप्रणाली अब पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक मॉडल के रूप में उभर कर सामने आ रही है। प्रशासन की तत्परता, फील्ड लेवल पर मजबूत निगरानी और संसाधनों के कुशल प्रबंधन के चलते यह योजना जमीन पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो रही है। सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि 'यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। प्रत्येक स्तर पर प्रगति के अनुसार किस्तों की राशि प्रतिदिन हस्तांतरित की गई। सभी जनपद पंचायतों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर कार्य की निगरानी की गई, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकी।

# शीघ्र होगा कुत्ता बधियाकरण का काम प्रारंभ

## ■ हरियाणा की एजेंसी फिर हुई एक्टिव, स्वान को रखने के लिए विशेष जाली हुआ तैयार

**धमतरी,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुत्ता के बधियाकरण के लिए नैन फाउंडेशन एजेंसी को कार्य आदेश जारी किया गया है। निगम द्वारा नोटिस जारी करने के बाद एजेंसी ने विगत हफ्ते पूर्व कुत्ता पकड़ने का कार्य प्रारंभ किया था परंतु फिर रोक दिया था और जाली को निगम की सहायता से ठीक कराने की मांग की थी। निगम के सहयोग से कुत्तों के कड़ी सुरक्षा के लिए विशेष जाली तैयार किया गया है जहां उन्हें रखा जाएगा। इसके लिए सोमवार तक जाली को ठीक करने का काम कर लिया जाएगा। संभावना है कि मंगलवार या बुधवार से कुत्तों को पकड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। शहर में कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए बधियाकरण कार्य किया जाएगा। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही पुन: कुत्तों को पकड़ने का काम किया जाएगा और कुत्तों का बधियाकरण किया जाएगा इसके लिए एजेंसी से बात हो चुकी है।



कुत्तों के बधियाकरण के बाद उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाएगा उसके बाद उन्हें फील्ड में वापस से उन्हीं स्थानों पर छोड़ दिया जाएगा। कुत्तों को पकड़ने के लिए नैन फाउंडेशन की टीम अब सक्रिय हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि शहर में बढ़ते हुए कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना आवश्यक है जिसके लिए नगर निगम ने निविदा जारी करते हुए हरियाणा की नैन फाउंडेशन एजेंसी को इसका जिम्मा सौंपा है। गौरतलब है कि निगम ने तत्परता दिखाते हुए स्थल चयन किया था और एजेंसी के द्वारा उपयुक्त स्थल पर जाली लगाकर देने की मांग की गई थी जिस पर निगम ने एजेंसी को स्थल पर विशेष सुरक्षा के तहत जाली लगाकर दे दिया था परंतु कुत्तों को कड़ी निगरानी में रखने के लिए जाली को और भी बेहतर किया गया है अब कुत्तों को पड़कर निर्धारित स्थल पर रखकर उनका बधियाकरण कार्य किया जाएगा, जिसके चलते कुत्तों की संख्या में कमी आएगी।

**NECC**

| 14.10.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 90 | 180 |
| चिल्हर | 6.50 | 125 | 205 |
| डिलीवरी | 555 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

**CSPFA**




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक बच्चा अपनी मां से पूछता है- माँ, आप मेरे जीवन के बारे में क्या सोचती हो?
मां ने हँसते हुए कहा, मैं तुम्हारे जीवन के बारे में सोचती हूँ कि तुम मुझे और कब उल्लू बनाओगे!

संपादकीय

## क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी

छत्तीसगढ़ में अनेक ऐसे प्रकरण सामने आते रहते हैं जिनमें मामूली सी बात से तैश खाकर लोग लड़-भिड़ जाते हैं। कई बार किसी का क्रोध किसी को घायल कर जाता है तो कोई किसी की हत्या कर अपने गुस्से को ठंडा करता है। कुछ लोगों को इसका पछतावा होता है तो कई लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जीवन भर वे अपनी इस करतूत पर गौरवान्वित होते हैं। ऐसा क्रोध के कारणों तथा व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है। सम्पत्ति का मामला हो या प्रेम प्रकरण अथवा कोई पुरानी रंजिश- कई बार ये ऐसे मोड़ पर आ जाते हैं कि उनमें किसी न किसी पक्ष द्वारा हिंसा बरती जाती है। हालांकि ऐसे सभी मामले अपने पीछे गहरे घाव छोड़ जाते हैं। कोई अपने किसी को खोने का दंश सहता है तो कोई नाराजगी से उपजी हिंसा से जीवन भर आहत रहता है। कई लोगों को इनके चलते अपने जीवन का बड़ा हिस्सा जेलों में गुजारना पड़ता है।

बहुत मामूली विवादों से होने वाले झगड़ों अथवा हत्याओं की बात करें तो अनेक प्रकरण ऐसे होते हैं जिनमें इतना छोटा कारण होता है कि वह सुनने वाले को तो यह सोचकर आश्चर्य में डाल देता है कि, क्या इतनी छोटी सी वजह से कोई किसी को पीट देता है या घायल कर सकता है अथवा हत्या पर तक उतारू हो जाता है। पिछले दिनों एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी गयी क्योंकि उसके कहने के बाद भी घर में मछली नहीं बनाई गई थी। वह शराब पीकर घर लौटा था।

यूं तो शराब के नशे में अपने मित्रों, परिजनों आदि को मारने की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कई बार मारने वाला पूरे होशो-हवास में रहता है। इसका कारण सिर्फ गुस्सा होता है। गुरुवार को पोड़ी थाना (चिरमिरी) क्षेत्र के अंतर्गत बंजी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उसने राशन कार्ड और सामान खरीदी के लिये पति द्वारा दिये गये 700 रुपये कहीं गुम कर दिये थे। घटना गुरुवार की है जब बहुत ढूंढ़ने पर भी उक्त महिला को कहीं खो गया अपना राशन कार्ड व नगदी नहीं मिली तो उसने रात को अपने पति को यह जानकारी दी। इससे उसका पारा ऐसा चढ़ा कि मुक्के तथा हथौड़े से मार-मारकर उसने अपनी बीवी को इस कदर घायल कर दिया कि उसने दम ही तोड़ दिया।

यह सोचने की बात है कि उपरोक्त हत्या इतनी छोटी राशि और वजह से की गयी कि वह अपने आप में हास्यास्पद और दुखद दोनों ही है। यह राशि किसी की जान से बढ़कर नहीं हो सकती। जहां तक राशन कार्ड की बात है, वह नहीं भी मिलता तो मामूली शुल्क से दूसरा बन सकता था। अपने बेवजह क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी है।

# वंजलवाही में विकास का किला हुआ मजबूत

## सुकमा पुलिस ने स्थापित किया नया सुरक्षा कैंप, नक्सल प्रभाव से मिली आज़ादी

**सुकमा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कभी माओवादियों का कोर जोन कहे जाने वाले सुकमा जिले के सुदूर ग्राम वंजलवाही में आज शांति और विकास की नई सुबह उगी है। जिला पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों से यहां नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना की गई है, जिससे न केवल क्षेत्र में सुरक्षा माहौल सुदृढ़ हुआ है, बल्कि दशकों से विकास से वंचित ग्रामीणों के जीवन में भी नई उम्मीदों की किरण जगी है। आईजी बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, एसपी सुकमा किरण चव्हाण, एएसपी (ऑप्स) रोहित शाह और एएसपी अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक कदम संभव हो सका है। छत्तीसगढ़ शासन की च्वनियद नेल्ला नारज्ज (हम सबका गाँव हमारा गाँव) योजना के तहत स्थापित इस कैंप का उद्देश्य है कि सबसे दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों तक सरकार की योजनाओं को पहुँचाना, ग्रामीणों को सुरक्षा देना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से



जोड़ना। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और लगातार हो रही बारिश के बावजूद सुरक्षा बलों ने हिम्मत नहीं हारी और माओवादियों के कोर जोन माने जाने वाले इस इलाके में डटकर डेरा डाल दिया। कोंटा-गोलापल्ली-किस्टाराम मार्ग के सीधा जुड़ जाने से अब न केवल सुरक्षा बलों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि ग्रामीणों की दूरी भी आधी हो जाएगी। अब क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएँ और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तेज़ी से होगा।

**प्रत्येक ग्रामीण तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएँ पहुँचें : एसपी**

एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि वंजलवाही क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना, नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक अहम कदम है। यह इलाका लंबे समय तक माओवादियों के प्रभाव में रहा, जहाँ विकास की पहुँच सीमित थी। अब इस कैंप के स्थापित होने से न सिर्फ सुरक्षा बलों की उपस्थिति मजबूत हुई है, बल्कि ग्रामीणों को भी शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक ग्रामीण तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएँ पहुँचें।

### 20 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित

वर्ष 2024 से अब तक सुकमा जिले में कुल 20 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बीते डेढ़ वर्षों में ही 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 64 माओवादी मारे गए और 451 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि क्षेत्र में अब भय नहीं, बल्कि विश्वास और विकास का दौर शुरू हो चुका है। वहीं वंजलवाही में सुरक्षा कैंप की स्थापना से ग्रामीणों में खुशी की लहर है अब यहाँ के बच्चे स्कूल जा सकेंगे। महिलाएँ बिना डर के बाजार जा सकेंगी, और बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेंगी। नक्सल हिंसा से त्रस्त यह धरती अब शांति और समृद्धि की ओर बढ़ रही है।

# एटीसी टावर पर लगे एयरटेल एंटीना को हटाने वार्डवासियों ने की मांग

**जगदलपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंबेडकर वार्ड के निवासियों ने अपने मोहल्ले में लगे एटीसी टावर पर लगे एयरटेल एंटीना को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त एवं थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपी है। वार्डवासियों का कहना है कि इस मोबाइल टावर से निकलने वाला रेडिएशन उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। वार्डवासियों ने राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा से मुलाकात कर टावर को हटाने की मांग की।



कलेक्टर, निगम आयुक्त एवं थाना प्रभारी से की लिखित शिकायत

राजस्व सभापति ने तुरंत इंडस टावर एवं एयरटेल कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की और कहा कि मामले की रेडिएशन जांच कराई जाएगी तथा यह भी देखा जाएगा कि टावर वैध है या अवैध। उन्होंने कहा कि अगर जांच में गड़बड़ी पाई गई तो टावर को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। निवासियों का कहना है कि टावर से निकलने वाले रेडिएशन के कारण आसपास के लोग अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं और पक्षियों की मृत्यु तक हो रही है। यह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कोंडागांव जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों लाभान्वित

**कोण्डागांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ रजत जयंती के अवसर पर 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में संचालनालय आयुष के दिशा निर्देश और जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश विश्वकर्मा कोंडागांव के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा भी जिला स्तर के साथ ग्राम स्तर पर आयुष संस्थाओं द्वारा स्वास्थ्य मूलक विविध आयुष गतिविधियों के माध्यम से जन साधारण को लाभान्वित किया जा रहा है।



रविवार को साप्ताहिक बाजार स्थल कोण्डागांव में जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव नरपति पटेल तथा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव जसकेतू उसेंडी की गरिमामयी उपस्थिति में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के रोगों का आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार के साथ ही मौसमी रोगों से बचाव तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 459 लोगों को आयुष काढ़ा पिलाया गया। स्वास्थ्य मेला में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बादल के स्थानीय कलाकारों ने बस्तर से दिल्ली तक दी दस्तक

**जगदलपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांखला फाउंडेशन के द्वारा नई दिल्ली में चार दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले स्थानीय आदिवासीयों की संस्कृति को संरक्षित करना है। इस प्रदर्शनी में बस्तर जिले में स्थित बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर (बादल), आसना के चित्रकला विभाग की शिक्षिका सुश्री प्रेरणा नाग व विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए। इनके द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए चित्रों को बेहद सराहना मिली तथा इन्हें स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित भी किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद थे तथा यह आयोजन पर्यटन विभाग एवं संस्कृति विभाग मंत्री (भारत सरकार) गजेन्द्र सिंह शेखावत के संरक्षण में किया गया। इस आयोजन का लक्ष्य वन्य जीव संरक्षण, जागरुकता, स्थानीय आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय आदिवासी कलाकारों को पहचान के साथ इन्हें बड़ा मंच प्रदान करना है। इस कला प्रदर्शनी के आयोजक सांखला फाउंडेशन, टाईगर रिजर्व ट्राइब कल्चरल, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण सह इंटरनेशनल बिग कैट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। विदित हो की उक्त कला प्रदर्शनी का आयोजन इंडियन हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया। यह दिल्ली में स्थित एक बहुउद्देशीय केंद्र है, जो आवास, शहरी विकास और पर्यावरण से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को एक साथ लाता है तथा यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों, सम्मेलनों और कला गतिविधियों के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करता है।



संस्कृति, पर्यटन व पर्यावरण से किया देश की राजधानी को प्रभावित

# जगदलपुर ब्लॉक के दूरस्थ वनग्राम गुड़ियापदर में लगा स्वास्थ्य शिविर

- ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य जांच एवं उपचार
- सीएमएचओ डॉ. बसाक स्वयं मेडिकल टीम लेकर पहुंचे गुड़ियापदर



**जगदलपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगदलपुर विकासखण्ड के अंतर्गत सीएचसी नानगूर के अधीन चितालगुर ग्राम पंचायत के आश्रित दूरस्थ वनग्राम गुड़ियापदर में एक गर्भवती माता के गर्भपात होने की खबर पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने सोमवार को सीएचसी नानगूर के बीएमओ डॉ. आरएस भंवर के साथ स्वयं मेडिकल टीम लेकर गुड़ियापदर पहुंचे और संबंधित ग्राम गुड़ियापदर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 56 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर एवं उपचार किया गया। जिसमें 25 लोगों का बीपी एवं शुगर जांच, 07 लोगों का टीकाकरण, 05 लोग मोतियोंबिंद से पीड़ित, 20 लोगों का सिकलिन जाँच, 12 लोग सर्दी खांसी से पीड़ित तथा 10 लोगों का बुखार जांच कर उपचार किया गया। वहीं एक कुपोषित बालक को एनआरसी रेफर किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बताया कि नानगुर क्षेत्र के दूरस्थ घने जंगल के बीचों-बीच पहुंचविहीन वनग्राम गुड़ियापदर में रास्ता ठीक नहीं है यहां पैदल, सायकिल या बाइक के द्वारा ही पहुंचा जा सकता है। जिससे मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में सभी ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर दवाई वितरित की गई और समय समय पर उक्त ग्राम में शिविर आयोजन हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान बीएमओ डॉ. भंवर द्वारा स्थानीय बोली में स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदन कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सजगता बरतने का आग्रह करते हुए घर के समीप स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने, शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन, बुखार या उल्टी-दस्त होने पर तत्काल समीपस्थ स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार करवाने की समझाइश दी गई। इस शिविर में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सी आर मैत्री सहित स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री दमधर, किरण चंद्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी रयमन बघेल, स्टाफ नर्स थलेश्वरी नाग, क्रिस्टीना बघेल, आरएचओ अमृत पॉल, कुमारी हिना कश्यप तथा क्षेत्र के मितानिन उपस्थित थे।

# सामान्य सभा की बैठक का कांग्रेस के पार्षदों ने किया बहिष्कार

**जगदलपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। साधारण सम्मिलन बैठक सोमवार को 11.00 बजे निगम कार्यालय के सभाकक्ष में सभापति खेमसिंह देवांगन की अध्यक्षता में आहूत की गई। महापौर संजय पांडे के द्वारा एजेंडा स्वीकृति हेतु सदन के पटल पर रखे जाने के चलते ही नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि पूर्व के आम सभा में जीएसटी को लेकर जो धन्यवाद ज्ञापित एजेंडा पास किया गया था। कांग्रेस ने उसका विरोध किया था लेकिन उसे सर्वसम्मति से पास बताया गया, जो गलत है। शुरुआत से ही कांग्रेस के पार्षद नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन के द्वारा उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना को अपने निर्धारित जगह पर बैठने का निर्देश दिए जाने और चंद्रशेखर वार्ड के पार्षद लोकेश चौधरी के द्वारा सदन के अंदर कैमरा से शूटिंग करने को लेकर आपत्ति जताए जाने पर कांग्रेस के पार्षद गणों द्वारा हो हल्ला किया गया और कार्रवाई का बहिष्कार करते हुए सदन से बाहर निकल गए। इस संबंध में नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन ने कहा कि नियम विरोध गतिविधि के कारण पार्षदों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात महापौर के द्वारा प्रस्तुत एजेंडा को बहुमत के साथ सत्ता पक्ष के पार्षदों ने पारित किया।

आज के एजेंडा में रखे गए मेयर-इन-कौंसिल की बैठक दिनांक 20.08.2025 के संकल्प कमांक 11 में अनुशंसा अनुसार निगम स्वामित्व की न्यू मरेन्द्र टॉकिज के सामने की दुकान क्रमांक क 02 (अ.पि.वर्ग) हेतु अजय कुमार वैध से प्राप्त उच्चतम दर राशि 4752463.00 रूपये (सैतालीस लाल बावन हजार चार सौ तिरसठ रूपये) मात्र किये जाने की स्वीकृति। संकल्प क्रमांक 12 में अनुशंसा अनुसार लालबाग मैदान के सामने स्थित निगम स्वामित्य काम्प्लेक्स के एक हॉल का न्यूनतम दर राशि रू 40.00 लाख एवं अमानत राशि रू 4.00 लाख मात्र निर्धारण करने एवं निर्धारित दर पर निविदा आमंत्रण किये जाने की स्वीकृति, संकल्प क्रमांक 13 में अनुशंसा अनुसार पुराना बस स्टैण्ड में स्थित वाचनालय के स्थान की दुकान कमांक 05 का आवंटन व्यवस्थापन के तहत निर्माण लागत राशि रू 480000.00 (चार लाख अस्सी हजार रूपये) तथा मासिक किराया 1500.00 रूपये मात्र किये जाने की स्वीकृति। संकल्प क्रमांक 14 में अनुशंसा अनुसार नगरपालिक निगम, जगदलपुर क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन बोर्ड (ग्राउण्ड होर्डिंग्स) लगाने हेतु 40 स्थानों में कुल 77 होर्डिंग्स चिन्हांकित करते हुये उक्त 40 स्थानों को 02 कोड अर्थात कोड (A) एवं कोड (B) में बांटा गया है। जिसमें कोड (A) हेतु रू 25/- गात्र प्रति वर्गफीट प्रतिमाह एवं कोड (B) हेतु रू 20/- मात्र प्रति वर्गफीट प्रतिमाह एवं अमानत राशि 01 लाख रूपये मात्र निर्धारण करने तथा तैयार नियम शर्तों पर विज्ञापन बोर्ड (ग्राउण्ड होर्डिस) को 05 वर्षों के लिए ठेके पर दिये जाने हेतु निविदा आमंत्रण की स्वीकृति, संकल्प कमांक 15 में अनुशंसा अनुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस तरणताल सह लॉन के संचालनकर्ता ठेकेदार भी जोय हरिदास के सहमति पत्र पर विचार करते हुये यह निर्णय लिया जाता है कि उनके द्वारा ली गई सचालन ठेके को निरस्त करते हुये 01 माह के भीतर उनके आवेदन पर उनकै द्वारा जमा अमानत राशि रू 5.00 लाख एवं प्रस्तुत 20.00 लाख की बैंक गारन्टी वापस प्रदान करते, नेताजी सुभाष चरणताल सह सॉन 05 वर्ष के लिए ठेके पर दिये जाने हेतु निर्धारित न्यूनतम (ऑफसेट) मासिक किया दर राशि रु 7500/- बंद लिफाफा पद्धति के माध्यम से नियम शर्तों एवं दरों में आंशिक संशोधन / नये नियम शर्त निम्नानुसार जोडते हुये निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति, नियम एवं शर्व निम्नानुसार है प्रति बालक/बालिका हेतु पूर्व में शशि रु 50/- मात्र प्रति घंटा निर्धारित था को प्रति घंटा राशि 100/- मात्र किया जाना। प्रति पुरुष/महिला पर्व में राशि रु0 100/- मात्र प्रति घटा था को प्रति घंटा राशि रु 200/- किया जाना। लॉन परिसर में यदि उच्चतम दर दाता यदि चाहे तो आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर किसी एक कोने में अस्थाई टीन शेडयुक्त किचन कक्ष का निर्माण किये जाने का निवेदन कर सकता है। उक्त अनुमति मिलने के उपरांत ही उच्चतम दर दाता टीन शेडयुक्त टीन शेडयुक्त किचन/कक्ष का निर्माण कर सकेगा।



सामान्य सभा के सभी एजेंडा को बहुमत से पारित किया

उक्त कंडिका 01 एवं 02 में संशोधित दर एवं कंडिका 03 जो नया नियम एवं शर्त सम्मिलित होगा के आलावा तरणताल सह लॉन हेतु पूर्व में निर्धारित नियम एवं शर्त में किसी प्रकार का बदलाय नहीं होगा, यथावत् रहेगा। संकल्प क्रमांक 17 में अनुशंसा अनुसार नगरपालिक निगम, जगदलपुर आने वाले समस्त डिवाईडरों में विगत कई वर्षों से रंग-रोगन, मरम्मत का कार्य मही हुआ है। कई स्थानों पर डिवाईडर टुटफुट भी गया है तथा कई चौराहों स्थापित प्रतिमाओं के रख-रखाओं का भी अभाव है। जिसके कारण शहर का सौन्दर्गीकरण धूमिल हो रहा है। शहर के सौन्दर्गीकरण करने हेतु बैठक में विस्तार से चर्चा किया गया कि उक्त कार्य हेतु 10 वर्षों के लिये निविदा आमंत्रण किया जायें, जिससे शहर के समस्त डिवाईडरो का निगम द्वारा चिन्हांकित 50 स्थलों में यूनिपोल लगाने की अनुमति होगी, इसके एवज में निविदा दाता शहर के समस्त डिवाईडरो के रंग-रोगन, मरम्मत एवं प्रतिमाओं का रख-रखाव तथा हरियाली आदि का कार्य करेगा, इस हेतु रू0 7.00 लाख न्यूनतम दर (शासकीय दर) प्रतिवर्ष निर्धारित करते हुये नियम एवं शर्तों सहित रू0 70 हजार अमानत राशि निर्धारण कर निविदा आमंत्रण किये जाने की स्वीकृति, संकल्प कमांक 18 में अनुशंसा अनुसार धरमपुरा महाविद्यालय के सामने रंगकर्मियों के लिए निर्माणाधीन प्रेक्षागृह (ऑडिओटोरियम) का नामकरण कवि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर के नाम से नामकरण किये जाने, हॉल स्व0 सत्यजीत मट्टाचार्य का नाम से नामकरण किये जाने एवं प्रेक्षागृह (ऑडिओटोरियम) के आंतरिक कक्ष कमांक 01 स्व0 लक्ष्मीनारायण सिंह देव. कक्ष कमांक 02 स्व0 पं0रामदास वैष्णव, कक्ष कमांक 03 स्व0 ठाकुर देगेन्द्र सिंह, कक्ष कमांक 04 जोगेन्द्र महापात्र एवं कक्ष कमांक 05 बंशीलाल विश्वकर्मा के नाम का नामकरण किये जाने,

**संकल्प क्रमांक 20 में अनुशंसा अनुसार निगम स्वामित्व का:** परपा में स्थित कांजी हाउस का नाम परिवर्तन कर गौ-सदन नाम अंकित करने की स्वीकृति तथा शासन द्वारा निर्धारित दर 25 प्रतिशत के आधार पर ही बंद लिफाफा पद्धति के माध्यम से निविदा आमंत्रण किये जाने की स्वीकृति, संकल्प क्रमांक 04 में अनुशंसा अनुसार मीना बाजार एवं व्यापार मेला तथा प्रदर्शनीय हेतु पूर्व में निर्धारित दर में वृद्धि उपरांत निम्न नवीन स्लैब के अनुसार प्रतिदिन का शुल्क निर्धारण निम्नानुसार है।

15 हजार वर्ग फीट तक प्रदर्शन शुल्क प्रतिदिन 2000/- रुपए व सफाई शुल्क प्रति दिन 500/-रुपए। 15 हजार से 50 हजार वर्ग फीट तक प्रदर्शन शुल्क प्रतिदिन 3500/- रुपए व सफाई शुल्क प्रति दिन 1000/-रुपए और 50 हजार वर्ग फीट से अधिक की जगह पर प्रदर्शन शुल्क प्रतिदिन 6000/- रुपए व सफाई शुल्क प्रति दिन 2000/-रुपए स्वीकृति का निर्णय बहुमत से लिया गया क्योंकि कांग्रेस के पार्षद पहले ही सदन से बाहर चले गए थे। संकल्प कमान 04 अनुसाअनुसार इतवारा बाजार में नवनिर्मित 30 दुकान का बाजार मूल्य मार्गदर्शिका कलेक्टर गाईड नाइन 2019-20 के आधार पर प्रति दुकान का निम्नानुसार शासकीय दर निर्धारित किया गया। साईज 11.9 के 12 दुकानों को 12 लाख, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ज्ञान, परिश्रम और अवसरों से सशक्त हो रहा नया दंतेवाड़ा

■ डॉक्टर और इंजीनियर बनने की राह में बेटियों का पहला कदम
■ सरकारी कोचिंग संस्था ने फिर लहराया सफलता का परचम
■ जेईई और नीट में गौरवशाली सफलता, बेटियां बनी प्रेरणा स्रोत

**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के जिला प्रशासन द्वारा संचालित छू लो आसमान कारली कोचिंग सेंटर ने इस वर्ष एक बार फिर सफलता की नई मिसाल कायम की है। सत्र 2025 में आयोजित नीट एवं जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों में इस संस्था की छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर दंतेवाड़ा जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

यह केंद्र जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से जिले की छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, गुणवत्तापूर्ण अकादमिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर की नीट एवं जेईई कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना का उद्देश्य जिले की मेधावी बालिकाओं को समान अवसर प्रदान कर उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनने के अपने सपनों को साकार करने हेतु सशक्त बनाना है। छू लो आसमान कारली की छात्राओं ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाया। कु. रत्ना का चयन स्व. बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर में हुआ है। कु. आरती कोड़ोपी और कु. सत्या खाशी का चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुंद में हुआ। कु. जान्हवी मुड़ामी तथा कु. दीपा मरकाम का चयन शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में हुआ है। कु. अंजु सोरी का चयन शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, बिलासपुर एवं कु. कल्पना नाग का चयन शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, रायपुर में हुआ है।

इसी प्रकार जेईई परीक्षा में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है। कु. किरन उसारे का चयन एनआईटी रायपुर, कु. रुद्राक्षी कश्यप, कु. रंजना नेताम और कु. जागृति कश्यप का चयन एनआईटी नागालैंड में हुआ है। कु. प्रियंका ठाकुर का चयन जेईसी जगदलपुर (माइनिंग इंजीनियरिंग) में हुआ है। इसके अतिरिक्त कु. तिमेश्वरी नाग, कु. आसमती मौर्य, कु. खुशी मंडावी, कु. गीतांजली तिवारी, कु. सुषमा बेक, कु. तंची हेमला का चयन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जगदलपुर में हुआ है। कु. सानिया ठाकुर का चयन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर, वहीं कु. मनीषा यादव और कु. काजल विश्वकर्मा का चयन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, अम्बिकापुर में हुआ है।



इन छात्राओं की इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन की सुनियोजित रणनीति, सटीक मार्गदर्शन और सतत निगरानी का विशेष योगदान रहा। संस्था में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रश्नों का निरंतर अभ्यास कराया गया, साथ ही ऑनलाइन प्रशिक्षण, साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट, मॉड्यूल-आधारित अध्ययन सामग्री और व्यक्तिगत परामर्श की सुविधा दी गई। इससे छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा और तैयारी अधिक प्रभावी हुई। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने चयनित छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छू लो आसमान जैसे संस्थान दंतेवाड़ा की बेटियों के सपनों को नई दिशा दे रहे हैं। यह सफलता केवल परीक्षा की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और परिश्रम की विजय है। दंतेवाड़ा जिले की बेटियाँ अब शिक्षा के माध्यम से अपना और जिले का भविष्य उज्ज्वल बना रही हैं। यह नया दंतेवाड़ा ज्ञान, परिश्रम और अवसरों से सशक्त हो रहा है। कलेक्टर ने इस सफलता के लिए, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डी.एम.सी. हरीश गौतम, संस्था की अधीक्षिका श्रीमती शैनी रविन्द्रन, प्रभारी अधिकारी और समस्त शिक्षकों को उनकी मेहनत, समर्पण और योगदान के लिए धन्यवाद एवं बधाई दी।

# जिपं उपाध्यक्ष ने किया स्कूलों का निरीक्षण

■ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर
■ लंबे समय से गायब शिक्षक पर होगी कार्रवाई
■ स्कूल भवन के धीमे निर्माण पर भी जतायी नाराजगी

**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग के सभापति अरविन्द कुंजाम ने आज बचेली क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएम श्री प्राथमिक शाला सरस्वती स्कूल बचेली, प्राथमिक शाला डीएनके 1 बचेली, आदर्श माध्यमिक शाला बचेली, कन्या माध्यमिक शाला बचेली तथा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बचेली का भ्रमण कर शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और विद्यालयीन गतिविधियों की विस्तार से श्री कुंजाम ने समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान पीएम श्री स्कूल बचेली में लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षक पर श्री कुंजाम ने कड़ी नाराजगी जताई और जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सीखने की प्रक्रिया से जुड़ी है और अनुपस्थित रहना शिक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीर लापरवाही दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, हाई स्कूल बचेली का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ विद्यालय वर्तमान में दो पाली में संचालित हो रहा है। श्री कुंजाम ने विद्यालय परिसर में चल रहे नए भवन निर्माण कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण और आवश्यक कक्षाओं की सुविधा समय पर मिल सके। श्री कुंजाम ने निरीक्षण के दौरान यह भी पाया कि जिन विद्यालय में कुछ विषयों के शिक्षकों की कमी है, वहां शीघ्र शिक्षक पदस्थापना सुनिश्चित करने का निर्देश डीईओ को दिया। उन्होंने कहा कि जहाँ शिक्षक के पद रिक्त हैं, वहाँ प्राथमिकता से योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएँ मानक के अनुरूप और क्रियाशील स्थिति में रहें। उपाध्यक्ष श्री कुंजाम ने कहा कि शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है और प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शिक्षक उपस्थिति और विद्यार्थी अनुशासन सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है। उन्होंने शिक्षकों से नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को प्रेरणादायी वातावरण प्रदान करने का आह्वान किया।

# एरिया डोमिनेशन के दौरान नक्सलियों के लगाए आईईडी में विस्फोट



चपेट में आने से एसटीएफ जवान घायल एयरलिफ्ट कर लाया गया रायपुर

**जगदलपुर / बीजापुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच सोमवार को एक बार फिर नक्सलियों की कायराना हरकत सामने आई है। भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी में जबरदस्त विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से एक स्ट्रक्ष जवान घायल हो गया।

सूत्रों के अनुसार, घायल जवान को तत्काल मौके से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कैंप लाया गया, जहाँ प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु चॉपर के माध्यम से रायपुर के हायर सेंटर भेजा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र मीना ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवान की स्थिति अब सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां आसपास के इलाकों में नक्सलियों की गतिविधियों का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

# शास. कन्या उमावि में विश्व बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**कोण्डागांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन 10 से 17 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को विश्व बालिका दिवस के रूप में मनाया जाकर जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कोंडागांव के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें कक्षा 12 वीं की टीम से कु.हिमाक्षी, कु.चांदनी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली बनाया। कक्षा नवीं से कुमारी पावनी, कुमारी तानी कुमारी डीकेश्वरी एवं कुमारी तनु ने विश्व बालिका दिवस की थीम पर च्छत्तीसगढ़ का प्राण पर एन 'हर बेटी को जीवनज रंगोली बनाया वही कक्षा ग्यारहवीं से कुमारी चंचल एवं कुमारी गरिमा, कुमारी महेश्वरी एवं टिकेश्वरी ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।



कार्यक्रम में उपस्थित मानसिक स्वास्थ्य की टीम से कुमारी निधि साहू, वीरेंद्र, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सोरी के द्वारा बालिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने एवं उनको मिलने वाले अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया। स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों को फिजिकल एक्टिविटी कराकर मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने की जानकारी साझा किया। इसमें कक्षा ग्यारहवीं से कुमारी धनेश्वरी की टीम ने बढ़िया प्रदर्शन किया। वीरेंद्र के द्वारा नशा मुक्ति संबंधी जानकारी, तंबाकू से होने वाले नुकसान एवं दुष्प्रभाव की जानकारी साझा किया गया। कांतेश देवांगन ने टीवी के लक्षण एवं उपचार तथा निश्चय मित्र पोषण आहार एवं टीवी के निःशुल्क दवाई वितरण की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के 565 विद्यार्थी एवं 24 शिक्षकगण शामिल हुए।

## प्राकृतिक आपदाओं से मृत्यु के प्रकरणों में 13 मृतकों के परिजनों को 52 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर,** 13 अक्टूबर। कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु, नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु, गाज गिरने के मृत्यु सहित कुल 13 प्रकरणों में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए कुल 52 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

## बीजापुर में गौण खनिज रेत खदानों के ई-नीलामी प्रशिक्षण का आयोजन

**बीजापुर,** 13 अक्टूबर। गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से एमएसटीसी पोर्टल पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में निविदा जारी करना, बोलीकर्ताओं का पंजीकरण, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया और अधिमानी बोलीदार का चयन जैसे समस्त कार्य पोर्टल के माध्यम से ही संपन्न होंगे। जिलाधिकारी एवं इच्छुक बोलीकर्ताओं/आवेदकों के लिए इस पोर्टल से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण संभाग स्तर पर आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 अक्टूबर 2025 को शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय, कुम्हरावंड, जगदलपुर के सभागार में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगा।

## ई-कॉमर्स के माध्यम से उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने हेतु कार्यशाला का आयोजन 15 अक्टूबर को जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में

**बीजापुर** 13 अक्टूबर। एमएसएमई के लिए डिजिटल साक्षरता, मार्केटिंग प्लेटफॉर्म एवं बीडीएसपी कनेक्ट कार्यशाला (रैम्प) योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम स्वयं महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल साक्षरता, डिजिटल प्लेटफॉर्म, मार्केटिंग प्लेटफार्म एवं बीडीएसपी से जोड़ने एवं उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस लट्टूक पर जुड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से जिला कार्यालय के इन्द्रावतीसभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा।

# माकड़ी पुलिस ने चलाया सायबर जागरूकता अभियान

**कोण्डागांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्तूरबा गांधी छात्रावास माकड़ी में माकड़ी पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता अभियान चलाया गया और उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को सायबर अपराध के साथ-साथ महिला अपराध, यातायात के नियम, नवीन आपराधिक कानून व नशामुक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



कस्तूरबा गांधी छात्रावास माकड़ी में

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानून, महिला अपराध, यातायात नियम, नशामुक्ति एवं विशेष तौर पर सायबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए थाना माकड़ी क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 13 अक्टूबर को कस्तूरबा गाँधी छात्रावास माकड़ी में निरीक्षक विकास बघेल थाना प्रभारी माकड़ी द्वारा उपस्थित समस्त छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को बढ़ते सायबर अपराध के बारे में अवगत कराकर सायबर फ्रॉड से खुद को बचाने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, इसके साथ ही महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध, गुड टच, बेड टच के बारे में बताया गया। वहीं यातायात नियमों का पालन करने, भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में एवं नशामुक्ति के तहत नशीली दवाओं के खतरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया है। इस दौरान छात्रावास अधिक्षिका श्रीमती सरस्वती पोयाम, श्रीमती भारती मिश्रा, श्रीमती राधिका कोराम एवं कु.हिमानी डहरिया तथा 190 छात्राएं उपस्थित रहे।

# साढ़े 5 हजार किसानों का पोर्टल में नहीं हुआ पंजीयन

■ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन जरूरी
■ अब तक 10 हजार 685 किसानों का पंजीयन
■ कलेक्टर ने दिए हफ्ते में शेष किसानों के पंजीयन के निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषकों का पंजीयन एग्री स्टैक पोर्टल में अनिवार्य किया गया है। केवल पंजीकृत कृषकों से ही समितियों के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी।

राज्य शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार इस वर्ष धान मोटा की दर 2 हजार 369 रूपए प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए की दर 2 हजार 389 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। विगत वर्ष 2024-25 में दंतेवाड़ा जिले के 16 हजार124 कृषकों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया था, जिनमें से 8 हजार 317 कृषकों ने समितियों के माध्यम से अपना धान बेचा था। इस वर्ष अब तक 10 हजार 685 कृषकों ने एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराया है, जबकि 5 हजार 439 कृषक अभी भी अपंजीकृत हैं। साथ ही पिछले वर्ष धान विक्रय करने वाले 8 हजार 317 कृषकों में से 523 कृषकों ने अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराया है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषक पंजीयन की समीक्षा बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व), तहसीलदारों, सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छूटे हुए कृषकों का पंजीयन एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाए। साथ ही पंजीयन प्रक्रिया के दौरान कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के सभी कृषकों से अपील की है कि वे अपना किसान किताब, बैंक खाता एवं आधार कार्ड लेकर अपनी संबंधित समिति में जाकर शीघ्र एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराएं और शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ अवश्य उठाएं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### एटीसी टावर पर लगे...

एक गंभीर स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है, इसलिए टावर को हटाकर अन्य उपयुक्त स्थान पर लगाया जाना चाहिए। इस दौरान पार्षद कैलाश नाग,वशीम खान,जागे प्रशाद गुप्ता, अमित मेहरा, अनीता दूधी,गायत्री सोनी, शैल सोनी, अनीता, प्रेम मनी, वर्षा, संगीता, रंजना, सोनाली, मुक्ता, ललिता, मनीता सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे और टावर हटाने की मांग की।

### कोंडागांव जिला स्तरीय...

डॉ.चन्द्रभान वर्मा, डॉ.राजेश नाग, डॉ.विजय लक्ष्मी, डॉ.चन्द्रप्रभा, होम्योपैथी डॉ. हलेश्वर चन्द्राकर, आयुष विभाग के आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सक दल एवं आयुर्वेद फार्मासिस्ट, उज्वल मिंज, सुनील, औषधालय सेवक तथा प्रकाश बागड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।

### सामान्य सभा की बैठक...

23.36.मी की 40 दुकानों 19 लाख, 24 मि की दुकानों का 24 लाख प्रशासकीय दर का निर्धारित आरक्षण रोस्टर के तहत् बंद लिफाफा पद्धति के माध्यम से नीलामी किये जाने हेतु निविदा उपरोक्तानुसार 80 दुकानों हेतु निर्धारित शासकीय दर एवं अमानत राशि एवं नियम-शर्तों तथा दुकाना आमंत्रण हेतु निर्णय बहुमत से लिया गया। मेयर-इन-फॉसिल की बैठक दिनांक 24.09.2025 के संकल्पनां क्रमांक 06 में अनुसार सजय बाजार परिसर में स्थित एक्स-वाई ब्लाक की दुकानों के पीछे में स्थित 10 नग छोटी दुकाना का बाजार मूल्य मार्ग दर्शिका) कलेक्टर गाईड नाईन 2019-20 के आधार पर प्रति दुकान का निम्नानुसार शासकीय दर (आफसेट दर) निर्धारित किया गया। साईज 85 बनी की (10 दुकाने) 6ई लाख परशासकी दर (आफसेट दर) 2 निर्धारित शासकीय दर का 10 प्रतिशत अमानत राशि निर्धारित होगा, जोकि डीसी के रूप में होगा शासन के आदेशानुसार निर्धारित शार उपरोक्तानुसार शासकीय दर का 10 प्रतिशत किराया निर्धारित होगा।

नियम-शर्तों तथा दुकानों का निर्धारित आरक्षण रोस्टर के तहत् बंद लिफाफा पद्धति के माध्यम से नीलामी किये जाने हेतु निविदा आमंत्रण की स्वीकृति का निर्णय लिया गया। संकल्प कनांक 07 में अनुशंसा अनुसार निगम स्वामित्व के चिन्हांकित शासकीय भवनों में एल.ई.डी. के माध्यम से विज्ञापन किये जाने हेतु शासकीय दर रू0 700/-प्रति वर्गफीट प्रति वर्ष निर्धारित करने एवं अमानत राशि तथा नियम शर्ते निर्धारित कर बंद लिफाफा पद्धति के तहत् निविदा आमंत्रण की स्वीकृति हेतु विचार एवं निर्णय बाबत् । मेयर-इन-कॉसिल की बैठक दिनांक 27.05.2025 के संकल्प क्रमांक 18 में अनुशंसा अनुसार वीर सावरकर भवन सह लॉन का संचालन करने हेतु किसी कंपनी को 05 वर्षों के लिए ठेका पर दिये जाने हेतु प्रतिवर्ष का अधिकतम ठेका राशि नियम शर्तों का निर्धारण कर निविदा आमंत्रण की स्वीकृति का निर्णय बहुमत से लिया गया। विगत दिनों रेलवे कॉलोनी परिसर में अवैध अतिक्रमण कर रहे लोगों को हटाए जाने की कार्रवाई का विरोध करने प्रभावित लोग सैकड़ो की संख्या में नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर निगम के विरोध में नारेबाजी किया इन लोगों का कांग्रेस से पार्षदों ने पूरा साथ दिया इन लोगों ने मांग किया कि महापौर उनके समक्ष आकर उनकी बातें सुनी और उन्हें उनके समस्याओं के निदान का आश्वासन दें। इस पर महापौर ने सभी से कहा कि उन्हें व्यवस्थापित किए जाने के लिये शासन से अनुरोध करेंगे।

# ग्रामीण डाक सेवक संघ पोस्टमेन एमटीएस व रेल डाक सेवा पेंशनर्स बस्तर का संयुक्त अधिवेशन

**कोण्डागांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण अंचलों में डाक सेवा प्रदान करने वाले ग्रामीण डाक सेवक संघ एवं रेल डाक सेवा पेंशनर्स एशोसिएशन का संयुक्त द्विवार्षिक अधिवेशन अभिनंदन पार्क जगदलपुर में 12 अक्टूबर को सम्पन्न होने की जानकारी को प्रेस से साझा करते हुए बताया गया कि बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से डाक कर्मचारी व पेंशनर्स उपस्थित रहे।



पिछले कार्यकाल के लेखा जोखा को अधिवेशन में प्रस्तुत किया गया एवं परिमंडल सचिव नारायण चौधरी एवं के.पी.पानीग्राही उपाध्यक्ष केंद्रीय कार्यकारणी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नए संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में अरुण त्रिपाठी, गंगासिंह ठाकुर, प्रेमलाल जैन, मदन आचार्य एवं अध्यक्ष पद पर अनिल दीवान कोंडागांव, कार्यकारी अध्यक्ष ललित पाणिग्राही, संभागीय सचिव खगपति सेठिया, कोषाध्यक्ष धनीराम नाग, उपाध्यक्ष नईम खान, सहायक सचिव के सरकार, रजलाल सहारे, अशोक कश्यप, दिनेश जैन, समय लाल पटेल, संगठन सचिव एम पुरुषोत्तम, प्रेमसिंह ठाकुर, रमेश द्विवेदी, केदार ठाकुर, सरस्वती नायर इसी प्रकार मीडिया प्रभारी के लिए डिकेश मिर्झा कोंडागांव को नियुक्त किया गया।

अखिल भारतीय डाक एवं रेल डाक सेवा पेंशनर्स एशोसिएशन का भी नई कार्यकारिणी का गहन किया गया, जिसमें अध्यक्ष जैसी दास, कार्यकारी अध्यक्ष कमल साहू, शम्भू नाग राणा, अजय करायत, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार घोष संभागीय सचिव के इन राम, सहायक सचिव मचाशंकर, जीआर मरसकोले, पीएल रजक, कोषाध्यक्ष उमेश चन्द्र आचार्य, सहायक कोषाध्यक्ष एचएस विश्वकर्मा, संगठन सचिव डीएन जैन, एआर मुखर्जी, एसके देवांगन अंकेक्षक एचटी पाल को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार पोस्टमेन एमटीएस में संभागीय अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, का.जयराम बघेल, उपाध्यक्ष रूपेंद्र बघेल, रवि मौर्य, सचिव हुलासराम साहू, दौलत कुमार सिन्हा, सहायक माँझीराम मरापी, दीपक चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, चंदर मल ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, सरिता नाग, अभिजीत गुप्ता, अम्बेडकर सिंह, रवि मौर्य, अंकेक्षक यूके महतो को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला से स्वागत किया गया। संचालन कर रहे जैसी दास एवं पूर्व सचिव गंगासिंह ठाकुर ने कहा हमें अपने हक अधिकार के लिए संगठन को मजबूत करना है। ग्रामीण डाक सेवक संघ ही देश मे एक संगठन है, जिसके संघर्ष के बदौलत आज ग्रामीण डाक सेवकों की स्थिति सम्मानजनक है। कार्यक्रम में पूरे संभाग से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण डाक सेवक पोस्टमेन एमटीएस व पेंशनर्स उपस्थित हुए।

# उड़िदगांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज!



## उद्घाटन मैच में उड़िदगांव ने सरगीपाल को एक रन से हराया

**फरसगांव/बड़ेराजपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मचली के ग्राम उड़िदगांव शीतलापारा बांधा मैदान में दीपावली के पावन अवसर पर पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज़ हुआ।

यह आयोजन 13 अक्टूबर से शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ सर्वप्रथम पूजा अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें उड़िदगांव ने सरगीपाल को मात्र 1 रन के करीबी अंतर से मात दी।

**मैच का विवरण-**

उद्घाटन मैच में सरगीपाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया और उड़िदगांव की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उड़िदगांव की टीम ने निर्धारित 6 ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 76 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में, सरगीपाल की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरे ओवर खेले लेकिन 75 रन ही बना सकी और इस रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हार गई।

**पुरस्कार राशि-**

इस प्रतियोगिता में विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार राशि 15051 और द्वितीय पुरस्कार राशि 7051 रखी गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 651 निर्धारित किया गया है।

आयोजन समिति और गणमान्य व्यक्ति- इस सफल आयोजन में ग्रामवासी और क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच गणेश मरकाम मचली, उपसरपंच योगेन्द्र मरकाम, सुकलाल मरकाम, तुलसी मरकाम, सागर मरकाम, किशन मरकाम क्रिकेट समिति के पदाधिकारीअध्यक्ष लोकेश नेताम, उपाध्यक्ष संतोष मरकाम कोषाध्यक्ष ओमदेव नेताम, सचिव मुन्ना नेताम, सदस्य सोनराज, श्रवण, शोरी, श्रवण, वट्टी, संतोष, रिन्कु, अनुज, खिलेन्द्र, रजऊ, सोहन, तेजप्रताप, पवन, मकशुदन, सुलेन्द्र, कैलाश लालबहादुर, राजेश, शंकर मरकाम, शंकर, नेताम, सोनू, योगेन्द्र, सतेन्द्र, पुनीत, रवि, महेन्द्र, दिपेश, नितेश, नितेश, तार्मध्वज द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

# बदहाल सड़क को लेकर आप का प्रदर्शन, बड़ेडोंगर में चक्काजाम

**फरसगांव/बड़ेडोंगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बड़ेडोंगर (लाटापारा) चौंक से धनोरा तक की जर्जर और बदहाल सड़क तथा पुल-पुलिया की मरम्मत की मांग को लेकर आज आम आदमी पार्टी (आप) ने उग्र प्रदर्शन किया। च्आपज् के जिलाध्यक्ष सुकूराम नाग के नेतृत्व में बड़ेडोंगर बस स्टैंड चौंक पर धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम किया गया, जिससे आवागमन बाधित हुआ।

**सड़क पर बड़े गड्ढों से जनता त्रस्त**

जिलाध्यक्ष सुकूराम नाग ने सड़क की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ेडोंगर (लाटापारा) चौंक से धनोरा तक की सड़क और पुल-पुलिया पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और इसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। उन्होंने बताया कि इस रास्ते पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों का चलना बेहद मुश्किल हो गया है। आम जनता के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों, कर्मचारियों और विशेष रूप से गंभीर बीमारियों के मरीज व गर्भवती महिलाओं को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



**सांसद और विधायक पर अनदेखी का आरोप**

नाग ने शासन-प्रशासन और स्थानीय लोकसभा सांसद व विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जनता को च्डबल इंजन की सरकारज् के हवाई जहाज नहीं, बल्कि ज़मीन पर विकास चाहिए, न कि बीजेपी की च्ढकोसला रायता फर्जी जनता को गुमराह करने वाली अनुशंसा लेटर पैडज्। उन्होंने साफ कहा कि आम जनता को मुख्यधारा से जोड़ने वाली सड़क की आवश्यकता है।

**एक सप्ताह में मरम्मत न होने पर एनएच-30 पर प्रदर्शन की चेतावनी**

आम आदमी पार्टी, बड़ेडोंगर ब्लॉक अध्यक्ष बिरजू राम सलाम ने इस मुद्दे पर सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने मांग की कि इस क्षेत्र की जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए। ऐसा न होने पर, आम आदमी पार्टी जिला इकाई कोंडागांव के नेतृत्व में ह॥ 30 सड़क पर व्यापक आंदोलन, चक्का जाम और विशाल घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों और अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ आने वाले समय में विशाल प्रदर्शन होगा।आज के आंदोलन और चक्का जाम में आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# स्वच्छता का संदेश लेकर बोरगांव के स्वयंसेवक बच्चों ने किया श्रमदान




**फरसगांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरगांव के स्वयंसेवक बच्चों ने रविवार को ग्राम पंचायत पूर्वी बोरगांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान 46 स्वयंसेवकों ने मुख्य मार्ग, ढाबे के आसपास और सड़क किनारे से खरपतवार, कूड़ा-करकट और प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।यह अभियान स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और च्स्वच्छ भारतज् का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ श्रमदान करते हुए पूरे क्षेत्र को साफ किया और सभी को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार बघेल के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की।

# करवाचौथ पर आपत्तिजनक पोस्ट

**फरसगांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिन्दू धर्म के पवित्र पर्व करवाचौथ को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस नेता गौतम साहू, पिता बिरस प्रसाद साहू, ग्राम माकड़ी, विकासखण्ड माकड़ी, जिला-कोण्डागांव द्वारा की गई इस पोस्ट के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाना फरसगांव में शिकायत दर्ज कराई है और उनके खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



- कांग्रेस नेता गौतम साहू के खिलाफ एफआईआर की मांग
- भाजपा महिला मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

भाजपा महिला मोर्चा ने थाना प्रभारी, फरसगांव को सौंपे गए शिकायत पत्र में कहा है कि गौतम साहू ने सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट साझा की है, जिसमें करवाचौथ जैसे पवित्र हिन्दू पर्व का उपहास उड़ाया गया है। महिला मोर्चा ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और समाज में असामंजस्य एवं सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वाला कृत्य बताया है। शिकायत के साथ संबंधित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट की प्रति भी संलग्न की गई है, जिससे पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत संज्ञान ले सके। इस दौरान शिकायत दर्ज कराने वालों में भाजपा महिला मोर्चा से सोमा दास, राजकुमारी नेताम, मनीषा नेताम, लीलावती नेताम, संगीता राव, धनबति मांडवी, तथा फरसगांव से प्रवीर सिंह बदेशा, तरुण साना, मानकु नेताम, प्रशांत पात्र, मुलचंद पांडे, धनराज पांडे, सुकडू राम मंडावी, निर्मल नाग, भरत जैन, बहादूर महावीर, नरेंद्र गौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस से भारतीय दण्ड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत श्री गौतम साहू के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू करने की बात कही है।

# मेंडोली में मनाया मानसिक स्वास्थ्य दिवस

## तनाव रहित जीवन के दिए गए टिप्स



**दंतेवाड़ा**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल पोटाकेबिन मेंडोली में बच्चों को विभिन्न जानकारियां दी गई। पढ़ाई के दौरान तनावरहित रहने के टिप्स दिये गए। यह भी बताया गया कि स्वस्थ तन के साथ स्वस्थ मन का होना भी जरूरी है। इसके बाद ही जीवन में सर्वांगीण विकास का सपना साकार हो सकता है। लगातार अध्ययन से मानसिक बोझ जैसी स्थिति बनती है, लेकिन इसे योग तथा मेडिटेशन से दूर किया जा सकता है। आयोजन में सेवा निवृत्त शिक्षिका और आर्ट ऑफ लिविंग ग्रुप दंतेवाड़ा की संचालिका श्रीमती जयश्री चौहान ने विस्तार पूर्वक इस बारे में अपनी बात रखी और महत्वपूर्ण जानकारी दी। आयोजन में मेटापाल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर ने भी इस विषय पर उपयोगी जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अनिता वट्टी और हास्टल के अधीक्षक एवं सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# आर. कृतिका को बाल नृत्य कला श्रेष्ठ टाईटल



**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन नित्याथी कलाक्षेत्रम और नवीन संगीत कॉलेज के सहयोग से नृत्य, संगीत और वाद्ययंत्र की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 और नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 रायपुर के रंग मंदिर में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में किरंदुल शहर की 5 साल की आर. कृतिका (पिता- आर मनमध राव, 11सी/डाउनहिल -इलेक्ट्रिकल) ने गुरू नेपाल मलिक के मार्गदर्शन में माईनर श्रेणी में सोलो प्रदर्शन दिया। इसमे आर. कृतिका ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और साथ ही आर कृतिका को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बाल नृत्य कला श्रेष्ठ टाईटल से सम्मानित भी किया गया। ये वही बच्ची है जिसने 2 महीने पहले झूम तराना महोत्सव मे पहला स्थान हासिल कर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन किया था।

# नए एलपीजी कनेक्शन के लिए 31 तक जमा होंगे आवेदन

**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देशभर में 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले में सुशासन तिहार और नियद नेल्लानार योजना के तहत पात्र माताओं-बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।




इस निर्णय से जिले की हजारों माताओं-बहनों के जीवन में स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण का नया उजाला फैलेगा। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति और स्वच्छ रसोई का वातावरण मिलेगा। पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर तक अपने-अपने ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के सचिव, सरपंच, पार्षद अथवा निकटस्थ गैस एजेंसी में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद गैस एजेंसी द्वारा पात्र हितग्राहियों का परीक्षण कर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) के माध्यम से उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।

- सुशासन तिहार और नियद नेल्लानार योजना के पात्र लोगों को मिलेगा लाभ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलेगा नया कनेक्शन

समस्त एपीएल राशन कार्डधारी परिवार, आयकर दाता परिवार, शासकीय कर्मचारी परिवार, जिन परिवारों को पूर्व में सामान्य या उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी किया जा चुका है, 30 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के मकान के स्वामी परिवार, तीन या चार पहिया वाहन स्वामी तथा 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि एवं सिंचाई उपकरण वाले परिवार इस योजना से वंचित रहेंगे। इसके साथ ही आवेदन के साथ बीपीएल राशन कार्ड, परिवार के 18 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों का आधार कार्ड, महिला मुखिया का बैंक पासबुक आवश्यक दस्तावेज के रूप में जमा करना होगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा व आने वाले वर्षों में पुरे समाज के विकास का आधार बनेगा। केन्द्र सरकार के इस निर्णय से जिले में जीवन के गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की महिलाओं अब प्रदूषण रहित वातावरण में जीवन जी सकेंगी।

# राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी में कोटवेल की टीम ने जीता खिताब

**फरसगांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। फरसगांव नगर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य और रोमांचक समापन हुआ। वाईएससी क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्यभर से लगभग 60 से 70 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसने फरसगांव के खेल मैदान को कबड्डी प्रेमियों के महाकुंभ में बदल दिया।



**बरकई उप-विजेता रही**

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक के ग्राम कोटवेल की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। रोमांच से भरपूर फाइनल मुकाबले में कोटवेल ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए बरकई की टीम को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान फरसगांव का मैदान हजारों दर्शकों की तालियों और उत्साह से खचाखच भरा रहा, जिसने मुकाबलों के रोमांच को चरम पर पहुँचा दिया।

**विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण**

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीमों को नगद राशि और आकर्षक ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी पुरस्कारों का वितरण आयोजनकर्ता वाईएससी क्लब द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार कोटवेल 20,000 नगद एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार बरकई 10,000 नगद एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार आवरभाटा 7,000 नगद एवं ट्रॉफी एवं चतुर्थ पुरस्कार बड़बतर 4,000 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सफल आयोजन में नगरवासियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा, जिससे यह डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

# सर्वपिछड़ा वर्ग समाज की बैठक आयोजित



**कोण्डागांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोंडागांव अंतर्गत केशकाल ब्लॉक की बैठक बहिगांव श्रीराम मंदिर में संपन्न हुआ, जिसमें 17 अक्टूबर दिन शुक्रवार को भानुप्रतापपुर में पिछड़ा वर्ग स्थापना दिवस में शामिल होने संबंधी चर्चा हुई। जहां पर सभी ग्रामों से हजारों की संख्या में लोगों के जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस संबंध में अलग-अलग ग्रामों में एवं विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर बैठक करने का भी निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सम्मिलित होने जा रहे हैं। जिसमें बस्तर संभाग से भी लाखों की संख्या में सामाजिक जन सम्मिलित होंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर बल

**कोण्डागांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल खालेमुरवेंड में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, सेहत और सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के कारण, समाधान और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बताया गया कि घरेलू जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग और ध्यान के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सकता है। बच्चों को शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की गई। बालिकाओं ने अपने मन में उठ रहे प्रश्नों और समस्याओं पर चर्चा की, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। बालिकाओं के उत्साहवर्धन हेतु 100 मीटर दौड़, कबड्डी, कुर्सी दौड़ और निबंध प्रतियोगिता सहित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' तथा 'अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' विषय पर आधारित प्रतियोगिताओं में विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पंच, कोटवार सहित श्रीमती ज्ञाना मंडावी परियोजना अधिकारी, केशकाल प्रभारी, श्रीमती माधुरी उसेण्डी, जेंडर विशेषज्ञ, जिला महिला सशक्तिकरण कार्यालय, विद्यालय प्राचार्य, स्कूल स्टाफ, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा, नवाचार को प्रोत्साहन

**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विद्यालयीन छात्रों में वैज्ञानिक खोज एवं विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने तथा उभरते वैज्ञानिकों को अपने विचारों के आदान-प्रदान का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार के तहत आज जिले में जिला एवं जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में संपन्न हुआ।




- जिला एवं जोन स्तरीय विज्ञान सेमीनार में शानदार भागीदारी
- कटेकल्याण की अनुष्का को मिला प्रथम स्थान

इस अवसर पर जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार में विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर अपने शोध पूर्ण विचार और प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अनुष्का नाग (शास. क. उ. मा. वि. कटेकल्याण) ने प्रथम स्थान, मोहम्मद गुलफाम (शास. उ. मा. वि. गीदम) ने द्वितीय स्थान तथा पोड़ियाम सोनू (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कुआकोण्डा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जोन स्तरीय प्रतियोगिता में श्रृष्टी ढाली (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सुकमा) ने प्रथम स्थान, अदिती नेताम (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बीजापुर) ने द्वितीय स्थान, और अनुष्का नाग (शास. क. उ. मा. वि. कटेकल्याण) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में श्रीमती साधना उरकुड़े, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा डॉ. फिरदौस व्याख्याता कन्या शिक्षा परिसर पातरराास तथा श्रीमती तुमेश्वरी साहू, व्याख्याता शा. क. उ. मा. वि. बचेली उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, सहायक परियोजना अधिकारी केशव सिंह, प्राचार्य श्रीमती नेहा नाथ, सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

# अब ई-नीलामी से होगा रेत खदानों का आबंटन

## प्रक्रिया की जानकारी देने 16 को ट्रेनिंग

**दंतेवाड़ा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के भू-विज्ञान एवं खनिज विभाग द्वारा प्रदेश में गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एमएसटीसी (एमएसटीसी) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और तकनीकी रूप से सशक्त बनेगी। ई-नीलामी प्रक्रिया से संबंधित सभी कार्यवाही जैसे निविदा जारी करना, इच्छुक बोलीकर्ताओं का पंजीयन, ऑनलाइन बोली लगाना, तकनीकी अहर्ता प्राप्त बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया तथा अधिमानी बोलीदार का चयन पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। इस तकनीकी प्रणाली से नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और मानवीय त्रुटि या पक्षपात की संभावना समाप्त होगी। भू-विज्ञान एवं खनिज विभाग द्वारा ई नीलामी प्रणाली के संचालन को सुचारू बनाने हेतु संभागवार प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। बस्तर संभाग के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 अक्टूबर को शहीद वीर गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय, कुमरावंड के सभागार में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में एमएसटीसी के विशेषज्ञ अधिकारी पोर्टल पर पंजीकरण से लेकर बोली प्रक्रिया तक की विस्तृत जानकारी देंगे। खनिज विभाग ने सभी जिलाधिकारियों, खनिज अधिकारियों, तकनीकी सहायकों और इच्छुक बोलीकर्ताओं से समय पर प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित होकर पोर्टल की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है, ताकि आगामी रेत खदानों की ई नीलामी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा सके।

संपादकीय

## क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी

*छत्तीसगढ़ में अनेक ऐसे प्रकरण सामने आते रहते हैं जिनमें मामूली सी बात से तैश खाकर लोग लड़-भिड़ जाते हैं। कई बार किसी का क्रोध किसी को घायल कर जाता है तो कोई किसी की हत्या कर अपने गुस्से को ठंडा करता है। कुछ लोगों को इसका पछतावा होता है तो कई लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जीवन भर वे अपनी इस करतूत पर गौरवान्वित होते हैं। ऐसा क्रोध के कारणों तथा व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है। सम्पत्ति का मामला हो या प्रेम प्रकरण अथवा कोई पुरानी रंजिश- कई बार ये ऐसे मोड़ पर आ जाते हैं कि उनमें किसी न किसी पक्ष द्वारा हिंसा बरती जाती है। हालांकि ऐसे सभी मामले अपने पीछे गहरे घाव छोड़ जाते हैं। कोई अपने किसी को खोने का दंश सहता है तो कोई नाराजगी से उपजी हिंसा से जीवन भर आहत रहता है। कई लोगों को इनके चलते अपने जीवन का बड़ा हिस्सा जेलों में गुजारना पड़ता है।*

*बहुत मामूली विवादों से होने वाले झगड़ों अथवा हत्याओं की बात करें तो अनेक प्रकरण ऐसे होते हैं जिनमें इतना छोटा कारण होता है कि वह सुनने वाले को तो यह सोचकर आश्चर्य में डाल देता है कि, क्या इतनी छोटी सी वजह से कोई किसी को पीट देता है या घायल कर सकता है अथवा हत्या पर तक उतारू हो जाता है। पिछले दिनों एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी गयी क्योंकि उसके कहने के बाद भी घर में मछली नहीं बनाई गई थी। वह शराब पीकर घर लौटा था।*

*यूं तो शराब के नशे में अपने मित्रों, परिजनों आदि को मारने की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कई बार मारने वाला पूरे होशो-हवास में रहता है। इसका कारण सिर्फ गुस्सा होता है। गुरुवार को पोड़ी थाना (चिरमिरी) क्षेत्र के अंतर्गत बंजी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उसने राशन कार्ड और सामान खरीदी के लिये पति द्वारा दिये गये 700 रुपये कहीं गुम कर दिये थे। घटना गुरुवार की है जब बहुत ढूंढ़ने पर भी उक्त महिला को कहीं खो गया अपना राशन कार्ड व नगदी नहीं मिली तो उसने रात को अपने पति को यह जानकारी दी। इससे उसका पारा ऐसा चढ़ा कि मुक्के तथा हथौड़े से मार-मारकर उसने अपनी बीवी को इस कदर घायल कर दिया कि उसने दम ही तोड़ दिया।*

*यह सोचने की बात है कि उपरोक्त हत्या इतनी छोटी राशि और वजह से की गयी कि वह अपने आप में हास्यास्पद और दुखद दोनों ही है। यह राशि किसी की जान से बढ़कर नहीं हो सकती। जहां तक राशन कार्ड की बात है, वह नहीं भी मिलता तो मामूली शुल्क से दूसरा बन सकता था। अपने बेवजह क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी है।*

उल्टा पुल्टा

एक लड़का एक सुंदर लड़की को बड़ी देर से घूर रहा था..
लड़की (गुस्से में)- क्या देख रहे हो?
लड़का (हड़बड़ी में)- देख रहा हूँ कि अगर तुम मेरी अम्मा होती तो मैं भी सुन्दर होता..!

# प्रदेश का नया विधानसभा भवन तैयार

## पीएम मोदी राज्योत्सव पर करेंगे लोकार्पण, सदन की सीलिंग पर उकेरी गई हैं धान की बालियां

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छग का नया विधान सभा भवन तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव पर लोकार्पण करेंगे। सदन की सीलिंग पर धान की बालियां उकेरी गई हैं। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बना विधानसभा का नया भवन बनाया गया है।

उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के अंतिम दौर के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान इसके लोकार्पण की तैयारियों का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 1 नवंबर को राज्योत्सव के मौके पर विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। आधुनिक व सर्वसुविधायुक्त इस भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई देगी। विधानसभा के सदन की सीलिंग में धान की बालियां उकेरी गई हैं। सदन के भीतर के ज्यादातर फर्नीचर बस्तर के शिल्पियों द्वारा बनाए गए हैं।



भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बना नया भवन

श्री साव ने विधानसभा के नवनिर्मित संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर अंतिम चरण के कार्यों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यहां स्थापित एयर कंडीशनिंग चीलर प्लांट का भी अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि नवीन विधानसभा भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे तीन सेक्टरों में विभाजित कर बनाया गया है। भवन के सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। फिनिशिंग कार्य भी अंतिम चरण में हैं। दीपावली के बाद शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। अरुण साव ने कहा कि आगामी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। विधानसभा का यह नवनिर्मित भवन छत्तीसगढ़ के इतिहास में बहुमूल्य उपलब्धि होगी।

25 साल पहले वर्ष 2000 में रायपुर के राजकुमार कॉलेज में टेंट से शुरू हुए छत्तीसगढ़ के विधानसभा को खुद का भव्य भवन मिलने जा रहा है। नवीन विधानसभा भवन सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे अगले 50 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। भविष्य में पेपरलेस विधानसभा संचालित हो सके, इसका भी ध्यान रखा गया है।

इस नए भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखेगी, जहां छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप फैसलों को आकार मिलेगा।

**राज्योत्सव की तैयारियों का भी किया निरीक्षण**

उप मुख्यमंत्री साव ने नए विधानसभा परिसर का 57यू अवलोकन करने के बाद नवा रायपुर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर पहुंचकर राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और जरुरी निर्देश दिए।

# रोलिंग मिल में 30 फीट नीचे गिरकर श्रमिक की मौत



■ मुआवजा के लिए धरने पर बैठे परिजन और ग्रामीण

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। उरला स्थित औद्योगिक इलाके में सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी के चलते आए दिन औद्योगिक इकाइयों में हादसे हो रहे और श्रमिक अपनी जान गंवा रहे हैं। उरला के लक्ष्मीनारायण रोलिंग मिल का सामने आया है। जहां बिना सुरक्षा उपकरण के काम कराने के कारण युवक करीब तीस फीट की ऊंचाई से करंट लगने से नीचे गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण धरना के सामने धरने पर बैठ गए हैं और मिल मालिक के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे।

यह घटना रविवार की है। ग्राम अछोली निवासी 25 वर्षीय मनोहर साहू पिता श्रवण साहू उरला के लक्ष्मीनारायण फैक्ट्री में वेल्डर का काम करता था बिना सुरक्षा उपकरण के काम कराने के कारण रविवार को करीब तीस फीट की ऊंचाई से करंट लगने से मनोहर नीचे गिरा। उन्हें तुरंत एनकेडी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मनोहर की असमय फैक्ट्री में हुई मौत की घटना से उसकी वृद्ध मां और गर्भवती पत्नी का सहारा छिन गया। जो बच्चा अभी जन्म भी नहीं लिया उसके सर से पिता का साया उठ गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों व ग्रामीण पुलिस थाना के सामने धरने पर बैठे हैं। मृतक के बड़े भाई का कहना है कि मिल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज हो और उचित मुआवजा दिया जाए।

# कलेक्टर कान्फ्रेंस को लेकर उठे सवाल भ्रामक

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। देशबन्धु के कल 13 अक्टूबर के अंक में केपिटल जोन पेज पर प्रकाशित 'कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में कोरबा कलेक्टर की सराहना पर सवाल!' शीर्षक से प्रकाशित समाचार तथ्यों से परे है। वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में कोरबा कलेक्टर की पी.एम. सूर्यघर योजना में अच्छा काम करने के लिए तारीफ की है जिसकी प्रशंसा की जा रही है।

**मुख्यमंत्री के निर्देशों का हुआ स्वागत**

मुख्यमंत्री के इस पारदर्शी और जनहित निर्देशों का आमजनों ने भी स्वागत किया है। इस मामले पर शिकायत मिलने पर देशबन्धु के समाचार प्रभाग ने स्पष्ट किया है कि जनसंपर्क अधिकारी बालमुकुंद तंबोली का नाम भ्रमवश ही प्रकाशित हुआ है जिसका खंडन करते हैं।

दरअसल जनसंपर्क विभाग से इस समाचार के संबंध में किसी भी संचार माध्यम से कोई सूचना नहीं मिली है और न ही प्रत्यक्ष तौर पर उनसे कोई जानकारी हासिल हुई है।

# राजधानी में 9 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**सीएम हाउस घेराव करने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका**

**मंत्री गजेन्द्र यादव मौके पर पहुंचे और दिया आश्वासन**





**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में किसानों ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च निकालकर अपनी कई लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ के आह्वान पर हजारों किसान राजधानी में जमा हुए और उचित मूल्य पर धान खरीद, गन्ने के समर्थन मूल्य और हाफ बिजली बिल जैसी अहम मांगों को लेकर सड़कों पर उतर आए।

किसानों का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री से सीधे बातचीत करना और उनकी 9 सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा कराना था। हालांकि, प्रदर्शन स्थल पर स्प्रे शाला के पास पुलिस ने किसानों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान प्रदेश के शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव मौके पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान संगठनों से मिलने का आग्रह किया है और उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन को राजनीतिक रूप देने की बजाय किसानों की वास्तविक समस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सिंचाई के लिए 2800 करोड़ रुपए की राशि सीएम द्वारा जारी की जा रही है, वहीं कवर्धा के गन्ना किसानों की लंबित राशि भी जल्द ही केबिनेट में प्रस्तावित कर भुगतान किया जाएगा।

मंत्री के आश्वासन के बावजूद किसान संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि केवल 9 में से 4 मांगों के पूरा होने की बात कही गई है, लेकिन किसानों का कहना है कि सभी मांगें समय पर पूरी की जाएं।

**किसानों की 9 सूत्रीय मांगें बिजली**

घरेलू बिजली पर हाफ बिल योजना पुनः लागू की जाए और कृषि पंपों को 24 घंटे बिजली दी जाए।

**बकाया भुगतान:** पिछले सरकार की बकाया चौथी किस्त की राशि दीपावली से पहले भुगतान की जाए।

**धान खरीद और समर्थन मूल्य:** एग्रीस्टेक की विसंगतियों को दूर किया जाए, धान की राशि 3100 में बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य 186 रुपये जोड़कर दी जाए। धान खरीद 1 नवंबर से 15 फरवरी तक की जाए। किसानों से 40 किलो 700 ग्राम से अधिक धान न लिया जाए और सभी समितियों में यह नियम बैनर द्वारा प्रदर्शित किया जाए। खाद की कालाबाजारी बंद हो और सहकारी समितियों में भंडारण सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए और नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंचे।

**दलहन एवं तिलहन:** दलहन और तिलहन की खेती पर 20 हजार रुपये अनुदान दिया जाए तथा रबी में दलहन, तिलहन, मक्का और सूरजमुखी की खरीद की जाए।

**गन्ना:** कृषक उन्नति योजना में गन्ना फसल को जोड़ा जाए और गन्ने का समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति चिंटल किया जाए; गन्ना किसानों की लंबित राशि शीघ्र भुगतान की जाए।

**जैविक खेती:** भारत सरकार द्वारा जैविक खेती पर दिए जाने वाले अनुदान को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी किसानों को दिया जाए।

किसान संघ का कहना है कि अगर उनकी मांगों को समय पर पूरा नहीं किया गया, तो वह भविष्य में और बड़े आंदोलन का मार्ग अपनाने के लिए बाध्य होंगे।

# महापौर मीनल चौबे पहुंची जापान की टोयोटा सिटी

**बड़े अनुभव लेकर लौटेंगी नगर निगम**



**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक मामले विभाग के आमत्रंण पर जापान की टोयोटा सिटी में 14 से 16 अक्टूबर तक 3 दिवसीय 2025 अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम का आयोजन होने जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे टोयोटा सिटी पहुंच चुकी हैं।

संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास कार्यालय संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के सतत् विकास लक्ष्यों प्रभाग के अंतर्गत है। इसके व्दारा 2025 अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम का आयोजन टोयोटा सिटी, जापान में किया जा रहा है। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय विकास केंद्र, यूएन-हैबीटेट और टोयोटा सिटी के सहयोग से किया जा रहा है। इस फोरम में राष्ट्रीय सरकारों, स्थानीय निकाय प्रमुखों, संघों, के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। ये आमंत्रित प्रतिनिधि 2030 एजेंडा पर विचार मंथन करेंगे, जिससे बड़े विकास लक्ष्यों को लेकर पाँच वर्षों में काम किए जा सकें। इस फोरम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय और क्षेत्रीय सरकारों को नीति संवाद और ज्ञान साझा करने के लिए वार्षिक मंच प्रदान करना है, ताकि 2030 एजेंडा और एसडीजी के क्रियान्वयन से जुड़े मुख्य पहलुओं पर चर्चा की जा सके।

यह फोरम स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सरकारों के लिए एक रणनीतिक अवसर होगा, जहाँ वे भविष्य के लिए फाइनेसिंग फार डेवलपमेंट 2025 जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक एजेंडों को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकेंगे।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज का उल्हासनगर में होगा प्रवचन

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज का 16 अक्टूबर को साईं वसणशाह दरबार उल्हासनगर में प्रवचन होगा। कार्यक्रम वसणशाह दरबार के गद्दीनशीन साईं कालीराम साहिब की पहल पर मसन्द सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब के माध्यम से आयोजित किया गया है।

# कांग्रेस में जिलाध्यक्ष के 41 पदों के लिए 5000 आवेदन

## जिलाध्यक्ष बनने लगी होड, प्रियंका गांधी के फॉर्मूले पर होगी नियुक्ति

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस में जिलाध्यक्षों की नई नियुक्ति दिवाली से पहले होनी है। कुल 41 पद हैं, जिसके लिए 5000 से ज्यादा दावेदारों ने आवेदन भेजे हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में जिला अध्यक्ष बनने को लेकर जबरदस्त होड़ लगी है। यहां 41 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए रिकॉर्ड 5000 से ज्यादा दावेदारों ने आवेदन किया है। ऐसे पार्टी संगठन के सामने जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की बड़ी चुनौती होगी।

हालांकि, कांग्रेस का कहना है कि चयन पारदर्शी होगा, युवाओं और साफ छवि वाले नेताओं को तवज्जो दी जाएगी। एक चर्चा यह भी है कि क्या इस बार कांग्रेस प्रियंका गांधी के 40 प्रतिशत महिला भागीदारी वाले फार्मूले को लागू करेगी ? कांग्रेस नेतृत्व ने कई बार सार्वजनिक मंचों से कहा है कि संगठन में महिलाओं को बराबर की भागीदारी दी जाएगी, लेकिन जमीनी हालात इससे बहुत अलग हैं।

**अभी तक सिर्फ 9 प्रतिशत महिलाओं को मौका**

जानकारी के मुताबिक, साल 2023 तक 36 में से 6 महिलाओं को मौका मिला था। 2025 में 41 में से महज 4 जिलाध्यक्ष महिलाएं हैं। इसका आशय है 2023 और 2025 के कार्यकाल में महज 9 प्रतिशत महिलाओं को अवसर मिला है।

वर्तमान में 4 महिला जिलाध्यक्ष जिसमें बलौदाबाजार-सुमित्रा धृतलहरे, महासमुंद-रश्मि चंद्राकर, सुकमा- महेश्वरी बघेल और कांकेर-सुभद्रा सलाम है।

**अधिकांश जिलों में पुरुषों का दबदबा**

इस बार हर जिले से 6 नामों का पैनल भेजा जाएगा, लेकिन इन पैनलों में महिलाओं की संख्या काफी कम है। कुछ जिलों में महिला दावेदारों ने मजबूती से आवेदन किया है, जिनमें धमतरी से डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, सूरजपुर से भगवती राजवाड़े और बिलासपुर शहर से सीमा पांडेय शामिल हैं। अधिकांश जिलों की सूची में पुरुषों का ही दबदबा है।



**20 अक्टूबर को भेजे जाएंगे नाम**

कांग्रेस का कहना है कि 35 से 55 साल के बीच की उम्र वाले, साफ-सुथरी छवि वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन पर कोई आपराधिक प्रकरण नहीं है, वही चयन के पात्र होंगे। ब्लॉक स्तर पर 121 बैठकें कर कार्यकर्ताओं की राय ली गई। सभी जिलों के नामों के पैनल 20 अक्टूबर तक ए आई सी सी को भेजे जाएंगे, और अंतिम निर्णय दिल्ली स्थित कांग्रेस आलाकमान द्वारा लिया जाएगा।

इसके लिए 18 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें सुबोध कांत सहाय, अजय कुमार लल्लू, उमंग सिंघार, रेहाना रेयाज़ चिश्ती और सुहिना कावरे शामिल हैं। पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे ने कहा कि कार्यकर्ताओं को किसी भी दबाव में आए बिना निष्पक्ष राय देनी चाहिए।

**महिलाओं को भी बराबर जिम्मेदारी मिलेगी**

कांग्रेस का दावा है कि वह संगठन में नया खून लाना चाहती है। लेकिन जिन नामों पर चर्चा हो रही है, उनमें कई पुराने चेहरे ही हैं। पार्टी के अंदर भी आवाजें उठ रही हैं कि अगर पैनल हर बार की तरह गुटबाजी और सिफारिशों से बने, तो संगठन मजबूत नहीं होगा।

इस बार कांग्रेस के पास अपने वादे पर खरा उतरने का अवसर है। यदि 41 जिलाध्यक्षों की सूची में महिलाओं की उपस्थिति नहीं हुई, तो यह साफ संदेश जाएगा कि पार्टी की कथनी और करनी में अभी भी अंतर है। लेकिन यदि कांग्रेस वास्तव में 40 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करती है, तो यह संगठनात्मक राजनीति में एक साहसिक और ठोस कदम माना जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का कहना है कि चयन प्रक्रिया अभी चल रही है। बैठकें और कार्यकर्ताओं से चर्चा का दौर जारी है, और मजबूत महिला कार्यकर्ताओं को भी बराबर जिम्मेदारी देने की कोशिश की जा रही है।



दीपावली के पूर्व हो वेतन भुगतान : डेवेश साहू

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन मगरलोड ब्लॉक के प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने कर्मचारियों को 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता बढ़ाकर दीपावली का तोहफा दिया है जो कि जुलाई से देय होगा। इस प्रकार केन्द्रीय कर्मचारियों को कुल 58 प्रतिशत भुगतान हो रहा है।



# हरित विकास का रोडमैप तय, राज्य में वन धन केन्द्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत : साय

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित कलेक्टरङ्कडीएफओ संयुक्त कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के वन प्रबंधन, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, लघु वनोपजों के मूल्य संवर्द्धन (वैल्यू एडिशन), ईको-टूरिज्म, औषधीय पौधों की खेती और वनों से जुड़ी आजीविका के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों की संख्या आज 12 लाख से अधिक हो चुकी है, जो हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि हम वन उपज का अधिकतम वैल्यू एडिशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को अधिक आय के साधन मिल सकें और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।

प्रदेश में अब 46 प्रतिशत वन आवरण हो चुका है, जो लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में कैम्पा योजना और च्यएक पेड़ मां के नामज्ञ जैसी अभिनव पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान सात से पंद्रह दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान की जानकारी एसएमएस के माध्यम से सीधे संग्राहकों के मोबाइल पर भेजी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में बताया गया कि लगभग 15 लाख 60 हजार संग्राहकों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज हो चुकी है और सभी भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया के पूर्ण कंप्यूटरीकरण की पहल को और तेज करने के निर्देश दिए।



कॉन्फ्रेंस में औषधीय पौधों की खेती के विस्तार हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाने और इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लेने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिलों में पिछले सीजन में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी सीजन के लिए पूर्व-कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि संग्राहकों को समय पर लाभ मिल सके और किसी प्रकार की देरी न हो।

श्री साय ने कहा कि लघु वनोपजों को वनांचल क्षेत्रों में आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। बैठक में लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और वन धन केंद्रों को सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके। छत्तीसगढ़ हर्बल और संजीवनी ब्रांड के उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि इन उत्पादों की बिक्री ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में बढ़ाई जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों के लिए एक मजबूत मार्केट नेटवर्क विकसित हो सके। साथ ही, उत्पादों के जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने पर बल दिया गया।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यदि सभी कलेक्टर और वन अधिकारी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें, तो इसके अत्यंत अच्छे परिणाम सामने आएंगे। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि बस्तर और सरगुजा संभागों में विशेष रूप से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे आजीविका से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब 75 प्रकार की लघु वनोपजों की खरीदी करने जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर है, और यदि ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्षित रूप से कार्य किया जाए तो प्रदेश देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है।

**औषधीय पौधों की खेती के विस्तार की नई पहल**

बैठक में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। धमतरी, मुंगेली और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिलों में औषधीय पौधों की खेती से संबंधित विषयों पर उपस्थित डीएफओ को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि औषधीय पौधों की खेती न केवल लोगों की आजीविका बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि पारंपरिक उपचार पद्धतियों के ज्ञान को भी आगे बढ़ाएगी। औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और लोगों की आय में वृद्धि के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टर एवं वन मंडलाधिकारी उपस्थित थे।

# उपाध्याय महेंद्र सागर महाराज बनेंगे आचार्य

## बाड़मेर के चादर महोत्सव में मिलेगी पदवी



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर में चातुर्मास कर रहे खरतरगच्छ के उपाध्याय पद पर विराजमान आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज को आचार्य पदवी से विभूषित किया जाएगा। यह ऐतिहासिक घोषणा आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर महाराज ने बाड़मेर में आयोजित महा मांगलिक कार्यक्रम के दौरान की। जैसलमेर में होने वाले चादर महोत्सव के दौरान आचार्य पदवी प्रदान की जाएगी। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति, विवेकानंद नगर के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा ने कहा कि उपाध्याय भगवंत आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब को आचार्य पदवी की घोषणा से सर्वत्र हर्ष की लहर है।

प्रचार प्रमुख चंद्रप्रकाश लालवानी ने बताया कि दादा गुरुदेव के चादर महोत्सव का आयोजन जैसलमेर में अगले वर्ष 6 से 8 मार्च तक किया जाएगा। महोत्सव में उपाध्याय भगवंत महेंद्र सागरजी महाराज साहब को आचार्य पद प्रदान किया जाएगा। जैन धर्म में संतों की चार पदवी होती है। दीक्षा के बाद साधु बनते हैं। फिर गणि, इसके बाद उपाध्याय और आखिर में आचार्य का सर्वोच्च पद प्राप्त होता है। रायपुर में चातुर्मास के समापन के बाद उपाध्याय भगवंत महेंद्र सागर महाराज साहब ससंघ जैसलमेर की ओर विहार करेंगे।

# रायपुर-धमतरी रेल लाइन का काम तेज

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर रेल मंडल में रायपुर-धमतरी रेल लाइन की कुल लंबाई 67 किलोमीटर है. यह एक कंपोजिट प्रोजेक्ट था. जिसके लिए साल 2012 में 1510 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे. इस प्रोजेक्ट में मंदिर हसौद, नवा रायपुर, अभनपुर, केंद्री और राजिम तक रेल लाइन का विस्तार हो चुका है. इन जगहों के रेलयात्री इस ट्रेन का लाभ ले रहे हैं. यही रेल लाइन अभनपुर से धमतरी तक जाएगी. जिसका काम दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा. रायपुर रेल मंडल ने इसके लिए संभावित तिथि 22 जनवरी जारी की है. इस दिन यह ट्रेन धमतरी तक चलने की संभावना जताई जा रही है.

**जनवरी से पटरी पर दौड़ेगी**

**दिसंबर 2025 तक काम पूरा होने की संभावना**

ऱायपुर रेल मंडल के स्ष्ष्टरूअवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि धमतरी रेल लाइन का काम काफी तेजी से चल रहा है. दिसंबर 2025 तक काम भी पूरा कर लिया जाएगा. साल 2012 में 1510 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी. शुरुआती फेस में जमीन और कुछ दूसरे मामले को लेकर थोड़ी परेशानी थी जिसे दूर कर लिया गया है.

**जनवरी 2026 तक ट्रेन चलाने तक का लक्ष्य**

22 जनवरी तक संभावना है कि धमतरी तक ट्रेन दौड़ने लगेगी. रेलवे ट्रैक के अधिकांश काम पूरे कर लिए गए हैं. धमतरी स्टेशन पर स्टेशन बिल्डिंग के काम भी लगभग अंतिम चरण में है. धमतरी गुड शेड का काम अभी अधूरा है. इस काम को पूरा करने के लिए दिसंबर 2025 का समय दिया गया है. रेलवे को उम्मीद है कि दिसंबर 2025 तक काम पूरा कर लिया जाएगा- अवधेश कुमार त्रिवेदी,

**धमतरी तक रेल ट्रैक का काम पूरा**

सीनियर डीसीएम के मुताबिक टोटल प्रोजेक्ट 67 किलोमीटर का है जो रायपुर टू धमतरी रेल लाइन है. रायपुर, मंदिर हसौद, केंद्री, राजिम तक रेल सेवा की शुरुआत हो गई है. यह पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा. धमतरी और राजिम राँ स्मॉल ऑफ छत्तीसगढ़ कहा जाता है. धमतरी के व्यापारी ठेकेदार ट्रांसपोर्टर और किसान हैं उनको भी इसका बड़ा फायदा होगा. धमतरी स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर के साथ ही स्टेशन परिसर दिव्यांगजन फ्रेंडली बनेगा. पीआरएस काउंटर के साथ ही वेटिंग हाल जैसी सुविधाएं भी धमतरी स्टेशन पर होगी।

# रेलवे ने जारी की एडवाइजरी

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में भीड़ बढ़ने के साथ चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रायपुर से जाने वाली ट्रेनें रोजाना पैक हैं, खासकर नवरात्रि-दशहरा और अब दिवाली के लिए। स्लीपर और एसी डिब्बों में चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह रात में सफर करता है और महिलाओं को विशेष रूप से निशाना बनाता है।



चोरी की घटनाओं में कई बड़े मामले सामने आए हैं। राजधानी के समता कॉलोनी में रहने वाली महिला समता एक्सप्रेस से दिल्ली से रायपुर आ रही थी। वो जब नींद में थी तो उनके बैग से हीरे का नेकलेस चोरी हो गया है। जीआरपी थाने में उन्होंने इसकी एफआईआर दर्ज कराई। उनके बैग से नेकलेस समेत 9 लाख की ज्वेलरी चोरी हुई थी।

- कीमती सामान खुद संभालें, अनजान लोगों से ज्यादा बात न करें
- भीड़ बढ़ने वहीं चोरी की घटनाएं

आईटीबीपी के जवान दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। किसी ने जवानों का एक बैग चोरी कर लिया। इसमें दो सर्विस रिवाल्वर, चार मैगजीन और 24 जिंदा कारतूस थे। हथियार चोरी होने पर काफी हल्ला हुआ। बाद में जीआरपी टीम ने चोरों को पकड़कर सामान बरामद किया।

शिवनाथ एक्सप्रेस से गोंदिया से रायपुर आ रही कारोबारी की पत्नी का पर्स कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर भाग गया। वे ट्रेन में थी और चोर उनका पर्स छीनकर भाग गया। अचानक हुए एस हादसे महिला काफी घबरा गई थी। उनके पर्स में कैश के साथ कई जरूरी सामान थे।

इन बढ़ती घटनाओं के बाद जीआरपी और आरपीएफ को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। यात्रियों से कहा गया है कि वे कीमती सामान खुद संभालें, अंजान लोगों से ज्यादा बातचीत न करें और कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत जवानों को सूचना दें। रायपुर स्टेशन पर त्योहार के समय रोजाना एक लाख से ज्यादा यात्री सफर कर रहे हैं। भीड़ और वेटिंग टिकट के चलते यात्रियों का सामान इधर-उधर होता है, जिससे चोर आसानी से काम कर जाते हैं। जवानों की लगातार गश्त न होने से चोरी के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

## पेंशनर्स महासंघ की बैठक आज कोलिहामार में

**गुरुर।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ छत्तीसगढ़ जिला बालोद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक 14 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे कोलिहामार गुरुर में रखी गई है। जिला स्तरीय हो रही इस बैठक का आयोजन साहित्य सदन में होगा। पेंशनर संगठन के जिला अध्यक्ष डीआर गजेंद्र ने बताया कि इस बैठक में हमारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा दुर्ग एवं बी .आर .साहू प्रांतीय कार्यकारिणी मार्गदर्शन हेतु विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इसलिए सभी पेंशनरों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। चर्चा के चार बिंदु के तहत डीए/डीआर पेंशनर्स के लिए, राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या प्रस्थान हेतु, नवीन आजीवन सदस्यों का सम्मान और संगठन विस्तार हेतु चर्चा की जाएगी।

## निधन

**बलराम यदु**



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर। ग्राम सिंधोरा निवासी बलराम यदु का निधन रविवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। उनके निधन पर परिजन, ग्रामवासी, सामाजिक पदाधिकारीगण ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र के सचिव कमलेश यदु प्रधानपाठक के पिता थे।

**श्रीमती जमुना साहू**



**महासमुंद,** 13 अक्टूबर। ग्राम मचेवा निवासी श्रीमती जमुना साहू 61 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मचेवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह तोगेश साहू, देवेंद्र कुमार साहू की माता व दौलत राम, अधिवक्ता जनक राम साहू की भाभी थीं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित हुए।

# दीवाली के पहले अवाम ए हिन्द ने निर्धनों को दिए नए कपड़े



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के अवसर पर शहर की सर्वधर्म सामाजिक संस्था, अवाम-ए-हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी ने आज दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को रामनगर क्षेत्र एवं आसपास श्रम बस्तियों में रहने वाले ज़रूरतमंद, गरीब बेसाहरा, निर्धन वृद्धाजनों कामगार महिलाओं, पुरुषों, मासूम बच्चों को उनके जीवन में खुशियाँ लाने के उद्देश्य से दीपावली के पूर्व नए कपड़े वितरण किया। इसी कड़ी में जरूरतमंद वृद्ध महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे संस्था द्वारा कार्यालय में लगाए गए कपड़े स्टॉल पहुँच कर अपने मनपसंद नए कपड़े प्राप्त कर अपनी खुशी जाहिर की। संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने बताया कि, संस्था प्रतिवर्ष मानवीय संवेदना के आधार पर सैकड़ों जरूरतमंदो, निर्धन परिवारों को पर्व के अवसर पर नए कपड़े, आवश्यक समान इत्यादि मुहैया कराते आ रही है, जिससे वह भी समाज की मुख्यधारा से जुड़कर ख़ुशी के साथ त्यौहार मना सकें। संस्थापक, मो. सज्जाद खान के साथ इस कार्य में राजेंद्र शर्मा, ज़ुबैर खान, महावीर जैन, वसीम अकरम, अरहम खान, प्रीति जैन एवं अन्य सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या में

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी विचार धारा के साथ देशभर में सक्रिय भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 21 और 22 दिसम्बरको प्रेमकुंज गार्डन, देवकाली बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग 28, रामजन्म भूमि अयोध्या उत्तरप्रदेश में आयोजित किया गया है। इसके उदघाटन हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया जा चुका है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कुछ अन्य मंत्रियों तथा सांसद विधायक को भी बुलाया गया है इस राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश, केरल के अगुवाई में देशभर से सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी हजारों की संख्या भाग लेंगे। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से 200 से अधिक पेंशनर्स के शामिल होने की संभावना है अबतक राज्य से राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने हेतु विभिन्न जिलो से कुल 196 पेंशनरों ने 3000 रुपए प्रतिनिधि शुल्क जमा कर दिया है।उक्त जानकारी भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने दी है।

**छत्तीसगढ़ से अब तक 196 प्रतिनिधि ने शामिल होने पंजीयन कराया अधिवेशन**

वीरेन्द्र नामदेव ने आगे बताया है कि राम जन्म भूमि अयोध्या में आयोजित इस चतुर्थ अखिल भारतीय अधिवेशन में 22 राज्यों के प्रतिनिधि के आगमन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इस अधिवेशन में दो दिनों तक कई सत्रों में पेंशनरों के हित को लेकर चर्चा होगी और प्रस्ताव पारित होंगे।आत्म निर्भर भारत, स्वदेशी अभियान लोकल फॉर लोकल विषय पर भी चर्चा कर इसके लिए बुजुर्गों को देश हित में इससे जुड़ने और जोड़ने का आव्हान करेगा।

# कांग्रेस किसान हितैषी नहीं व्यापारी है : पुरंदर



**भूपेश बघेल के धान खरीदी बयान पर विधायक का पलटवार**

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कलेक्टर कॉन्फ्रेंस और धान खरीदी को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया है. विधायक मिश्रा ने कहा कि क्या भूपेश सरकार में कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस नहीं हुई. कांग्रेस को अपना कार्यकाल याद करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में अधिकारी बड़बोले और भ्रष्ट हो गए थे. अब कई अधिकारी जेल में है. हमें कांग्रेस की नसीहत नहीं चाहिए. वहीं धान खरीदी वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस किसान हितैषी नहीं व्यापारी है. इसलिए आबकारी विभाग में बड़ा घोटाला कर दिया।

# एआईडीवायओ ने रोजगार सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**दुर्ग,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन (एआईडीवायओ) ने आज अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज कलेक्ट्रेट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

राज्य संगठन सचिव आत्माराम साहू के नेतृत्व में किये गये प्रदर्शन में की गई 6 सूत्रीय मांग इस प्रकार है : देश व प्रदेश में रिक्त पड़े सरकारी पदों पर अविलंब भर्ती की जायें। बताया गया कि पूरे देश में एक करोड़ एवं छत्तीसगढ़ में ढाई लाख से ज्यादा पद खाली पड़े है। जब तक सरकार रोजगार नहीं दे पाती तब तक बेरोजगारी भत्ता दिया जाये। काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाते हुए सभी सरकारी उपक्रमों का निजीकरण बंद किया जाये। पेपर लीक के मामले में दोषी तत्वों को सजा दी जाये। सरकारी कार्यों का निजीकरण बंद किया जाये।

भ्रष्टाचार पर कड़ाई से रोक लगाते हुए दोषी तत्वों को कड़ी सजा दी जाये। आज संगठन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

# एसडीएम कार्यालय घेरने आए किसानों की पुलिस के साथ झूमा झटकी

**पंडरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडरिया क्षेत्र सहित पूरे जिले में गन्ना प्रमुख फ़सल के रूप में उत्पादन किया जाता है, जिसके लिए जिले में 2 शाशकीय शक्कर कारखाना व लगभग 400 से अधिक गुड़ फ़ैक्टरीयां संचालित है, एक ओर जहां गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा गन्ना बेचने के तुरंत बाद किसानों को नगदी में भुगतान कर दिया जाता है वही दूसरी ओर सहकारी शक्कर कारखाने की हालत ऐसी हो चुकी है कि गन्ना बेचने के 10 महीने बीत जाने बाद भी आज तक किसान अपने भुगतान का इन्तेजार कर रहे है इस बीच विपक्षी दलों व किसान संघो के द्वारा कई बार कारखाना घेराव,चक्का जाम,आंदोलन किये जा चुके है पर किसानों के जेब अभी भी खाली है।10 माह बाद नया पेराई सत्र नजदीक है जिसके बाद आज जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों के द्वारा आम सभा आयोजित करने के बाद पंडरिया एसडीएम कार्यालय का घेराव कर गन्ने की भुगतान सहित राजस्व के मामलों में सुधार की मांग को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से दिया गया है किसान कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान शामिल हुए जहाँ किसानों के प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिसेक मिश्रा,संगठन महामंत्री अकील हुसैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरी साहू सहित प्रदेश व जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को आड़े हाथ लिया।

**किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों ने घेरा पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय**

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंडरिया क्षेत्र के गन्ना किसानों की स्थिति देखकर मन मे बहुत ही पीड़ा हो रहा है कि कैसे यहाँ के किसान अपने ही उत्पादन का मूल्य पाने के लिए पिछले 10 महीनों से भटक रहे है, किसानों की स्थिति भाजपा की सरकार में बहुत ही दयनीय हो चुकी है,प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 10 दिनों में यदि गन्ने का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ तो रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपना अधिकार लेंगे।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक किसान का बेटा हु किसानों का दुःख मेरा दुःख, आज जिस तरह से हम किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए भटकाया जा रहा है।

# पांडुका क्षेत्र में मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ सक्रिय





**वन विभाग ने कई गांवों के लिए किया अलर्ट जारी**

**राजिम,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम से 17 कि भी दूर गरियाबंद मार्ग पर पांडुका क्षेत्र के जंगलों में एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ भोजन की तलाश में लगातार विचरण कर रही है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, तौरेंगा, सांकरा एवं कुम्हरमरा ग्राम के आसपास एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ घूम रहा है। तेंदुआ जंगल से लगे खेतों और गांव के बाहरी इलाकों में घूमता देखा गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। ऐसे में ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखें, और बच्चों व बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही रात के समय घर-आंगन और गलियों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने कहा गया है, ताकि वन्यप्राणियों की गांव की ओर आने की संभावना कम हो।

वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त और निगरानी कर रही है। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि यदि तेंदुआ या उसके शावकों का कोई मूवमेंट दिखे, तो तुरंत नजदीकी वन विभाग या पुलिस को सूचना दें।

## भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला

# ईओडब्ल्यू ने 10 आरोपियों के खिलाफ पेश किया 7,600 पन्नों का चालान



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर में हुए 48 करोड़ रुपये के मुआवजा घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू ने पूरी कर ली है। सोमवार को ई ओ डब्लू ने विशेष कोर्ट में 10 आरोपियों के खिलाफ करीब 7,600 पन्नों का चालान पेश किया। जांच एजेंसी ने जिन आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया है, उसमें हरमीत सिंह खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन, कुंदन बघेल, भोजराज साहू, खेमराज कोसले, पुन्नूराम देशलहरे, गोपाल वर्मा और नरेंद्र नायक शामिल हैं।

इस घोटाले में कुल 12 से अधिक आरोपी शामिल हैं, जिनमें दो एसडीएम, एनएचएआइ के चार अधिकारी और राजस्व विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हैं। जांच के दौरान अब तक एक जमीन कारोबारी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें बाद में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। राज्य सरकार ने जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी है और अब केंद्र जल्द ही मामले को सीबीआई या ईडी को सौंपने का निर्णय ले सकता है।

**प्रोजेक्ट रिपोर्ट लिक कर पहुंचाया फायदा :** भारतमाला परियोजना के मुआवजा घोटाले में करीब एक साल तक चली जांच में ईओडब्ल्यू ने पाया कि कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट लीक कर कुछ लोगों ने जमीन के टुकड़े कर मुआवजे की रकम कई गुना बढ़ा ली। मुआवजा वितरण में भी गड़बड़ी की गई। अपात्र लोगों को मुआवजा बांटने के भी सबूत मिले हैं।

**तीनएनएचएआई अधिकारी शामिल :** एनएचएआई के तीन अधिकारियों की भूमिका पर भी एजेंसी ने आरोप तय किए हैं, लेकिन विभाग ने उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुमति नहीं दी है। एनएचएआई की आपत्ति के बाद ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्य सरकार से पूरी रिपोर्ट मांगी थी।

भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 किमी सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्सलेन सड़क बनना प्रस्तावित है. इस सड़क के निर्माण के लिए सरकार ने कई किसानों की जमीनें अधिग्रहित की है। इसके एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाना है, लेकिन कई किसानों को अब भी मुआवजा नहीं मिल सका है। विधानसभा बजट सत्र 2025 के दूसरे दिन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद इस मामले में जांच का फैसला लिया गया था।

# प्रदेश के अधिकांश इलाकों से विदा हुआ मानसून



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। राजधानी और प्रदेश के उत्तरी इलाकों में बीते दो दिनों से हवा में नमी कम हुई है और सुबह-शाम ठंडक का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, आज प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों से मानसून की विदाई हो गई है।

**राजधानी और उत्तर-मध्य में हल्की ठंड का एहसास**

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर की रिपोर्ट के अनुसार, मानसून की वापसी रेखा अब 14ए उत्तर/72ए पूर्व से होकर गुजर रही है। इसमें कांकेर, कोंडागांव, सागर द्वीप और गुवाहाटी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश का प्रभाव कम हुआ है, लेकिन दक्षिणी जिलों में अगले 2 से 5 दिनों तक गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

**राजधानी और प्रमुख शहरों का तापमान:** रायपुर में सोमवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दुर्ग में अधिकतम 32.5 डिग्री सेल्सियस और पेण्ड्रा रोड में न्यूनतम 17.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बस्तर और दक्षिणी जिलों में अगले 2 से 5 दिनों तक बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना बनी हुई है।

**अगले 2 दिनों का पूर्वानुमान:** प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और मेघगर्जन की संभावना।

**कुछ क्षेत्रों में वज्रपात की चेतावनी भी जारी:** तापमान में कोई बड़ी उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं, लेकिन सुबह-शाम ठंडक महसूस होगी।

रायपुर में 14 अक्टूबर को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, अधिकतम तापमान लगभग 32एष्ट और न्यूनतम तापमान 23एष्ट के आसपास रहेगा।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की मान्यता दी जाती है। इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फिलहाल देश के कई हिस्सों से मानसून की वापसी हो चुकी है और अब छत्तीसगढ़ में भी धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगेगी।

# सुनील कुमार ओझा विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। एस.के. केयर हॉस्पिटल के प्रबंध संचालक डॉ. सुनील कुमार ओझा को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा *विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, बुके, श्रीफल एवं शॉल से संगठन के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। डॉ. ओझा अपने हॉस्पिटल के माध्यम से रायपुर सहित सुदूर ग्रामीण अंचल में अब तक 140 निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगवा चुके हैं जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम साथ रहती है। इसके अतिरिक्त वे सामाजिक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह सम्मान वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन संस्थापक स्व. मांगेराम शर्मा की पुण्यतिथि पर वीर छत्रपति शिवाजी शाला प्रांगण में दिया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक मुकेश शाह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महासचिव अजय अवस्थी, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, त्रिभुवननाथ तिवारी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, महासचिव सुमन मिश्रा, विद्या भट्ट, वीणा मिश्रा, कल्पना मिश्रा, वीणा ठाकुर, सतीश शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, उमेश शर्मा, अभिषेक त्रिपाठी, श्याम तिवारी, एस.के. केयर हॉस्पिटल स्टॉफ, शिवाजी स्कूल स्टॉफ एवम् संगठन से जुड़े विप्रजन उपस्थित थे।

# देश के पहले डिजिटल संग्रहालय में दिखेगी आदिवासी नायकों की शौर्य गाथा




**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में तैयार किए गए भव्य संग्रहालय सह-स्मारक का लोकार्पण राज्योत्सव के अवसर पर करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बनाए जा रहा यह संग्रहालय देश का पहला डिजिटल संग्रहालय होगा। इस संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए 16 आदिवासी विद्रोहों की झलक देखने और सुनने को मिलेगी। संग्रहालय के लोकार्पण के लिए साज-सज्जा का काम अंतिम चरण में है। भारत सरकार के केन्द्रीय जनजाति मंत्रालय के अधिकारियों ने आज इस संग्रहालय का अवलोकन कर इसकी भव्यता और जीवंत प्रस्तुति की सराहना की।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय की ओएसडी श्रीमती रंजना चोपड़ा और संचालक श्रीमती दीपाली मासिरकर को संग्रहालय का भ्रमण कराते हुए बताया कि यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। नई पीढ़ियों को आदिवासियों का स्वतंत्रता विद्रोह की याद दिलाता रहेगा। यह न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल माध्यम से आदिवासी समाज के विद्रोहों और उनके नायकों की गाथा की प्रस्तुति संग्रहालय का विशेष आकर्षण रहेगी। पूरे संग्रहालय परिसर को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है।

**नवा रायपुर में मोदी करेंगे शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का लोकार्पण**

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बताया कि संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर सरगुजा के कलाकारों द्वारा बनाए गए बेहद खूबसूरत नक्काशीदार पैनल लगाए जाऐंगे। वहीं मुख्य द्वार पर अंदर प्रवेश करते ही लगभग 1400 वर्ष पुराने साल वृक्ष की प्रतिकृति बनाई जा गई है, इसकी पत्तियों पर सभी 14 विद्रोहों का जीवंत वर्णन किया गया है। केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय की ओएसडी श्रीमती रंजना चोपड़ा ने संग्रहालय परिसर में तैयार हो रहे तालाब के चारों ओर सुन्दर पाथवे बनाने एवं लाईट की व्यवस्था और अंदर की गैलरी में ट्राईबल आर्ट का प्रयोग करने कहा। संग्रहालय के ओरिएंटेशन रूम की बाहरी दीवारों पर शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत संबंधी जानकारी जैसे जेल रिकॉर्ड, सुनाई गई सजा के आदेश की कॉपी इत्यादि सभी मूल अभिलेख संरक्षित कर डिस्प्ले करने के सुझाव दिए।

श्रीमती चोपड़ा ने शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष से संबंधित समाज द्वारा उपलब्ध कराई गई तलवार को भी संग्रहालय में संरक्षित कर प्रदर्शित करने और सोनाखान विद्रोह को प्रदर्शित करने के लिए ऑडियो-वीडियो व डिजिटल स्क्रीन की व्यवस्था, संग्रहालय में ट्राईबल रिलेटेड डॉक्यूमेंट फिल्म का भी प्रदर्शन, प्रत्येक गैलेरी में ऑडियो विजुअल की व्यवस्था कहा, ताकि आगंतुकों को मोबाइल में स्कैन करने पर पूरी जानकारी उपलब्ध हो और म्यूजिक को भी सुना जा सके। उन्होंने संग्रहालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाने भी कहा।

शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे- हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन 14 गैलेरियों में किया जा रहा है। वहीं जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह पर एक-एक गैलेरियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

# छग फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ के नए हॉल का लोकार्पण आज

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भनपुरी मे जीर्णोद्धार एवं नवीन साजसज्जा से सज्जित छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ के हॉल का लोकार्पण कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी मंगलवार को करेंगे।

**मंत्री ओपी चौधरी करेंगे**

रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राज़ीव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे।फेडरेशन के अध्यक्ष शंकर बजाज एवं सचिव लव बंसल ने बताया कि हॉल का जीर्णोद्धार हुआ है।ऑडिटोरियम मे लगभग डेढ़ सौ लोगो के बैठने की क्षमता है।पूर्णत: वातानुकूलित एवं आधुनिक साउंड सिस्टम एवं सुविधाओं से लैस ये हॉल व्यापारिक गतिविधियों के आयोजन हेतु समर्पित रहेगा।फ़ेडरेशन के लगभग ढाई सौ उद्योगपति सदस्य समारोह मे उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ लगभग तीस साल पुरानी पंजीकृत लघु एवं मध्यम उद्योगपतियों एवं व्यापारियो की संस्था है।अध्यक्ष शंकर बजाज ने सभी व्यापारियों को समारोह मे आने का आह्वान किया है।टाटा सोलर द्वारा वहाँ पर एक प्रस्तुतिकरण भी दिया जाएगा।वर्तमान मे सरकार द्वारा जीएसटी मे किए गए सुधारो एवं आम जनता को दी गई राहत पर समारोह मे मंत्री ओ.पी चौधरी का सम्मान किया जाएगा।

# एक दीया श्रीराम के नाम का शुभारंभ संत युधिष्ठिर लाल ने किया



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुराना राजेंद्र नगर से सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा एक दीया श्रीराम के नाम पर नि:शुल्क दीया एवम रंगोली वितरण किया गया डॉक्टर एन डी गजवानी क्लीनिक से शुभारंभ हुआ।शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल द्वारा दीया एवम रंगोली वितरण कर एवम दीया जलाकर राम भजन गाकर निशुल्क वितरण आरम्भ किया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 18 अक्टूबर तक अलग अलग बस्ती और कॉलोनी में दीया रंगोली नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने दीप जलाकर राम भजन गाया और साथ में दिए और रंगोली के पैकेट साथ में लेकर गए।

इस अवसर पर शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल पार्षद स्वप्निल मिश्रा सिंधी काउंसिल प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ डॉक्टर एन डी गजवानी डॉक्टर किरण माखीजा नितिन कृष्णानी सुनील कुकरेजा धनेश मटलानी रितेश वाधवा डॉक्टर निखिल मोतीरमानी उपस्थित थे।

# सरस मेले में अधिकारी पर मारपीट और बदसलूकी का आरोप

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सरस मेले में सोमवार को जमकर बवाल हुआ।महिलाओं और एक अधिकारी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। अधिकारी पर महिलाओं से बदसलूकी का गंभीर आरोप है। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो भी बनाया है।

**महिलाओं ने की निलंबन की मांग**

जानकारी के अनुसार, महिलाएं अपने स्टॉल पर ग्राहक न आने की शिकायत को लेकर चर्चा कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान एक अधिकारी वहां पहुंचा और उसने कहने लगा कि अगर जाना है तो तुरंत निकल जाओ। अधिकारी के इस दुरव्यवहार से महिलाओं का आक्रोश फूट गया. मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारी ने वीडियो बना रहे व्यक्ति का गला पकड़ लिया और अपशब्द का इस्तेमाल किया।फिर उसके साथ मारपीट भी करने लगा। महिलाओं ने संबंधित अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है।कार्रवाई नहीं करने पर स्टॉल्स नहीं लगाए जाने की चेतावनी दी है। रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में 8 से 18 अक्टूबर तक सरस मेला का आयोजन किया गया है।मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से महिलाएं अपनी हस्त निर्मित सामग्रियों को लेकर पहुंची हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला में भारतीय संस्कृति की गूंज



**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश – योग से विश्व कल्याण की ओर भारत : टंक राम वर्मा**

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यू सर्किट हाऊस रायपुर के कन्वेंशन हाल में आयोजित अंतर्राष्टीय योग कार्यशाला 2025 में भारतीय संस्कृति, परंपरा और योग की प्राचीन विद्या की अद्भुत झलक देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और वैश्विक समरसता का मार्ग है।

मंत्री वर्मा ने कहा कि योग को जीवन का हिस्सा बनाकर हम व्यसनमुक्त, स्वस्थ और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने इस आयोजन को एक 卐आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संगम卐 बताते हुए कहा कि यह कार्यशाला आने वाली पीढ़ियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वास्थ्य के मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मंत्री वर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर जीवन में सकारात्मकता लाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतर्राष्टीय पहचान मिली है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज की कार्यशाला 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम के अनुरूप 卐एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य卐 के वैश्विक संकल्प को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। योग के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण में संतुलन स्थापित कर विश्व कल्याण की दिशा में भी अग्रसर हो सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विविध योगासन, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से स्वास्थ्य लाभों का अनुभव किया। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकों के साथ योग के वैज्ञानिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। अंत में मंत्री टंक राम वर्मा ने इस सफल कार्यशाला के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती, जहां मां कौशल्या जैसी महान माताएं जन्मीं, वहां से योग और संस्कृति के माध्यम से विश्व को शांति और स्वास्थ्य का संदेश देना गर्व का विषय है।

## अवैध रेत खनन, 2 बोट एवं 2 चैन माउंटेन जब्त



**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार रायपुर जिले में अवैध रेत खनन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने आरंग ब्लॉक के ग्राम गुदगुदा में बड़ी कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रेत उत्खनन करने पर 2 बोट एवं 2 चैन माउंटेन मशीन जब्त की। यह कार्रवाई आरंग एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार श्री जी.एन. सिदार, राजस्व अमला तथा खनिज अधिकारी श्री हेमंत क्षेरपा एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

# टीम प्रहरी ने मुख्य मार्गों से हटाया अवैध कब्जा




**लगभग 2 अवैध ठेले हटाये, लगभग 11 पसरा व्यापारियों के 11 टेबल, लगभग 2 बोरी जूता इत्यादि सामान सड़क से जप्त कर यातायात मार्ग में पुन: बनाया सुगम**

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार चलाये जाने वाले अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र जोन क्रमांक 4 अतर्गत गोलबाजार एंट्री मुख्य मार्ग चिकनी मंदिर मालवीय रोड होकर जवाहर बाजार होते हुए जयस्तम्भ चौक होकर सिटी कोतवाली चौक मुख्य मार्ग तक जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को मुख्य बाजार क्षेत्र मार्गो में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने अभियान नगर निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा और नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन उप अभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में चलाया गया।

नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए आरएस शुक्ला मार्ग में मुख्य मार्ग एंट्री पाइंट चिकनी मन्दिर के दोनों ओर और जवाहर बाजार मार्ग होकर जयस्तम्भ चौक होकर सिटी कोतवाली चौक मुख्य मार्ग तक लगभग 2 अवैध ठेलों के कब्जे को हटाया गया और मार्ग के किनारे लगभग 11 पसरा व्यापारियो द्वारा सडक पर कब्जा जमाकर रखे गये टेबल सहित लगभग 2 बोरी जूता इत्यादि सामानों को व्यवस्था सुधारने नियमानुसार कडाई के साथ जप्त कर लिया गया। अभियान से गोलबाजार एंट्री पाइट मुख्य मार्ग से चिकनी मन्दिर जवाहर बाजार मार्ग होकर सिटी कोतवाली मुख्य मार्ग मालवीय रोड के यातायात जाम की समस्या त्योहारी सीजन में त्वरित रूप से दूर हुई और नागरिकों और व्यापारियों कोमुख्य बाजार मार्ग में सुगम आवागमन टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत त्वरित रूप से राजधानी शहर रायपुर में एक बार पुनः टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत उपलब्ध हुआ।

संपादकीय

## क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी

*छत्तीसगढ़ में अनेक ऐसे प्रकरण सामने आते रहते हैं जिनमें मामूली सी बात से तैश खाकर लोग लड़-भिड़ जाते हैं। कई बार किसी का क्रोध किसी को घायल कर जाता है तो कोई किसी की हत्या कर अपने गुस्से को ठंडा करता है। कुछ लोगों को इसका पछतावा होता है तो कई लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जीवन भर वे अपनी इस करतूत पर गौरवान्वित होते हैं। ऐसा क्रोध के कारणों तथा व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है। सम्पत्ति का मामला हो या प्रेम प्रकरण अथवा कोई पुरानी रंजिश- कई बार ये ऐसे मोड़ पर आ जाते हैं कि उनमें किसी न किसी पक्ष द्वारा हिंसा बरती जाती है। हालांकि ऐसे सभी मामले अपने पीछे गहरे घाव छोड़ जाते हैं। कोई अपने किसी को खोने का दंश सहता है तो कोई नाराजगी से उपजी हिंसा से जीवन भर आहत रहता है। कई लोगों को इनके चलते अपने जीवन का बड़ा हिस्सा जेलों में गुजारना पड़ता है।*

*बहुत मामूली विवादों से होने वाले झगड़ों अथवा हत्याओं की बात करें तो अनेक प्रकरण ऐसे होते हैं जिनमें इतना छोटा कारण होता है कि वह सुनने वाले को तो यह सोचकर आश्चर्य में डाल देता है कि, क्या इतनी छोटी सी वजह से कोई किसी को पीट देता है या घायल कर सकता है अथवा हत्या पर तक उतारू हो जाता है। पिछले दिनों एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी गयी क्योंकि उसके कहने के बाद भी घर में मछली नहीं बनाई गई थी। वह शराब पीकर घर लौटा था।*

*यूं तो शराब के नशे में अपने मित्रों, परिजनों आदि को मारने की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कई बार मारने वाला पूरे होशो-हवास में रहता है। इसका कारण सिर्फ गुस्सा होता है। गुरुवार को पोड़ी थाना (चिरमिरी) क्षेत्र के अंतर्गत बंजी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उसने राशन कार्ड और सामान खरीदी के लिये पति द्वारा दिये गये 700 रुपये कहीं गुम कर दिये थे। घटना गुरुवार की है जब बहुत ढूंढ़ने पर भी उक्त महिला को कहीं खो गया अपना राशन कार्ड व नगदी नहीं मिली तो उसने रात को अपने पति को यह जानकारी दी। इससे उसका पारा ऐसा चढ़ा कि मुक्के तथा हथौड़े से मार-मारकर उसने अपनी बीवी को इस कदर घायल कर दिया कि उसने दम ही तोड़ दिया।*

*यह सोचने की बात है कि उपरोक्त हत्या इतनी छोटी राशि और वजह से की गयी कि वह अपने आप में हास्यास्पद और दुखद दोनों ही है। यह राशि किसी की जान से बढ़कर नहीं हो सकती। जहां तक राशन कार्ड की बात है, वह नहीं भी मिलता तो मामूली शुल्क से दूसरा बन सकता था। अपने बेवजह क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी है।*

उल्टा पुल्टा

एक लड़का एक सुंदर लड़की को बड़ी देर से घूर रहा था..
लड़की (गुस्से में)- क्या देख रहे हो?
लड़का (हड़बड़ी में)- देख रहा हूँ कि अगर तुम मेरी अम्मा होती तो मैं भी सुन्दर होता..!

# कृषि उत्पादन पर बड़ी लागत की भरपाई शासन से की जाए

## ग्राम बोरी धमधा में हुई किसान महापंचायत में किसान हुए काफी मुखर



■ चार राज्यों के किसानों का महासंघ बनाकर किया जायेगा संघर्ष : गुप्त

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ किसान महापंचायत में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा अमरावती महाराष्ट्र से भी किसानों का प्रतिनिधिमंडल आकर शामिल हुआ। ग्राम बोरी ब्लाक धमधा में हुए किसान महापंचायत में निर्णय लिया गया कि विदर्भ, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड के किसानों को जोड़कर चार राज्यों का संयुक्त किसान महासंघ गठित कर मोर्चा खोला जायेगा। महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि इन चारों राज्यों की समस्याएं एक जैसी है। संयुक्त मोर्चा द्वारा क्षेत्रीय विधायकों व सांसदों से संपर्क कर समस्याओं को उठाकर निदान की मांग की जायेगी। मांग पूरी न होने पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जायेगा।

महापंचायत में हुई चर्चा की जानकारी प्रेस को उपलब्ध कराते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि महापंचायत में किसानों ने खाद और बिजली संकट पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध न होने से निजी दूकानों में महंगे दर पर खाद खरीदी गई जिससे कृषि उत्पादन पर लागत दर बड़ी है। सरकार ने विगत तीन वर्षो से धान की कीमत में वृद्धि नहीं की है। आज भी 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी की जा रही है। किसानों ने बताया कि फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। बैठक में असामान्य मौसम की वजह से फसल क्षति पहुंचने, फसलों में कीट प्रकोप से हुई क्षति पर चर्चा करते हुए किसानों को उत्पादन पर बढ़ रहे खर्चे की भरपाई भी शासन द्वारा करने की मांग की गई है। इसके अलावा बिजली कटौती व पशुओं से फसल की चराई पर भी चर्चा की गई। किसानों से इस तरह हुई क्षति की भरपाई करने की मांग शासन से की गई है।

# एआईडीवायओ ने रोजगार सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन (एआईडीवायओ) ने आज अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज कलेक्ट्रेट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।




राज्य संगठन सचिव आत्माराम साहू के नेतृत्व में किये गये प्रदर्शन में की गई 6 सूत्रीय मांग इस प्रकार है : देश व प्रदेश में रिक्त पड़े सरकारी पदों पर अविलंब भर्ती की जायें। बताया गया कि पूरे देश में एक करोड़ एवं छत्तीसगढ़ में ढाई लाख से ज्यादा पद खाली पड़े है। जब तक सरकार रोजगार नहीं दे पाती तब तक बेरोजगारी भत्ता दिया जाये। काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाते हुए सभी सरकारी उपक्रमों का निजीकरण बंद किया जाये। पेपर लीक के मामले में दोषी तत्वों को सजा दी जाये। सरकारी कार्यो का निजीकरण बंद किया जाये।

भ्रष्टाचार पर कड़ाई से रोक लगाते हुए दोषी तत्वों को कड़ी सजा दी जाये। आज संगठन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

# मंत्री यादव की पहल पर दुर्ग शहर में प्रकाश व्यवस्था के लिए 39 लाख की स्वीकृति

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग शहर विधानसभा के कुल 6 कार्यो के लिए 39 लाख 95 हजार 422 रूपए स्वीकृत किया है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित 2 कार्य तथा विधायक (स्कूल शिक्षा मंत्री) गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित 4 कार्यों के संपादन का क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विख दुर्ग अंतर्गत प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर वार्ड क्र 1 से 30 तक एवं वार्ड क्र 31 से 60 तक प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगाने संबंधी कार्य हेतु कुल 19 लाख 97 हजार 374 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार विधायक गजेन्द्र यादव की अनुशंसा पर वार्ड क्र. 01 से 15 तक, 16 से 30 तक 31 से 45 तक एवं वार्ड क्र. 46 से 60 तक प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगाने संबंधी कार्य हेतु कुल 19 लाख 98 हजार 48 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की कल्याण योजनाओं का सर्वाधिक लाभ अल्पसंख्यक वर्ग ही उठा रहा : खान

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत




**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मखसूल इकबाल खान के अपनी नियुक्ति के बाद पहली बार दुर्ग आगमन पर पटेल चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय में हुई अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष जनाब खान ने कहा कि भाजपा सदैव से राष्ट्र सेवाओं को प्रथम पंक्ति में रखकर कार्य करती है। केन्द्र व राज्य सरकार की जितनी भी योजनाएं बनती है उनमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता, अल्पसंख्यक वर्ग ही इन योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ उठाता है। इस अवसर पर मंच पर जिला भाजपा अध्यक्षक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, जिला महामंत्री विनोद अरोरा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष मनोज सोनी, राजीव पाण्डेय, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने सहित अन्य मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा शिक्षामंत्री को ज्ञापन

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन (एबी संवर्ग) के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज अपनी मांगों को लेकर शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर सविस्तार चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व सीटीए के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने किया।



ज्ञापन में मांग की गई है कि 17 अगस्त 12 से पूर्व सेवारत शिक्षकों के लिये टीईटी की अनिवार्यता खत्म की जाये। बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में 5 वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिये शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने 17 अगस्त 12 को छत्तीसगढ़ में लागू किया गया है। पूर्व में यहां यह परीक्षा अनिवार्य नहीं थी। अत: राज्य शासन से इस मामले में उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है। पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अत: पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जावे। भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अहंकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया गया है, सेवानिवृत होने पर छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अहंकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है। एसोसिशन ने मांग की है कि भारत सरकार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अहंकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत) का प्रावधान किया जावे।

उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान का जनरल आदेश जारी करने की मांग की गई है।

इस अवसर पर दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष किशन देशमुख, जयंत यादव, वीरेंद्र वर्मा, राजेश चंद्राकर, मंशा राम लहरें, चंद्रहास साहू, रोहित देशमुख, राजेश चंद्राकर, अमित चंदेल, भवानी देशमुख, कामता साहू, सतीश यादव उपस्थित थे।

# बघेरा विद्युत उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ी उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने उपभोक्ताओं को बेहतर और उच्च गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध कराने की दिषा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र बघेरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की गई है।



विद्युत उपकेन्द्र बघेरा में अब 3.15 एम.व्ही.ए. के पुराने पॉवर ट्रांसफार्मर को हटाकर उसके स्थान पर 05 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही उपकेंद्र में पूर्व से स्थापित 05 एम.व्ही.ए. के दो अन्य ट्रांसफार्मरों को मिलाकर उपकेंद्र की कुल क्षमता बढ़कर अब 15 एम.व्ही.ए. हो गई है। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पॉवर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र बघेरा के लगभग 6556 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उक्त कार्य से गया नगर, गिरधारी नगर, शंकर नगर एवं आसपास के अन्य उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने इस कार्य की सफलता के लिये पॉवर कंपनी की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने अधीक्षण अभियंता जे.जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता डी.के.भारती, आर.के.दानी एवं एस.के.राय, सहायक अभियंता डी.के.साहू, मोनिका नायर, रूचि दवे, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, गोपाल वर्मा एवं अंजू देसाई और उनकी पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की।

# सामाजिक कुरीतियों एवं शादी-ब्याह में फिजूलखर्ची रोकें : ताम्रध्वज

नगपुरा में कर्मा मांगलिक भवन का लोकार्पण




**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम नगपुरा में जय माँ कर्मा मांगलिक सामुदायिक परिक्षेत्रीय भवन का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अध्यक्षता पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहु संघ, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर पूर्व मंत्री रमशीला साहू साहूए पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, सभापति जिला पंचायत, दुर्ग प्रिया साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुलेश्वरी देवांगन, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, पूर्व सभापति लक्ष्मी साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी, अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सलाहकार डा.टीकम साहू, प्यारे लाल साहु दिव्या साहू, टी.आर.साहू, संरक्षक सुबरव लाल साहू उपस्थित थे।

इस दौरान ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हम सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए। मेरे कार्य काल में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में साहू समाज सभी परिक्षेत्र में भवन निर्माण की स्वीकृति हुई थी जिसका आज लोकार्पण हुआ। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों और शादी ब्याह में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# 114 शासकीय एवं 134 अशासकीय विद्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने संयुक्त कार्यशाला

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में जिले अंतर्गत ऐसे कार्यालयध्विद्यालय जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां पोश एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन करते हुए पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन



में गठित समिति की जानकारी पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के संबंध में विगत दिवस को कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला दो पालियों प्रथम पाली में शासकीय विद्यालय एवं द्वितीय पाली में अशासकीय विद्यालय में आयोजित की गयी। इसमें 114 शासकीय विद्यालय एवं 134 अशासकीय विद्यालयों ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सेवाए, स्वास्थ्य और संस्कार को बढ़ावा देने आरसीएम द्वारा निकाली गई रथयात्रा आज पहुंचेगी

साइंस कॉलेज ग्राउंड में महापौर करेगीं

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेवा, स्वास्थ्य और संस्कार को बढ़ावा देने आरसीएम व्यवसाय की 25वीं सालगिरह के उपलक्ष्य पर आयोजित रथ यात्रा आज 14 अक्टूबर को दुर्ग शहर में पहुंचेगी। इस अवसर महापौर अलका बाघमार की उपस्थिति में यह रथ यात्रा सुबह 8 बजे साइंस कॉलेज ग्राउंड से पुलिस ट्रेनिंग सेंटर नेशनल हाईवे तक आगे बढ़ेगी। इस दौरान आरसीएम के सेवक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। इस संबंध में आरसीएम के सेवक अजय कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी आरसीएम की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 100 दिन की रथ यात्रा निकाली गई है। जो पूरे भारतवर्ष में 17 हजार किलोमीटर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सिकोला बस्ती जयंती नगर के निवासियों ने आम रास्ता बंद करने का किया विरोध

**दुर्ग**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 92 आवेदन प्राप्त हुए।

वार्ड नं.16 जयंती नगर निवासियों ने बताया कि सिकोला बस्ती के जयंती नगर में पब्लिक स्कूल के पास स्थित वर्षों पुराने रास्ते को अज्ञात लोगों द्वारा मार्किंग कर बंद किया जा रहा है। यह मार्ग सार्वजनिक शौचालय के बाजू से होकर गुजरता है और मोहल्लेवासियों के लिए मुख्य आवाजाही का जरिया है। यदि इस रास्ते को बंद किया गया तो लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जमीन की सही मापजांच कराकर रास्ते की स्थिति स्पष्ट करने और आमजन को राहत दिलाने की मांग की। इस पर एडीएम ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास, अनुबंध कर खेती करने वालों का पंजीयन की मांग

ग्राम गनियारी के कृषक ने कृषि धान का पंजीयन नहीं होने की शिकायत की। किसान ने बताया कि वह लंबे समय से अपनी स्वयं की भूमि पर खेती कर रहा है और इस वर्ष भी धान उपज कर विक्रय करना चाहता है, लेकिन पंजीयन नहीं होने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसान ने मांग की है कि उसे अस्थायी रूप से पंजीयन की अनुमति दी जाए ताकि वह अपनी उपज बेच सके। इस पर एडीएम ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसी प्रकार जिले के बटाई व रेघ अनुबंध पर खेती करने वाले किसानों ने मांग की है कि उन्हें भी एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन की अनुमति दी जाए।

दुर्ग शहर के गया नगर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके नाम पर राम नगर उरला में रिक्त भूमि पर मकान निर्माण हेतु पीएम आवास योजना की राशि पूर्व में स्वीकृत हो चुकी थी। लेकिन पति के निधन के कारण वे समय पर मकान निर्माण नहीं करवा सकीं। अब वे दोबारा उसी भूमि पर पक्का मकान बनवाना चाहती है। इस योजना के तहत राशि स्वीकृत किए जाने की मांग कर रही हैं। इस पर एडीएम ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

# वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन

**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अधीन उद्यानिकी विभाग द्वारा अक्टूबर माह के द्वितीय सप्ताह में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक उद्यानिकी नगर सेवाएं डॉ. एन. के.जैन के नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों और नागरिकों के बीच वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और जन.जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 5 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता, 7 एवं 8 अक्टूबर को भाषण प्रतियोगिता तथा 9 से 11 अक्टूबर तक एक सफर मैत्री का पहल के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए चिड़ियाघर का नि: शुल्क भ्रमण आयोजित किया गया। इन आयोजनों का समापन 12 अक्टूबर को मैत्री बाग के मोमबत्ती लॉन में एक रंगारंग सांस्कृतिक समारोह के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे व विशिष्ट अतिथि के रूप में वन मंडलाधिकारी दिपेश कपिल उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत से हुई। जिसके पश्चात अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि प्रकृति ने हमें वन्य पर्यावरण और वन्य प्राणियों के रूप में अमूल्य धरोहर दी है, जिनका संरक्षण करना केवल विभागीय नहीं बल्कि सामूहिक दायित्व है। ऐसे आयोजन जन-जागरूकता और भावी पीढ़ी में संरक्षण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों की सहभागिता की सराहना करते हुए, कहा कि संयंत्र पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध और सजग है। इस अवसर पर विशेष अतिथि दिपेश कपिल ने कहा कि किसी भी



कार्यक्रम की सफलता जनभागीदारी और जागरूकता से ही संभव होती है, और आज बच्चों ने इस तथ्य को साक्षात प्रमाणित किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं उपल दत्ता ने कहा कि प्रकृति के संतुलन में वन्य प्राणियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका संरक्षण एक सतत् सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन उद्यानिकी विभाग निरंतर कर रहा है। विभाग की ओर से स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक प्रभारी ;उद्यानिकी भूमि एवं विद्युत विभाग एस. बी. श्रीनिवास ने उद्यानिकी विभाग द्वारा वर्षभर में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया और उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता के विजेता बच्चों ने वन्य प्राणी संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिन्हें अतिथियों और उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इसके पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत गीत, एकल गायन, तथा छत्तीसगढ़ी और राजस्थानी लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सुप्रियो सेन ने किया व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक उद्यानिकी.नगर सेवाएं डॉ. एन. के. जैन ने दिया। निर्णायक मंडल में चित्रकला प्रतियोगिता के लिए शत्रुघन स्वर्णकार एवं मोहन बरल तथा भाषण प्रतियोगिता के लिए सुश्री अर्पणा बेनर्जी एवं सुश्री मीता रॉय सम्मिलित थीं। आयोजन को सफल बनाने में मृदुल गुप्ता, गफ्फार खान, राजेश शर्मा, आरिफ खान, ललित कुमार, ए.के. सिन्हा, संदीप नायडू, योगेश कुमार चंद्राकर, शंकरलाल अग्रवाल, खीरु प्रसाद, चंद्रमणि चंद्राकर, सुश्री किरण, हरिंदर, मदनगोपाल सिंह, प्रेम साहू सहित विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप का समापन



**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-6 गुरुनानक स्कूल में 13वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रतियोगिता में विजेताओ को पुरस्कृत किये और खिलाड़ियों में खेल भावना और अनुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिये। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शौर्य, अनुशासन और वीरता का प्रतीक गतका खेल के राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 आयोजन से जिले के खिलाड़ियों में खेल भावना को नई ऊँचाइयाँ दी है। खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश की सरकार निरंतर प्रयासरत है। इन योजनाओं के परिणामस्वरूप आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सौजन्य से भिलाई में आयोजित नेशनल गतका चैम्पियनशिप में 16 राज्यों के 500 गतका खिलाड़ियों ने सहभागिता दी। समापन समारोह में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर सहित 3 वर्ग में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह खालसा, मलकीत सिंह, मनीष पाण्डेय, जसबीर सिंह, श्रीमती कल्पना स्वामी, जोगा राव, साजन जोसफ उपस्थित थे।

# कोसरिया मरार पटेल समाज का शपथ ग्रहण



**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पाटन (झीट महुदा न्यू बाजार चौक) कोसरिया मरार पटेल समाज के नवगठित झीट राज्य के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता मरार समाज अध्यक्ष आत्मा राम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलम राजेश चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई गजानंद सिन्हा उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत शाक, भाजी, कंद.मूल, फल.फूल दात्री मां भगवती शाकम्भरी देवी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। सांसद विजय बघेल का स्वागत शाल व श्रीफल भेंटकर किया गया। उन्होंन समाज के गणमान्य जनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। सांसद श्री बघेल ने मौके पर किचन सेंट एवं बाउंड्री वॉल का लोकार्पण करते हुए कहा कि समाज के प्रति सेवा ही उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि समाज से मिले सहयोग और समर्थन के कारण ही वे आज दूसरी बार सांसद बने हैं। जिला अध्यक्ष आत्मा राम पटेल ने कहा कि यह राज्य समाज की नई दिशा और संगठन को मजबूती देगा। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा हमारे सांसद विजय बघेल से जब भी कोई मांग की जाती है, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटाते, यह उनका बड़प्पन है। झीट राज्य के अध्यक्ष कामता प्रसाद पटेल ने कहा कि 31 अगस्त को नई कार्यकारिणी में उन्हें जिम्मेदारी मिली है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा समाज के अध्यक्ष पद पर मुझे निर्विरोध चुना गया, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर सरपंच राजु साहू, नारायण पटेल, देवेंद्र पटेल, हितेंद्र पटेल, भोज कुम्हारी पटेल, शशि पटेल, हितेश पटेल, बीरु सिगौर, धर्मेंद्र कौशिक, विवेक कौशिक, जीवन साहू, तिरथ पटेल, जुड़ावन पटेल, हरदिया भोयर, नारायण पटेल सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रेरक सुरक्षा रैली का आयोजन

**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र में कार्यस्थल पर सतत विकास एवं सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा किया गया। ब्लास्ट फर्नेस विभाग में आयोजित इस सुरक्षा रैली का शुभारंभ राकेश कुमार बिल्डिंग 8 से किया गया और इसका समापन ब्लास्ट फर्नेस-6 पर किया गया। रैली में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। रैली के समापन अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने सुरक्षित कार्य प्रणाली को अपनाने तथा सहकर्मियों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य को करते समय स्वयं की सुरक्षा के साथ साथ सहकर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक कर्मी का दायित्व है। इस अवसर पर उपस्थित सभी कर्मियों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा नियमों के सतत पालन पर बल देते हुए सभी कर्मचारियों से सुरक्षा प्रथम की संस्कृति को कार्यस्थल पर आत्मसात करने का आह्वान किया।



# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का दशहरा-दीपावली मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन भिलाई नगर का दशहरा-दीपावली मिलन समारोह का आयोजन एसोसिएशन के सेक्टर 7 सड़क 01 स्थित कार्यालय में एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.बी.एस ठाकुर व संरक्षक आर.पी. शर्मा की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को दशहरा . दीपावली पर्व की बधाई दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.बी.एस. ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी से मिलकर उनका हाल चाल जानने का अवसर मिलता है। इससे भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। समाज में प्रेम और सौहार्द का महौल बने रहे. इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। एसोसिएशन के संरक्षक आर. पी. शर्मा ने कहा कि दशहरा-दीपावली का पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, इस पर्व को मनाते हुए हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। दशहरा-दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित सदस्यों के लिए स्वाल्पाहार का आयोजन किया गया था इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी। समारोह में एसोसिएशन के बी.बी.एस. ठाकुर, आर. पी. शर्मा, बी. दवे, रविन्द्र उपाध्याय, पी.सी. श्रीवास्तव, नीलकंठ साहू, संतोष सिंह गौर, के.पी. चौधरी, श्रीकांत द्विवेदी, दिग्विजय सिंह परिहार, अजीत यादव, राकेश जोशी, जगदीश उईके, जी.सी,पति, महेश सिन्हा, विजय कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र तिवारी, लल्लन सिंह, चिंतामणि वैष्णव उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'बहू हाथ के पानी' का हिन्दी अनुवाद विमोचित




**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर के छत्तीसगढ़ी उपन्यास बहू हाथ के पानी के हिन्दी अनुवाद का विमोचन किया गया। ग्रामीण पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस छत्तीसगढ़ी उपन्यास के हिंदी अनुवादक शैलेन्द्र पारकर हैं। मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डा.संजय तिवारी ने मूल लेखक और अनुवादक दोनों के लेखकीय परिश्रम की सराहना की। मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में गीता भवन सेक्टर-6 में आयोजन में रायपुर दुर्ग व भिलाई के कई विद्वान वक्ता मौजूद थे। किताब के विमोचन उपरांत मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि किसी लेखक के लिए उसकी किताब विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा होना एक बड़ी उपलब्धि है और उसका अनुवाद होना पाठकों के बीच इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वह मूलत: विज्ञान के विद्यार्थी रहे हैं, इसलिए उनका मानना है कि विज्ञान का योगदान अपनी जगह है लेकिन मानवीय संवेदना सिर्फ साहित्य ही दे सकता है। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ.चितरंजन कर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी परंपरा में आज बहू हाथ का पानी एक मिथक बन गया है और इसे वास्तविकता में बदलने की पड़ताल यह उपन्यास करता है। भाषाविद् रमेंद नाथ मिश्र ने कहा कि यह उपन्यास ग्रामीण परिवेश का पूरी ईमानदारी से चित्रण करता है। डुमन लाल ध्रुव ने कहा कि यह उपन्यास समाज में स्त्री के स्थान पर सवाल उठाता है। डॉ. पिसी लाल यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर अब तक जितने भी उपन्यास लिखे गए उनमें उन्हे यह श्रेष्ठ लगता है। उन्होंने उपन्यास में उल्लेखित तीनों महिला पात्रों का विश्लेषण भी किया। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिक्केवाल ने कहा कि उपन्यास का शीर्षक ही अंदर के पूरे कथानक को अभिव्यक्त कर देता है। अध्यक्षता कर रहे मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सामाजिक ताना.बाना और यहां की संस्कृति को समझना है तो इस उपन्यास को जरूर पढ़िए। उन्होंने अनुवादक की चुनौतियों पर भी अपनी बात रखी। उपन्यास के छत्तीसगढ़ी व हिंदी संस्करण पर बोलते हुए कल्याण महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. सुधीर शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक स्थिति सौ साल पहले जैसी थी। उसमें खास बदलाव नही है और इसकी पड़ताल उपन्यास में लेखक पूरी साफगोई से करता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आंचलिकता के बावजूद यह उपन्यास राष्ट्रीय स्तर की रचना है। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने कहा कि छत्तीसगढ़ को समझने ऐसे उपन्यास लिखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा प्रेमचंद ने आजादी के पहले का ग्रामीण भारत अपने साहित्य में दर्ज किया था, ठीक वहीं कार्य करते हुए आज लेखक श्री पारकर छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि को दर्ज कर रहे है। युवा गीतकार धर्मेंद्र जंघेल ने गीत सुना कर खूब वाहवाही बटोरी। सभी अतिथि, लेखक व अनुवादक का सम्मान किया। आयोजन में मुख्य रूप से बलदाऊ राम साहू, रजनी रजक, डॉ. संजय दानी, रामकुमार वर्मा, जावेद हसन, रियाज खान गौहर, नीलम जायसवाल, नरेश कुमार विश्वकर्मा, सोनिया सोनी, इंद्रजीत दादर, इस्माइल आजाद, डॉ नौशाद अहमद सिद्दीकी, शमा परवीन, वासुदेव भट्टाचार्य, वी नाथ, शिवमंगल सिंह सुमन, यशवंत साहू, ब्रजेश मलिक, कमल शुक्ल, रामकुमार वर्मा, प्रदीप कुमार चंद्राकर, हेमलाल यादव, कमल शुक्ल, कमल शर्मा, मुकुंद प्रसाद, रोहित उपस्थित थे। आयोजन का संचालन डा. गणेश कौशिक ने, आभार प्रदर्शन बृजेश मलिक ने किया।

# यशवंत की नई उपन्यास की विजय ने की समीक्षा

**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु) ।भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग में कार्यरत सहायक महाप्रबंधक यशवंत साहू की नई उपन्यास कोंगनिहा की समक्ष करते हुए प्रसिद्ध साहित्य कर विजय वर्तमान ने कहा कि यह सच है कि लोकगाथाएँ इतिहास से अधिक ताक़तवर सिद्ध होती हैं । वे बिना किसी औपचारिक माध्यम के श्रुति परम्परा के डैनों पर सवार होकर पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होती हैं और लोकमानस की स्मृति में दृढ़ता के साथ विद्यमान रहती हैं । यह भी होता आया है कि यदि लोकगाथा का कोई पात्र लोकमान्यताओं और आस्थाओं के पैमाने पर आदर्श सिद्ध होता है तो वह पात्र जनता की श्रद्धा और भावुकता का अवलम्ब पाकर एक पूज्य पद का अधिकारी हो जाता है । ऐसी ही एक लोकगाथा छत्तीसगढ़ के मानस में पैठी हुई है जिसकी नायिका बहादुर कलारिन (दाई) अपनी नैतिक ऊँचाइयों और दृढ़ अडिग संकल्पों की स्वामिनी होने के कारण छत्तीसगढ़ के कलार समाज की कुलदेवी की प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुकी है । लोकगाथाएँ वास्तविक अर्थों में इतिहास नहीं होतीं अत: इन्हें लिखते समय इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप से मुक्त रहने के कारण लेखक की रचनात्मकता को खेलने का अवसर मिलता है। सुधी लेखक कथा की आत्मा को अप्रभावित रखते हुए पूरी समझदारी और कौशल के साथ अपनी कल्पनाशीलता का नियंत्रित और अनुशासित प्रयोग करते हुए कथा को रोचक और पठनीय बना लेता है। प्रतीत होता है कि यशवंत छत्तीसगढ़ की लोकगाथाओं की नब्ज को एक वैद्य की भाँति जानते समझते हैं। वे लोकगाथाओं को रोचकता और तन्मयता के साथ सुनाना, लिखना जानते हैं । उनका छत्तीसगढ़ी संस्कृति और भाखा का सम्यक ज्ञान बेहद प्रामाणिकता और सुंदरता के साथ कथा को आगे बढ़ाता है । उपन्यास में सारे संवाद छत्तीसगढ़ी भाखा में हैं। यशवंत की छत्तीसगढ़ी में बेहद सरल, सहज और आडम्बरहीन सौंदर्य है। उनकी छत्तीसगढ़ी भाखा सुखद रूप से आभिजात्य से मुक्त है। सोने पे सुहागा यह कि उपन्यास में संवादों की प्रचुरता है। छत्तीसगढ़ी भाखा को अधिकाधिक स्थान मिला हुआ है। किताब में हिन्दी भाषा सिर्फ लेखकीय वक्तव्य के लिए प्रयुक्त हुआ है जो बहुत कम और संतुलित मात्रा में है। यशवंत के लेखन में कहीं भी छत्तीसगढ़ी पन खंडित अथवा अतिक्रमित नहीं होता।



उनकी पैनी और महीन दृष्टि छत्तीसगढ़ को सभी स्तरों के पात्रों में सुरक्षित रखता है। कलार जाति का पारंपरिक रूप से महुआ उत्पादों पर निर्भरता का बढ़िया चित्रण हुआ है । बहुउपयोगी महुआ के लिए प्रयुक्त हुई उपमायें सुंदर, सटीक और नवीन हैं । ग्रामीण परिवेश के प्रामाणिक चित्रण के साथ साथ तत्कालीन सामन्तों और राजाओं का चित्रण करते समय छत्तीसगढ़ कहीं भी अतिरंजित नहीं हुआ है। राजकुमार एवं राजपरिवार के सदस्यों द्वारा भी चटनी-बासी, नून-बासी, चटनी-अंगाकर और पेज का खाया जाना तत्कालीन छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत करने का लेखक के चैतन्य आग्रह को सिद्ध करता है। अपहृत राजकुमारियों को धान कूटने की सजा देना कथाकार की सजगता को दिखाती है कि वे छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत करते समय छत्तीसगढ़ से बाहर क़दम नहीं रखते। छत्तीसगढ़ के पकवानों में कोई आयातित पकवान के नाम का न होना भी यही सिद्ध करता है । इन अर्थों में यह कथा छत्तीसगढ़ की अपनी होने का गौरव प्राप्त करती है। वास्तव में बहादुर कलारिन स्त्री के सम्मान की रक्षा की शाश्वत नैतिकता की स्थापना करती हुई अद्भुत एवं अछूती कथा है । यशवंत न दसमत के बाद बहादुर कलारिन की लोकगाथा को उपन्यास के रूप में जनता को समर्पित किया है। यह एक घटनाप्रधान कहानी है। घटना प्रधान कहानी में पात्रों के मनोविज्ञान का खुलासा करने की कोई ख़ास गुंजाइश नहीं बचती। तेज़ी से बदलते घटनाक्रम के कारण गम्भीर विचारप्रधान संवाद नहीं बन पाते। जीवन . दर्शन से संपृक्त प्रसंगों के लिए कोई जगह नहीं बचती । घटनाएं तेजी से घटित होती हैं और लगातार नये दृश्य आते चलते हैं।

# फटाका दुकानदारों की दुर्ग पुलिस ने ली बैठक



**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर दुर्ग जिले के सभी फटाका व्यवसायियों की बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 के सभाकक्ष में आयोजित की गई। फटाका दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि समस्त फ्टाखा लायसेंसियों के पास वैध लायसेंस होना चाहिए। अनुज्ञप्ति शर्तों का अक्षरश: पालन करेंगे। समस्त फटाखा विक्रेता निर्धारित मानक के फ्टाखे ही विक्रय करेंगे। मानक के अनुरूप ही निधारित मात्रा में स्टाक रखेगें। दुकान में अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखे। दुकानो में पानी, रेत की व्यवस्था रखना सुनिश्चित करेंगे। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुये ग्रीन फटाखो के संबध में दिए गए निर्देश का पालन करेंगे। दुकानो में सीसीटीव्ही कैमरा अनिवार्य रूप से लगायेंगे। दुकानो के आस.पास ट्रांसफर्मर ना हो। इसका विशेष ध्यान रहे। बिजली के तार खुले न हों, प्रॉपर टेपिंग की गई हो। संबधित थाने एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष का संपर्क नंबर रखेंगे। आपातकानीन स्थिति में हेल्प लाईन नंबर 112 में सूचना देगें। ।

## पाटन-धमधा में योग एकीकृत शिविर अगले माह

**भिलाईनगर।** पतंजलि योग समिति की बैठक पाटन व धमधा तहसील में हुई। बैठक में तय किया गया कि जगन्नाथ मंदिर पाटन में 17 नवंबर से 23 नवंबर तक और धमधा के हाई स्कूल में 24 नवंबर से 30 नवंबर तक योग एकीकृत शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें योग थेरेपी, वाटर थेरेपी, यज्ञ थेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, श्रृंगी चिकित्सा, षट्कर्म और मिट्टी चिकित्सा जैसी थेरेपी का प्रयोग किया जाएगा। जिसमें लोगों का पंजीयन ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन दोनों ही विकल्पों से किया जा सकेगा। इस बैठक में स्वामी नरेंद्र देव, जयंत भारती, नरेंद्र पटेल, उद्धव राम साहू, आसकरण जैन, लाला राम वर्मा, तुलाराम वर्मा, रूपे साहू, मधुसूदन यादव, सुरेश धीवर, उमेश यादव, भरत लाल, जेआर बिसेन, कामराज पटले और महेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# ज्ञानचंद बने आल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ टीम में भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है उपरोक्त मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतीया, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर परवानी सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ कैट के अध्यक्ष परमानंद जैन एवं प्रदेश महासचिव सुरेंदर सिंह के द्वारा किया गया है । उल्लेखनीय है कि ज्ञानचंद जैन पूर्व में भी कैट के प्रदेश सचिव एवं भिलाई अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी का सक्रियता से कार्य किया है। श्री जैन वर्तमान उनके में स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष हैं। श्री जैन के उपरोक्त मनोनयन पर सांसद विजय बघेल, प्रेम प्रकाश पांडे, भिलाई के प्रतिष्ठित व्यापारी रामकिशन मुंद्रडा, श्रीनिवास खेड़िया, रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, सुरेश रतनानी, वृंदावन पंडा, राधे गोविद बाजपेयी, दिनेश सिंघल, पी एल पाठे, अजय कनोजिया, भिलाई चैंबर महिला विंग के अध्यक्ष सुमन कनोजे, सुश्री कंचन सिंह, कैट महिला विंग दुर्ग अध्यक्ष पायल जैन, पवन बड़जातिया, सहित अनेक व्यापारिक संगठनों के अध्यक्षों ने बधाई दी है वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन के बाद ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि ना केवल भिलाई अपितु बल्कि प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कैट के माध्यम से समस्याओं के निराकरण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करूंगा।

# वेब डेवलपमेंट विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान



**भिलाईनगर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा वेब डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम वेब तकनीकों, फ्रेमवर्क्स तथा वर्तमान रुझानों से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजीव शर्मा, बिटकोड के प्रबंध निदेशक, तथा पी. जोशी, वेब डेवलपमेंट विशेषज्ञ रहे। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक वेब विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। अपने व्याख्यान में विशेषज्ञों ने फ्रंट-एंड और बैक-एंड टेक्नोलॉजीज पर चर्चा की तथा फ्रेमवर्क्स की महत्ता बताई। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे ये उपकरण वेबसाइट और एप्लिकेशन डेवलपमेंट की दिशा बदल रहे हैं। वक्ताओं ने कृत्रिम बुद्धि के बढ़ते प्रभाव, ऑटोमेशन टूल्स तथा रिस्पॉन्सिव डिजाइन जैसे नवीनतम रुझानों पर भी प्रकाश डाला। श्री शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में वेब डेवलपमेंट का महत्व और भी बढ़ने वाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे व्यावहारिक ज्ञान, प्रोजेक्ट-आधारित सीखने और निरंतर कौशल-विकास पर ध्यान केंद्रित करें। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि आज के तकनीकी युग में वेब डेवलपमेंट का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उपयोगी है, चाहे वह किसी भी विषय का अध्ययन कर रहा हो। उन्होंने विभाग को ऐसे ज्ञानवर्धक और करियर-उन्मुख कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि शिक्षा, अनुसंधान और प्रशासन के क्षेत्र में वेब तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे अवसरों का लाभ उठाने और आधुनिक तकनीकों की गहरी समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष ठाकुर देवराज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन और अतिथियों, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभाग की सहायक प्राध्यापिकाएँ श्रीमती पूनम यादव, डॉ. कविता कुशवाहा, श्रीमती माधुरी वर्मा उपस्थित रहीं।

## वार्ड 3 में सामुदायिक भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**कोहका तिल्दा।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 3 में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया। क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने विकास कार्य की घोषणा की थी। इस भवन से वार्डवासियों को अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग

# डॉ. आरडी दास वैष्णव ने केवट प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए भगवान के रूप महिमा का बखान किया

**बालोद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नयापारा के सत्संग भवन में चल रही रामकथा के अन्तर्गत प्रवचनकर्ता डॉ आरडी दास वैष्णव ने केवट प्रसंग को आगे बढाते हुये 12 अक्टूबर को भगवान के रूप महिमा का बखान किया। भगवान श्रीराम के चार विग्रह नाम, रूप, लीला और धाम में कलियुग के जीवों के उद्धार के लिये नाम और रूप को तुलसीदास जी ने विशेष महत्व दिया है। विगत प्रसंग में भगवान श्रीराम के नाम की महिमा का वर्णन किया गया। इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास जी ने रूप की महिमा का वर्णन करते है। तुलसीदासजी ने मानस में जो चौपाई लिखी है च्च्जासु नाम सुमिरत एक बारा उतरहि नर भवसिंधु अपाराज्ज में नाम का महत्व है फिर तुलसीदासजी आगे लिखते है च्च्सोइ कृपालु केवटहि निहोरा। जेहिं जगु किय तिहु पगहु ते थोराज्ज।। इस चौपाई में भगवान के रूप की महिमा का बखान किया गया है। यह पंक्ति कि च्च्सोइ कृपालु केवटहि निहोरा दीप देहरी न्याय के समान है जो उत्तरहिं नर भवसिंधु अपाराज्ज तथा च्च्जेहि जगु किय तिहु पगहु ते थोराज्ज के बीच दीप के समान है जो उपर प्रथम भगवान के नाम एवं बाद में भगवान के रूप की महिमा को प्रकाशित करता है। भगवान श्रीराम की कृपा ही दीपक है जो नाम और रूप दोनों को प्रकाशित करता है।

गोस्वामी तुलसीदासजी भगवान के रूप की महिमा को प्रगट करते हुये भगवान के वामन रूप का वर्णन करते है जिन्होंने बली के यज्ञशाला में आकर महादानी बली के बार बार प्रार्थना करने पर तीन पग भूमि की मांग करते है। बली के गुरु शुकाचार्य भगवान वामन को पहचान लेते है तथा बली को अलग ले जाकर उन्हें सावधान करते है कि वामन के रूप में तुम्हें छलने के लिये साक्षात विष्णु ही आये है अत: तुम इन्हें बिना कुछ दिये वापस लौटा दो। राजा बली में भक्त प्रहलाद के भी संस्कार विद्यमान थे। बली प्रहलाद के पुत्र विरोचन का पुत्र था। यद्यपि बली एक असुर था तथा अपनी आसुरी शक्ति से इन्द्र के स्वर्ग को जीत कर उसे निष्कासित कर दिया था। देवताओं के प्रार्थना पर ही भगवान वामन अवतार लेते है ताकि बली से स्वर्ग छीन कर पुन: इन्द्र को वापस दिया जाय। बली ने शुकाचार्य की बात को नहीं माना तथा कहा कि यदि भगवान ही स्वयं मागने के लिये आये है तो मैं उन्हें मना नहीं करूंगा। राजा बली तीन पग भूमि देने के लिये जब पात्र में जल लेकर संकल्प करते है तो शुकाचार्य उस कमण्डल की टोटी के छेद में सूक्ष्म रूप बनाकर बैठ जाते है ताकि टोटी से जल न निकले तथा बली का संकल्प पूरा न हो। भगवान वामन शुकाचार्य के मर्म को समझ गये तथा संकल्प करने के लिये बली ने अपने हाथ में जो कुशा रखा था उस कुशा को लेकर उसके अग्रभाग से टोटी में बैठे हुये शुकाचार्य की बायी आँख को फोड दिया। शुकाचार्य दर्द से कराहते हुये बाहर भागा। बाद में शुकाचार्य ने भगवान से पूछा कि आपने मेरी बायी आँख को ही क्यों फोड़ा तथा ऑख फोड़ने के लिये कुशा के अग्रभाग का ही प्रयोग क्यों किया। भगवान ने इसका उत्तर देते हुये कहा कि शुकाचार्य व्यक्ति की दो आँखे ज्ञान और वैराग्य का प्रतीक है। दायी आँख ज्ञान का और बांयी आँख वैराग्य का प्रतीक है। तुम्हारी ज्ञान वाली दायी ऑख तो अच्छी है क्योंकि तुमने मुझे पहचान लिया किन्तु वैराग्य वाली बायी ऑख ठीक नहीं है क्योकि मुझे पहचानने के बाद भी कि मैं ईश्वर हूं तुमने बली को मुझसे जोड़ने के बजाय मुझसे अलग करने का प्रयास किया तो तुम्हारी दाहिनी आँख में ज्ञान तो है किन्तु बायी आँख जो वैराग्य का प्रतीक है वह ठीक नहीं है इसलिये मैंने वैराग्य वाली बायी आँख को फोड़ दिया। तुलसीजी ने लिखा है च्च्ज्ञान बिराग नयन उरगारीज्ज। मैंने कुशा के अग्रभाग से इसलिये फोड़ा कि तुम स्वयं को बहुत बुद्धिमान अर्थात कुशाग्र समझते हो अत मैंने कुशाग्र की आँख को फोडने के लिये कुशा के अग्रभाग का ही प्रयोग किया। बली जब तीन पग भूमि देने का संकल्प पूर्ण कर लिया तो भगवान तीन पग भूमि नापने के लिये वामन से विराट बन गये तथा दो ही पैर में संपूर्ण पाताल, पृथ्वी तथा स्वर्ग को नाप लिये तब भगवान ने बली से कहा तुमने मुझे तीन पग भूमि देने का संकल्प किया है, दो पग से ही मैंने पूरे ब्रम्हाण्ड को नाम लिया अब मैं तीसरा पग कहा नापू। भगवान वामन बली को बांधकर नीचे जमीन में गिरा दिया। बली भगवान के चरणों मे गिर कर निवेदन करता है कि हे प्रभु आप अपने तीसरे पग से मुझे ही नाप लीजिये। भगवान बली की विनम्रता को देख कर प्रसन्न हो गये तथा बली के सिर पर अपना चरण रख दिया। यह एक अ?द्भुत दृष्य था जिसे देखकर प्रहलाद स्वर्ग से बली के यज्ञस्थल पर आ गये। भगवान को ऐसा लगा कि प्रहलाद मुझे उलाहना देने के लिये आया है क्यों कि मैने उसके पोते को बांधकर

नीचे गिरा दिया है किन्तु प्रहलाद की बातों को सुनकर भगवान वामन अत्यन्त प्रसन्न हो गये। प्रहलाद ने कहा हे प्रभु मैं तो आपके इस स्वरूप का दर्शन करने आया हूं कि मेरा पोता जमीन पर पड़ा है और उसके सिर पर आपका चरण है। तीन बाते मैं आज पहली बार देख रहा हूं प्रथम कि संसार को देने वाला आज मेरे पोते से मांग रहा है, दूसरा कि आपके जिन चरणों का स्पर्श वर्षों तपस्या करने के बाद भी साधक को प्राप्त नहीं हो पाता आज वही चरण मेरे पोते को बिना कुछ साधना किये प्राप्त हो गया और तीसरी बात मैं ये आपसे पूछना चाहता हूं कि बंधन में मेरा पोता है कि आप है। यद्यपि बाह्य दृष्टि से तो मेरा पोता बंधा है तथा आप मुक्त है किन्तु वास्तविकता यह है कि आप मेरे पोते के प्रेम में बंधे है तथा मेरा पोता मुक्त है। भगवान वामन ने बली से यही कहा था कि बली मैं तुम्हें पाताल लोक का राजा बनाता हू तथा स्वर्ग का राज्य इन्द्र को पुन: वापस लौटाता हूं जिस पर तुमने अपना अधिकार कर लिया था। बली ने बड़ी विनम्रता के साथ कहा कि आप मुझे कही भी भेज दे किन्तु मेरी एक ही प्रार्थना है कि आप मुझे प्रतिक्षण दर्शन देते रहे, मैं हरपल आपका दर्शन करता रहूं। प्रहलाद ने कहा कि प्रभु बली ने आपको ही बांध दिया आपने बली को नहीं बाधा। इसप्रकार बली पाताल के राजा बन गये और भगवान बली के पहरेदार बन गये तथा निरंतर बली को दर्शन देते रहे।

## विविध कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी



**पाटन,** 13 अक्टूबर। दुर्ग जिला में स्वयं सेवी संस्था पाटन छत्तीसगढ़ी ग्रामीण जन विकास सेवा संस्थान के द्वारा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम किया जा रहा है संस्था द्वारा क्षेत्र में मानव जीवन के सर्वोदय विकास व सेवा परमो धर्म को अंगीकृत करते हुए समाज की विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रही है अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति का शोषण रोकना ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना पर्यावरण युवा साथियों में नेतृत्व का गुण विकसित करना बैंकों से जोड़कर क्षेत्र के महिलाओं के द्वारा संयुक्त देवया समूह बनाकर उसके विभिन्न समस्याओं से उनकी घर में बीमारी बच्चों का पढ़ाई किसानी इत्यादि सुख दुख में कार्य आने पर ऋण प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना है क्षेत्र में गौव वंश की रक्षा करने हेतु ग्रामीण टीम को प्रोत्साहन देना एक्सीडेंट पशुओं को समुचित इलाज शासकीय पशु चिकित्सक से इलाज करने में मदद कर करना है गांव में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह की विभिन्न प्रकार से मदद करना बैंक से खाता खुलवाना समूह की रिकार्ड दुरुस्त करना बैंक से ऋण प्रदान करना में मदद करना संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है संस्था के अध्यक्ष प्रसाद आडिल ने बताया कि विभिन्न शासकीय विभागों से मान्यता प्राप्त भी कर लिया गया है नेहरू युवा केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग से सिलाई प्रशिक्षण एवं ब्यूटी पार्लर विगत दो तीन वर्षों से किया जा रहा है किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने के लिए संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है।

## हादसे में युवक की मौत



**खरोरा,** 13 अक्टूबर। पं. दीनदयाल उपाध्याय (तिगड्डा) चौक में सुबह हुए हादसे में एक नाबालिग युवक की मौत हो गई। प्रार्थी बरोण्डा वार्ड क्रमांक 06 चनिवासी लालदास गिलहरे (50 वर्ष) साल ने हादसे की सूजना दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर खरोरा पुलिस ने अपराध क्रमांक 706/2025 धारा 281, 106(1) भा.न्या.सं. पंजीबध्द कर शव का पंचनामा व पी.एम. कराया है। प्रकरण की विवेचना जारी है। इस संपंध में प्रार्थी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके सगे छोटा भाई राजूलाल गिलहरे ग्राम मांठ पानी के पास रहता है। उसका छोटा लड़का निलेश गिलहरे (15 वर्ष) 12 अक्टूबर रविवार की सुबह लगभग 9.30 बजे घर पेंट करने के लिये पुट्टी सामान लेने घर की मोटर सायकल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 04 एम के 1907 से अकेले खरोरा गया था। लगभग 10.30 बजे मोटर सायकल पर सवार होकर पुराना बस स्टैण्ड खरोरा से वापस घर जाने निकला था। ग्राम खरोरा मेंपं. दीनदयाल उपाध्याय (तिगड्डा) चौक पर तिल्दा से आती हुई वाहन अल्टो कार क्रमांक सीजी 10 एफ 6801 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को सामने से टक्कर मार दी। जिससे निलेश गिलहरे मोटर सायकल सहित रोड में गिरा और साइड से गुजरते वाहन माजदा क्रमांक एम पी 04 जी ए 5420 के पीछे चक्का से टकरा गया। उसे घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल खरोरा लेकर गये जहां डॉक्टरने चेक करके मृत घोषित कर दिया।

## जिले के ग्रामों पंचायतों में किया जा रहा है डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी सूची का प्रकाशन

**बालोद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्रामों पंचायतों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। जिससे किसान अपने ग्राम पंचायत में बोऐ गए फसल प्रविष्टि की जानकारी का अवलोकन कर सकते हैं। इसके साथ ही किसान वेबसाई पर ऑनलाईन माध्यम से भी अपने बोऐ गए फसल की प्रविष्टि से संबंधित जानकारियों का अवलोकन कर सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के अवसर पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन भी कराया गया है।

### शा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में किया गया एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**बालोद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य एनके साहू ने बताया कि एचआईवी एड्स के संबंध में फैली भ्रांतियों एवं एड्स के नियंत्रण के संबंध में एड्स जागरूकता कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर के सी.एच.ओ प्रितमा एवं काउंसलर हेमलता कोसरे के द्वारा एड्स संबंधी भ्रांतियों, नियंत्रण एवं उसके रोकथाम के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा पोस्टर एवं रैली निकालकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती दामिनी शांडिल्य सहित प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे।




## गुरुर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष बने मिथलेश



**गुरुर,** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। तहसील साहू संघ गुरुर के पदाधिकारियों का चुनाव साहू सदन भवन गुरुर में संपन्न हुआ। जिसमें मिथलेश साहू अध्यक्ष पद पर विजय हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पुरुष में दुष्यंत साहू, उपाध्यक्ष महिला में ललिता साहू, संगठन सचिव पुरुष में लक्ष्मी चंद साहू और संगठन सचिव महिला में डामेश्वरी साहू को पद हासिल हुए। अध्यक्ष चुनाव में मिथिलेश ने निकटतम प्रतिद्वंदी पीतांबर को 44 वोट से पराजित किया तो वहीं उपाध्यक्ष पुरुष में दुष्यंत साहू 141 वोट से जीते उपाध्यक्ष महिला में ललिता साहू 15 वोट से विजय रही। संगठन सचिव पुरुष में लक्ष्मी चंद साहू 86 वोट से जीते। संगठन सचिव महिला में डामेश्वरी साहू 50 वोट से जीते है, चुनाव पर्यवेक्षकों ने सभी विजय प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

## पेंशनर्स महासंघ की बैठक आज कोलिहामार में

**गुरुर।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ छत्तीसगढ़ जिला बालोद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक 14 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे कोलिहामार गुरुर में रखी गई है। जिला स्तरीय हो रही इस बैठक का आयोजन साहित्य सदन में होगा। पेंशनर संगठन के जिला अध्यक्ष डीआर गजेंद्र ने बताया कि इस बैठक में हमारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा दुर्ग एवं बी.आर.साहू प्रांतीय कार्यकारिणी मार्गदर्शन हेतु विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इसलिए सभी पेंशनरों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। चर्चा के चार बिंदु के तहत डीए/डीआर पेंशनर्स के लिए, राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या प्रस्थान हेतु, नवीन आजीवन सदस्यों का सम्मान और संगठन विस्तार हेतु चर्चा की जाएगी।

## निधन

### बलराम यदु

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर। ग्राम सिंधोरा निवासी बलराम यदु का निधन रविवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। उनके निधन पर परिजन, ग्रामवासी, सामाजिक पदाधिकारीगण ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र के सचिव कमलेश यदु प्रधानपाठक के पिता थे।



### श्रीमती जमुना साहू

**महासमुंद,** 13 अक्टूबर। ग्राम मचेवा निवासी श्रीमती जमुना साहू 61 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मचेवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह तोगेश साहू, देवेंद्र कुमार साहू की माता व दौलत राम, अधिवक्ता जनक राम साहू की भाभी थीं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित हुए।



## नाबालिग युवक ने पल्सर से युवक को मारी टक्कर, हुई मौत



**मगरलोड,** 13 अक्टूबर। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड के राधा स्वामी सत्संग भवन के पास कल रात 12 अक्टूबर को करीबन 7=00 बजे उदय राम ध्रुव बेलरदोना रोड से अपने घर आ रहा था तभी एक पल्सर गाड़ी से तेज रफ्तार बिना कोई नंबर के अनियंत्रित गाड़ी से नाबालिग मुस्लिम युवक ने जोरदार उदय राम ध्रुव को टक्कर मारने से उसकी हाथ पैर सिर में गंभीर चोट आने से उसके पुत्र मनीष ध्रुव द्वारा मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया जहां उसकी मेकाहारा रायपुर में आदिवासी युवक उदय राम ध्रुव की मौत हो गई जिससे मृत शरीर को रखकर मथुरा नगर में लोगो ने चक्का जाम किया

### मथुरा मगर में शव रखकर किया लोगों ने चक्काजाम

थाना प्रभारी एस आई लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया की दुर्घटना की जांच की जा रही है और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है अस्पताल से मर्ग डायरी आने के बाद और धारा जोड़ी जाएगी तथा वाहन मालिक के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध होगा। इस घटना से परिवार एवं आदिवासी समाज के साथ नगर पंचायत की आम नागरिकों में भी आक्रोश पनप रहा है वही मगरलोड में 24 घंटा अवैध शराब एवं गांजा बिकने से लगातार नाबालिक बच्चों एवं स्कूली बच्चों में भी नशे की लत लगने से घरों में कलह उत्पन्न हो रहा है तथा मगरलोड में अशांति फैल रही है पुलिस इस अवैध कारोबार को बंद करने में लगातार असफल हो रहे हैं एवं गांजा तथा अवैध शराब बेचने वालों की हौसले लगातार बुलंद है गांजा एवं शराब बेचने वालों के घरों में बड़ी-बड़ी महंगी गाड़ी एवं अवैध कमाई लगातार फल फूल रहा है आखिर मगरलोड पुलिस इस अवैध कारोबार को बंद करने में आज तक क्यों असफल है यह नगर में चर्चा का विषय है।

## गौधाम संचालन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि कल तक बढ़ाई गई

**बालोद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधाम योजना के अंतर्गत गौधाम के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ), ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, सहकारी समितियों से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में गौधाम संचालन हेतु आवेदन करने की तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 15 अक्टूबर तक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि गोधाम योजना के अंतर्गत उपयुक्त स्थानों पर निराश्रित, घुमंतु तथा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित), कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 अंतर्गत जब्त किए गए गौवंश के पशुओं के संरक्षण, संर्वधन किया जाएगा। उप सचांलक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऐसी शासकीय भूमि जिसमें सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी की सुविधा, बिजली तथा हरा चारा उत्पादन हेतु चारागाह की भूमि की सुविधा होगी। उन स्थानों पर जिला प्रशासन के प्रस्ताव के आधार पर राज्य गौसेवा आयोग की स्वीकृति उपरांत चयनित संस्थाओं को गोधाम की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रथम चरण में प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम की स्थापना किया जाएगा। इसके साथ ही गौधाम के संचालन हेतु चिन्हांकित भूमि के समीप पंजीकृत गौशाला समिति द्वारा सहमति व्यक्त करने पर छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग की क्रियान्वयन समिति के द्वारा प्राथमिकता पर लिया जाएगा। गौधाम के संचालन हेतु गौसेवा पशु नस्ल सुधार एवं संचालन के क्षेत्र मे संलग्न संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही इच्छुक स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ), ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, सहकारी समितियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में गौधाम संचालन हेतु 15 अक्टूबर तक निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके पश्चात् परीक्षण उपरांत जिला प्रशासन द्वारा चयनित संस्था का नाम राज्य गौसेवा आयोग को गौधाम स्थापना हेतु अनुमोदन प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गौधाम के संचालन हेतु गौ सेवा, पशु नस्ल सुधार एवं संचालन के क्षेत्र में संलग्न संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार...

मंत्री गायत्री वर्मा, नवीन पवार, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पार्षद साजन जोसेफ, जिला कार्यालय मंत्री सैय्यद आसिफ अली, प्रदेश कार्यालय मंत्री गगनदीप सिंह, अमदज अली, जिला महामंत्री महेश जैन, उपस्थित रहे।

सभा को जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजन जोसेफ, मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष रजिया खान, संगठन प्रभारी गुलाम गौरू मोहम्मद खान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, रजा खोखर, जाकिर खोखर, शेख असलम, मीर कासिम, पास्टर जोस मोन, विशय सोमनाथ राहुल मसीह, बीसी पाईक, आचार्य व्यामम वर्गीज, जयचंद डोंगरे, सुशील बाग, सुषमा सेमुअल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक कुरीतियों एवं शादी-ब्याह ...

की जाने वाली फिजूलखर्ची का खुले मंच से विरोध करते हुए इस पर रोक लगाने की बात कही। श्री साहू ने कहा कि विचार बड़ा होना चाहिए, संख्या बड़ा होने से कोई महान नहीं होता।

इस अवसर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भेखाराम साहू, रामकली साहू,सतोष कुमार साहू, डॉ. श्रवण कुमार साहू दुकालूराम साहू,खिलेन्द्र साहू डॉ. लोमस पुरुषोत्तम साहू, ताम्रध्वज साहू, भूषण साह, त्रिलोक लाल साहू यमुना साहू, शशि साहू,पचराम साहू, खिलेन्द्र साहू डॉ. मधुर साहू,जगदेव साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, बोहर साहू भानु प्रकाश साहू, राकेश कुमार भगवानी साहू चन्दन साहू होरिलाल साहू परिक्षेत्र साहू संघ नगपुरा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 114 शासकीय एवं 134 अशासकीय...

भाग लिया। कार्यशाला का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग की प्रभारी अधिकारी प्रीति बाला शर्मा के द्वारा किया गया। उनके द्वारा पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के संबंध में लाइव जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग/धमधा/पाटन की सहायक संचालक गौरा शुक्ला, सहायक ग्रेड 3 प्रत्याक्षा सिंह चौहान एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर सीमा विश्वकर्मा और चिंतामणी साहू भी उपस्थित रहें।

### सेवाए, स्वास्थ्य और संस्कार को ...

का भ्रमण करते हुए 15 अक्टूबर को रायपुर में समापन होगी। यह रथ यात्रा मेला, जागरूकता रैली और सेलिब्रेशन के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए आजीविका के अवसर, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबन, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं नए भारत के निर्माण का संदेशवाहक है। वर्ष 2000 से शुरू हुआ यह सफर आज 25 वर्ष पूर्ण कर चुका है।

## झेरिया यादव समाज का अभिनंदन शपथ ग्रहण समारोह लवन में आज

**बिलाईगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र 5066 के बेनर तले एक दिवसीय झेरिया यादव समाज जिला बलौदाबाजार (ग्रामीण)के अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया है।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव व प्रदेश संगठन चंद राम यादव ने बताया की झेरिया यादव समाज का अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह आज 14 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे से स्थान नया बस स्टैंड लवन जिला बलौदाबाजार मे रखा गया है। इस कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव मुख्यतिथि होगे।



वही कार्यक्रम की अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि मे गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष,डॉ सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा,विशिष्ट अतिथि आनंद यादव जिला अध्यक्ष भाजपा बलौदाबाजार,सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार,सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी,पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार,राम चरण यादव पूर्व जनपद पंचायत कसडोल,भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष झेरिया यादव समाज,राजू यादव राजनितिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष,विनय यादव जिला महामंत्री बलौदाबाजार,आशा संतोष यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट,कविता महेश यादव जनपद सदस्य तखतपुर,विशेष अतिथि मे शिवमंगल सिंह चौहान नगर पंचायत अध्यक्ष लवन,अनुपम वाजपेयी मंडल अध्यक्ष लवन,रामलाल कुर्रे मंडल अध्यक्ष लाहोद हरीश साहू जनपद सदस्य लाहोद,धनेशवरी यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार,जगत राम यादव प्रदेश सरंक्षक, सुकालू यादव प्रदेश सरंक्षक,डी आर यादव परेश सरंक्षक,सुंदर लाल यादव प्रदेश सचिव, आर डी यादव सदस्य,जी आर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष,मनोज यादव प्रदेश सयुक्त सचिव,रंजीत यादव प्रदेश प्रबंध कार्य.सदस्य,बंशी लाल यादव प्रदेन प्र कारिणी सदस्य,प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट,प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ट,प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट,महानगर इकाई के अध्यक्ष गण एवं समस्त जिला के अध्यक्ष गण की उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न होगी। सामाजिक बंधुओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पहली बार कार्यक्रम को लेकर आयोजक जिला अध्यक्ष कार्तिक राम यादव,चंद राम यादव,भिखम यादव,टिका राम यादव,लोरिक यादव,खोरबाहरा यादव,लक्ष्मी यादव,राम कुमार यादव,श्याम लाल यादव,प्रताप यादव सहित सामाजिक पदाधिकारी मे भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव पुलिस की अपील

### अज्ञात मृतक पुरूष के शव शिनाख्तगी बाबत



**राजनांदगांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। 12 अक्टूबर को प्रार्थी पी0 सुरेश पिता कामेश्वर राव उम्र 44 वर्ष साकिन रेल्वे कॉलोनी स्टेशन पारा राजनांदगांव का थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.10.2025 के 19:07 बजे राजनांदगांव एवं परमालकसा के बीच खंभा नंबर 893/37 से 893/33 के मध्य अप लाईन में अज्ञात व्यक्ति उम्र करीबन 35-40 वर्ष ट्रेन से कटकर फौत हो गया है। जिसका हुलिया कद करीबन 5 फीट, 7 इंच, चेहरा गोल, गठीला बदन रंग सांवला, बाल छोटा व काला, काली मुंछ, काला रंग का हॉफ जैकेट, लाईट हरा रंग का हॉफ टी शर्ट, नीला डेनिंग रंग का जींस, बांये हाथ की कलाई में मौली धागा पहना है, मृतक के शव को शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांगांव के मरचुरी में रखा गया है। अज्ञात मृतक पुरूष के वारिसानों का पता नहीं चला है, शिनाख्त नहीं हो सका है। कृपया मृतक के फोटो हुलिया से मिलान कर पता चलने पर थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव को सूचित करने अपील करती है।

# गन्ने का भुगतान सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय घेरने आये किसानो की पुलिस के साथ झूमा झटकी

- किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों ने घेरा पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय
- 10 दिवस में यदि गन्ने का मूल भुगतान नहीं हुआ तो करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव : अभिषेक मिश्रा



**पंडरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडरिया क्षेत्र सहित पूरे जिले में गन्ना प्रमुख फ़सल के रूप में उत्पादन किया जाता है, जिसके लिए जिले में 2 शाशकीय शक्कर कारखाना व लगभग 400 से अधिक गुड़ फ़ैक्टरीयां संचालित है, एक ओर जहां गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा गन्ना बेचने के तुरंत बाद किसानों को नगदी में भुगतान कर दिया जाता है वही दूसरी ओर सहकारी शक्कर कारखाने की हालत ऐसी हो चुकी है कि गन्ना बेचने के 10 महीने बीत जाने बाद भी आज तक किसान अपने भुगतान का इन्तेजार कर रहे है इस बीच विपक्षी दलों व किसान संघो के द्वारा कई बार कारखाना घेराव, चक्का जाम, आंदोलन किये जा चुके है पर किसानों के जेब अभी भी खाली है।10 माह बाद नया पेराई सत्र नजदीक है जिसके बाद आज जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों किसानों के द्वारा आम सभा आयोजित करने के बाद पंडरिया एसडीएम कार्यालय का घेराव कर गन्ने की भुगतान सहित राजस्व के मामलों में सुधार की मांग को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से दिया गया है

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान शामिल हुए जहाँ किसानों के प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिसेक मिश्रा, संगठन महामंत्री अकील हुसैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरी साहू सहित प्रदेश व जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को आड़े हाथ लिया।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंडरिया क्षेत्र के गन्ना किसानों की स्थिति देखकर मन मे बहुत ही पीड़ा हो रहा है कि कैसे यहाँ के किसान अपने ही उत्पादन का मूल्य पाने के लिए पिछले 10 महीनों से भटक रहे है, किसानों की स्थिति भाजपा की सरकार में बहुत ही दयनीय हो चुकी है, प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 10 दिनों में यदि गन्ने का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ तो रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपना अधिकार लेंगे।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक किसान का बेटा हु किसानों का दु:ख मेरा दु:ख, आज जिस तरह से हम किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए भटकाया जा रहा है, राजस्व कार्यालयो में छोटे से संसोधन के नाम पर पेशी के ऊपर पेशी दिया जा रहा है, बिजली बिल कई गुना बढ़कर आ रहा है यह सब वर्तमान भाजपा सरकार की विफलता है,

रवि चंद्रवंशी ने कारखाना प्रबंधन और सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये लोग किसानों के सब्र का इम्तिहान न ले जिस दिन किसान अपने अधिकारों के लिए सड़क पर आ गए उस दिन इन सब को अपना कुर्सी छोड़ना पड़ जाएगा।

# नपा अध्यक्ष ने शहर वासियों से कर अदा करने की अपील

## कर अदा नहीं करने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**बेमेतरा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सोमवार को मुनादी सूचना जारी करते हुए कहा कि संपत्ति कर, समेकित कर सहित जलकर वसूली में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि बड़े बकायदारों के साथ ही पूरे 21 वार्डों के बकायदारों की सूची तैयार की जाएगी एवं कर अदा नहीं करने वालों पर दीपावली के बाद कार्रवाई की जाएगी. यदि बार-बार अपील करने के बावजूद बकायेदार अपना टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं तो उनके साथ कड़ाई बरतना जरूरी हो गया है.



### कचरा ई रिक्शा में ही डालें

नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा ने शहर के नागरिकों को अपील करते हुए अपने घर, दुकान, व्यावसायिक परिसर से निकलने वाले कचरे को प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली ई-रिक्शा वाहनों मे डालने एवं कचरा को खुले में ना फेकने को कहा है, इसके बावजूद बाहर कचरा फेकने वालों पर 500 रूपए का अर्थदंड लगाया जाएगा.

### अवैध कनेक्शन को 31 अक्टूबर तक कराए वैध

नगर पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियों से समय पर जलकर अदा करने की अपील की है वही घरों एवं व्यवसायिक परिसरों में लगे अवैध नल कनेक्शन को 31 अक्टूबर तक कार्यालय में उपस्थित होकर वैध कराने कहा गया है अन्यथा नल कलेक्शन विच्छेद की कार्रवाई करते हुए एक हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा.

### भवन सामग्री रखे व्यवस्थित ताकि यातायात ना हो प्रभावित

सिन्हा ने कहा कि मुख्य मार्ग एवं गलियों में रखे गए भवन निर्माण सामग्री को व्यवस्थित रखें ताकि यातायात प्रभावित न हो अन्यथा भवन निर्माण सामग्रियों को जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी. जो व्यक्ति नगर पालिका से अनुमति के बिना भवन निर्माण करा रहा है, वह तत्काल कार्यालय में उपस्थित होकर भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त कर भवन निर्माण करावे एवं अर्थदंड से बचे.

सांसद खेल महोत्सव

# निकाय स्तरीय खेल महोत्सव 14-15 को

- स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में होंगे विविध खेल प्रतियोगिताएं
- प्रतिभागियों को सुबह 8 से 10 बजे तक अनिवार्य रूप से कराना होगा पंजीयन सत्यापन

**बेमेतरा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। खेल और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा निकाय स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 एवं 15 अक्टूबर 2025 को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, बेमेतरा में प्रात: 8:00 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में खेल भावना को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश देना है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे।

आयोजन के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, रस्साकस्सी, वॉलीबॉल जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागी अपने-अपने वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रात: 8:00 बजे से 10:00 बजे के मध्य स्टेडियम पहुंचकर अपना पंजीयन सत्यापन अवश्य कराएं। सत्यापन नहीं कराने की स्थिति में प्रतिभागियों को खेल प्रतियोगिता से वंचित किया जा सकता है। गेड़ी खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपनी स्वयं की गेड़ी साथ लेकर आएं, क्योंकि आयोजन समिति द्वारा गेड़ी की व्यवस्था नहीं की जाएगी।

आयोजन समिति ने प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे समय का पालन करें, खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और अनुशासन बनाए रखें। खेल महोत्सव के सफल संचालन हेतु नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं — जैसे पेयजल, प्राथमिक उपचार, खेल सामग्री, और सुरक्षा प्रबंध — सुनिश्चित किए गए हैं।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, स्थानीय खेल अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और खेलों की इस जनभागीदारी में शामिल होकर च्फिट इंडिया, यंग इंडियाज्ञ के संकल्प को साकार करें।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी को अपनाना आवश्यक: शर्मा

**बेमेतरा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्मदिन से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प का अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें देसी सामानों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि विदेशों सामानों की निर्भरता कम हो सके इसके लिए घर-घर अभियान चलाने जाएगा एवं कार्यकर्ता सम्मेलन भी रखा जाएगा यह जानकारी भाजपा के मुख्य वक्ता एवं पूर्व विधायक श्री शिव रतन शर्मा ने दिया भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले भाषण में मेक इन इंडिया पर जोर दिया था और रक्षा के मामले पर उन्होंने सबसे पहले ध्यान दिया था और रक्षा के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं उन्होंने बताया कि भारत कोविड काल महामारी का भी संकट भी झेला है और भारत ने इस महामारी को सामना करते हुए एक दो नहीं तीन-तीन वैक्सीन बनाए और विदेश में 165 देश में उसे उपलब्ध कराया गया इससे साबित होता है कि हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं क्योंकि हमारी विदेशी नीति अच्छी है आज अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में हमारी स्थिति चौथा स्थान पर है उन्होंने यह बताया कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पहले बजट जो विधानसभा में रखा गया तो 6.50 करोड रुपए था आज बढ़कर 137000 करोड रुपए का बजट हो गया है उन्होंने छत्तीसगढ़ का सामग्री का उल्लेख करते हुए बताया कि जशपुर की चाय चांपा का कोसा विश्व प्रसिद्ध है कांकेर का सीताफल का अलग स्वाद है जिसका उत्पादन के 70त्न निर्यात होता है स्वदेशी के साथ कृषि उत्पादन में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी है जिस पर कार्य चल रही है डीजल पेट्रोल से विदेशी मुद्रा का खर्च हो रही है रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के ध्यान दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि दैनिक उपयोग में स्वदेशी अपनाएं ताकि विदेशी सामानों की उपयोगिता कम कर सके इसके लिए अभियान भी चला जाएगा और कार्यकर्ता सम्मेलन भी इसकी संबंध में रखा जाएगा उन्होंने प्रश्न उत्तर में बताया कि घर-घर जाकर स्वदेशी सामानों का और विदेशी सामानों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी इस अवसर पर भाजपा मंत्री हर्षिता पांडे जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, हर्ष तिवारी एवं प्रणीश रजक उपस्थित थे ।



# कोपेडबरी मिडिल स्कूल में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**थानखम्हरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गायत्री परिवार शांन्ति कुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा पश्चात् सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के शिक्षक जोगेश्वर साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है जो आज भी अपने मूल रूप में जीवित है इस प्रतियोगी परीक्षा से बच्चों में भारतीय संस्कृति व बाल संस्कार के बीजारोपण एवं मेधा में निखार लाने व संस्कृति को जीवंत रखने के लिए संस्थान प्रति वर्ष कक्षा 5वीं से महाविद्यालय तक के विद्यार्थियों की यह परीक्षा आयोजित करता है। परीक्षा में प्रश्नोत्तरी के रूप में वेद, उपनिषद, गीता, रामायण, पवित्र नदी, महापुरुषों की जीवनी, खेल, राजनीति आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। हायर सेकेण्डरी के व्याख्याता क्षेत्रीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी अखिलेश सिंह बनाफर ने इस प्रकार की परीक्षा में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानपाठिका नीना कोठरी ने सभी परीक्षार्थियों को उच्चतम अंक लाने के साथ जिले व विद्यालय में अपना विशेष स्थान लाने की शुभकामनाएं दीं।

# नो पार्किंग में खड़े किए 10 वाहनों पर लगा यातायात का ताला

**बालोद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को जयस्तंभ चौक, कचहरी के पास नो पार्किंग में अवैधानिक रूप से खड़े किए गए 10 वाहनों पर यातायात पुलिस बालोद द्वारा कार्यवाही कर 3,000रूण् समन शुल्क वसूल किया गया साथ ही वाहन चालकों को समझाईश दिया गया की नो पार्किंग में वाहन खड़ी न करें हमेशा यातायात नियमों का पालन करें सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने पुलिस प्रशासन बालोद का सहयोग करें। साथ ही शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 02 ट्रक वाहनों पर यातायात बालोद द्वारा कार्यवाही कर सोमवार को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा दोनो शराबी वाहन चालकों से 10,000-10,000रूण् कुल 20,000रूण् अर्थदण्ड से दण्डित किया गया साथ ही वाहन चालकों को हिदायत दिया गया की भविष्य में दोबारा शराब सेवन कर वाहन चलाते पाएं जाने पर अर्थदण्ड के साथ.साथ करावास से भी दण्डित किया जावेगा।



- शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों पर किया गया 20000रू. का जुर्माना

# कलेक्टर ने ली उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक

**कवर्धा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्य पोषित एवं केंद्र पोषित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान राज्य पोषित योजनाओं के अंतर्गत समेकित उद्यानिकी विकास योजना, मसाला क्षेत्र विस्तार, नर्सरियों में बीज उत्पादन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी प्रकार केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, आयल पाम मिशन, एग्रो फॉरेस्ट्री एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई।



- जिले में उद्यानिकी विकास को मिलेगी नई दिशा, पॉलीहाउस और बैगा कृषकों के लिए विशेष योजना का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह के भीतर प्रदाय आबंटन का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति के लिए कार्यों में पारदर्शिता और गति आवश्यक है। उन्होंने जिले में पॉली हाउस निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, जिससे स्थानीय किसानों को नियंत्रित वातावरण में सब्जी एवं फूल उत्पादन के नए अवसर मिल सकें। साथ ही, आदिवासी बहुल विकासखंड बोड़ला और पंडरिया में बैगा कृषकों के लिए विशेष उद्यानिकी विकास योजना का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए फेंसिंग और बोर सुविधा वाले कृषकों को ध्यान में रखा जाए, ताकि चयनित लाभार्थियों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप सहायता मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने और किसानों से नियमित संपर्क बनाकर उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मार्गदर्शन देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र जिले की आर्थिक प्रगति का एक सशक्त माध्यम है, और यदि योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया तो किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताते हुए कहा कि जिले के हर कृषक तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाए और उन्हें अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए। बैठक में सहायक संचालक उद्यान, जिला उद्यानिकी अधिकारी, उद्यान अधीक्षक, विकासखंड प्रभारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, प्रक्षेत्र सलाहकार सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं मैदानी अमला उपस्थित रहे।

# जिले में पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी

**बेमेतरा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के मद्देनज़र पटाखा बिक्री के दौरान आगजनी की संभावनाओं को देखते हुए, जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है। यह एडवाइजरी छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, कलेक्टर बेमेतरा श्री रणबीर शर्मा तथा जिला अग्निशमन अधिकारी श्री नागेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जारी की गई है।

- आग से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश

जारी निर्देशों के अनुसार, सभी पटाखा दुकानें किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी या टेंट सामग्री से निर्मित नहीं होनी चाहिए। दुकानों का निर्माण केवल अज्वलनशील सामग्री जैसे टिन शेड या धातु संरचना से किया जाना अनिवार्य है। साथ ही, प्रत्येक दुकान के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखी जाए तथा उन्हें एक-दूसरे के सामने नहीं बनाया जाए, जिससे किसी भी दुर्घटना की स्थिति में आग फैलने की संभावना न्यूनतम रहे।

दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु तेल या गैस के लैम्प तथा खुली बिजली बत्ती का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी प्रदर्शन पर भी रोक लगाई गई है। विद्युत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि तारों में कोई खुला ज्वाइंट न हो तथा प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा हो, जिससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वत: बंद हो सके। दुकानों के समीप ट्रांसफार्मर या हाई टेंशन लाइन नहीं होनी चाहिए। आग से निपटने के लिए प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डी.सी.पी. अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए, जिसकी मारक क्षमता लगभग छह फीट तक होती है। साथ ही दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता वाले पानी के ड्रम और बाल्टियों की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। दुकान परिसर के सामने किसी भी प्रकार की बाइक या कार पार्किंग प्रतिबंधित होगी, ताकि आपातकालीन स्थिति में रास्ता अवरुद्ध न हो। इसके अतिरिक्त, अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस के फोन नंबर दुकानों के दृश्य स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं तथा अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ा जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान इन दिशा-निर्देशों का पालन नहीं पाए जाने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने दुकानदारों से अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, ताकि नागरिक सुरक्षित और हर्षोल्लासपूर्ण दीपावली मना सकें।

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का हुआ उत्साह पूर्ण समापन

- दुर्ग संभाग बनी ओवरऑल चैम्पियनशिप

**कवर्धा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी करपात्री जी स्टेडियम, कवर्धा में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशमा गनपत बघेल तथा श्रीमती सतविंदर पाहूजा उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं केवल खेलकूद तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि ये हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, परिश्रम और टीम भावना का समावेश होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि मैदान में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण है भागीदारी की भावना और खेलभावना के साथ आगे बढ़ना। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और सहयोग की भावना को विकसित करते हैं। यही गुण आगे चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी का उत्साह, अनुशासन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। हार-जीत से ऊपर उठकर यदि आप खेल की भावना से आगे बढ़ेंगे, तो सफलता स्वयं आपके कदम चूमेगी।



कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आवास, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा एवं पेयजल जैसी सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया गया। प्रतिभागी बालकों के लिए आवास व्यवस्था स्वामी करपात्री जी शास.उ.मा.विद्यालय, स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल, शास.हाईस्कूल सत्तीवार्ड, शास.हाईस्कूल कैलाश नगर एवं शास.प्राथमिक विद्यालय कवर्धा में की गई। बालिकाओं के लिए आवास व्यवस्था स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानीदुर्गावती चौक, होलीक्रॉस हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर में की गई। अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए जिला ग्रंथालय कवर्धा में आवास की सुविधा दी गई। प्रतिभागियों के परिवहन के लिए रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, होली किंगडम, गुरूकुल पब्लिक स्कूल, श्रीराम पब्लिक स्कूल रबेली, सरस्वती शिशु मंदिर एवं अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा का सराहनीय सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 05 खेल क्षेत्रों से आए 220 बालक, 220 बालिकाएं तथा 150 ऑफिसियल्स सहित लगभग 590 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और जीत हासिल की। व्हॉलीबॉल (बालक, 17 वर्ष) विजेता रायपुर, उपविजेता दुर्ग, तृतीय बस्तर, व्हॉलीबॉल (बालिका, 17 वर्ष) विजेता बस्तर, उपविजेता रायपुर, तृतीय दुर्ग, सॉफ्टबॉल (बालक, 17 वर्ष) विजेता दुर्ग, उपविजेता बिलासपुर, तृतीय रायपुर, सॉफ्टबॉल (बालिका, 17 वर्ष) विजेता दुर्ग, उपविजेता बिलासपुर, तृतीय रायपुर, हैंडबॉल (बालक, 19 वर्ष) विजेता दुर्ग, उपविजेता बिलासपुर, तृतीय रायपुर, हैंडबॉल (बालिका, 19 वर्ष) विजेता दुर्ग, उपविजेता बस्तर, तृतीय सरगुजा रहा। ओवरऑल चैम्पियनशिप में दुर्ग संभाग ने 25 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायपुर संभाग ने 14 अंक के साथ द्वितीय तथा बस्तर संभाग ने 10 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सहयोगी विभागों की अहम भूमिका

मैदान निर्माण एवं प्रतियोगिता संचालन का कार्य सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री संदीप गोविलकर तथा व्यायाम शिक्षक श्री दिनेश कुमार साहू के नेतृत्व में व्यायाम शिक्षकों की टीम द्वारा पूर्ण कराया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद, खाद्य, परिवहन, सत्कार, जनसम्पर्क विभाग सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग रहा।

# बिजली के दाम में वृद्धि भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट: कुलबीर

- कांग्रेस के 400 यूनिट बिजली हॉफ योजना फिर से चालू करों
- शहर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर विद्युत कार्यालय में की तालेबंदी, सरकार के खिलाफ निकाला भड़ास
- भाजपा जनता को प्रताड़ित कर अंडानी को खुश करने में लगी है



**राजनांदगांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छग की भाजपा सरकार हाफ बिजली बिल योजना बंद कर लाखों गरीब जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है। पूर्ववती कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा की छूट दी थी जिसे बंद कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि कर भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट रही है। बढ़े हुए बिजली बिल से आमजनों में काफी आक्रोश दिख रहा है जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा सोमवार को विद्युत विभाग का घेराव तालेबंदी कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 13 अक्टूबर सोमवार को कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय का विरोध प्रदर्शन कर तालेबंदी की गई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सांय सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 5 वर्षों तक बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना दी जा रही थी उसे भाजपा सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है उसे पुन: चालू कराने व स्मार्ट मीटर को बंद करने और विद्युत विभाग पर लगातार विद्युत कटौती की जा रही जिसको लेकर कार्यालय में तालेबंदी की गई। कांग्रेस की मांग है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता को रोजगार तो नहीं दे पाई किन्तु वहीं सरकार जनता को लूटने में लगी है। वहीं कांग्रेस सरकार के समय लोगों रोजगार देने कई योजनाएं संचालित थी जिसे सांय सरकार द्वारा बंद कर दिया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया जिससे प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलता था उसे छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने बंद कर हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दुगुना हो गया है। बढ़े हुए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। कांग्रेस पार्टी राज्य की भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है, भाजपा अपना खजाना भरने में लगी है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है वह निंदनीय है, हम कांग्रेसजन इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ जमीन की लड़ाई लड़ने तैयार है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेमचंद बाफना, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, इकरामुद्दीन सोलंकी, जयनारायण सिंह, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, अशोक फडनवीस, रूबी गरचा, हफीज खान, पंकज बांधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, नासिर जिंदरान, मोहनी सिन्हा, अभिमन्यु मिश्रा, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष माया शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, पार्षद अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, छोटेलाल रामटेके, शकील रिजवी, अमित खंडेलवाल, भरत सोनी, बबलू कसार, मुस्तफा जोया, सुरेन्द्र देवांगन, अरशद खान, खिलेश बंजारे, भूषण शर्मा, दुलारी साहू, नवीन जायसवाल, मनीष साहू, नारायण सोनी, प्रतिमा बंजारे, अंकेश बाफना, संजय साहू, डा.राकेश कुमार, अनिल ठाकुर, निकाल नकवी, संदीप जायसवाल, विनोद यादव, नीरज कन्नौजे, रूपेश साहू, मोहम्मद इब्राहिम, नासिर खान, दीनू साहू, संदीप सोनी, अवधेश प्रजापति, अमित जंघेल, शिवम गढ़पायले, चेतन सिन्हा, हर्ष खोब्रागढ़े, शौर्य वैष्णव, ठाकुराम साहू, रूद्र राजपूत, रामनाथ निर्मलकर, दुर्गेश धीवर, परस लहरे, मोहन खरे, इशांक खान, प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेसजनों का ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल के गोद ग्राम से पहुंचे बच्चों को कुलपति ने दी संगीत शिक्षा की प्रेरणा



**खैरागढ़,** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। राज्यपाल के गोद लिए ग्राम सोनपुरी के प्राथमिक शाला के नन्हे बच्चों ने आज इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय पहुंचने पर बच्चों ने कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के समक्ष छत्तीसगढ़ का राज्यगीत और पारंपरिक जसङ्कपचरा गाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने वातावरण को संगीतमय कर दिया।

कुलपति ने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें संगीत, नृत्य, वादन एवं कला शिक्षा की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति ही व्यक्ति को संवेदनशील, अनुशासित और सशक्त बनाती हैं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, और अपनी रुचि के अनुसार संगीत या कला क्षेत्र में शिक्षा लेने का संदेश दिया। इसी क्रम में, शनिवार को बेमेतरा जिले के ग्राम भटगांव से कक्षा 12वीं की छात्राएं भी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुँचीं। कुलपति ने उन्हें भी संगीत एवं कला की शिक्षा के महत्व को समझाया और प्रेरित किया कि वे आत्मविश्वास के साथ इस क्षेत्र को अपनाएं। छात्राओं ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वे भारतीय संस्कृति और संगीत की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहती हैं। प्रो. डॉ. लवली शर्मा का सतत प्रयास है कि भारतीय संगीत और कलाओं को स्कूल स्तर से ही बढ़ावा दिया जाए। वे लगातार विभिन्न स्कूलों के बच्चों को विश्वविद्यालय आमंत्रित कर उन्हें कला शिक्षा के लिए प्रेरित कर रही हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना विकसित हो सके।

# डा.रमन सिंह के जन्म दिन पर सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर की आवाज गूंजेगी संस्कारधानी में

**राजनांदगांव**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु )। छत्तीसगढ़ प्रदेश में



लगातार 15 वर्षो तक मुख्यमंत्री मंत्री रहे वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक डॉ रमन सिंह का 73 वां जन्म दिवस शहर में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। गायक केलाश खेर की मधुर आवाज सुनने लोगो में उत्सुकता है।

जिला भाजपा कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि 15 अक्टूबर डॉ रमनसिंह के बर्थ डे के दिन शहर के स्टेट स्कूल मैदान में रात 9 बजे सुप्रसिद्ध फिल्म सिंगर व धर्म अध्यात्म के गायक कैलाश खेर आ रहे हैं। यूथ वेलफेयर फाउण्डेशन के तत्वावधान में किए जा रहे कार्यक्रम के लिए स्टेट स्कूल मैदान में पूरी व्यवस्था जुटाई जा रही है।श्री बैद के अनुसार फाउंडेशन का यह तीसरा वर्ष है। इसके पूर्व ? वर्षों में राष्ट्रीय स्तर के कवि ? सम्मेलन आदि भव्य कार्यक्रम संपन्न कराए जा चुके है। बताया जा रहा है कि बड़ा जनसैलाब कैलाश खेर को सुनने का इंतजार कर रहा है जहां तक रायपुर, दुर्ग, बालोद, कवर्धा,बेमेतरा और पड़ोसी जिले से हजारों लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है।

# डॉ. अमरोहित कोरिया साहित्य महोत्सव में हुए सम्मानित ,

**डोंगरगांव,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेडिकल कॉलेज रायपुर




के पूर्व चिकित्सक, छत्तीसगढ़ी साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित का बैकुंठपुर जिला कोरिया में आयोजित दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में कोसम सम्मान से सम्मानित किया गया. डॉ. अमरोहित को यह सम्मान छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों प्रदान किया गया. जिला प्रशासन कोरिया और टीम अभिव्यक्ति द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस साहित्य महोत्सव में डॉ. गीतेश अमरोहित ने छत्तीसगढ़ का इतिहास, संस्कृति और अनूठी परंपरा विषय पर श्रोताओं को रोचक जानकारी भी प्रदान की. डॉ. गीतेश अमरोहित ने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य पर दर्जन भर से अधिक प्रामाणिक पुस्तकों का लेखन किया है.।

# वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध वन विकास निगम ने की कानूनी कार्रवाई

**कवर्धा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन विकास निगम कवर्धा परियोजना मण्डल के मण्डल प्रबंधक पिताम्बर साहू के निर्देशन एवं उप मण्डल प्रबंधक श्रीमती दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पण्डरिया अंतर्गत बदौरा बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ/1428 में वर्ष 2025 के सागौन वृक्षारोपण क्षेत्र में अवैध रूप से पौधों को उखाड़ने एवं वन भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की गई।

प्राप्त सूचना के आधार पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मेहरा एवं उनकी टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। जांच के उपरांत 01 अक्टूबर 2025 को ग्राम बदौरा के व्यक्तियों द्वारा कुल 9.000 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने के प्रकरण में राजू (35 वर्ष), लालु (37 वर्ष), जगदीश एवं भगवती (सभी निवासी ग्राम बदौरा) के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, घ, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 एवं 04, तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विधिवत् न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को 24 अक्टूबर 2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश पारित किया गया है। वन विकास निगम द्वारा वन क्षेत्र के संरक्षण, सागौन वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# देश की बात के राष्ट्रीय विचार-संवाद में विप्लव साहू की प्रभावशाली भागीदारी

**खैरागढ़,** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। देश में लोकतांत्रिक चेतना को जागृत करने और जनभागीदारी को नई दिशा देने के उद्देश्य से देश की बात और हम जेपी के लोग संगठनों द्वारा राजधानी दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एक राष्ट्रीय विचार-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से संगठन के स्टेट कोऑर्डिनेटर विप्लव साहू ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने विचारों से उपस्थितजनों को प्रेरित किया।कार्यक्रम का आयोजन लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपी) की जयंती की पूर्व संध्या पर किया गया। वक्ताओं ने जेपी के सिद्धांतों और संघर्षों को स्मरण करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में लोकशक्ति, नैतिक राजनीति और जनता की भागीदारी ही भारतीय लोकतंत्र की असली पहचान और ताकत है। इस राष्ट्रीय मंच पर प्रमुख वक्ता के रूप में देश की बात के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल राय वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय रूस की प्रसिद्ध चिंतक डॉ. अलीना रेमेजोआ और आयोजन के प्रमुख सूत्रधार राकेश अतीफ उपस्थित रहे। इनके अलावा देश के कोने-कोने से आए सामाजिक कार्यकर्ता, किसान नेता, युवा प्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों ने भी विचार साझा किए। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे विप्लव साहू ने कहा लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब जनता खुद अपनी भूमिका को समझे और देश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए। यही जेपी के सपनों का भारत है, जिसमें सत्ता नहीं, समाज की शक्ति सर्वोपरि होती है। उन्होंने कहा कि जनता की सहभागिता और नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति ही वह आधार है, जिस पर एक समावेशी और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में देशभर से बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, किसान नेताओं और सामाजिक चिंतकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे लोकजागृति, नैतिक राजनीति और जनसंपर्क के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान चलाकर लोकतांत्रिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाएंगे।

# करवा चौथ की रात घर में हुई चोरी का पर्दाफाश, महिला सहित प्रेमी गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। करवा चौथ की रात जब पूरा परिवार पूजा और व्रत के बाद चैन की नींद सो रहा था, उसी समय घर के भीतर भरोसे को तोड़ती एक बड़ी चोरी की वारदात हो गई। पर ठेलकाडीह पुलिस ने महज़ 24 घंटे के भीतर इस सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए एक महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी की गई जेवरात, नकदी और मोबाइल फोन समेत घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद कर ली है। प्रार्थीया माही जंघेल निवासी ग्राम भरदाखुर्द थाना ठेलकाडीह ने 10 अक्टूबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी रिश्तेदार सुरेखा वर्मा करवा चौथ के दिन पूजा में शामिल होने उसके घर आई थी। रात में दोनों महिलाएं एक ही कमरे में सोईं। परंतु रात करीब 2 बजे जब माही के पति लाकेश्वर जंघेल की नींद खुली, तो देखा कि घर का मुख्य दरवाज़ा बाहर से बंद है और सुरेखा वर्मा गायब है। जब घर की तलाशी ली गई, तो पूजा कक्ष में रखी पेटी से चांदी के पायल, बिछिया, अंगूठी, ताबीज, राखी, नकदी 3000 और रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन कीमत 21,000) गायब मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। मुखबिर से सूचना मिला कि सुरेखा वर्मा को खैरागढ़ में एक युवक के साथ देखा गया है। ठेलकाडीह पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टीम रवाना की और सुरेखा वर्मा एवं उसके प्रेमी कमल नारायण वर्मा निवासी पचपेडी को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मेमोरण्डम पर चोरी की गई माल को बरामद किया, जिसमें शामिल हैं। चांदी के कुल 13 जेवर पायल, बिछिया, अंगूठी, चंदा, ताबीज, राखी,1000 नकद, रेडमी मोबाइल फोन घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 08 ई 7716 सहित सभी वस्तुओं को पुलिस ने विधिवत जब्त कीं।

आरोप सिद्ध होने पर 12 अक्टूबर 2025 को दोनों आरोपियों सुरेखा पति इलेन्द्र वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी भरदाखुर्द कमल नारायण पिता स्व. खोरबहरा वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी पचपेडी को गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# शिवपुरी में विधायक ने किया बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन




**डोंगरगढ,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा ग्राम पंचायत शिवपुरी में बाजार शेड निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में शेड का निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर गर्मी और बरसात के मौसम में बाजार आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और उनका व्यापार सुचारू रूप से चल सकेगा। विधायक बघेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कार्य करती रहेंगी।

# 16 अक्टूबर को सौंपा जाएगा ज्ञापन, मंदिर ट्रस्ट को विभिन्न समाजों का मिला समर्थन

**डोंगरगढ,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति और गोंड समाज के बीच शुरू हुआ विवाद अब सर्व हिंदू समाज तक पहुंच गया है। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शनिवार को शहर के विभिन्न समाज प्रमुखों




की बैठक बुलाई थी, जिसमें उन्होंने विवाद को लेकर समर्थन मांगा। बैठक के बाद बीते तीन दिनों में आंध्रा समाज, मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज सहित कई अन्य समाजों ने अलग-अलग बैठकों में मंदिर ट्रस्ट का समर्थन करने की घोषणा की। समाज प्रतिनिधियों का कहना है कि कुछ लोग गोंड समाज के भोले-भाले लोगों को बरगलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।सर्व हिंदू समाज ने घोषणा की है कि 16 अक्टूबर को शहर में एकजुट होकर रैली निकाली जाएगी, जिसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में विवाद भड़काने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि नवरात्र की पंचमी पूजा के दौरान गोंड समाज के कुछ लोग आंगा देव को लेकर दान पेटी पर चढ़कर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर गए थे। इसके अलावा, कुछ दिन पूर्व मंदिर के पिछले मार्ग से कुछ लोग बकरे की बलि देने के लिए ऊपर मंदिर तक पहुंच गए थे। इन घटनाओं के बाद से मंदिर परिसर में विवाद और तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना किसानों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा

**साजा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य तथा राजनांदगांव जिला के प्रभारी मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि सिंचाई



योजना चला कर देश के अन्न दाताओं को किसान भाई बहनों को लगभग 42 करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं का ऐतिहासिक उपहार प्रदान किया है साथ ही प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ कर किसानों को सौगात दी है यह कदम किसानों के हित में ऐतिहासिक और कारगर साबित होगा मूलचंद शर्मा ने कहा कि यह दोनों योजना देश के एवं प्रदेश के अन्न दाता भाई बहनों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा एवं कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी नरेंद्र मोदी की सरकार लगातार कृषि के विषयों पर किसानों के आय को दुगना करने एवं लागत को कैसे कम करें इसकी चिंता करते हुए अनेकों महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसका परिणाम आप धरातल में नजर आ रहा है किसान की जीवन में नई ऊर्जा तथा अवसर एवं आत्मनिर्भरता का संचार हुआ है शर्मा ने यहां भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री को देश एवं छत्तीसगढ़ की जनता साधुवाद देती है उन्होंने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार इन दो वर्षों में के विकसित छत्तीसगढ़ केसपनों को सरकार करने में लगी है आगामी 15 नवंबर से प्रदेश के 25 लाख किसानों का ?3100 प्रति कुंतल एवं 21 कुंतल प्रति हेक्टेयर के मान से धान खरीदी करने जा रही है जो कि किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम है शर्मा ने अभी कहा कि दोनों योजना 6 वर्षों तक चलेगी समय परिणाम इस अवधि को और आगे बढ़ाया जाएगा किसानों के सशक्तिकरण के दिशा में यह बड़ा कदम है इस योजना से किसानों को प्रोसेसिंग ब्रांडिंग भंडारण के नए अवसर मिलेंगे ।

पीएम कृषि धन्य धान्य एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन योजना किसानों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# फटाका दुकानों के लिए जगह का चिन्हांकन

**गुण्डरदेही,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को दोपहर नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभा कक्ष में अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर फटाका व्यापारियों के लिए जगह का चिन्हांकन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई।



बैठक में एसडीएम, थाना प्रभारी एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, सलीम खान, फैज बख्श, सोहन सोनी, मनोज बिंझेकर, और फटाका व्यापारी उपस्थित रहे।

### फटाका दुकानों के लिए जगह का चिन्हांकन

अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बाजार के मेन रोड़ से 10 फीट की दूरी छोड़कर 28 फटाका दुकानों के लिए जगह चिन्हांकित की गई है।

### लाइसेंस और सुरक्षा उपकरण अनिवार्य

सभी फटाका व्यापारियों को नगर पंचायत में अपना लाइसेंस और फीस जमा करने तथा सुरक्षा उपकरणों जैसे रेत, पानी के साथ ही दुकान लगाने की अनुमति दी गई है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी परेशानी न हो।

### सब्जी व्यापारियों को सख्त निर्देश

मेन रोड पर सब्जी का पसारा लगाने वाले व्यापारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं सभी सब्जी व्यापारी बाजार में बने चबूतरे पर ही अपनी सब्जी की दुकान लगावे। यदि सब्जी व्यापारी इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो तहसीलदार और नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

# तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के दोबारा अध्यक्ष बने डां मानसिंह सार्वा

**गुण्डरदेही,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को प्रदेश व जिला साहू संघ



बालोद के निर्देशन में तहसील साहू संघ गुण्डरदेही का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे डॉ मानसिंह सार्वा ने 206 मत अधिक पाकर दोबारा अध्यक्ष निर्वाचित हुए ,उपाध्यक्ष पद के लिए हेमन्त साहू को भी दोबारा मनोनीत किया गया ,वही महिला उपाध्यक्ष पद के लिए रामदुलारी साहू को मनोनीत किया गया संगठन सचिव पद में किशन लाल साहू 49 मत अधिक पाकर विजयी हुए महिला संगठन सचिव के लिए तीरथदेवी साहू को मनोनीत किया गया। इस प्रकार दो पदों में मतदान के माध्यम से और तीन पदों में समन्वय बिठाकर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। तहसील साहू संघ के चुनाव में इस वर्ष डेलिगेट सिस्टम को हटाकर पुराने पद्धति से चुनाव कराया गया जिसमे ग्रामीण से नियुक्त पदाधिकारी,परिक्षेत्र से नियुक्त पदाधिकारी व आजीवन संरक्षक सदस्य चुनाव में अपने मत दिए इस प्रकार इस बार तहसील साहू संघ गुण्डरदेही में लगभग 18 सौ मतदाता मे से 13 सौ सामाजिक लोगो ने मत दिए है। इस प्रकार गुण्डरदेही में 85 गांवो के निर्वाचित पदाधिकारी और सात परिक्षेत्र के पदाधिकरियों ने अपनी मत का प्रयोग किए । नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा ने तहसील साहू संघ के चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने व दुसरी बार तहसील अध्यक्ष बनाने के लिए सभी ग्रामीण,परिक्षेत्र अध्यक्ष व आजीवन संरक्षक सदस्यों का आभार जताया है ।

उल्टा पुल्टा

एक बच्चा अपनी मां से पूछता है- माँ, आप मेरे जीवन के बारे में क्या सोचती हो?
मां ने हँसते हुए कहा, मैं तुम्हारे जीवन के बारे में सोचती हूँ कि तुम मुझे और कब उल्लू बनाओगे!

## संपादकीय

### क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी

छत्तीसगढ़ में अनेक ऐसे प्रकरण सामने आते रहते हैं जिनमें मामूली सी बात से तैश खाकर लोग लड़-भिड़ जाते हैं। कई बार किसी का क्रोध किसी को घायल कर जाता है तो कोई किसी की हत्या कर अपने गुस्से को ठंडा करता है। कुछ लोगों को इसका पछतावा होता है तो कई लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जीवन भर वे अपनी इस करतूत पर गौरवान्वित होते हैं। ऐसा क्रोध के कारणों तथा व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है। सम्पत्ति का मामला हो या प्रेम प्रकरण अथवा कोई पुरानी रंजिश-कई बार ये ऐसे मोड़ पर आ जाते हैं कि उनमें किसी न किसी पक्ष द्वारा हिंसा बरती जाती है। हालांकि ऐसे सभी मामले अपने पीछे गहरे घाव छोड़ जाते हैं। कोई अपने किसी को खोने का दंश सहता है तो कोई नाराजगी से उपजी हिंसा से जीवन भर आहत रहता है। कई लोगों को इनके चलते अपने जीवन का बड़ा हिस्सा जेलों में गुजारना पड़ता है।

बहुत मामूली विवादों से होने वाले झगड़ों अथवा हत्याओं की बात करें तो अनेक प्रकरण ऐसे होते हैं जिनमें इतना छोटा कारण होता है कि वह सुनने वाले को तो यह सोचकर आश्चर्य में डाल देता है कि, क्या इतनी छोटी सी वजह से कोई किसी को पीट देता है या घायल कर सकता है अथवा हत्या पर तक उतारू हो जाता है। पिछले दिनों एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी गयी क्योंकि उसके कहने के बाद भी घर में मछली नहीं बनाई गई थी। वह शराब पीकर घर लौटा था।

यूं तो शराब के नशे में अपने मित्रों, परिजनों आदि को मारने की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कई बार मारने वाला पूरे होशो-हवास में रहता है। इसका कारण सिर्फ गुस्सा होता है। गुरुवार को पोड़ी थाना (चिरमिरी) क्षेत्र के अंतर्गत बंजी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उसने राशन कार्ड और सामान खरीदी के लिये पति द्वारा दिये गये 700 रुपये कहीं गुम कर दिये थे। घटना गुरुवार की है जब बहुत ढूंढ़ने पर भी उक्त महिला को कहीं खो गया अपना राशन कार्ड व नगदी नहीं मिली तो उसने रात को अपने पति को यह जानकारी दी। इससे उसका पारा ऐसा चढ़ा कि मुक्के तथा हथौड़े से मार-मारकर उसने अपनी बीवी को इस कदर घायल कर दिया कि उसने दम ही तोड़ दिया।

यह सोचने की बात है कि उपरोक्त हत्या इतनी छोटी राशि और वजह से की गयी कि वह अपने आप में हास्यास्पद और दुखद दोनों ही है। यह राशि किसी की जान से बढ़कर नहीं हो सकती। जहां तक राशन कार्ड की बात है, वह नहीं भी मिलता तो मामूली शुल्क से दूसरा बन सकता था। अपने बेवजह क्रोध पर नियंत्रण ज़रूरी है।

# 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर भारोत्तोलन स्पर्धा आयोजित




**बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)।23 वीं राज्य स्तरीय जूनियर (महिला-पुरुष) भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ एवं बलौदाबाजार जिला भारोत्तोलन संघ के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय भारोत्तोलन संघ के नई वजन वर्ग समूहों के नियमानुसार 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अंबेडकर भवन सिविल लाइन में आयोजित किया गया। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम जो प्रथम बार बलौदाबाजार जिले में भव्य तरीके से आयोजित किया गया था। इस समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, आनंद यादव जिला अध्यक्ष भाजपा, अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका बलौदा बाजार, योगेश कटारिया ब्लॉक स्पोर्ट्स ऑफिसर भाटापारा के अलावा अन्य अतिथिगण उपस्थित होकर खिलाड़ियों को पदक देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्वल भविष्य की मंगल कामना की गई एवं आने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए बधाइ एवं शुभकामनाएं दी गई।

23 वें राज्य स्तरीय जूनियर महिला पुरुष वर्ग के लिए आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता के आयोजन समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने खेल प्रतियोगिता की सराहना करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी के खेल की प्रशंसा की गई व कहा कि भारोत्तोलन में अधिक से अधिक भार उठाने वेटलिफ्टिंग जैसे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के द्वारा आत्म संयम, ताकत, साहस, व उनके प्रयास के साथ तकनीकी ज्ञान भी बेहद महत्वपूर्ण है, थोड़ी सी भी लापरवाही से खेल की दिशा व दशा दोनों बदल सकती है, ऐसे में खिलाड़ियों के द्वारा अपने खेल के प्रति संयम रखते हुए मंच में वेटलिफ्टिंग भारत्तोलन का प्रदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है। खेल आयोजिकों को इस सफ्ल आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाऐं दी। श्री जैन ने चयनित प्रथम द्वितीय तृतीय महिला एवं पुरुष वर्ग को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही टीम के सदस्यों को विशेष पुरस्कार व शील्ड का वितरण भी किया गया व भारोत्तोलन संघ के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इसमें मुख्य रूप से रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव ,बालोद, बस्तर, दुर्ग के अलावा 3 यूनिट सहित लगभग 120 खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर ने हिस्सा लिया। टीम चौंपियन महिला प्रथम स्थान राजनांदगांव जिला, टीम चैपियन पुरुष प्रथम स्थान रायपुर जिला, बेस्ट लिफ्टर महिला कु. लुकेश्वरी साहू रायपुर, बेस्ट लिफ्टर पुरुष रितेश यादव राजनांदगांव रहे। इस प्रतियोगिता के मुख्य परिणामों में महिला टीम चैपियन में प्रथम स्थान राजनांदगांव जिला 192 अंक एवं रनर-अप दुर्ग जिला 149 अंक रहा। पुरुष टीम चौंपियन में 11वीं बार रायपुर जिला प्रथम स्थान पर अपनी ऐतिहासिक जीत कायम रखते हुए 197 अंक प्राप्त किए. रनर-अप में द्वितीय स्थान खेलो इंडिया सेंटर (के.आई.सी.) को 179 अंक मिला। इसी प्रकार एकल समूह में महिला बेस्ट लिफ्टर 63 वेट केटेगरी मे कु. लुकेश्वरी साहू (रायपुर) को 273.30 अंक, एकल समूह पुरुष बेस्ट लिफ्टर 88 वेट कैटेगरी में रितेश यादव राजनांदगांव को 391.43 अंक प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन बलौदाबाजार जिला भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष नवनीत मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सचिव जयेश पंजवानी एवं संयुक्त सचिव कु. मेघा भगत, छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के महासचिव राजेश जंघेल, कोषाध्यक्ष नंदू जंघेल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष उत्तम कुमार साहू के द्वारा किया गया।

# धनतेरस दीपावली को लेकर अग्रवाल हीरो शोरूम में ग्राहकों की लगी भीड़



**बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिपावली पर्व को लेकर जहां दोपहिया वाहनो की शोरूम के अलावा कपडा व बर्तन दुकानों में ग्राहको की भींड बढते जा रही है। वहीं सोने व चांदी की बढती हुई दर को लेकर ज्वेलर्स दुकानों में ग्रहको का भाव पुछने के लिए मात्र आवागमन दिखाई दे रहा है। चूकी सोने व चांदी की कीम्मत आसमान को छु रही है। इस वर्ष लगातार हो रही बारिश के चलते फसल को लेकर किसानों में भी उत्साह दिखाई नही दे रहा है। जिससे बाजार की रौनकता अभी नही बन पायी है।

**जीएसटी छूट से प्रभावित हैं ग्राहक**

नगर के लवन रोड स्थित अग्रवाल होंडा शोरूम में वाहनो पर जीएसटी छूट मिलने के कारण ग्रहको की भींड लगातार देखी जा रही है। शोरूम के संचालक उमेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि हीरों कम्पनी के सभी मॉडल के दोपहिया वाहनों में 6 हजार से लेकर 12 व 15 हजार की जीएसटी छूट मिलने के कारण ग्राहको में बढोत्तरी हो रही है। वहीं इस दूकान की विश्वनियता ग्रहको के प्रति बनी हुई है। जिसके कारण नगर के अलावा ग्रामींण क्षेत्र के ग्राहक इस शोरूम में पहुंचते है। श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि ग्राहको की पसंद एवं उनके बजट के अनुसार यहां गाडी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहती है। धनतेरस व दिपावली त्योहार के मद्देनजर दशहरा मैदान में फ्टाका दुकाने सजने लगी है। लेकिन बीच बीच में हो रही बारिश के कारण फ्टाका दूकानदारों में भी उतना उत्साह नही दिखाई दे रहा है। पर देखना है कि यह बारिश का मौसम दिवाली तक क्या माहौल बनाता है।

# पांडुका क्षेत्र में मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ सक्रिय



**राजिम,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम से 17 कि भी दूर गरियाबंद मार्ग पर पांडुका क्षेत्र के जंगलों में एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ भोजन की तलाश में लगातार विचरण कर रही है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है।

**वन विभाग ने इन गांवों के लिए किया अलर्ट**

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, तौरेंगा, सांकरा एवं कुम्हरमरा ग्राम के आसपास एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ घूम रहा है। तेंदुआ जंगल से लगे खेतों और गांव के बाहरी इलाकों में घूमता देखा गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। ऐसे में ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखें, और बच्चों व बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही रात के समय घर-आंगन और गलियों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने कहा गया है, ताकि वन्यप्राणियों की गांव की ओर आने की संभावना कम हो।

वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त और निगरानी कर रही है। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि यदि तेंदुआ या उसके शावकों का कोई मूवमेंट दिखे, तो तुरंत नजदीकी वन विभाग या पुलिस को सूचना दें।

# दीपावली पर्व पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच में तीन नमूने अवमानक पाए गए



**महासमुंद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शंखनाद भोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 11 से 13 अक्टूबर तक महासमुन्द शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में निरीक्षण कर त्योहारी सीजन में उपयोग होने वाले आटा, देशी घी, सूजी, कलाकंद, पनीर, खुली मिठाइयाँ, बिस्किट, कुकीज एवं टोस्ट आदि खाद्य पदार्थों के कुल 09 सर्विलेंस नमूने संकलित किए गए। इन सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर को प्रेषित किया गया है। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा महासमुंद शहर के विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 50 खाद्य नमूने संकलित कर मौके पर परीक्षण किए गए जिनमें से 03 नमूने अवमानक पाए गए। निरीक्षण दल द्वारा होटल संचालकों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं अवमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय से बचने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। उल्लंघन की स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं मानक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वयंसेवक का एकत्रीकरण-संचलन कार्यक्रम सभी 70 मंडल में आयोजित



**बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष पूरे देश में अपनी शताब्दी वर्ष मना रहा हैं। इसी क्रम में विजयादशमी से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक पूरे देश में नगरों में हर बस्तीयों में तथा ग्रामों में हर दस गांवों के ऊपर स्वयंसेवक का एकत्रीकरण एवं संचलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। बलौदा बाजार जिले की संघ रचना अनुसार भी पांच विकासखंड सिमगा, भाटापारा, बलौदा बाजार, पलारी, कसडोल जिसके अंतर्गत कुल 70 मंडल हैं एवं दो नगर बलौदाबाजार भाटापारा जिनमें कुल 12 बस्तीयां हैं इस प्रकार ऐसे 82 स्थानों पर संघ की शताब्दी वर्ष के निमित्त जिले के हजारों स्वयंसेवक का एकत्रीकरण एवं संचलन का कार्यक्रम चल रहा हैं।

**बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में समाज बढ़-चढ़ कर लिया भाग**

इसी तारतम्य में बलौदाबाजार नगर के 5 बस्तीयों में विगत तीन दिनों में बस्ती सह स्वयंसेवक के एकत्रीकरण एवं संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सहभागी हुए। उक्त कार्यक्रमों में जिला, विभाग, प्रांत सहित क्षेत्रीय अधिकारियों का भी उद्बोधन हुआ। बस्तीयों के इन कार्यक्रमों में प्रांत शारिरीक शिक्षण प्रमुख विश्वास जलताडे, क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नागेन्द्र वशिष्ठ की विशेष उपस्थिति रही हैं। बलौदाबाजार नगर की संघ रचना में पांच बस्तीयां हैं जो उस बस्ती के सामाजिक, ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखकर बनाया और नामकरण किया गया हैं। जिसमें मांवली माता बस्ती, भामाशाह बस्ती, गुरूनानक बस्ती, चाणक्य बस्ती एवं वीर बंदा वैरागी बस्ती हैं। इन पांचों बस्तीयों में पांच स्थानों पर स्वयंसेवक का एकत्रीकरण एवं संचलन का आयोजन किया गया। इन संचलनो का सामाज ने बढ़ चढ़ कर ,पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत किया गया। वहीं पांचो स्थानों पर संचलन उपरांत शारिरिक प्रदर्शन और उद्बोधन का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संघ की शताब्दी यात्रा, शताब्दी वर्ष में संघ के कार्य का ध्येय देश की हर बस्ती और मंडल में एक सजग, जागृत, सक्षम, समृध्द हिन्दू समाज खडा करना एवं संघ द्वारा तय किए गये पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य पर विचार व्यक्त किए।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक, कबड्डी का आयोजन सराहनीय: निखिलकांत



**महासमुंद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पटेवा क्षेत्र के ग्राम बनपचरी में जय मौली माता कबड्डी समिति के तत्वावधान में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में युकां विस क्षेत्र अध्यक्ष सौरभ लोधी, सरपंच श्रीमती उषा अर्जुन सोनी, जिपं सदस्य देवकी प्रकाश धरम पटेल, रत्नेश साहू थे। इस दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू व अतिथियों ने पूजा.अर्चना तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समापन मैच का शुभारंभ किया। इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों द्वारा नपाध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम अपने स्वागत से अभिभूत नपाध्यक्ष श्री साहू ने समस्त ग्रामीणों व आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पश्चात उन्होंने कहा कि पूर्वजों के जमाने से गांवों में कबड्डी खेल का प्रचलन है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है। ग्रामीणों द्वारा कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया जाना एक सराहनीय कदम है। खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यहां के युवा टीम का उत्साह देखकर लग रहा है कि इस गाँव में प्रत्येक आयोजन में सभी की बराबर भागीदारी होती होगी। उन्होंने सभी से एकजुट होकर इसी प्रकार गाँव में आयोजनों का संचालन उत्साह से करने अपील की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, तेजराम ध्रुव, लोचन पटेल, देवकुमार ध्रुव, सनत मंडावी, कुंभकार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# नई दिशा अभियान के तहत नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन




**बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा दाऊ कल्याण शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार में सोमवार को नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

# 13 साल से कृषि विभाग में अटैच कर्मचारी को हटाने को लेकर ग्राकृवि संघ ने खोला मोर्चा



**महासमुंद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मूल पदस्थापना के बदले करीब 13 वर्षो से उप संचालक कृषि में डेरा जमाए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र कुमार पटेल को कार्यालय से हटाने की मांग को लेकर छग कृषि स्नातक कर्मचारी संघ के जिला इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जब तक कर्मचारी को नही हटाया जाता तब तक बेमियादी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। इस सिलसिले में संघ ने सोमवार 13 अक्टूबर को कृषि उप संचालक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और कलेक्टर से भी मुलाकात कर स्थितियों से अवगत कराया। संघ का आरोप है कि उक्त कर्मचारी की मूल पदस्थापना पिथौरा विकासखंड है किंतु लंबे समय से उप संचालक कार्यालय में अटैच होकर अपने साथियों से अभ्रद व्यवहार करता है साथ ही उप संचालक कृषि भ्रामक जानकारी देकर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप भी लगाया। धरना प्रदर्शन को सून कर अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिलाध्यक्ष संयोजक टेकराम सेन, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने आंदोलन का समर्थन किया। संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार चंद्राकर ने बताया कि जब तक कर्मचारी को नही हटाया जाता तब तक प्रतिदिन संघ द्वारा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में धमतरी जिले की कार्यप्रणाली की सराहना की



**धमतरी,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय (महानदी भवन) में रविवार को आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस 2025 में सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के नए मानक स्थापित किए गए। बैठक में मुख्यमंत्री की कार्यकुशलता, वर्क-डिसिप्लिन और परिणाम केंद्रित दृष्टिकोण का स्पष्ट संदेश प्रशासन को मिला। बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, विभागीय सचिव, संभागायुक्त एवं सभी जिलों के कलेक्टर उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिले के कार्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्राम विकास कार्यों में धमतरी द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों को धमतरी से प्रेरणा लेने की सलाह दी।धमतरी जिला प्रशासन ने योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी और पारदर्शिता का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की भी समीक्षा की और धमतरी में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आगामी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों का भी जायजा लेते हुए किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मालूम हो कि धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित गाँव मसानडबरा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए पक्के मकान बनाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सके। यह पहल कमार जनजाति के रहन-सहन और मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। यह देश की दूसरी और छत्तीसगढ़ की पहली पीएम जनमन आवास कॉलोनी है। यह कॉलोनी विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए बनाई जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, योजना अंतर्गत 1481 आवास स्वीकृत, अब तक 982 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

धमतरी जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में पात्र परिवारों को आवास प्रदान किए गए हैं। प्रधानमंत्री 'सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर पैनल स्थापना कार्य तेजी से जारी है, जिससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है।

केंद्र और राज्य सरकार उपभक्ताओं को 1 से 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट के लिए 45,000 से रुपये 1,08,000 तक की सब्सिटी देती है। जिले में अबतक 5,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। निजी आवासीय परिसरों में 247 रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए है। इसके अलावा 234 आवेदन ऋण हेतु बैंकों को भेजे गए है। जिले में विशेष शिविर भी आयोजित किए जा रहे है। विभिन्न प्रचार माध्यमों सेट योजना का प्रचार प्रसार किया जा रह है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पोषण >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह आज

## कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव होंगे मुख्य अतिथि

**लवन,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज जिला इकाई बलौदा बाजार ग्रामीण का अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह 14 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे नगर पंचायत लवन के पास नया बस स्टैंड में संपन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव होंगे अति विशिष्ट अतिथि गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अध्यक्षता जगनिक यादव प्रांत अध्यक्ष झेरिया यादव समाज होंगे यह जानकारी लवन परिक्षेत्र अध्यक्ष भीखमलाल यादव ने देते हुए बताया कि विशिष्ट अतिथि में डॉक्टर सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा आनंद यादव जिला अध्यक्ष भाजपा सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदा बाजार सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी पवन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलौदा बाजार विजय यादव जिला महामंत्री भाजपा अनुपम बाजपेई मंडल अध्यक्ष लवन रामलाल कुर्रे मंडल अध्यक्ष लाहौद शिवमंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन हरीश साहू जनपद सदस्य लाहौद चंदराम यादव छत्तीसगढ़ प्रदेश यादव समाज संगठन मंत्री धनेश्वरी मनोज यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य होंगे।जानकारी में बताया गया कि शिक्षा मंत्री के आगमन को लेकर लवननगर में व्यापक तैयारी की जा रही है झेरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष कार्तिक राम यादव जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद यादव जिला कोषाध्यक्ष श्याम लाल यादव जिला सचिव खोल बहरा यादव जिला सहसचिव प्रताप सिंह यादव आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में तैयारी कर रहे हैं बताया गया कि प्रदेश स्तरीय लवन में कार्यक्रम होने का मुख्य उद्देश्य लवन राज से ही यादव समाज का संगठन प्रारंभ होता है इसलिए मां महामाई दाई की नगरी लवन में यह कार्यक्रम रखा गया है अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह समाज के पदाधिकारी का होगा इसके अलावा समाज के पदाधिकारी द्वारा यादव समाज से जुड़े मंत्री गजेंद्र यादव का अभिनंदन स्वागत किया जाएगा।



# जिला अस्पताल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**गरियाबंद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में बेटी बचाओ‌ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्टाफ नर्स और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भ्रूण हत्या, बाल विवाह, लैंगिक समानता, बेटियों की शिक्षा और समाज में उनकी भूमिका पर जागरूकता संदेश दिए।




इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. यूएस नवरत्न ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम योगिता साहू, द्वितीय बैरोनिका और तृतीय सजनी ठाकुर रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम तुलसी, द्वितीय ढालेश्वरी और तृतीय विभा ध्रुव ने हासिल किया।

मौके पर सीएमएचओ डॉ नवरत्न ने सभी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते कहा कि रंगोली और पेंटिंग के माध्यम से बेटियों के सशक्तिकरण की भावना को सुंदरता से प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि बेटियाँ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान होता है, वही समाज प्रगति करता है। हर बेटी को समान अवसर और शिक्षा मिलना जरूरी है।

बेटियों में काबिलियत उन्हें हौसला देकर आगे बढ़ाने की जरूरत

प्रतिभागी सजनी ठाकुर ने कहा कि आज बेटियां डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, आर्टिस्ट, आईएएस, आईपीएस बनकर देश की सेवा में कर रही हैं। समाज में बेटियों को भी समान अवसर और सम्मान देने की जरूरत है। उन्होंने भ्रूण हत्या और बाल विवाह को रोकथाम पर जोर दिया। एक अन्य छात्रा विभा ध्रुव ने कहा कि बेटियों में भी काबिलियत है, उन्हें बस हौसला देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि वे समाज में बदलाव ला सकें। इस अवसर पर डीपीएम गणपत कुमार नायक, डॉ. शंकर पटेल, एनआरसी इंचार्ज अनीश अख्तर, नर्स कविता जगत, माया साहू भी उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने किया भव्य पथ संचलन



**सिमगा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के खेल मैदान में स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए । जंहा से स्वयं सेवक संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अनुशासित भव्य पथ संचलन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो पर भ्रमण किया । पर संचलन में देशभक्ति के जयघोष गूंजते रहे ।

स्वयंसेवक संघ के द्वारा विश्व कल्याण के उद्देश्य से कार्य करते हुए शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजेन्द्र शुक्ला प्रांत सचिव जम्मू-कश्मीर अध्बययन केन्द्र छत्तीसगढ़ ने बधाई देते हुए विजयदशमी पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व बताते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी । मुख्य अतिथि राकेश कुमार ध्रुव पूर्व सैनिक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश सेवा की भावना को प्रबल करने का आह्वान किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देंना है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चिमन देवांगन, खण्ड संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिमगा ने की। उन्होंने संघ की कार्यशैली एवं संगठनात्मक मूल्यों पर बल दिया। नगरवासियों ने पूरे उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया ।

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों ने देखा पीएम धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुभारंभ का सीधा प्रसारण

■ संगोष्ठी में जानी दलहन फसल की वैज्ञानिक पद्धति

**गरियाबंद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर से पीएम धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया। इसका सीधा प्रसारण गरियाबंद के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में भी किया गया, जहां जिलेभर से आए प्रगतिशील किसानों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और महिला समूहों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। सभी ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को देखा और सुना। इसके बाद केंद्र में आयोजित संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर और ग्राम पंचायत सढ़ौली की सरपंच लक्ष्मी ठाकुर मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि अब किसानों को पारंपरिक धान उत्पादन के साथ दलहन और तिलहन फसलों पर भी ध्यान देना चाहिए, जिससे खेती लाभकारी और आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिकों से जुड़कर खेती में नई तकनीकें अपनाएं।



इस मौके पर केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने दोनों नई योजना की जानकारी देते कहा कि दलहन मिशन देश में दाल और तेल उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम है। वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्य ने रबी सीजन की प्रमुख फसलों सरसों, चना, उड़द और मूंगफली की वैज्ञानिक खेती पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैव उत्पाद जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र आदि के प्रयोग की विधि भी समझाई। वैज्ञानिक प्रवीण कुमार जामरे ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और मशीनीकरण के लाभ बताए। संगोष्ठी के दौरान किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और कीट एवं रोग नियंत्रण पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में किसानों को फसल उत्पादन इकाई, उद्यान इकाई, पशुपालन इकाई तथा जैविक इकाई का भ्रमण कराया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार तकनीकी बुलेटिन का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रवीण कुमार जामरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन मनीष कुमार आर्य ने किया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूथिया के तीन छात्रों का राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन



**सरायपाली,** 13अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूथिया के तीन छात्र वाटर पोलो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कोरबा के लिए चयनित हुए हैं । अर्जुन धराई, रोशन बारिहा, करण भोई तीन छात्रों का चयन कोरबा राज्य स्तर के लिए हुआ है । व्यायाम शिक्षक शिव कुमार पटेल के कुशल नेतृत्व में इनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। संस्था के प्राचार्य विक्रम यादव व्याख्याता मधु मंगल प्रधान, सत्यनारायण पटेल, डिग्रीलाल प्रधान ,सीमा सेठ, पुष्पा चौधरी, चुडामनी चौधरी, सचिन स्वाई, सुधीर मांझी, आकाश बघेल, वनिता आचार्य, अंजलि नायक, सरपंच गोकुल भोई, अध्यक्ष तरुण भोई अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्ति किया है। तीनों छात्र वाटर पोलो प्रतियोगीता कोरबा में 12 से 15 अक्टूबर को रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक, परिचर्चा, निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




**कुरूद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 एवं स्वीप के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

परिचर्चा का विषय ष्लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीतिरू क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं? पर स्वीप के नोडल अधिकारी विजय कुमार एवं कैम्पस एंबेसडर मोजेश साहू तथा चंचल चंद्राकर ने विस्तार से प्रकाश डाला। निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने ष्लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया में मीडिया की भूमिकाष् विषय पर अपने मौलिक विचारों का लेखन किया। साथ ही, स्वलिखित मौलिक नारों का वाचन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, भूमिका डाहरें और उनके साथियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में स्वयंसेवक केशव ध्रुव, जागेन्द्र सिंह, विषभ सोनकर, यामिनी कंवर, नितिन, रुचि साहू, डेविड डाहरें , खुमेन्द्र साहू आदि की विशेष भूमिका रही।

# सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**सरायपाली,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद खेल महोत्सव के तहत सरायपाली विकासखंड के हाई स्कूल मैदान में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर खेल ध्वजारोहण और राजगीत के साथ शुभारंभ किया गया।

स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कुल 30 स्थानों में आयोजित किया जा रहा है।इसके अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव के तहत सरायपाली ग्रामीण जोन के अंतर्गत कुल 6 संकुल ग्रामीण स्तर के जिसमें 14 से 17 आयु वर्ग, 18 से 20 आयु वर्ग एवं 21 से 24 आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस जोन के अंतर्गत कुल 19 ग्राम पंचायत के ओपन प्रतिभागी खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। जिसमें सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी, व्हालीबाल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़,400 मीटर,गोला फेंक,भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, गेडी दौड़ तथा बैडमिंटन खेल का आयोजन हो रहा है जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एस डी एम अनुपमा आनंद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, सरायपाली मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल,जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला खेल अधिकारी सुश्री अंजली बरमाल, मुख्यकार्यपालन अधिकारी अमित हलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीकमचंद पटेल, बीआरसी देवानंद नायक, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी कुणाल नायक, सहायक विकासखंड अधिकारी डी एन दीवान, विकासखंड खेल अधिकारी लखेश्वर भोई,खेल शिक्षक सुश्री शुभ्रा डड़सेना, हेमसागर कैवर्त, मंजू लता प्रधान,जैमिनी पटेल, प्रफुल्ल बारिक,कार्यक्रम प्रभारी भोलानाथ नायक, किशोर पटेल, निर्मल प्रधान एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और खिलाड़ी उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षा विभाग मीडिया प्रभारी दुर्वादल दीप ने दी।

# कुमकुम पटेल को प्रांत स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता के क्षेत्रीय स्तर में दूसरा स्थान मिला

**मगरलोड,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)।



धमतरी जिला के विकासखंड मगरलोड के ग्राम खिसोरा निवासी कुमकुम पटेल पिता खूबचंद पटेल और माता दुलेश्वरी पटेल की सुपुत्री जो कक्षा 12वीं शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल खिसोरा में अध्यनरत है जिन्होंने क्षेत्रीय स्तर की एथलेटिक प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के भोपाल में दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव एवं विकासखंड मगरलोड का सम्मान बढ़ाया है कुमकुम पटेल मेधावी छात्र लगातार एथलेटिक प्रतियोगिता में सर्वप्रथम बागबाहरा में तीनों प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान 3000, 1500,800 प्राप्त किया है उसके बाद प्रांत स्तर जो की बिलासपुर में भी 800 में प्रथम स्थान प्राप्त किया

लगातार एथलेटिक प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के सभी शिक्षक गन छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीणों ने बधाई दी है।

# मंत्री गजेंद्र यादव का किया स्वागत



**सरायपाली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव मंत्री बनने के बाद सरायपाली में प्रथम आगमन हुआ। श्री यादव के आगमन पर यादव समाज के पदाधिकारियों ने पुराना चेक पोस्ट झिलमिला चौक में भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद केजुआ रोड स्थित नवीन विश्राम गृह सरायपाली में इनका काफिला पहुंचा। विश्राम गृह में यादव समाज के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पवन कुमार यादव, जय यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, योगेश यादव, तुषार यादव, मयंक यादव, संजय यादव , रिंकू यादव आदि ने मिलकर सामाजिक बिंदुओं पर चर्चा की।

# एक पेड़ मां के नाम तहत रोपे पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

**महासमुंद** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। मेरा युवा भारत के तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय वेटनरी पॉलिटेक्निक बारोंडा बाजार महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा पौधारोपण के साथ . साथ शपथ एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ देवेश गिरी पॉलिटेक्निक महासमुंद, विशिष्ट अतिथि डॉ गोविंदा देवांगन, काशिफ रजा, शैलेश विशाल उपस्थित रहे । प्राचार्य डॉ देवेश गिरा जिन्होंने युवाओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा माँ और प्रकृति दोनों जीवनदायनी है। इस अवसर पर युवाओं ने पौधे लगाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ली। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशु दुबे, द्वितीय सरस्वती जायसवाल एवं तृतीय साक्षी कुजूर स्थान प्राप्त किए। मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने माँ, प्रकृति और हरियाली जैसे विषयों पर युवाओं को जागरुक किया गया। प्रतिभागियों को प्रमाण .. पत्र, मेडल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी लगाए गए पौधा की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजेश कन्नौजे, रमेश मार्कण्डेय, सौरभ, खोमान कन्नौजे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से थामलेस नागेश ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।




# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**महासमुंद** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के प्रथम जिला आगमन पर बसना विधानसभा के युवा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा नगर पालिका परिसर के बाहर आतिशबाजी गाजे बाजे व गगनचुंबी नारेबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, मिलिंद चंद्राकर, जिला महामंत्री ब्रह्मानंद पटेल, अमन वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृतलहरे, विधानसभा प्रभारी कामेश बंजारा, जनपद सभापति प्रकाश सिंहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष बसना भूपेश साहू, गढ़फुलझर मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा,पिरदा मंडल अध्यक्ष मनीराम निषाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना, नदकिशन साव,आकाश सिन्हा, घनश्याम पटेल, मुकेश परमार,कमलेश डड़सेना,योगेश साहू, सोहन निषाद आदि उपस्थित थे।

## वार्ड 3 में सामुदायिक भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**कोहका तिल्दा।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 3 में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया। क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने विकास कार्य की घोषणा की थी। इस भवन से वार्डवासियों को अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग



# छग गौरव सम्मान से सम्मानित हुए बिलाईगढ के उत्कृष्ट शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन

**बिलाईगढ़,** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष कामरेड स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के पुण्य स्मृति में स्वर्गीय चन्द्राकर की सुपुत्री, छत्तीसगढ़ उड़ान के प्रांतीय अध्यक्ष एवं महिला जागृति मंच दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव निधि चन्द्राकर के विशेष सौजन्य से विमतारा,इन्द्रावती कालोनी, शांतिनगर राजधानी रायपुर में गत 11 अक्तूबर को राज्य स्तरीय भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों,पत्रकारों एवं समाजसेवियों का स्मृति चिन्ह,शाल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेन्द्र तिवारी थे।अध्यक्षता राजेन्द्र चन्द्राकर ने किया।विशेष अतिथि सुनिल शुक्ला एवं परस राम साहू थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर,सामने दीप प्रज्वलित कर ,पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का सुमन गुच्छ भेंटकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कामरेड चन्द्राकर जी संघर्षशील एवं दबंग कर्मचारी नेता थे जो अपना सारा जीवन कर्मचारी हित के लिए संघर्ष करने में तथा छत्तीसगढ़ महतारी के सेवा के लिए समर्पित कर दिया। स्वर्गीय चन्द्राकर जी शारीरिक रूप से भले ही हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं आदर्श हमारे साथ रहकर हमें एवं हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का काम करता रहेगा। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर ने बताया कि

शिक्षा,साहित्य,नवाचार,कला,संस्कृति,महिला सशक्तिकरण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अप्रतिम




कार्य शैली के लिए शिक्षा कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित होने वाले छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के उत्कृष्ट शिक्षक,पत्रकार,समाज सेवी एवं कलाकारों में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांतीय व जिला पदाधिकारीगण,सदस्यगण,पत्रकार गण एवं समाजसेवी गण सामिल हैं।

सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षकों में प्रांतीय संरक्षक परसराम साहू,प्रांतीय सलाहकार डॉ.राजेन्द्र पाटकर एवं मोहित कुमार शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारतद्वाज,संस्थापक संजय कुमार मैथिल, प्रांतीय उपाध्यक्ष महादेव प्रसाद जायसवाल एवं महेत्तर देवांगन,प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर एवं लता देवांगन,मधु देवांगन,प्रज्ञा शर्मा,विनीता अनुप उइके,नारायण प्रसाद पाण्डेय,हेमा चन्द्रवंशी आदि सहित 34 प्रांतीय पदाधिकारी सामिल है। जिला पदाधिकारियों में प्रमोद कुमार कन्नौजे,ममता गुरूपंच,किरण शर्मा,भानेश्वरी साहू,सती मरकाम,सीमा साहू,सीमा शर्मा,रमाशंकर साहू आदि सहित 29 पदाधिकारी सामिल हैं। उत्कृष्ट शिक्षकों में इंदिरा चन्द्रवंशी,मदन मंडावी,धनुष कंवर,ललिता मेरावी,रेशमी साहू,रमाशंकर साहू,सुनीता गोस्वामी,सीमा वर्मा,गायत्री जोगी आदि सहित 50 शिक्षक सामिल है। उत्कृष्ट पत्रकारों में प्रफुल्ल ठाकुर अध्यक्ष रायपुर प्रेस क्लब,पी.सी.रथ दैनिक हिंद प्रहरी, सुधीर आजाद तंबोली आमचो छत्तीसगढ़, रेणु नंदी करंट न्यूज, सैय्यद सलमा मेनेजिंग डायरेक्टर वैदिक न्यूज, अब्दुल शमीम संपादक वैदिक न्यूज,अनुराधा गुप्ता दैनिक छत्तीसगढ़, सागर फरिकार नवभारत,भगतसिंह परिहार एशियन न्यूज,आशा शर्मा आप का आदेश न्यूज, दिलीप साहु स्वराज न्यूज,जय दास मानिकपुरी ख्बह्न, परितोष शर्मा पत्रकार, साजिद शकील डी.ए. प्लस न्यूज,रमन हलवाई हरिभूमि आदि प्रमुख रूप से सामिल हैं।कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष मीना भारतद्वाज एवं संस्थापक संजय कुमार मैथिल तथा आभार प्रदर्शन निधि चन्द्राकर ने किया। इस अवसर पर रायपुर,बिलासपुर,सरगुजा,दुर्ग एवं बस्तर संभाग के सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं,पत्रकार एवं समाजसेवियों सहित उनके परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# झेरिया यादव समाज का अभिनंदन शपथ ग्रहण समारोह लवन में आज

**बिलाईगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र 5066 के बेनर तले एक दिवसीय झेरिया यादव समाज जिला बलौदाबाजार (ग्रामीण)के अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया है।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव व प्रदेश संगठन चंद राम यादव ने बताया की झेरिया यादव समाज का अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह आज 14 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे से स्थान नया बस स्टैंड लवन जिला बलौदाबाजार मे रखा गया है। इस कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव मुख्यतिथि होगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि मे गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष,डॉ सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा,विशिष्ट अतिथि आनंद यादव जिला अध्यक्ष भाजपा बलौदाबाजार,सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार,सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी,पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार,राम चरण यादव पूर्व जनपद पंचायत कसडोल,भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष झेरिया यादव समाज,राजू यादव राजनितिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष,विनय यादव जिला महामंत्री बलौदाबाजार,आशा संतोष यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट,कविता महेश यादव जनपद सदस्य तखतपुर,विशेष अतिथि मे शिवमंगल सिंह चौहान नगर पंचायत अध्यक्ष लवन,अनुपम वाजपेयी मंडल अध्यक्ष लवन,रामलाल कुर्रे मंडल अध्यक्ष लाहोद हरीश साहू जनपद सदस्य लाहोद,धनेशवरी यादव



पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार,जगत राम यादव प्रदेश सरंक्षक, सुकालू यादव प्रदेश सरंक्षक,डी आर यादव परेश सरंक्षक,सुंदर लाल यादव प्रदेश सचिव, आर डी यादव सदस्य,जी आर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष,मनोज यादव प्रदेश सयुक्त सचिव,रंजीत यादव प्रदेश प्रबंध कार्य.सदस्य,बंशी लाल यादव प्रदेन प्र कारिणी सदस्य,प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट,प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ट,प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट,महानगर इकाई के अध्यक्ष गण एवं समस्त जिला के अध्यक्ष गण की उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न होगी। सामाजिक बंधुओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पहली बार कार्यक्रम को लेकर आयोजक जिला अध्यक्ष कार्तिक राम यादव,चंद राम यादव,भिखम यादव,टिका राम यादव,लोरिक यादव,खोरबाहरा यादव,लक्ष्मी यादव,राम कुमार यादव,श्याम लाल यादव,प्रताप यादव सहित सामाजिक पदाधिकारी मे भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# हादसे में युवक की मौत



**खरोरा,** 13 अक्टूबर। पं. दीनदयाल उपाध्याय (तिगड्डा) चौक में सुबह हुए हादसे में एक नाबालिग युवक की मौत हो गई। प्रार्थी बरोण्डा वार्ड क्रमांक 06 चनिवासी लालदास गिलहरे (50 वर्ष) साल ने हादसे की सूजना दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर खरोरा पुलिस ने अपराध क्रमांक 706/2025 धारा 281, 106(1) भा.न्या.सं. पंजीबध्द कर शव का पंचनामा व पी.एम. कराया है। प्रकरण की विवेचना जारी है। इस संपंध में प्रार्थी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके सगे छोटा भाई राजूलाल गिलहरे ग्राम मांठ पानी के पास रहता है। उसका छोटा लड़का निलेश गिलहरे (15 वर्ष) 12 अक्टूबर रविवार की सुबह लगभग 9.30 बजे घर पेंट करने के लिये पुट्टी सामान लेने घर की मोटर सायकल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 04 एम के 1907 से अकेले खरोरा गया था। लगभग 10.30 बजे मोटर सायकल पर सवार होकर पुराना बस स्टैण्ड खरोरा से वापस घर जाने निकला था। ग्राम खरोरा मेंपं. दीनदयाल उपाध्याय (तिगड्डा) चौक पर तिल्दा से आती हुई वाहन अल्टो कार क्रमांक सीजी 10 एफ 6801 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को सामने से टक्कर मार दी। जिससे निलेश गिलहरे मोटर सायकल सहित रोड में गिरा और साइड से गुजरते वाहन माजदा क्रमांक एम पी 04 जी ए 5420 के पीछे चक्का से टकरा गया। उसे घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल खरोरा लेकर गये जहां डॉक्टरने चेक करके मृत घोषित कर दिया।

# कैट ने की नागरिकों से अपील, स्थानीय को दे बढ़ावा

## दीपावली पर स्थानीय उत्पाद खरीदें, अर्थव्यवस्था को दें मजबूती : प्रकाश रोहरा

**गरियाबंद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली के नजदीक आने के साथ ही धीरे धीरे बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस दीपावली पर स्थानीय व्यापारियों से ही खरीदारी करें और स्वदेशी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें।रोहरा ने कहा कि जब हम अपने देश, शहर या गांव में बने सामान को खरीदते हैं, तो हम केवल वस्तु नहीं खरीदते, बल्कि किसी मां के चेहरे की मुस्कान, किसी कारीगर की मेहनत और स्थानीय व्यापारी की उम्मीद भी खरीदते हैं। दीपावली के समय में यदि उपभोक्ता स्थानीय बाजारों से सामान खरीदी करेंगे तो इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी साथ ही साथ हजारों छोटे व्यापारियों, कारीगरों और मजदूरों को सीधा लाभ मिलेगा। रोहरा ने आगे कहा की जीएसटी के दरों में सुधार के बाद से इस वर्ष त्योहारी सीजन में व्यापार में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के आह्वान ने व्यापारियों में उत्साह और नई ऊर्जा भर दी है। इससे खाद्य सामग्री, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गिफ्ट आइटम, फर्नीचर और घरेलू उत्पादों



की बिक्री में तेजी आई है। कैट अध्यक्ष ने व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों से अपील की है कि वे दिया, पूजा सामग्री, परिधान, मिठाई, सहित अन्य सभी सामग्री स्थानीय बाजार से ही खरीदे। विदेशी उत्पादों के बजाय स्वदेशी वस्तुए खरीदने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी साथ ही आत्मनिर्भर भारत की कल्पना भी साकार होगी।

# बिलाईगढ़ महाविद्यालय में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर




**बिलाईगढ़,** 13 अक्टूबर (देशबंधु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में 13 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस व रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर, मानवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एफ आर निराला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के खूंटे के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना तुलेश्वर सिंह ध्रुव, प्रभारी यूथ रेड क्रॉस पंकज साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेड क्रॉस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में च्सहयोग ब्लड सेंटरज्ज सारंगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ की टीम ब्लड कलेक्शन करने विशेष रूप से उपस्थित थे शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक,एन एस एस स्वयं सेवक, सहित 14 छात्र छात्राओं ने रक्त दान किया साथ ही नगर के आमजन भी पीछे नहीं रहे और कुल 30 लोगों ने महाविद्यालय के शिविर में आकर रक्तदान किया । शिविर के दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, सिकलिन, रक्तसमूह का परीक्षण भी किया गया।



**पिथौरा,** 13 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहूजी, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू जी एवं उपाध्यक्ष श्रीमति साधना साहू से प्रदेश कार्यालय रायपुर में सौजन्य भेंट की इस अवसर पर तहसीलअध्यक्ष मनोहर साहू भी उपस्थित थे।

## निधन

### बलराम यदु

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर। ग्राम सिंधोरा निवासी बलराम यदु का निधन रविवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। उनके निधन पर परिजन, ग्रामवासी, सामाजिक पदाधिकारीगण ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र के सचिव कमलेश यदु प्रधानपाठक के पिता थे।



### श्रीमती जमुना साहू

**महासमुंद,** 13 अक्टूबर। ग्राम मचेवा निवासी श्रीमती जमुना साहू 61 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मचेवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह तोगेश साहू, देवेंद्र कुमार साहू की माता व दौलत राम, अधिवक्ता जनक राम साहू की भाभी थीं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित हुए।



# नाबालिग युवक ने पल्सर से युवक को मारी टक्कर, मौत

**मगरलोड,** 13 अक्टूबर। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड के राधा स्वामी सत्संग भवन के पास कल रात 12 अक्टूबर को करीबन 7ः00 बजे उदय राम ध्रुव बेलरदोना रोड से अपने घर आ रहा था तभी एक पल्सर गाड़ी से तेज रफ्तार बिना कोई नंबर के अनियंत्रित गाड़ी से नाबालिग मुस्लिम युवक ने जोरदार उदय राम ध्रुव को टक्कर मारने से उसकी हाथ पैर सिर में गंभीर चोट आने से उसके पुत्र मनीष ध्रुव द्वारा मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया जहां उसकी मेकाहारा रायपुर में आदिवासी युवक उदय राम ध्रुव की मौत हो गई जिससे मृत शरीर को रखकर मथुरा नगर में लोगो ने चक्का जाम किया

थाना प्रभारी एस आई लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया की दुर्घटना की जांच की जा रही है और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है अस्पताल से मर्ग डायरी आने के बाद और धारा जोड़ी जाएगी तथा वाहन मालिक के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध होगा। इस घटना से परिवार एवं आदिवासी समाज के साथ नगर पंचायत की आम नागरिकों में भी आक्रोश पनप रहा है वही मगरलोड में 24 घंटा अवैध शराब एवं गांजा बिकने से लगातार नाबालिक बच्चों एवं स्कूली बच्चों में भी नशे की लत लगने से घरों में कलह उत्पन्न हो रहा है तथा मगरलोड में अशांति फैल रही है पुलिस इस अवैध कारोबार को बंद करने में लगातार असफल हो रहे हैं एवं गांजा तथा अवैध शराब बेचने वालों की हौसले लगातार बुलंद है गांजा एवं शराब बेचने वालों के घरों में बड़ी-बड़ी महंगी गाड़ी एवं अवैध कमाई लगातार फल फूल रहा है आखिर मगरलोड पुलिस इस अवैध कारोबार को बंद करने में आज तक क्यों असफल है यह नगर में चर्चा का विषय है।



**मथुरा मगर में शव रखकर किया लोगों ने चक्काजाम**

# सांसद युवा खेल का शुभारंभ दतान जोन में किया गया

**पलारी** 13 अक्टूबर (देशबन्धु) सांसद युवा खेल महोत्सव एक ऐसा आयोजन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह कार्यक्रम देश के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में स्थानीय सांसदों द्वारा आयोजित किया जाता है।

**सांसद युवा खेल महोत्सव का परिचय**

सांसद युवा खेल महोत्सव भारत सरकार के च्फिट इंडिया मूवमेंटज्ज और च्खेलो इंडियाज्ज अभियान से प्रेरित है। इसमें स्थानीय स्तर पर युवाओं को खेलों में भाग लेने का अवसर मिलता है, ताकि ग्राम, ब्लॉक, जिला और संसदीय स्तर तक खेल प्रतिभाओं की खोज की जा सके।

मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना। नशा-मुक्त और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना। च्एक भारत श्रेष्ठ भारतज्ज की भावना को मजबूत करना। खेलों के माध्यम से सामाजिक एकता और अनुशासन को प्रोत्साहित करना।

**खेलों की प्रमुख श्रेणियाँ**

इस महोत्सव में कई पारंपरिक और आधुनिक खेल शामिल होते हैं, जैसे—कबड्डी, खो-खो,वॉली, रसा खिंच जैसे खेल शामिल है। मुख्यवक्ता पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक योगेश चंद्राकर वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दुर्गा महेश्वर, जिला उपाध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा, अध्यक्ष मंडल पलारी पवन वर्मा,जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव, बी ई ओ नरेश वर्मा एस डी एम दीपक निकुंज, जनपद सीईओ पन्नालाल ध्रुवे, प्रभारी प्रचार्य मनोज वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा केजुराम साहू, सरपंच अंजली फेकर, सरपंच चुचरुंगपुर वर्मा, जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी दतान साधराम बारले किसन वर्मा केशरी वर्मा कुँवर रजक हेमलाल साहू लालकुमार साहू सहित दतान जोन के शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।




## प्रादेशिकी का शेष...

### दीपावली पर्व पर खाद्य...

अधिनियमए 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरीक्षण एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### 13 साल से कृषि विभाग ...

कृषि कार्यालय में धरना प्रदर्शन के साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। हड़ताल से गिरदावली भौतिक सत्यापन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर आईडी, एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी सत्यापन जैसे कार्य प्रभावित होंगे।

### सुशासन के नए मानक ....

अभियान और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का लक्ष्य पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख प्रशासन स्थापित करना है, ताकि विकास की रोशनी राज्य के अंतिम छोर तक पहुंचे।

# तिल्दा-नेवरा सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक आयोजित

**कोहका तिल्दा,** 13 अक्टूबर। क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु सभापति देवव्रत शर्मा के नेतृत्व में एक अहम समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में धान खरीदी की तैयारियों को सुचारु बनाने, सोसायटी में सुविधाओं की उपलब्धता, किसानों के एग्रीटेक पोर्टल में लंबित पंजीयन और स्थानीय उद्योगों में श्रम कानूनों के उल्लंघन पर कड़े निर्देश दिए गए।

बैठक में समिति के सदस्य लेखूराम सैन,कुंजलाल वर्मा , लेबर इंस्पेक्टर, उद्योग विभाग के सहायक संचालक, और क्षेत्र के बैंक प्रबंधकों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा**

सभापति देवव्रत शर्मा ने आगामी धान खरीदी सत्र जो कि 15 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहा है को लेकर बैंक प्रबंधकों और सोसायटी प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित बैंक प्रबंधकों को धान खरीदी की प्रक्रिया के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन के लिए मोबाइल ऐप की जानकारी सोसायटी के माध्यम से देने के निर्देश दिए गए है। जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

धान खरीदी केंद्रों (सोसायटी) में किसानों की सुविधा के लिए शौचालय और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

एग्रीटेक पोर्टल किसानों के लंबित पंजीयन को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए ताकि कोई भी किसान खरीदी से वंचित न रहे।




**औद्योगिक इकाइयों में श्रम अधिनियमों का उल्लंघन**

बैठक में स्थानीय उद्योगों में श्रम कानूनों के उल्लंघन का मुद्दा प्रमुखता से उठा। सभापति शर्मा ने लेबर इंस्पेक्टर और उद्योग विभाग के अधिकारियों को अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उद्योगों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे श्रम अधिनियमों का कड़ाई से पालन करें

श्रमिकों को न्यूनतम वेतन अनिवार्य रूप से दिया जाए। श्रम अधिनियम के अनुसार, श्रमिकों से 8 घंटे के बदले 12 घंटे का काम लेने की अनियमितता को तुरंत बंद किया जाए।

श्रमिकों को ओवरटाइम का दुगुना भत्ता दिया जाए और कार्यस्थल पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

**उद्योग द्वारा अवैध जल उपयोग पर जाँच के आदेश**

बैठक के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया, जिसमें स्थानीय ग्रेविटी आयरन एवं पावर चंपा पर अवैध रूप से जल उपयोग का आरोप लगा। सभापति देवव्रत शर्मा ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए, जमानिया नाले से पानी लिए जाने की शिकायत पर तत्काल जाँच के आदेश दिए। एवं भू जल के उपयोग पर तत्काल पाबंदी लगाने एवं जमानिया नाले के पानी लेने के ठ्ठश्व को रद्द करने के लिए उद्योग विभाग निर्देश दिया गया है।एवं विगत 2 वर्षों अवैध रूप से भू जल का उपयोग औद्योग चलने के लिए जांच कर करवाई करने के निर्देश दिया गया है।

सभापति देवव्रत शर्मा ने जोर देकर कहा कि प्रशासन किसानों और श्रमिकों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा और सभी संबंधित विभागों को दिए गए निर्देशों का तत्काल और कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना होगा।

# सिरपुर में जिला स्तरीय रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर

**पिथौरा,** 13 अक्टूबर। सिरपुर में आयोजित जिला स्तरीय रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर के शिविर ज्वाल कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि शामिल हुवा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक संपत अग्रवाल जी थे।व विशिष्ठ अतिथि के रूप में महासमुंद जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान जी पिथौरा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोंत्तम घृतलहरे जिला अध्यक्ष रेडक्रास संदीप दीवान जी जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे जी सरपंच पुष्पा माली जी सहित जनप्रतिनिधि व शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।



## छिबर्रा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरित



**पिथौरा।** छिबर्रा में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिंहा सरपंच नंदिनी दीवान युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी , जनपद सदस्य पुरषोंत्तम घृतलहरे भाजपा नेता सीताराम सिंहा पूर्व सरपंच नारायण पटेल कृषक सहकारी समिति के अध्यक्ष गयाराम धीवर उपसरपंच श्याम सेन ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उषा पुरषोंत्तम घृतलहरे ने सरस्वती साइकिल प्राप्त करने वाले बच्चो को बधाई देते हुवे कहा की हमारी सरकार बेटियों से शिक्षा की दूरी को कम करने निःशुल्क सरस्वती योजना के तहत साइकिल वितरित कर बेटियों की शिक्षा का पूरा ख्याल रख रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने भी बधाई देते हुवे कहा की आप सब बच्चे देश का भविष्य है शिक्षा के बिना सबकुछ अधूरा है आप सब पूरी तन्मयता के साथ शिक्षा ग्रहण करे।


|| जय यादव || || जय श्री कृष्ण || || जय माधव || मां महामाया की पावन नगरी में प्रथम आगमन पर
छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज
एकता-शिक्षा-विकास
छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज
पंजीयन क्रमांक -5066, जिला - इकाई - बलौदाबाजार (ग्रामीण)
अभिनंदन एवं
शपथ ग्रहण समारोह
नया बस स्टैण्ड लवन में आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।
मान.श्री सरम जांगडे (प्रदेश अध्यक्ष अनुसुचित जाति मोर्चा)
मान. जगनीक यादव जी (प्रांताध्यक्ष, झेरिया यादव समाज)
मान. गौरीशंकर अग्रवाल जी (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, छ.ग.)
मान. गजेन्द्र यादव जी (केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन)
प्रदेश संरक्षक जगतराम यादव (झेरिया यादव समाज)
प्रदेश संरक्षक सुकालूराम यादव (झेरिया यादव समाज)
प्रदेश कोषाध्यक्ष जी.आर यादव (झेरिया यादव समाज)
प्रदेश सचिव सुन्दर यादव (झेरिया यादव समाज)
प्रदेश सयुक्त सचिव मनोज यादव
प्रबंधकार कार्यकारिणी सदस्य आर.डी. यादव
युवा प्रकोष्ट प्रदेशाध्यक्ष आकाश यादव
प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता सुनील यादव
प्रदेश मिडीया प्रभारी धनेश यादव
जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव(ब.बा.)
जिलाध्यक्ष कार्तिकराम यादव (झेरिया यादव समाज ब.बा. ग्रामीण)
जिलाध्यक्ष दिवाकर यादव(शक्ति)
जिलाध्यक्ष दीपक यादव(बिलासपुर)
जिलाध्यक्ष पंचराम यादव(रायगढ़)
जिलाध्यक्ष रिखीराम यादव(कोरबा)
श्रद्धा लोककला मंच अहिवारा की शानदार प्रस्तुति
कलाकार- राजेश यादव जी का सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 01 बजे से प्रस्तुति...
दिनांक-14.10.2025,दिन-मंगलवार
जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव(रायपुर)
जिलाध्यक्ष रमेश कुमार यादव(धमतरी)
जिलाध्यक्ष फिरू यादव(सारंगढ़/बिला.)
जिलाध्यक्ष हेमकांत यादव(बेमेतरा)
जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव(बालोद)
जिलाध्यक्ष ठाकुर राम यादव(दुर्ग)
जिलाध्यक्ष प्रितम यादव(महासमुंद)
जिलाध्यक्ष जे.आर. यादव(राजनांदगांव)
संरक्षक डी.आर. यादव(शक्ति)
जिलाध्यक्ष धनीराम यादव(कवधा)
जिलाध्यक्ष त्रिभुवन यादव(जांजगीर/चांपा)
जिलाध्यक्ष पितांबर यादव(मुंगेली)
जिलाध्यक्ष भुवन यादव(गरीयाबंद)
प्रबंध कार्यकारिणी रंजीत यादव(धमतरी)
नगर अध्यक्ष शिवाजी यादव(रायगढ़)
महिला प्रकोष्ट प्रदेशाध्यक्ष आशा संतोष यादव
महिला प्रकोष्ट प्रदेशा उपाध्यक्ष शैलाना यादव
महिला प्रकोष्ट प्रदेशा उपाध्यक्ष शारदा यादव
प्रदेश संगठन मंत्री सुशीला यादव
जिलाध्यक्ष सारिका यादव(महासमुंद)
अध्यक्ष ज्योतिरानी यादव(दुर्ग महानगर ईकाइ)
अध्यक्ष गायत्रीदेवी यादव(दुर्ग)
ब्लाक अध्यक्ष तखतपुर कविता महेश यादव
महिला जिलाध्यक्ष दीपा यादव(बिलासपुर)
नगर अध्यक्ष उर्वशी यादव(बिलासपुर)
जिला सहसचिव शारदा यादव(बिलासपुर)
जिला कोषाध्यक्ष मंजू यादव(बिलासपुर)
गीता यादव
धनकुमारी यादव
महानगर अध्यक्ष ओमकार यादव(बिलासपुर)
महानगर अध्यक्ष विजय यादव(धमतरी)
अध्यक्ष बेमेतरा(यु.प्र.) अनिल यादव
दुर्गा यादव
आशा यादव
अल्का यादव
नीरा यादव
नीतू यादव
उमा यादव
लकेश्वरी यादव
मनीषा यादव
सहोद्रा यादव
जवाबाई यादव
अंजली यादव
गंगाबाई यादव
वंशिका यादव
वेतिका यादव
प्रदेश संगठन मंत्री
चन्द्राम यादव(झेरिया यादव समाज)
विनीतः-छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज,पंजीयन क्र.5066,जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.)

# डॉ. वंदनागोपाल शर्मा विद्या वाचस्पति सम्मान से विभूषित

## जब मां गंगा के तट पर विराजमान मां संस्कृत की गोद मे जा बैठी




**भाटापारा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र नगरी हरिद्वार के गंगा तट पर 10 अक्टूबर को एक अजीब संयोग हुआ ।सर्वभाषाओ की जननी माँ संस्कृत के घर उत्तराखंड संस्कृत अकादमी परिसर में बिहार की धरती से बेटी हिंदी, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के रूप में न सिर्फ पधारी बल्कि पहले माँ संस्कृत को आत्मसात किया और फिर देशभर से आएं संस्कृत और हिंदी सेवियों का पलक पावड़े बिछाकर अभिनन्दन किया ।सन 800 ईसवी में स्थापित इस पुरातन हिंदी विश्वविद्यालय को वर्तमान में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के रूप में जाना जाता है ।उत्तराखंड शासन के संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ आनन्द भारद्वाज की मेजबानी में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर ,बिहार का वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के आडिटोरियम में किया गया ।संस्था के उपकुलसचिव डॉ प्रेमचंद पांडेय के संचालन में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी रहे,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में देहरादून ब्रह्माकुमारीज सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके मंजू दीदी ने भागीदारी की ।विद्यापीठ के कुलपति डॉ दयानन्द जायसवाल, माउंट आबू ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से पधारे प्रोफेसर सतेंद्र भाई,दिल्ली से आए डॉ विनोद बब्बर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर अधिवेशन का आगाज़ किया ।रुड़की गीतकार अनिल अमरोही ने सरस्वती वंदना व विद्यापीठ का कुलगीत तथा डॉ वर्षा शर्मा ने ऐतिहासिक गीत में संस्कृत की महिमा का बखान करके वाहवाही बटोरी,वहीं अपने स्वागत उदबोधन में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के सचिव व संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ आनन्द भारद्वाज ने कहा कि संस्कृत भाषाओं की जननी है तो हिंदी उसकी बेटी और आज हिंदी रूपी बेटी विद्यापीठ के रूप में अपनी माँ संस्कृत से मिलने भागीरथी नगरी हरिद्वार पधारी है। उपकुलसचिव डॉ गोपाल नारसन ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।इस पवित्र धरा पर मां सरस्वती के पुत्र व पुत्रियों को विद्या वाचस्पति सम्मान और सारस्वत सम्मान मिलना बेहद सुखद रहा।

इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की बेटी श्रीमती वंदनागोपाल शर्मा च्शैलीज्ज को सुदीर्घ हिंदी सेवी सारस्वत साधना कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ ,शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोधकार्य तथा राष्ट्रीय /अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर इस विद्यापीठ की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर विद्यावाचस्पति मानद भूषण से सम्मानित किया गया ।राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने हिंदी सेवा के लिए विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ को भारत का गौरव बताया तो विशिष्ट अतिथि राजयोगिनी बीके मंजु दीदी ने आत्म स्वरूप में रहकर परमात्मा तक पहुंचने की राजयोग विधा की जानकारी दी ।इस अवसर पर कार्यक्रम में देहरादून से आए कुंवर राज आस्थाना, छत्तीसगढ़ से साहित्यकार और परामर्शदाता वन्दनागोपाल शर्मा च्शैलीज्ज, और व्याख्याता वर्षा शेखर शर्मा,करनाल से रमेश सैनी,मुजफ्फरनगर से सविता वर्मा गज़ल, पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम गुप्ता,पूर्व प्रधानाचार्य अशोक शर्मा आर्य,नवीन शरण निश्चल,अजय शर्मा,प्राचार्य हेमंत तिवारी, मनु शिवपुरी, बीके सुशील भाई,बीके मीना दीदी व बीके गीता दीदी,अकादमी के शोध अधिकारी हरिश्चंद्र गुरुरानी,किशोरी लाल रतूड़ी,आचार्य भानुमित्र शर्मा समेत संस्कृत हिंदी के नामचीन साहित्यकारों ने संस्कृत –हिंदी के इस मिलन को एक ऐसा यज्ञ बताया जिसकी सुगन्ध देर तक देश दुनिया मे रहेगी। इस बड़ी उपलब्धि पर भाटापारा सर्व सामाजिक संगठनों ने एवं साहित्य प्रेमियों ने बधाई प्रेषित की हैं।

# डॉ. पाणीग्राही को ऑनलाइन एनर्जी मैराथन में 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट



**आईजी ई एन आयोजित एनर्जीथान में ग्लोबल एनर्जी मैराथन में ऑनलाइन सतत 37 घंटे भाग लिया, सांसद रूपकुमारी चौधरी के हाथों मिला सर्टिफिकेट**

**बागबाहरा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)।आवर पावर एंड आवर प्लैनेट थीम पर आधारित आई जी ई एन द्वारा एनर्जीथान 2025, एनर्जी मैराथन का ऑनलाइन आयोजन लगातार 37 घंटे के लिए किया गया । यह एक वैश्विक मैराथन था जिसमें विश्व के 25000 लोगों ने भाग लिया । संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य एवं सी ओ पी 30 को लक्ष्य कर पर्यावरण एवं पंच महाभूत संरक्षण के लिए यह मैराथन किया गया। ऐसे विश्व स्तरीय मैराथन में पर्यावरण प्रेमी ग्रीन केयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने लगातार ऑनलाइन 37 घंटे भाग लेकर 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट अर्जित किए। डॉ पाणीग्राही को अलग अलग केटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन प्राप्त हुए ।मैराथन में 18 घंटे भाग लेने के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (ए बी एस) अचीवर सर्टिफिकेशन , 24 घंटे भाग लेने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एजेंसी (डब्लू आर सी ए) ग्रेट ब्रिटेन द्वारा स्टार पार्टिसिपेंट वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एवं लगातार 37 घंटे भाग लेने के लिए स्टार पार्टिसिपेंट ,डब्लू ओ आर वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रदान किए गए । यह आयोजन 17 मई से ,18 मई 2025 को किया गया जिसके तीनों वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को आई जी ई एन से हाल ही में मेल से प्राप्त हुए हैं ।जिसे जूनियर रेड क्रॉस शिविर सिरपुर के गरिमामय मंच से मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के कर कमलों से प्रदान कर सम्मानित किया गया । सम्मान प्रदान करते हुए सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने डॉ पाणीग्राही को बधाई देते हुए सराहना की ।

## कर्मचरियों को जुलाई से महंगाई देने का आदेश शीघ्र जारी करें : रामनारायण मिश्र



**राजिम,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ते की मांग राजिम छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्र ने राज्य के समस्त कर्मचारियों को दीपावली के पहले केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई देने की मांग राज्य सरकार से की है उन्होंने बताया कि राज्य के कर्मचारियों को अभी 55त्न महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2025 से 58त्न महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जो कि केंद्र कर्मचारियों से 3 प्रतिशत कम है लिहाजा राज्य सरकार शीघ्र ही जुलाई 2025 से 3त्न महंगाई देने का आदेश शीघ्र जारी करें क्योंकि महंगाई की मार केंद्रीय कर्मचारियों एवं राज्य कर्मचारियों दोनों पर बराबर पड़ती है

# कौशल ही भविष्य की सच्ची पूंजी : चातुरी नन्द

**सरायपाली,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक चातुरी नंद सरायपाली स्थित प्रगति इंस्टीट्यूट में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत नि:शुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद एवं अन्य अतिथियों ने सरस्वती मां की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर की। तत्पश्चात प्रगति इंस्टीट्यूट की तिलेश्वरी पटेल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद ने नर्सिंग के छात्र–छात्राओं को गणवेश वितरित किया और उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती नंद ने कहा कि च्कौशल ही भविष्य की सच्ची पूंजी है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। हमारे




**प्रगति इंस्टीट्यूट सरायपाली में आयोजित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत नि:शुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद**

युवा जब हुनरमंद बनेंगे, तभी नया छत्तीसगढ़ सशक्त बनेगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह योजना केवल प्रशिक्षण देने की नहीं बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करने की पहल है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे पूरी लगन और निष्ठा के साथ पढ़ाई करें और समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं।

कार्यक्रम में विधायक ने छात्रों को सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने जीवन का लक्ष्य तय करें, और हर दिन उसे पाने के लिए मेहनत करें।

प्रगति इंस्टीट्यूट परिवार ने विधायक श्रीमती चातुरी नंद का स्नेहपूर्ण स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक ने संस्थान परिवार के इस स्नेह के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि च्ऐसे शिक्षण संस्थान ही समाज में जागरूकता और आत्मनिर्भरता की नींव मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, प्रगति इंस्टीट्यूट सरायपाली के डायरेक्टर नंदकुमार पटेल, तिलेश्वरी पटेल, मास्टर ट्रेनर संतोशनी पटेल मंचासीन रहे ।इन सभी ने अपने विचार रखे और छात्रों को शिक्षा के साथ कौशल अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

## केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष बने कमलेश सोरी



**कुरुद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। गत दिवस केंद्रीय गोड़ महासभा धंमधागढ़ का निर्वाचन हुआ,जिसके लिए धमतरी जिला में भी यहां के सामाजिक मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र बनाए गए थे. अध्यक्ष निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ के 16 जिलों में मतदान किए गए. ग्राम खंडमा जिला गरियाबंद निवासी कमलेश सोरी केंद्रीय गोड़ महासभा धंमधा गढ़ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए.

उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सामाजिकजन एवं पदाधिकारीगण जीवराखन लाल मरई, ललित ठाकुर, झागेश्वर ध्रुव., शिव नेताम, उदय नेताम, ए आर ठाकुर ,जयपाल ठाकुर., बसंत ध्रुव, ढालू राम कतलम., संतोस सोरी, पोखराज नेताम, बोधनछेदैया, तेजराम छेदैया., राधे मांडवी ,बालमकुंद नेताम, श्रीमती ईश्वरी नेताम ,चंद्रकला नेताम ,चंद्र किरण नेताम, भूमिका उईके, श्रीमती नंदा ध्रुव, गीता, नेताम. राजकुमारी छेदैया, कमलेश ध्रुव,, गेवाराम नेताम, सरस्वती ध्रुव, दुष्यंत मरई, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है.



**कुरूद। आज करवाचौथ व्रत के लिए कुरूद नगर के प्रथम नागरिक भानू चंद्राकर की धर्मपत्नी ज्योति चन्द्राकर ने करवा चौथ कठिन व्रत के लिए नगर,क्षेत्र सहित सनातन धर्म के समस्त माता-बहनों को कठिन व्रत करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएँ.. देते हुए कहा भगवान भोलेनाथ-मैया पार्वती, मां करवा आप सबके मनोकामना पुरी करें, आप लोगों के सुहाग सदैव सलामत रहे आप सबके पालनहार बनकर खुशियों की सौगात देते रहे ऐसे भगवान से प्रार्थना करते है. आप सबको प्रणाम करते है.**

# भाटापारा में 'हिंद दी चादर' गुरु तेगबहादुर साहिब की 350 शताब्दी पर नगर कीर्तन यात्रा का स्वागत

**भाटापारा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। 'हिंद दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें प्रकाश पर्व एवं शहादत शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकाली जा रही ऐतिहासिक नगर कीर्तन एवं शहीदी यात्रा का शनिवार को भाटापारा आगमन हुआ। इस अवसर पर नगरवासियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। नगर कीर्तन में पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगवानी की गई, जहां श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया और सर्व समाज के उत्थान, कल्याण एवं विकास हेतु प्रार्थना की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनका यह त्याग धर्म, मानवता और सत्य के मार्ग पर चलने की अमर प्रेरणा देता है। इस अवसर पर नगर के विभिन्न समाजों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। नगर कीर्तन यात्रा ने गुरु साहिब जी के बलिदान, सेवा और त्याग की अमर गाथा को जन–जन तक पहुँचाने का कार्य किया, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ धर्म, एकता और मानवता के आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंगी। इस अवसर पर राकेश तिवारी पूर्व जिलामहामंत्री, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, पार्षद बब्बू मंधान,सतीश साहू,नंदू वैष्णव,मनीष मिश्रा,मनीष पंजवानी,शुभम राजपूत,भाजयुमो शहर अध्यक्ष आशीष टोडर ,काके ,सुरेंद्र डागोर,अमित सिंह,गोपी ध्रुव, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित थे.



# आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सरायपाली में पथ संचलन



**सरायपाली** , 13 अक्टूबर (देशबन्धु)।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष (शताब्दी वर्ष) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर सरायपाली में विजयादशमी का पर्व व पथ संचलन उत्साह और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों,मातृशक्ति और नागरिकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम हेतु एकत्रीकरण नई मंडी प्रांगण में हुआ। मुख्यअतिथि अध्यक्ष उत्कल ब्राह्मण समाज सरायपाली अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ,मुख्य वक्ता घनश्याम सोनी (प्रांत सहकार्यवाह छत्तीसगढ़) सुरेंद्र सिंह उबोवेजा( नगर संघचालक सरायपाली) के द्वारा भारतमाता के छाया चित्र अस्त्र- शस्त्रों की पुष्पहार तिलक,चंदन से पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया संघ के दैनिक क्रियाकलापों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रकाश मिश्रा ने कहा कि 27 सितंबर 2025 को डॉ.केशव बलिराव हेडगेवार के द्वारा 5सदस्यों से स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज वट वृक्ष बन चुका है। लगभग 55000 शाखाओं एवं 80 देशों में विस्तार हो चुका है ।उनका राष्ट्र के लिए अवदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है ।चाहे वह दादर नगर हवेली हो,गोवा को पूर्तगालियों से मुक्त कराने, प्राकृतिक आपदाओं में राहत और मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने, पीड़ित व संकट की घडी में हमेशा अग्रणी संस्था है ।भारत के 70 वर्ष के इतिहास को देखा जाय तो लगता है कि मुगल शासकों के शौर्य गाथाओं का वर्णन मिलता है ।लेकिन हमारे देश के हिन्दू राजाओं, योद्धाओं, महान पराक्रमी शूरवीरों के इतिहास को दबाया व छिपाया गया ।हमारे शूरवीरों का स्थान सुनिश्चित करने हेतु संघ से अपेक्षा है कि वे इस दिशा में भी कार्य करे।

**मुख्य वक्ता का संदेश विजयादशमी, स्थापना और पंच परिवर्तन:** उद्बोधन में मुख्य वक्ता आर एस एस के छत्तीसगढ़ प्रांत सह कार्यवाह धनश्याम सोनी ने कहा कि विजयादशमी उत्सव को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक बताते हुए, इसी दिन 1925 में परम पूज्यनीय डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार द्वारा संघ की स्थापना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ को बिना किसी भेदभाव के समाज और राष्ट्र के प्रति कार्य करने वाली एकमात्र सेवाभावी संगठन बताया ।विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजन की परम्परा तब से प्रारंभ हुई, जब पांडव एक वर्ष का वनवास ब्यतीत कर वापस आए ।उसी दिन अपने शस्त्रों की पूजा की थी ।यह आयोजन बस्तर में 75 दिनों तक मनाया जाता है ।आस–पास के सभी राज्यों के देवी–देवताओं की पूजा की जाती है ।आर एस एस का मुख्य उद्देश्य समाज को जाति,धर्म,सम्प्रदाय से ऊपर उठकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करना है ।समाज को संगठित करके ही हम देश व समाज को सुरक्षित रख सकते हैं ।व्यक्ति निर्माण के साथ हमें राष्ट्र निर्माण भी करना है।

संघ अब भारतीय समाज में च्पंच परिवर्तनज् का निश्चय लेकर कार्य कर रहा है। इसका उद्देश्य लोगों में स्वदेशी का भाव जगाकर, समाज में आपसी भाईचारा (समरसता) को बढ़ाकर, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देकर, नागरिकों में कर्तव्य के प्रति समर्पण, और परिवार में एकता (कुटुंब प्रबोधन) का भाव लाना है उन्होंने कहा कि संघ का प्रण है कि वह देश को आज़ादी के बाद खंडित न होने दे, और जाति–पाति के भेद को मिटाकर, समाज को एक सूत्र में बांधकर भारत की भव्यता बनाए रखेगा। उन्होंने राष्ट्र को परम शिखर तक ले जाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को अनिवार्य बताया।

यह भव्य आयोजन, संघ के शताब्दी वर्ष के संकल्पों और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए आह्वान किया। इसके बाद नई मंडी प्रांगण से पूर्णगणेश में स्वयंसेवकों का भव्य पथसंचलन घोष वाद्य ,भारतमाता के रथ के साथ निकलकर नगर के मुख्यमार्ग से नई मंडी से जय स्तम्भ चौक,गुरुनानक चौक, फौव्वारा चौक,बाजार पारा, दुर्गा मंदिर, उड़िया पारा पेट्रोल पंपअग्रसेन चौक, गायत्री मंदिर होते हुए पुन: नई मंडी प्रांगण पहुंचा। भव्य पथ संचलन का स्वागत कोलता समाज,यादव समाज, अग्रवाल समाज, सिक्ख समाज,जैन समाज, ब्राह्मण समाज,सवरा समाज,अघरिया समाज,साहू समाज, केंवट समाज, जायसवाल समाज, मरार पटेल समाज,सारथी समाज, दुर्गा वाहिनी, व्यापारी महासंघ,ठेला व्यापारी संघ, दुर्गा समिति बाजार पारा, टैक्सी संघ, पतंजलि योग समिति,गायत्री परिवार, मातृ शक्तियों, विभिन्न संगठनों, व्यापारी बंधुओ एवं शक्तिस्वरूपा मातृ शक्तियों द्वारा आतिशबाजी एवं फूलों की वर्षा के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक, प्रबुद्ध जन, मातृशक्ति एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# जिले के 734 मत्स्य कृषकों को शत-प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग का वितरण




**बलौदाबाजार,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर जिले के सभी विकासखण्डों के 734 मत्स्य कृषकों को विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग वितरण योजना अनर्गत गौड़ खनिज न्यास मद् एवं मछली पालन विभाग के अभिसरण से शत् प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग मत्स्य कृषकों को वितरण किया गया है। इस अवसर पर कृषि स्थाई समिति सभापति सुश्री इन्दु जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग योजना अन्तर्गत प्रति मत्स्य कृषक प्रति हेक्टेयर जलक्षेत्र में 4000 रुपये का फिंगरलिंग दिये जाने का प्रावधान है जिसमें 2000 रुपये हितग्राही अंश एवं .2000 रुपये विभाग से अनुदान स्वरूप फिंगरलिंग प्रदाय किया जाता है। जिले के चयनित मत्स्य कृषकों जिन्हे नियमानुसार जलक्षेत्र (तालाब जलाशय) 10 वर्षीय पट्टे पर विभाग द्वारा प्रदाय किया गया है, ऐसे मत्स्य कृषकों का हितग्राही अंश गौड़ खनिज न्यास मद् से स्वीकृत किया गया है। जिले के मत्स्य कृषकों को शत् प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग प्रदाय करने का मुख्य उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर मत्स्य कृषकों को रोजगार, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। साथ ही साथ समस्त जलक्षेत्रों का उपयोग कर मछली पालन किया जाना है तथा मत्स्य कृषकों को शत् प्रतिशत अनुदान में मत्स्य बीज प्रदाय करने का उद्देश्य जिले के मत्स्योत्पादन में वृद्धि करना है।